Website- edristi.in

नेत्र

समसामयिक घटनाओं की मासिक पत्रिका

वर्ष - 5 >>> अंक - 6 >>> दिसंबर, 2021



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021

ICC MEN'S T20 WORLD CUP 2021

चैम्पियंस ऑस्ट्रेलिया

प्रथम पृष्ठ

ई-दृष्टि वेबसाइट पर करेन्ट अफेयर्स दिन-प्रतिदिन प्रस्तुत करते समय हमने इस बात का खास ख्याल रखा है कि करेन्ट अफेयर्स के वही टॉपिक चुने जाएं जो प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण हों और इसमें अनर्गल एवं गैर जरूरी तथ्यों को समावेशित कर आपके पढ़ने का भार न बढ़ाया जाए।

दूसरा यह ध्यान रखा गया है कि इस प्रकार की सामग्री के प्रति आपके विश्वसनीयता के संकट को दूर किया जा सके। इस बात के लिए हमने प्रत्येक तथ्य के प्रमाणन हेतु संबंधित लिंक भी उपलब्ध कराया है। लिंक पर जाकर आप स्वयं ही इन तथ्यों की प्रामाणिकता को जांच सकते हैं, परख सकते हैं।

करेन्ट अफेयर्स से संबंधित सूचनाओं को तुरंत पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा किंतु तथ्यों की प्रामाणिकता को समय पर तरजीह दी गयी है। इस कारण हो सकता है कि घटनाएं जिस दिन घटित हों उसके एक या दो दिन बाद आपको हमारी वेबसाइट पर प्राप्त हों। माह भर की घटनाओं को संशोधित, परिमार्जित और संपादित करके पी.डी.एफ. प्रत्येक माह की 1 तारीख को उपलब्ध करा देने की योजना है। पी.डी.एफ. में प्रायः माह की 28 तारीख तक की घटनाओं को समावेशित किया जाएगा।ऐसा करना इसलिए जरूरी है कि सभी तथ्यों की जांच करने में कुछ समय अवश्य ही लगेगा।पाठकों की संतुष्टि हमारे लिए सर्वोपरि है, इसीलिए आपसे अनुरोध है कि अपने फीडबैक से हमें अवश्य अवगत कराएं। आपकी आलोचनात्मक प्रतिक्रियाओं का हम तहे दिल से स्वागत करेंगे। इससे हमें आगामी दिनों में सामग्री के स्तर में सुधार की दिशा प्राप्त होगी।करेण्ट अफेयर्स के पीडीएफ को भारी संख्या में डाउनलोड प्राप्त हुए हैं। इसके लिए हम अपने पाठकों का अभिनन्दन करते हैं।हमारे प्रयास के लिए परीक्षार्थियों द्वारा दिखाया गया उत्साह हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग बनाता है।आशा है कि करेन्ट अफेयर्स का पीडीएफ (नवम्बर,2021) पाठकों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा।

करेण्ट अफेयर्स पर कोई भी सामग्री बेकार है यदि उस सामग्री में से ही परीक्षा-प्रश्न नहीं बनते हैं। इस दृष्टि से ई-दृष्टि बेहद सफल रही है। पी.सी.एस. उ.प्र. में लगभग सभी प्रश्न एवं अन्य परीक्षाओं में भी अधिकांश प्रश्न हमारी सामग्री से पूछे गये हैं।ई-दृष्टि की सामग्री और परीक्षा प्रश्न-पत्रों का मिलान करके आप स्वयं देख सकते हैं।

Table of Contents

राष्ट्रीय परिदृश्य 11

नीति आयोग द्वारा पहला एसडीजी शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड, 2021-22 जारी 11

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 12

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, 2021 14

आईएनएस विशाखापत्तनम 16

भारत का सर्वश्रेष्ठ समुद्री जिला 18

पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स 2021 19

प्रधानमंत्री द्वारा झांसी और महोबा में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण 20

पोचमपल्ली गांव सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव चयनित 21

पूर्वांचन एक्सप्रेस-वे 22

50 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय 23

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना 24

अफगानिस्तान पर दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद, 2021 25

युवा नवाचारों के लिए पहले परामर्श कार्यक्रम का शुभारंभ 26

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन 27

भारत का पहला घास संरक्षण क्षेत्र 28

भारत का पहला घास संरक्षण क्षेत्र 28

उ.प्र. स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति, 2021 29

14वां शहरी गतिशीलता सम्मेलन एवं एक्सपो, 2021 30

हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद, 2021 31

एससीओ के प्रॉसिक्यूटर्स जनरल की 19वीं बैठक, 2021 32

18वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन, 2021 33

निपुण भारत मिशन के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति 34

राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक, 2020 36

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन 37

'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना 38

7 मेगा एकीकृत टैक्सटाइल क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना हेतु अधिसूचना जारी 39

भारतीय तार मार्ग के अधिकार (संशोधन) नियम, 2021 41

भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र 42

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य 43
बीटिंग द हीट: ए सस्टेनेबल कूलिंग हैंडबुक फॉर सिटीज रिपोर्ट 43
दूसरा भारत-जापान अंतरिक्ष संवाद, 2021 44
तंबाकू सेवन पर WHO की चौथी रिपोर्ट 44
भारत एवं श्रीलंका के बीच 'संसद मैत्री संघ' (Parliament Friendship Association) 46
आईएसए का 101वां सदस्य देश 47
जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2022 48
वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2021 49
क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2022 50
वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2021 51
वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021 53
अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की चौथी आमसभा 54
क्लाइमेट टेक इन्वेस्टमेंट : दुनिया के शीर्ष 10 देश 56
आर्थिक परिदृश्य 57
भारत में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रो योर बिजनेस हब' की शुरुआत 57
ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की नाबार्ड के साथ भागीदारी 58
कोरोना वैक्सीन खरीद हेतु AIIB और ADB से दो बिलियमन डॉलर का कर्ज 58
ब्लाकचेन फीडर फंड को सेबी की मंजूरी 59
एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड का अधिग्रहण 60
आरबीआई को दो अभिनव उपभोक्ता केंद्रित पहल 60
टर्म और वार्षिकी बीमा उत्पादों के लिए साझेदारी 61
कपास सीजन (अक्टूबर से सितंबर), 2014-15 से 2020-21 के दौरान कपास हेतु एमएसपी के तहत घाटे की भरपाई के लिए व्यय को मंजूरी 62
वी पॉवर इंडिया पार्टनरशिप फोरम 64
डिजिटल पेमेंट गेटवे 65
आरबीआई का स्वर्ण भंडार 66
प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद 66
नया क्वाड आर्थिक फोरम 67
भारत ने इनमॉरसेट फर्म के लिए इनफ्लाइट डेटा मार्केट खोला 68
बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन का वर्ष 2020-21 का तीसरा अग्रिम अनुमान 69

'अगरतला' शहरी विकास हेतु ऋण को मंजूरी 70
एडलगिव हुरून इंडिया फिलेनथ्रॉफी (दानदाता) लिस्ट-2021 70
IIFCL को InVITs के वित्तपोषण के लिए RBI की मंजूरी 71
वैज्ञानिक परिदृश्य 72
रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी 72
स्पेस एक्स द्वारा 53 स्टारलिंक उपग्रह लांच 72
डीजीसीए में ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म ईजीसीए शुरू किया गया 73
एप्सिलॉन रॉकेट ने 9 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया 74
गुआंगमु पृथ्वी विज्ञान उपग्रह 74
ऑर्बिटल रीफ 75
उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली 'शक्ति' 76
दक्षिण कोरिया की पहली क्रू पब्लिक एयर टैक्सी टेस्ट फ्लाइट 78
स्कॉर्पीन श्रेणी की चौथी पनडुब्बी 'वेला' भारतीय नौसेना को सौंपी गई 79
त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास 'सिटमेक्स' 79
नोरोवायरस का केरल में पहला मामला 80
ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन 81
युद्धाभ्यास शक्ति-2021 82
शिजियान-21 सेटेलाइट 83
2MO437b ग्रह की खोज 83
भारत की पहली राज्य-वन्यजीव डीएनए परीक्षण विश्लेषण प्रयोगशाला का उद्घाटन 84
मछलियों की तीन नई प्रजातियां 85
अमेरिका द्वारा हाइपर-सोनिक मिसाइल तकनीक का परीक्षण 86
तुशील-पी 1135.6 फ्रिगेट 87
ट्रिगोनोप्टेरस कोरोना 88
देश का पहला मानव युक्त समुद्र मिशन 'समुद्रयान' लांच 89
भारती समूह समर्थित वनवेब द्वारा उपग्रहों 36 का प्रक्षेपण 90
इंडियन नेवल फास्ट अटैक क्राफ्ट T-80 90
भारत के मार्स ऑर्बिटर मिशन मंगलयान के 7 सफल वर्ष 91
ITCA द्वारा 75 स्टूडेंट्स सैटेलाइट्स कंसोर्टियम लांच 92
'अभ्यास' का सफल उड़ान परीक्षण 93

दक्षिण कोरिया का पहला स्वदेशी अंतरिक्ष रॉकेट 93
खेल परिदृश्य 94
टेनिस 94
निट्टो एटीपी फाइनल्स, 2021 94
स्टॉकहोम ओपन, 2021 95
स्टॉकहोम ओपन, 2021 96
इंडियन वेल्स ओपन, 2021 96
क्रिकेट 97
आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप, 2022 के मेजबान देश 97
आईसीसी टी-20 विश्वकप, 2022 के लिए सात मेजबान शहरों की घोषणा 98
आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (अक्टूबर, 2021) 99
आईसीसी द्वारा वर्ष 2024 से 2031 तक के कार्यक्रमों की घोषणा 99
2 पुरुष, एक महिला खिलाड़ी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल 100
बैडमिंटन 101
सारलोरलक्स ओपन, 2021 102
सारलोरलक्स ओपन, 2021 103
विक्टर डेनमार्क ओपन, 2021 104
थॉमस एवं उबेर कप, 2020 105
गोल्फ 106
जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2021 106
जोजो चैंपियनशिन, 2021 106
फॉर्मूला वन 107
ब्राजीलियन ग्रैंड प्रिक्स, 2021 107
यू.एस. ग्रैंड प्रिक्स, 2021 107
खेल विविध 108
राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान के बहुआयामी साहसिक खेल अभियान 108
एबी डिविलियर्स 109
अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज 111
36वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन, 2021 111
22वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2021 112

एम.पी. कप पोलो चैंपियनशिप (सर प्रताप सिंह कप), 2021 113
अंडर-23 महिला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 114
आईएसएसएफ प्रेसीडेंट्स कप (राइफल/पिस्टल), 2021 115
सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाईल और महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 115
आईपीएल की 2 नई टीमें 116
एमसीसी के 18 नए मानद आजीवन सदस्य 117
चर्चित खेल व्यक्तित्व 119
भारत के 72वें ग्रैंडमास्टर 119
भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच 119
माई 11 सर्किल के नए ब्रांड एंबेसडर 120
अंतरराष्ट्रीय जिमनास्टिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष 120
ड्वेन ब्रावो 121
तजामुल इस्लाम 122
एनसीए के नए प्रमुख 122
संक्षिप्तियां 123
चर्चित व्यक्ति 123
अनीता आनंद 123
अंतरिक्ष में चलने वाली पहली चीनी महिला अंतरिक्ष यात्री 124
आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति के नए अध्यक्ष 124
बच्चों के फुटवियर ब्रांड प्लेटो के ब्रांड एंबेसेडर 125
देश के नए नौसेना प्रमुख 126
नोवी कपाड़िया 126
अंतरराष्ट्रीय विधि आयोग में निर्वाचित भारतीय 127
न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन 127
प्रो. कोनेरू रामकृष्ण राव 128
एनडीआरएफ के नए महानिदेशक 128
मन्नू भंडारी 129
बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे 130
राज्यसभा के नए महासचिव 130
जनरल प्रभु राम शर्मा 131

श्रीलंका के पहले टेस्ट कप्तान का निधन 131
शक्तिकांत दास 132
डॉ. एस. एन. सुब्बाराव 133
चर्चित स्थल 133
नेवाडो डेल रूइज ज्वालामुखी 133
आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय 134
सेवा सेतु कार्यक्रम 134
जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक 135
कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा 136
इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर पर अनुसंधान करने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय 137
भारत का पहला अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र 137
छत्तीसगढ़ में नया टाइगर रिजर्व 138
पुरस्कार/सम्मान 139
पहला साई संस्थागत पुरस्कार 139
यूएन वूमेन पुलिस ऑफिसर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, 2021 140
अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार, 2021 140
तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार, 2020 141
जर्मन बुक ट्रेड का शांति पुरस्कार, 2021 142
बुकर पुरस्कार, 2021 142
इंडिया ग्रीन एनर्जी अवॉर्ड 2020 143
भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार-2021 144
योजना/परियोजना 145
5 राज्यों के मोबाइल सेवा विहीन गांवों में यूएसओएफ योजना को मंजूरी 145
'दुआरे राशन' योजना 146
लद्दाख में राज्य सैनिक बोर्ड स्थापित करने को मंजूरी 147
सेवा क्षेत्र के लिए ऋण से जुड़ी विशेष पूंजीगत अनुदान योजना 148
मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना 148
उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना 149
मुफ्त शिक्षा योजना 151
स्वस्थ महिला, स्वस्थ्य गोवा पहल 151

नाग नदी पुनरोद्धार परियोजना 152
मुख्यमंत्री राशन आपके द्वारा योजना 153
असम के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं 154
'मेरा घर मेरे नाम' योजना 155
'सभी के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य' योजना 155
ऑपरेशन/अभियान 156
राष्ट्रव्यापी एएचडीएफ केसीसी अभियान 156
भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती-अभ्यास, 2021 157
बहुपक्षीय समुद्री सभ्यास मालाबार, 2021 का दूसरा चरण 158
युद्धाभ्यास 'कोंकण शक्ति 2021' 159
विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान 160
सम्मेलन/समारोह 161
फार्मास्युटिकल क्षेत्र का प्रथम वैश्विक नवाचार शिखर सम्मेलन, 2021 161
इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल, 2021 162
अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, 2021 162
दक्षिण क्षेत्र के पर्यटन और संस्कृति मंत्रियों का सम्मेलन, 2021 163
सीआईआई एशिया स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन, 2021 163
उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 2021 164
भारत-इस्राइल संयुक्त कार्य समूह की 15वीं बैठक, 2021 165
40वां शारजाह अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला, 2021 165
गोवा सामुद्रिक संगोष्ठी, 2021 166
संधि/समझौता 167
मॉयल त्रिपक्षीय समझौता 167
विधिक माप विज्ञान (पैक किए गए उत्पाद) नियम, 2011 में संशोधन 168
दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु समझौता 169
भारत सरकार और एचएएल में समझौता 170
अगरतला शहर में शहरी सेवाओं में सुधार हेतु समझौता 170
एनटीपीसी और इंडियन ऑयल ने अक्षय ऊर्जा पर सहयोग हेतु समझौता किया 171
भारतीय सेना और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) के मध्य समझौता 172
भारत-एडीबी के मध्य समझौता 173

एयर इंडिया में निवेश के लिए शेयर खरीद समझौता 173
वनवेब तथा नियोम टेक एंड डिजिटल होल्डिंग कंपनी के मध्य समझौता 174
राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम हेतु ऋण की मंजूरी 175
महाराष्ट्र में एग्रीबिजनेस विकास हेतु ऋण समझौता 176
सार्वजनिक वित्त लेखा परीक्षा समझौता 177
पाइपलाइन 'उपयोग का अधिकार' साझा करने का समझौता 178
संघ/संगठन 179
'भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम' 179
रक्षा मंत्रालय द्वारा हथियारों की खरीद हेतु अनुबंध 180
RNESL द्वारा स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड की 40% हिस्सेदारी का अधिग्रहण 180
एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में शेयरों का अधिग्रहण 181
हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस की हेल्थकेयर बीपीओ सेवाओं का अधिग्रहण 182
अडानी ग्रुप द्वारा सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के शेयर का अधिग्रहण 183
वर्ष/दिवस/सप्ताह 183
शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस 183
विश्व शौचालय दिवस 184
विश्व दर्शन दिवस 184
लोकसेवा प्रसारण दिवस 185
राष्ट्रीय शिक्षा दिवस 185
जनजातीय गौरव दिवस 186
'अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस' 187
राष्ट्रीय प्रेस दिवस' 187
विश्व निमोनिया दिवस 188
विश्व मधुमेह दिवस 188
विश्व सुनामी जागरूकता दिवस 189
अंतरराष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस 190
गरीबी उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस 191
विश्व विद्यार्थी दिवस-2021 192
विश्व मानक दिवस 192
सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021 193

विश्व पोलियो दिवस 193
विश्व विकास सूचना दिवस..... 194
संयुक्त राष्ट्र दिवस..... 195

राष्ट्रीय परिदृश्य

नीति आयोग द्वारा पहला एसडीजी शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड, 2021-22 जारी

प्रश्न-23 नवंबर, 2021 को भारत-जर्मनी साझेदारी के तहत नीति आयोग ने पहला एसडीजी शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22 जारी किया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इसमें कुल 56 शहरी क्षेत्रों का मूल्यांकन किया गया है।

(ii) सूचकांक में शीर्ष 10 शहरी क्षेत्रों में शिमला को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) इसमें अंतिम शहरी क्षेत्रों में धनबाद को निचला स्थान प्राप्त हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं।

कूट-

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i) एवं (ii) (c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 23 नवंबर, 2021 को भारत-जर्मनी साझेदारी के तहत नीति आयोग ने एसडीजी शहरी सूचकांक और डैशबोर्ड 2021-22 जारी किया।
- इसमें एसडीजी ढांचे के सभी 46 लक्ष्यों में 77 एसडीजी सूचकों के आधार पर 56 शहरी क्षेत्रों का रैंक पेश किया गया है।
- इन सूचकों पर डेटा आधिकारिक डेटा स्रोतों जैसे एनएफएचएस, एनसीआरबी, यू-डीआईएसई, विभिन्न मंत्रालयों के डेटा पोर्टल और अन्य सरकारी डेटा स्रोतों से प्राप्त किया गया है।
- सूचकांक और डैशबोर्ड एसडीजी स्थानीय करण को और मजबूत करेंगे और शहर के स्तर पर मजबूत एसडीजी निगरानी स्थापित करेंगे।
- यह यूएलबी-स्तरीय आंकड़े, निगरानी और रिपोर्टिंग सिस्टम की ताकत और कमी पर प्रकाश डालता है।
- प्रत्येक एसडीजी के लिए, शहरी क्षेत्रों को 0-100 के पैमाने पर रैंक किया गया है।
- 100 के स्कोर का अर्थ है कि शहरी क्षेत्र ने 2030 के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्रापत कर लिया है।
- 0 के स्कोर का अर्थ है कि यह चयनित शहरी क्षेत्रों में लक्ष्यों को प्राप्त करने के मामले में सबसे पीछे है।
- शहरी क्षेत्र के समग्र प्रदर्शन को मापने के लिए लक्ष्य-वार स्कोर से शहरी क्षेत्र के समग्र स्कोर निकाले जाते हैं।

- शहरी क्षेत्रों को उनके समग्र स्कोर के आधार पर नीचे वर्गीकृत किया गया है-

1. आकांक्षी-0-49
2. अच्छा प्रदर्शन करने वाला-50-64
3. बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वाला 65-99
4. लक्ष्य को प्राप्त कर लेने वाला-100

- सूचकांक में शिमला (हिमाचल प्रदेश) (समग्र स्कोर-75.50) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात कोयंबटूर (तमिलनाडु) (स्कोर-73.29) को दूसरा, चंडीगढ़ (स्कोर-72.36) को तीसरा, तिरूवनंतपुरम (केरल) (स्कोर-72.36), को चौथा तथा कोच्चि (केरल) (स्कोर-72.29) को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- सूचकांक में धनबाद (झारखंड) को सबसे निचला स्थान (स्कोर-52.43) प्राप्त हुआ है।
- इस सूचकांक के तहत उत्तर प्रदेश के लखनऊ (36वीं) कानपुर (38वीं), गाजियाबाद (41वीं) प्रयागराज (42वीं) वाराणसी (46वीं), आगरा (49वीं) तथा मेरठ (55वीं) शहरों को शामिल किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1774225

स्वच्छ सर्वेक्षण-2021

प्रश्न-20 नवंबर, 2021 को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वार्षिक स्वच्छता शहरी सर्वेक्षण का 6वां संस्करण 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2021' जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इंदौर ने लगातार 5वीं बार सबसे स्वच्छ शहर होने का खिताब जीतकर रिकॉर्ड बनाया।

(ii) वाराणसी को गंगा के किनारे बसा सर्वश्रेष्ठ शहर (1 लाख से अधिक आबादी के शहरों में) के रूप में नामित किया गया।

(iii) इसके अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर (1-10 लाख तक आबादी में) अंबिकापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ।



उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही हैं/है?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 20 नवंबर, 2021 को केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा वार्षिक स्वच्छता शहरी सर्वेक्षण का 6वां संस्करण 'स्वच्छ सर्वेक्षण-2021' के परिणाम 'स्वच्छ महोत्सव' नामक एक कार्यक्रम में घोषित किया गया।
- स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 की प्रमुख बातें-
- यह विश्व का सबसे बड़ा स्वच्छता सर्वेक्षण है।
- इसमें राष्ट्रीय स्तर पर (10 लाख से अधिक की आबादी पर) सबसे स्वच्छ-शहर का शीर्ष पुरस्कार लगातार 5 वीं बार इंदौर (म.प्र.) को प्रदान किया गया।
- इसके पश्चात सूरत दूसरे, विजयवाड़ा तीसरे, नवी मुंबई चौथे तथा पुणे 5वें स्थान पर रहा।
- रायपुर को 6वां, भोपाल को 7वां तथा बडोदरा को 8वां स्थान प्राप्त हुआ।
- इसके अनुसार, इसी श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष 30 शहरों में शामिल उत्तर प्रदेश के प्रमुख शहरों की रैंकिंग इस प्रकार हैं-

(i) लखनऊ (12 वां स्थान)
(ii) गाजियाबाद (18वां स्थान)
(iii) कानपुर (21वां स्थान)
(iv) आगरा (24वां स्थान)
(v) प्रयागराज (26वां स्थान)
(vi) मेरठ (27वां स्थान)
(vii) वाराणसी (30वां स्थान)

- कोटा उत्तरी इस श्रेणी की सूची में सबसे निचले पायदान पर रहा।
- इसके अनुसार, राष्ट्रीय स्तर पर (1-10 लाख तक की आबादी) सबसे स्वच्छ शीर्ष 5 शहर है-

(i) नई दिल्ली (NDMC) दिल्ली
(ii) अंबिकापुर (छत्तीसगढ़)
(iii) तिरुपति (आंध्र प्रदेश)
(iv) नोएडा (उ.प्र.)
(v) उज्जैन (म.प्र.)

- छत्तीसगढ़ को 100 से अधिक यूएसबी शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) की श्रेणी में सबसे साफ-सुथरा राज्य घोषित किया गया।
- झारखंड को 10 0 से कम यूएलबी श्रेणी के राज्यों में सबसे साफ-सुथरा राज्य घोषित किया गया।

- वाराणसी (उ.प्र.) को गंगा किनारे बसा सर्वश्रेष्ठ शहर (1 लाख से अधिक आबादी के शहरों में) घोषित किया गया।
- इसमें 9 शहर 5 स्टार, 143 शहर 3 स्टार कचरा मुक्त शहर घोषित किए गए।
- सफाई मित्र सुरक्षा चुनौती में इंदौर, नवी मुंबई और नेल्लौर शीर्ष प्रदर्शनकर्ता के रूप में उभरकर सामने आए।
- अहमदाबाद छावनी ने भारत की सबसे 'स्वच्छ छावनी' का खिताब जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://swachhsurvekshan2021.org/

आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, 2021

प्रश्न-14 नवंबर, 2021 को संपन्न आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप, 2021 के संबंध में विकल्प में कौन सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 14 नवंबर, 2021 को आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप, 2021 का फाइनल मुकाबला दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम, दुबई में खेला गया।

(b) फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को पराजित कर पहली बार टी-20 विश्वकप का खिताब जीता है।

(c) ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर को इस विश्व कप में -प्लेयर ऑफ द सीरीज' चुना गया है।

(d) इस विश्वकप में सर्वाधिक रन (303 रन) डेविर्ड. वार्नर ने बनाए।



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 17 अक्टूबर, 2021 से 14 नवंबर, 2021 तक आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप, 2021 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और ओमान में संपन्न हुआ।
- संस्करण-7 वां
- इस टी-20 विश्वकप का मेजबान देश-भारत था।
- कोविड-19 महामारी के कारण यह टी-20 विश्व कप भारत में आयोजित न हो कर यूएई और ओमान में आयोजित किया गया।
- भागीदारी टीमें-(12)-इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज, बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान, न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, नामीबिया और स्कॉटलैंड।
- फाइनल मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, दुबई में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच हुआ।

- फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से पराजित कर टी-20 विश्वकप का खिताब जीत लिया।
- ऑस्ट्रेलिया पहली बार टी-20 विश्वकप का विजेता बना है।
- फाइनल मैच में 50 गेंदों पर नाबाद 77 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।
- इस विश्व कप में 7 मैच में 289 रन बनाने वाली ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर 'प्लेयर द सीरीज' चुने गए।
- फाइनल में न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 20 ओवर में 4 विकेट पर 172 रन बनाए।
- जिसे ऑस्ट्रेलिया ने 18.5 ओवर में 2 विकेट पर 173 रन बनाकर हासिल कर लिया।
- फाइनल मैच में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने 85 रन बनाए और वह फाइनल में सर्वोच्च पारी खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं।
- विलियम्सन ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो टी-20 विश्वकप फाइनल में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है।
- 6 वर्षों में तीसरी बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड पराजित हुआ है।
- इससे पूर्व वर्ष 2015 और 2019 वनडे विश्वकप के फाइनल में भी न्यूजीलैंड पराजित हुआ था।
- ऑस्ट्रेलियाई टीम द्वारा विजित यह 8 वां आईसीसी खिताब है, जो किसी भी टीम द्वारा सबसे अधिक बार आईसीसी ट्रॉफी जीतने का रिकॉर्ड है।
- इस टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान टीम के बाबर आजम ने सर्वाधिक 303 रन (6 मैचों में) तथा 16 विकेट श्रीलंका के गेंदबाज वानिन्दु हसरंगा ने लिए।
- इस टी-20 विश्व कप में खेले गए कुल 45 मैचों में 405 छक्के लगे।
- सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर (101 रन नाबाद) इंग्लैंड के बल्लेबाज जोश बटलर ने श्रीलंका के विरुद्ध शारजाह में बनाया।
- इंग्लैंड के जोस बटलर ने सर्वाधिक छक्के (6 मैचों में 13 छक्के) लगाए।
- सर्वाधिक छक्कों के मामले में पाकिस्तानी बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान 12 छक्कों (6 मैचों में) के साथ दूसरे स्थान पर रहे।
- इस विश्वकप में सर्वाधिक टोटल स्कोर 2 विकेट पर 210 रन भारत ने अबू धाबी में अफगानिस्तान के विरुद्ध बनाया।
- सबसे बड़ी जीत (रनों की दृष्टिकोण से) 130 रनों से अफगानिस्तान ने स्कॉटलैंड के विरुद्ध हासिल की।
- रनों के मामले में सबसे बड़ी साझेदारी (152 रन नाबाद) बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के बीच भारत के विरुद्ध पहले विकेट के लिए हुई।

- एक मैच में सर्वाधिक रन (368) रन इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच हुए मैच में बना।
- इस विश्व कप में गेंदबाजों ने कुल 526 विकेट लिए।
- विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफी और 1.6 मिलियन डॉलर राशि और उपविजेता टीम को 800,000 डॉलर इनामी राशि प्रदान की गई।
- फाइनल मुकबलों में 30 रन बनाते ही वार्नर टी-20 विश्व कप के एक संस्करण में सबसे अधिक रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बन गए हैं।
- वॉर्नर ने 7 मैचों में कुल 289 रन बनाए हैं।
- वॉर्नर ने मैथ्यू हेडन का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिन्होंने टी-20 विश्वकप, 2007 में 265 रन बनाए थे।
- ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्टार्क ने फाइनल में 4 ओवर में 60 रन दिए, जो कि टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में सबसे अधिक रन देने का रिकॉर्ड बन गया है।
- फाइनल मैच से पूर्व दोनों टीमों के खिलाड़ियों में ब्लैक लाइव्स मैटर मुहिम का समर्थन दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.t20worldcup.com/tournament-stats/most-wickets

आईएनएस विशाखापत्तनम

प्रश्न-नवंबर, 2021 में आईएनएस विशाखापत्तनम को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। इस जहाज के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 21 नवंबर, 2021 को रक्षा मंत्री रजनाथ सिंह की उपस्थिति में आईएनएस विशाखापत्तनम को नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।

(b) आईएनएस विशाखापत्तनम एक पी 15 बी स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वसंक है।



(c) इसे मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा निर्मित किया गया है।

(d) इसकी विस्थापन क्षमता 6500 टन है।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2021 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में आईएनएस विशाखापत्तनम को नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया।
- आईएनएस विशाखापत्तनम एक पी 15 बी (P15B) स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक है।
- इसे स्वदेशी रूप से भारतीय नौसेना के इन-हाउस संगठन नौसेना डिजाइन निदेशालय द्वारा डिजाइन किया गया है।

- यह मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड, मुंबई द्वारा निर्मित है।
- विशाखापत्तनम श्रेणी के चार में से पहले विध्वंसक के नौ सेना में औपचारिक रूप से शामिल किए जाने का प्रतीक है।
- आईएनएस विशाखापत्तनम की लंबाई 163 मीटर और चौड़ाई 17 मीटर है।
- इसकी विस्थापन क्षमता 74,00 टन है।
- इस जहाज को एक कंबाइंड गैस एंड गैस (सीओजीएजी) विन्यास में चार शक्तिशाली गैस टर्बाइनों द्वारा संचालित किया जाता है।
- यह 30 समुद्री मील से अधिक की गति प्राप्त करने में सक्षम है।
- यह जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सतह-से-सतह पर मार करने वाली मिसाइल और सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल सेंसर से लैस है।
- यह एक आधुनिक रडार से सुसज्जित है, जो जहाज के तोपखाने की हथियार प्रणालियों को टारगेट डेटा प्रदान करता है।
- पनडुब्बीरोधी युद्ध क्षमताएं स्वदेशी रूप से विकसित रॉकेट लांचर, टारपीडो लांचर और एएसडब्ल्यू हेलीकॉप्टरों द्वारा प्रदत्त की जाती हैं।
- यह जहाज परमाणु, जैविक और रासायनिक (एनबीसी) युद्ध की स्थितियों में लड़ने में सक्षम है।
- आईएनएस विशाखापत्तनम के कुछ प्रमुख स्वदेशी उपकरण/सिस्टम में कॉम्बैट मैनेजमेंट सिस्टम, रॉकेट लांचर, टॉरपीडो ट्यूब लांचर, इंटीग्रेटेड प्लेप्टफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम, ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम, फोल्डेबल हैंगर्स डोर्स, हेलो ट्रैवर्सिंग सिस्टम, क्लोज-इन वेपन सिस्टम और बो माउंटेड सोनार शामिल हैं।
- पूर्वी तट पर आंध्र प्रदेश के ऐतिहासिक शहर विशाखापत्तनम 'द सिटी ऑफ डेस्टिनी' के नाम पर इस जहाज में लगभग 315 कर्मी हैं।
- यह जहाज नेविगेशन और डायरेक्शन विशेषज्ञ कैप्टन वीरेंद्र सिंह बैंस की कमान से होगा।
- हिंद महासागर में बदलते समीकरणों के साथ यह जहाज अपने कार्यों और लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भारतीय नौसेना की गतिशीलता पहुंच और लचीलेपन को बढ़ाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1773700

भारत का सर्वश्रेष्ठ समुद्री जिला

प्रश्न-21 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला ने भुवनेश्वर में आयोजित विश्व मत्स्य दिवस समारोह में कई पुरस्कार प्रदान किए? प्रदत्त पुरस्कारों के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) बालासोर, ओडिशा को देश के सर्वश्रेष्ठ समुद्री जिले के रूप में पुरस्कृत किया गया।



(b) केरल को सर्वश्रेष्ठ समुद्री राज्य में सम्मानित किया गया।

(c) सर्वश्रेष्ठ अंतर्देशीय राज्य पुरस्कार तेलंगाना को प्राप्त हुआ।

(d) मध्य प्रदेश के बालाघट जिले को सर्वश्रेष्ठ अंतर्देशीय जिला के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 21 नवंबर, 2021 को बालासोर, ओडिशा में विश्व मत्स्य पालन दिवस मनाया गया।
- इसके अलावा भुवनेश्वर में भी विश्व मत्स्य पालन दिवस मनाया गया, जिसमें केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला शामिल हुए।
- इस कार्यक्रम के दौरान कई पुरस्कार प्रदान किए गए।
- बालासोर, ओडिशा को देश के सर्वश्रेष्ठ समुद्री जिले के रूप में पुरस्कृत किया गया।
- आंध्र प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ समुद्री राज्य से सम्मानित किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ अंतर्देशीय राज्य पुरस्कार तेलंगाना को प्राप्त हुआ।
- मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले को सर्वश्रेष्ठ अंतर्देशीय जिला के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- सर्वश्रेष्ठ पहाड़ी और पूर्वोत्तर राज्य और जिला पुरस्कार क्रमश: त्रिपुरा और बोंगईगांव, असम को प्रदान किया गया।
- उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 तक मत्स्य पालन क्षेत्र से एक लाख करोड़ रुपये का निर्यात प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- मौजूदा समय में सरकार द्वारा मत्स्य संपदा योजना के माध्यम से मत्स्य पालन क्षेत्र में 20,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1773751

पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स 2021

प्रश्न- हाल ही में पीएसी ने "पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स, 2021"(पीएआई, 2021) जारी किया है, जो भारत के राज्यों के शासन के प्रदर्शन पर आधारित एक वार्षिक रैंकिंग है। पीएआई, 2021 के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

(a) केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना समग्र रूप से बड़े राज्यों में क्रमश: शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं।

(b) सिक्किम, गोवा और मिजोरम छोटे राज्यों में क्रमश: अंतिम तीन स्थान पर हैं।

(c) दोनों (a) और (b)

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में पीएसी ने "पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स, 2021"(पीएआई, 2021) जारी किया, जो भारत के राज्यों के शासन के प्रदर्शन पर आधारित एक वार्षिक रैंकिंग है।
- पब्लिक अफेयर्स सेंटर (पीएसी) बंगलुरू कर्नाटक में स्थित एक गैर-लाभकारी अनुसंधान थिंक टैंक है।
- पब्लिक अफेयर्स इंडेक्स (पीएआई), 2021
- सूचकांक के प्रमुख तथ्य निम्नवत हैं -
- केरल, तमिलनाडु और तेलंगाना समग्र रूप से 18 बड़े राज्यों में क्रमश: शीर्ष तीन स्थानों पर काबिज हैं।
- बड़े राज्यों में गुजरात पांचवें, कर्नाटक सातवें और महाराष्ट्र 12वें स्थान पर है। जबकि उत्तर प्रदेश अंतिम स्थान यानी अठारहवें स्थान पर है।
- बड़े राज्यों में छत्तीसगढ़(चौथा स्थान),तेलंगाना(तीसरा स्थान) और झारखंड(नौवां स्थान) ने बेहतर प्रदर्शन किया है।
- उल्लेखनीय है कि बड़े राज्यों की रैंकिंग में मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश और बिहार क्रमश: दसवें, आठवें और सत्रहवें स्थान पर हैं।
- सिक्किम, गोवा और मिजोरम छोटे राज्यों(small states) में क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर हैं, वहीं क्रमश: पुडुचेरी, जम्मू - कश्मीर और चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेशों में शीर्ष स्थान पर हैं।
- पीएआई राज्यों में शासन की गुणवत्ता का एक वार्षिक मूल्यांकन है, और इसमें महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, एकीकृत बाल विकास सेवा, समग्र

शिक्षा अभियान और मध्याह्न भोजन योजना के केंद्र प्रायोजित कार्यक्रमों के कार्यान्वयन इत्यादि के आधार पर राज्यों का मूल्यांकन किया गया है।

- यह योजनाओं को शासन स्तर पर लागू करने के राज्य सरकार द्वारा की गई विकासात्मक गतिविधियों को समझने का प्रयास करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pacindia.org/wp-content/uploads/2021/10/PACPAI2021SR.pdf

प्रधानमंत्री द्वारा झांसी और महोबा में विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

प्रश्न-19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महोबा, उत्तर प्रदेश में कई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। विकल्प में कौन-सी परियोजना लोकार्पित परियोजनाओं में शामिल नहीं है?

(a) अर्जुन सहायक परियोजना (b) रतौली बांध परियोजना

(c) ऊदल बांध परियोजना (d) मसगांव एवं स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत वीरांगना लक्ष्मीबाई के जन्मोत्सव पर झांसी किला परिसर में आयोजित राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व में भाग लिया।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने 3425 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के झांसी नोड में भारत डायनामिक्स लिमिटेड द्वारा स्थापित की जा रही रक्षा उपकरण इकाई तथा 600 मेगावॉट अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क, झांसी का शिलान्यास किया।
- इन परियोजनाओं की लागत राशि क्रमश: 400 करोड़ रुपये और 3013 करोड़ रुपये है।
- इस अवसर पर उन्होंने 11.30 करोड़ रुपये की लागत राशि से निर्मित अटल एकता पार्क, झांसी का भी लोकार्पण किया।
- इसी दिन प्रधानमंत्री ने महोबा जिले में 2,655 करोड़ रुपये की अर्जुन सहायक परियोजना सहित कुल 3250 करोड़ रुपये से अधिक परियोजनाओं का लोकार्पण किया।
- प्रधानमंत्री ने अर्जुन सहायक परियोजना के अलावा रतौली बांध परियोजना, भावनी बांध परियोजना तथा मसगांव एवं चिल्ली स्प्रिंकलर सिंचाई परियोजना का भी लोकार्पण किया।

- कार्यक्रम के दौरान अर्जुन सहायक परियोजना पर एक फिल्म भी प्रदर्शित की गई।
- लोकार्पित परियोजनाओं से महोबा के लोगों के साथ ही हमीरपुर, बांदा और ललितपुर जिले के भी लाखों लोगों एवं लाखों किसान परिवारों को लाभ होगा।
- इससे 4 लाख से अधिक लोगों को शुद्ध पीने का पानी मिलेगा।
- वर्षों से लंबित अर्जुन सहायक परियोजना पर वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी की प्रदेश सरकार बनने के बाद काम तीव्र गति से प्रारंभ हुआ।
- इस परियोजना से बुंदेलखंड क्षेत्र के तीन जिलों महोबा, बांदा तथा हमीरपुर की लगभग 2.5 लाख एकड़ भूमि को सिंचाई की सुविधा प्रदत्त होगी तथा 4 लाख लोगों को पीने का पानी मिलेगा।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pmindia.gov.in/en/news_updates/pm-to-visit-up-and-launch-multiple-development-projects-worth-over-rs-6250-crore-on-19th-november/

पोचमपल्ली गांव सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव चयनित

प्रश्न-नवंबर, 2021 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने पोचमपल्ली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में से एक के रूप में चुना है। यह गांव किस राज्य में स्थित है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) मेघालय (c) तेलंगाना (d) केरल



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन ने तेलंगाना के पोचमपल्ली गांव को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों में से एक के रूप में चुना है।
- यह प्रतिष्ठित पुरस्कार 2 दिसंबर, 2021 को स्पेन के मैड्रिड में यूएनडब्ल्यूटीओ महासभा के 24वें सत्र के अवसर पर प्रदान किया जायेगा।
- यूएनडब्ल्यूटीओ द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव के प्रमुख पहल का उद्देश्य उन गांवों को पुरस्कृत करना है जो ग्रामीण स्थलों के उत्कृष्ट उदाहरण हैं और इसके निर्दिष्ट नौ मूल्यांकन क्षेत्रों के अनुरूप अच्छी प्रथाओं का प्रदर्शन करते हैं।
- इसका उद्देश्य गांवों को प्रशिक्षण और सुधार के अवसरों तक पहुंच के माध्यम से अपनी ग्रामीण पर्यटन क्षमता को बढ़ाने में सहायता करना है।
- पर्यटन मंत्रालय द्वारा भारत से यूएनडब्ल्यूटीओ सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांव की प्रविष्टि के लिए तीन गांवों-कोंगथोंग (मेघालय), लधपरा खास (मध्य प्रदेश) और पोचमपल्ली (तेलंगाना) की सिफारिश की गई थी।

- हैदराबाद से 50 किमी. की दूरी पर स्थित पोचमपल्ली, तेलंगाना के नलगोंडा जिले का एक कस्बा है और इसे प्राय: उत्कृष्ट साड़ियों के लिए भारत के सिल्क सिटी के रूप में पहचाना जाता है, जिसे 'इकत' नामक एक अनूठी शैली के माध्यम से बुना जाता है।
- पोचमपल्ली की इकत शैली को वर्ष 2004 में भौगोलिक संकेतक प्रदान किया गया था।
- इकत एक मलेशियाई, इंडोनेशियाई है जिसका अर्थ है 'टाई एंड डाई'।
- पोचमपल्ली को भूदान पोचमपल्ली के रूप में भी जाना जाता है, जो 18 अप्रैल, 1951 को इस गांव से आचार्य विनोबा भावे द्वारा शुरू किए गए भूदान आंदोलन की स्मृति में है।
- वर्तमान में गांव के भीतर दो कमरों वाला एक विनोभा भावे मंदिर मौजूद है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1772314

पूर्वांचन एक्सप्रेस-वे

प्रश्न-16 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया। इस एक्सप्रेस-वे के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) सुल्तानपुर जिले में इस एक्सप्रेस-वे पर भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों को उतारने और उड़ान भरने के लिए 3.2 किमी. तक हवाई पट्टी निर्मित की गई है।

(b) पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की लंबाई 351 किमी. है।

(c) यह एक्सप्रेस-वे लखनऊ जिले के चादं सराय गांव से शुरू होता है और गाजीपुर जिले में स्थित हैदरिया गांव में समाप्त होता है।

(d) यह एक्सप्रेस-वे 6 लेन चौड़ा है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक बनाया जा सकता है।



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुल्तानपुर जिले के करवाल खीरी में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया।
- उद्घाटन के बाद प्रधानमंत्री में सुल्तानपुर जिले में एक्सप्रेस-वे पर निर्मित 3.2 किमी. हवाई पट्टी पर भारतीय वायुसेना के एयर शो का भी अवलोकन किया।
- यह हवाई पट्टी आपात स्थिति में भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों को उतारने/ उड़ान भरने के लिए निर्मित की गई है।
- पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे की लंबाई 341 किमी. है।

- यह एक्सप्रेस-वे लखनऊ-सुल्तानपुर रोड़ (एनएच-731) पर स्थित लखनऊ जिले के चौंदसराय गांव से शुरू होता है और उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा से 18 किमी. पूर्व में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 31 पर गाजीपुर जिले में स्थित गांव हैदरिया में समाप्त होता है।
- यह एक्सप्रेस-वे 6 लेन चौड़ा है, जिसे भविष्य में 8 लेन तक बढ़ाया जा सकता है।
- इस एक्सप्रेस-वे की अनुमानित निर्माण लागत राशि लगभग 22,500 करोड़ रुपये है।
- इस एक्सप्रेस-वे से उत्तर प्रदेश के पूर्वी भाग विशेष रूप से लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ और गाजीपुर जिलों के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई, 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजमगढ़ के मंदुरी में आयोजित कार्यक्रम में पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे का शिलान्यास किया था।
- यह एक्सप्रेस-वे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे तथा यमुना एक्सप्रेस-वे के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली से भी जुड़ेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771827

50 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल से वर्चुअल ढंग से 50 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला रखी। 7 राज्यों एवं 1 केंद्रशासित प्रदेश के कितने जिलों में ये 50 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे?

(a) 25 (b) 27 (c) 30 (d) 32



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आजादी का अमृत महोत्सव के तहत जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर भोपाल से वर्चुअल ढंग से 50 नए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की आधारशिला रखी।
- 7 राज्यों और 1 केंद्रशासित प्रदेश के 27 जिलों में ये नए 50 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोले जाएंगे।
- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय पूरे भारत में भारतीय आदिवासियों (अनुसूचित जनजातियों) के लिए मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक महत्वपूर्ण योजना है।

- जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा इसकी शुरुआत दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षा सुलभ कराने के लिए वर्ष 1997-98 में की गई थी।
- वित वर्ष 2018-19 के केंद्रीय बजट में 50 प्रतिशत से अधिक एसटी आबादी और कम-से-कम 20,000 जनजातीय लोगों वाले प्रत्येक ब्लॉक में एकलव्य आवासीय मॉडल खोले जाने की घोषणा की गई थी।
- सरकार ने देशभर में 452 नए एकलव्य विद्यालय खोलने का निर्णय लिया है।
- आजादी का अमृत महोत्सव (भारत @ 75) के तहत जनजातीय विद्यार्थियों की शिक्षा में आवश्यक सहयोग देने हेतु लगभग 750 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खोलने का संकल्प लिया गया है।
- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 से 12 वीं कक्षा तक के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1772011

सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना

प्रश्न-नवंबर, 2021 में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) को बहाल करने एवं जारी करने हेतु मंजूरी प्रदान की। इस योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 10 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एमपीलैड्स को बहाल करने और 15वें वित्त आयोग की अवधि के साथ-साथ वित्त वर्ष 2025-26 तक इसे जारी रखने हेतु मंजूरी प्रदान की है।
(b) एमपीलैड्स को वित्त वर्ष 2021-22 के शेष भाग के लिए फिर से शुरू करने और इसे 2025-26 तक जारी रखने पर कुल वित्तीय परिव्यय 17417 करोड़ रुपये होगा।
(c) एमपीलैड्स केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना है, जिसके लिए पूरी राशि भारत सरकार उपलब्ध कराती है।
(d) प्रति सांसद निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दिष्ट वार्षिक एमपीलैड्स राशि 2 करोड़ रुपये है, जो प्रत्येक 1 करोड़ रुपये की दो किस्तों में जारी की जाती है।



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना (एमपीलैड्स) को बहाल करने और 15वें वित्त आयोग की अवधि के साथ-साथ वित्त वर्ष 2025-26 तक इसे जारी रखने को मंजूरी प्रदान की।

- एमपीलैड्स को वित्त वर्ष 2021-22 के शेष भाग के लिए फिर से शुरू करने और इसे 2025-26 तक जारी रखने पर कुल वित्तीय परिव्यय 17417.00 करोड़ रुपये होगा।
- एमपीलैड्स केंद्रीय क्षेत्र की एक योजना और जिसके लिए पूरी राशि भारत सरकार उपलब्ध कराती है।
- इस योजना का उद्देश्य सांसदों को मुख्य रूप से अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में विकास कार्यों की सिफारिश कराने में सक्षम बनाना है।
- इस योजनांतर्गत पेयजल, प्राथमिक शिक्षा, सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और सड़कों इत्यादि के क्षेत्रों में टिकाऊ सामुदायिक परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष जोर दिया जाता है।
- प्रति सांसद निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्दिष्ट वार्षिक एमपीलैड्स राशि 5 करोड़ रुपये है, जो प्रत्येक 2.5 करोड़ रुपये की दो किश्तों में जारी की जाती है।
- समाज में कोविड-19 के स्वास्थ्य संबंधी प्रभावों के साथ-साथ अन्य प्रतिकूल प्रभावों से भी निपटने हेतु कैबिनेट ने 6 अप्रैल, 2020 को आयोजित बैठक में वित्त वर्ष 2020-21 और 2021-22 के दौरान एमपीलैड्स का संचालन नहीं करने और कोविड-19 के प्रभावों से निपटने हेतु इस राशि को वित्त मंत्रालय के अधीन रखने का निर्णय लिया था।
- मंत्रालय वित्त वर्ष 2021-22 की शेष अवधि के लिए प्रति सांसद 2 करोड़ रुपये की दर से एमपीलैड्स राशि एक किस्त में जारी करेगा।
- वित्त वर्ष 2022-23 से लेकर वित्त वर्ष 2025-26 तक की अवधि के दौरान प्रति सांसद 5 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष की दर से प्रत्येक 2.5 करोड़ रुपये की राशि दो किस्तों में जारी करेगा।
- इस योजना की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 19,86,206 कार्य/परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है, जिन पर 54171.09 करोड़ रुपये का वित्तीय परिव्यय किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770523

अफगानिस्तान पर दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद, 2021

प्रश्न-हाल ही में भारत ने कब 'अफगानिस्तान पर दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद' की मेजबानी की?

(a) 15 नवंबर, 2021 (b) 10 नवंबर, 2021

(c) 18 नवंबर, 2021 (d) 5 नवंबर, 2021



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को भारत ने 'अफगानिस्तान पर दिल्ली क्षेत्रीय सुरक्षा संवाद' की मेजबानी की।

- यह संवाद राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों/सुरक्षा परिषदों के सचिवों के स्तर पर आयोजित हुई।
- इसकी अध्यक्षता राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने की।
- इस संवाद में ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिज गणराज्य, रूस, ताजिकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान और उज्बेकिस्तान की भागीदारी हुई।
- जिनका प्रतिनिधित्व उनके संबंधित राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों/सुरक्षा परिषदों के सचिवों द्वारा किया गया।
- इसमें अफगानिस्तान में हाल की घटनाओं से उत्पन्न क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की गई।
- इससे संबंधित सुरक्षा चुनौतियों से निपटने और शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने में अफगानिस्तान के लोगों का समर्थन करने उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/bilateral-documents.htm?dtl/34491/Delhi_Declaration_on_Afghanistan

युवा नवाचारों के लिए पहले परामर्श कार्यक्रम का शुभारंभ

प्रश्न-नवंबर, 2021 में युवा नवाचारों के लिए पहले परामर्श कार्यक्रम का शुभारंभ भारत की स्वतंत्रता के किस वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया?

(a) 75वें वर्ष (b) 76वें वर्ष (c) 74वें वर्ष (d) 73वें वर्ष

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 8 नवंबर, 2021 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में युवा नवाचारों के लिए पहले परामर्श कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश में वैज्ञानिक अनुसंधान और नवाचार प्रयासों को मजबूत करके जनता, विशेषकर युवाओं में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देना है।
- इस दिशा में प्रयासों को बढ़ावा देने हेतु जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सहायता से देश के प्रत्येक जिले में स्टार कॉलेज खोलने की परिकल्पना की गई है।
- डीबीटी-स्टार कालेज, परामर्श कार्यक्रम नेटवार्किंग, हैंड होल्डिंग और पहुंच की अवधारणा की दिशा में मदद करेगा, जिसमें प्रतिमाह ग्रामीण क्षेत्रों या कम सम्पन्न क्षेत्रों में हैंड होल्डिंग तथा सरकारी स्कूलों के माध्यम से कार्यशाला आयोजित करने की परिकल्पना की गई है।
- इसके तहत वर्तमान में देशभर में कुल 278 स्नातक महाविद्यालयों को सहायता दी जा रही है तथा साथ ही वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के 55 कॉलेजों और आकांक्षी जिलों के 15 कॉलेजों को 2 साल की लघु अवधि के लिए सहायता प्रदान की जा रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770035

रानी कमलापति रेलवे स्टेशन

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुनर्विकसित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया। इस रेलवे स्टेशन का पूर्व में नाम क्या था?

(a) इस्माइलगंज रेलवे स्टेशन (b) हबीबगंज रेलवे स्टेशन

(c) नबाब अनवरूद्दीन रेलवे स्टेशन (d) फुरसतगंज रेलवे स्टेशन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में पुनर्विकसित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन राष्ट्र को समर्पित किया।
- गोंड साम्राज्य की बहादुर और निडर रानी कमलापति के सम्मान में पुनर्विकसित मध्य प्रदेश के पहले विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन का नाम रानी कमलापति रेलवे स्टेशन रखा गया है।
- इससे पहले इस रेलवे स्टेशन का नाम हबीबगंज रेलवे स्टेशन था।
- सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत पुनर्विकास स्टेशन को आधुनिक विश्वस्तरीय सुविधाओं के साथ पर्यावरण-अनुकूल इमारत के रूप में डिजाइन किया गया है।
- इसमें दिव्यांगजनों के लिए आवागमन में आसानी को भी ध्यान में रखा गया है।
- इस स्टेशन को परिवहन के विभिन्न साधनों के एकीकृत हब के रूप में भी विकसित किया गया है।
- कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने रेलवे की कई पहलों को राष्ट्र को समर्पित किया, जिनमें रेललाइन परिवर्तन और विद्युतीकरण उज्जैन-फतेहाबाद-चंद्रवातीगंज बड़ी लाइन खंड, भोपाल-बरखेड़ा खंड में तीसरी रेललाइन, रेललाइन परिवर्तन और विद्युतीकरण मथेला-निमाड़ खीरी बड़ी लाइन खंड और विद्युतीकरण गुना-ग्वालियर खंड शामिल हैं।
- इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने उज्जैन-इंदौर और इंदौर-उज्जैन के बीच दो नई मेमू ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771646

भारत का पहला घास संरक्षण क्षेत्र

प्रश्न-भारत का पहला घास संरक्षण क्षेत्र कहां स्थापित किया गया है?

(a) चंबा (b) रानीखेत (c) मसूरी (d) नैनीताल



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2021 को भारत के पहले घास संरक्षण क्षेत्र का उद्घाटन अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में किया गया। यह घास संरक्षण क्षेत्र 2 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है।
- यह संरक्षण क्षेत्र 3 वर्ष की मेहनत के बाद उत्तराखंड, वन विभाग की शोध शाखा द्वारा विकसित किया गया है।
- इसे केंद्र सरकार की क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैंपा) द्वारा वित्तपोषित किया गया है। इस संरक्षण क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक, पारिस्थितिक, औषधीय एवं सांस्कृतिक रूप से लगभग 90 विभिन्न घास प्रजातियों को उगाया गया है।
- इस परियोजना का उद्देश्य घास प्रजातियों की महत्ता के बारे में जागरूकता पैदा करना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा इस क्षेत्र में शोध को मदद देना है।
- ताजा शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि कार्बन सोखने (Carbon Sequestration) में घास के मैदान वन भूमि से अधिक प्रभावी हैं।
- संरक्षित क्षेत्र में घास की सात विभिन्न श्रेणियां उगाई गई हैं जिसमें सुगंध, औषधीय, चारा, सजावटी, कृषि, धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण और मिश्रित श्रेणियां शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि घास प्रजातियों के संरक्षण का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि घास के मैदान सिकुड़ते जा रहे हैं और इन पर निर्भर कीड़ों-मकोड़ों, पक्षियों और स्तनधारियों का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में पड़ गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/indias-first-grass-conservatory-developed-in-uttarakhand-s-ranikhet-11636876452894.html

भारत का पहला घास संरक्षण क्षेत्र

प्रश्न-भारत का पहला घास संरक्षण क्षेत्र कहां स्थापित किया गया है?

(a) चंबा (b) रानीखेत (c) मसूरी (d) नैनीताल



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2021 को भारत के पहले घास संरक्षण क्षेत्र का उद्घाटन अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में किया गया।
- यह घास संरक्षण क्षेत्र 2 एकड़ क्षेत्र में विस्तारित है।
- यह संरक्षण क्षेत्र 3 वर्ष की मेहनत के बाद उत्तराखंड, वन विभाग की शोध शाखा द्वारा विकसित किया गया है।
- इसे केंद्र सरकार की क्षतिपूरक वनीकरण कोष प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण (कैंपा) द्वारा वित्तपोषित किया गया है।
- इस संरक्षण क्षेत्र में महत्वपूर्ण वैज्ञानिक, पारिस्थितिक, औषधीय एवं सांस्कृतिक रूप से लगभग 90 विभिन्न घास प्रजातियों को उगाया गया है।
- इस परियोजना का उद्देश्य घास प्रजातियों की महत्ता के बारे में जागरूकता पैदा करना, उनके संरक्षण को बढ़ावा देना तथा इस क्षेत्र में शोध को मदद देना है।
- ताजा शोधों में यह सिद्ध हुआ है कि कार्बन सोखने (Carbon Sequestration) में घास के मैदान वन भूमि से अधिक प्रभावी हैं।
- संरक्षित क्षेत्र में घास की सात विभिन्न श्रेणियां उगाई गई हैं जिसमें सुगंध, औषधीय, चारा, सजावटी, कृषि, धार्मिक रूप से महत्वपूर्ण और मिश्रित श्रेणियां शामिल हैं।
- उल्लेखनीय है कि घास प्रजातियों के संरक्षण का महत्व इसलिए भी बढ़ गया है क्योंकि घास के मैदान सिकुड़ते जा रहे हैं और इन पर निर्भर कीड़ों-मकोड़ों, पक्षियों और स्तनधारियों का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र खतरे में पड़ गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/indias-first-grass-conservatory-developed-in-uttarakhand-s-ranikhet-11636876452894.html

उ.प्र. स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति, 2021

प्रश्न-28 अक्टूबर, 2021 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने उ.प्र. स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति, 2021 के प्राख्यापन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की। इस नीति के तहत उस बस्ती को मलिन बस्ती के रूप में मान्यता दी जाएगी, जिसमें न्यूनतम कितने व्यक्ति निवासित होने चाहिए?



(a) 250 (b) 300 (c) 450 (d) 500

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने उ.प्र. स्व-स्थाने मलिन बस्ती पुनर्विकास नीति, 2021 के प्राख्यापन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की।
- इस नीति के अनुसार, मलिन बस्ती का अभिप्राय उत्तर प्रदेश मलिन बस्ती क्षेत्र (सुधार और निपातन) अधिनियम, 1962 की धारा-3 के अनुसार परिभाषित स्लम से है।
- इस नीति के तहत उस बस्ती को मलिन बस्ती के रूप में मान्यता दी जाएगी, जिनमें न्यूनतम 300 व्यक्ति निवासित हो।
- इस नीति के क्रियान्वयन हेतु राजय नगरीय विकास अभिकरण (सूडा), उ.प्र. को राज्य स्तरीय नोडल एजेंसी नामित किया गया है।
- नीति के क्रियान्वयन हेतु राज्य स्तर पर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय सक्षम प्राधिकारी, अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन विभाग की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय मूल्यांकन समिति, नगरीय स्तर पर नगर निगमों हेतु मंडलायुक्त की अध्यक्षता में तथा अन्य नगर निकायों हेतु जिला अधिकारी की अध्यक्षता में नगर स्तरीय सक्षम प्राधिकारी का गठन किया जाएगा।
- चिह्नित मलिन बस्तियों के मूल्यांकन एवं नगर स्तरीय सक्षम प्राधिकारी को तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने हेतु परियोजना निदेशक, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की अध्यक्षता में नगर स्तरीय तकनीकी समिति गठित की जाएगी।
- इस नीति के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकाय (यू.एल.बी.), क्रियान्वयन संस्था, निजी विकासकर्ता की भूमिका एवं दायित्व के साथ परियोजना के विकास, लाभार्थियों की पात्रता तथा उनको मिलने वाले लाभ, आवंटन प्रक्रिया, अनिवार्य विकास मापदंड एवं प्रधानमंत्री आवास योजना-सबके लिए आवास (शहरी) मिशन से प्राप्त किए जाने वाले अनुदान के संबंध में स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://information.up.gov.in/sites/default/files/press-release/PN-CM-Cabinet%20Decisions-28%20October%2C%202021.pdf

14वां शहरी गतिशीलता सम्मेलन एवं एक्सपो, 2021

प्रश्न-29-31 अक्टूबर, 2021 के मध्य 14वां शहरी गतिशीलता सम्मेलन एवं एक्सपो कहां आयोजित हुआ?

(a) बंगलुरू (b) पुणे (c) कोच्चि (d) लखनऊ



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 29-31 अक्टूबर, 2021 के मध्य 14वां शहरी गतिशीलता सम्मेलन एवं एक्सपो (14th Urban Mobility India Conference Expo), 2021 कोच्चि, केरल में आयोजित हुआ।
- इस सम्मेलन की थीम है-"सभी के लिए गतिशीलता" (Mobility for All)।
- इसका आयोजन केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया गया।
- केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने इसका उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर 'शहरी परिवहन में उत्कृष्टता' के लिए विजेता राज्यों/शहरों को पुरस्कार प्रदान किया।
- सम्मेलन का प्राथमिक उद्देश्य उन शहरों में सूचना का प्रसार करना है, जिन शहरों के अधिकारी सम्मेलन में भाग लेते हैं ताकि उन्हें विश्व स्तर पर नवीनतम और सर्वोत्तम शहरी परिवहन प्रथाओं के साथ अपडेट रहने में मदद मिल सके।
- यह आयोजन राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों प्रौद्योगिकी और सेवा प्रदाताओं, नीति-निर्माताओं, व्यवसाइयों और शहरी परिवहन क्षेत्रों के अधिकारियों को एक ही मंच पर लेकर आता है।
- गौरतलब है कि भारत सरकार की राष्ट्रीय शहरी परिवहन नीति (NUTP)-2006 अन्य बातों के साथ-साथ शहरी परिवहन से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य और शहर के स्तर पर क्षमताओं के निर्माण पर बल देती है।
- एनयूटीपी घोषणाओं के हिस्से के रूप में मंत्रालय ने शहरी गतिशीलता पर एक वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सह-प्रदर्शनी आयोजित करने की पहल की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1767185

हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद, 2021

प्रश्न-27-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद' वर्चुअली आयोजित हुआ। यह संवाद पहली बार कब आयोजित हुआ था?



(a) वर्ष 2016 (b) वर्ष 2018 (c) वर्ष 2014 (d) वर्ष 2015

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 27-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य 'हिंद-प्रशांत क्षेत्रीय संवाद' (Indo-Pacific Regional Dialogue:IPRD) 2021 वर्चुअली आयोजित हुआ।
- आईपीआरडी भारतीय नौसेना का शीर्ष अंतरराष्ट्रीय वार्षिक सम्मेलन है जो रणनीतिक स्तर पर नौसेना की भागीदारी की प्रमुख अभिव्यक्ति है।

- राष्ट्रीय समुद्री फाउंडेशन भारतीय नौसेना के इस आयोजन के प्रत्येक संस्करण का ज्ञानभागीदार और मुख्य आयोजनकर्ता है।
- इस संवाद का उद्देश्य हिंद-प्रशांत क्षेत्र में उत्पन्न होने वाले अवसरों और चुनौतियों दोनों की ही समीक्षा करना है।
- आईपीआरडी का पहली बार वर्ष 2018 में आयोजन किया गया था।
- आईपीआरडी वर्ष 2021 के व्यापक विषयवस्तु है-"21वीं सदी के दौरान सामुद्रिक रणनीति का क्रमिक विकास, अनिवार्यताएं, चुनौतियां और आगे की राह'।
- व्यापक विषय के तहत, आईपीआरडी 2021 में का विकास: समरूपताएं, 8 विशिष्ट उप-विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जो इस प्रकार हैं-

1. इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में समुद्री रणनीति का विकास: समरुपताएं, भिन्नताएं, अपेक्षाएं और आशंकाएं।
2. समुद्री सुरक्षा पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से निपटने के लिए अनुकूल रणनीतियां।
3. बंदरगाह संबंधी क्षेत्रीय समुद्री कनेक्टिविटी और विकास रणनीतियां।
4. सहकारी समुद्री क्षेत्र जागरूकता रणनीतियां।
5. नियम-आधारित इंडो-पैसिफिक समुद्री प्रणाली को मद्देनजर रखते हुए शत्रु भावना के तहत कानूनी प्रक्रियाओं और सिद्धांतों की अवहेलना के बढ़ते चलन का दुष्प्रभाव।
6. क्षेत्रीय सार्वजनिक-निजी समुद्री भागीदारी को बढ़ावा देने की रणनीतियां
7. ऊर्जा असुरक्षा और शमन रणनीतियां
8. मानवकृत और स्वयमेव उत्पन्न समुद्री समस्याओं का समाधान करने वाली रणनीतियां।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766500

एससीओ के प्रॉसिक्यूटर्स जनरल की 19वीं बैठक, 2021

प्रश्न-29 अक्टूबर, 2021 को शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों के प्रॉसिक्यूटर्स जनरल की 19 वीं बैठक किस देश की मेजबानी में वर्चुअली आयोजित हुई?



(a) श्रीलंका (b) तुर्कमेनिस्तान (c) भारत (d) रूस

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2021 को शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य देशों के प्रॉसिक्यूटर्स जनरल की 19वीं बैठक भारत की मेजबानी में वर्चुअली आयोजित हुई।
- इस बैठक की मेजबानी भारत के सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने की।

- एससीओ के सदस्य राष्ट्रों के प्रॉसिक्यूट्र्स जनरल की 19वीं बैठक के निष्कर्षों के बाद मानव तस्करी विशेषकर महिलाओं और बच्चों की तस्करी से निपटने के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए।
- साथ ही इसे एससीओ के सदस्य देशों ने अपनाया।
- प्रोटोकॉल की मुख्य विशेषताएं निम्नलिखित हैं:

1. मानव तस्करी, विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों की तस्करी के बढ़ते खतरे को रोकने और उसका मुकाबला करने में सहयोग को मजबूत करना।
2. मानव तस्करी, विशेषकर महिलाओं व बच्चों की तस्करी के खतरे से निपटने के लिए राष्ट्रीय कानूनों का आदान-प्रदान जारी रखना।
3. तस्करी के पीड़ितों को उनकी पात्रता के दायरे में सुरक्षा और सहायता प्रदान करना।
4. प्रोसिक्यूटर्स के प्रशिक्षण और उन्नत प्रशिक्षण के क्षेत्र में एससीओ के सदस्य राष्ट्रों के शैक्षिक (प्रशिक्षण) संगठनों (संस्थानों) के बीच सहयोग विकसित करना। इनमें कार्य पूरा करने की क्षमता में विशेष रूप से महिलाओं व बच्चों की तस्करी का मुकाबला करना शामिल है।

- मानव तस्करी, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की तस्करी के खतरे का मुकाबला करने और उससे निपटने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सहित द्विपक्षीय व बहुपक्षीय गतिविधियों का संचालन करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766749

18वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-28 अक्टूबर, 2021 को किस देश की अध्यक्षता में 18वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन, 2021 वर्चुअली आयोजित हुआ?

(a) म्यांमार (b) थाईलैंड (c) ब्रुनेई दारुस्लाम (d) इंडोनेशिया



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को 18वां आसियान-भारत शिखर सम्मेलन (18th ASEAN- India Summit), 2021 वर्चुअली आयोजित हुआ।
- यह सम्मेलन बुरनेई दारुस्लाम की मेजबानी में संपन्न हुआ।
- आसियान के वर्तमान अध्यक्ष ब्रुनेई दारूस्लाम के सुल्तान हाजी हसनअल बोल्किया ने इस सम्मेलन की अध्यक्षता की।

- इस सम्मेलन की थीम-"We Care, We Prepare, We Prosper" थी।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से इस शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की।
- इसमें आसियान के सदस्य देशों के राजनेताओं ने भाग लिया।
- भारत-आसियान साझेदारी की 30वीं वर्षगांठ की उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए इन सभी राजनेताओं ने वर्ष 2022 को 'भारत-आसियान मैत्री वर्ष' के रूप में घोषित किया।
- भारत ने म्यांमार के लिए आसियान की मानवीय पहल हेतु 200,000 अमेरिकी डॉलर और आसियान के कोविड-19 रिस्पांस फंड के लिए 1 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य की चिकित्सा सामग्री का योगदान दिया।
- सम्मेलन में आसियान-भारत रणनीतिक साझेदारी की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई।
- साथ ही इसमें महामारी के बाद आर्थिक सुधार सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय विकास पर भी चर्चा की गई।
- इन चर्चाओं में दक्षिण चीन सागर और आतंकवाद सहित साझा हित एवं गंभीर चिंता वाले क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों को भी शामिल किया गया।
- दोनों ही पक्षों ने इस क्षेत्र में एक नियम-आधारित व्यवस्था को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया।
- जिसमें अंतरराष्ट्रीय कानून, विशेष रूप से 'यूएनसीएलओएस' का पालन करना शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mea.gov.in/press-releases.htm?dtl/34417/18th+ASEANIndia+Summit+October+28+2021+and+16th+East+Asia+Summit+October+27+2021#:~:text=Prime%20Minister%20Shri%20Narendra%20Modi,Government%20of%20the%20ASEAN%20Countries.

निपुण भारत मिशन के कार्यान्वयन के लिए राष्ट्रीय संचालन समिति

प्रश्न-25 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने निपुण भारत मिशन के कार्यान्वयन के लिए किसकी अध्यक्षता में राष्ट्रीय संचालन समिति गठन किया?

(a) धर्मेंद्र प्रधान (b) डॉ.के.कस्तूरी रंगन (c) राजीव अग्रवाल (d) प्रो. डी.पी. सिंह

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने निपुण भारत मिशन के कार्यान्वयन के लिए एक राष्ट्रीय संचालन समिति (NSC) का गठन किया।

- एनएससी के अन्य सदस्यों में शामिल हैं: स्कूल शिक्षा और साक्षरता सचिव; एनसीईआरटी के निदेशक; एनआईईपीए के कुलपति; एनसीटीई के अध्यक्ष; उत्तर प्रदेश के शिक्षा सचिव; कर्नाटक के शिक्षा सचिव; गुजरात एससीईआरटी में निदेशक; सिक्किम एसीईआरटी के निदेशक; 7 केंद्रीय मंत्रालयों यानी महिला एवं बाल विकास, जनजातीय मामले, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, वित्त, इलेक्ट्रानिकी और सूचना प्रौद्योगिकी तथा पंचायती राज के प्रतिनिधि, एनसीईआरटी और आरआईई अजमेर के दो विशेषज्ञ; और बाहर के तीन विशेषज्ञ।
- संयुक्त सचिव और निपुण भारत मिशन निदेशक एनएससी के संयोजक हैं।
- स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 5 जुलाई, 2021 को बेहतर समझ तथा संख्यात्मक ज्ञान के साथ शिक्षा में प्रवीणता के लिये राष्ट्रीय पहल-निपुण भारत मिशन शुरू किया था।
- जिसका उद्देश्य ग्रेड-3 तक हर बच्चे के लिए मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता में सार्वभौमिक दक्षता के लक्ष्य को प्राप्त करना है, जैसे कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 में परिकल्पित किया गया है।
- निपुण भारत मिशन के लिए एनएससी की भूमिकाएं और जिम्मेदारियां निम्नलिखित हैं:

i. मूलभूत साक्षरता और संख्यात्मकता पर राष्ट्रीय मिशन की प्रगति की निगरानी करना और नीतिगत मुद्दों पर मार्गदर्शन प्रदान करना।
ii. 2026-27 में राष्ट्रीय स्तर पर हासिल किए जाने वाले लक्ष्य पर पहुंचने के लिए कार्य करना।
iii. दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम में वार्षिक प्रगति के मापन के लिए उपकरणों का प्रसार करना।
iv. प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश के लिए केआरए के साथ एक राष्ट्रीय कार्य योजना (राज्य की कार्य योजनाओं के आधार पर) तैयार करना और अनुमोदन करना, अंतराल के लिए जिम्मेदार कारकों (यानी फंड की कमी, रिक्तियों, शिक्षकों, जनसांख्यिकी, स्थानीय मुद्दों, शिक्षकों के लिए प्रशिक्षण आवश्यकता, पाठ्यचर्या और शिक्षाशास्त्र संबंधी कार्य) को देखना।
v. कार्यक्रम संबंधी और वित्तीय मानदंडों की समय-समय पर समीक्षा करना ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे हासिल किए जाने वाले लक्ष्यों के साथ तालमेल बिठा रहे हैं।
vi. प्रगति का विश्लेषण करने और राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों को फीडबैक प्रदान करने के लिए मूल्यांकन की पद्धति विकसित करना।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766377#:~:text=As%20prescribed%20in%20the%20Mission,of%20State%20for%20Education%2C%20Smt.

राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक, 2020

प्रश्न-22 अक्टूबर, 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक में किस राज्य को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?



(a) राजस्थान (b) केरल (c) कर्नाटक (d) पंजाब

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा 'राज्य ऊर्जा दक्षता सूचकांक' (State Energy Efficiency Index), 2020 जारी किया गया।
- यह सूचकांक एलायंस फॉर एन एनर्जी एफिशिएंट इकॉनमी (AEEE) तथा ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा मिलकर विकसित किया गया है।
- यह राज्यों को ऊर्जा सुरक्षा और जलवायु से संबंधित लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करेगा।
- इस सूचकांक में नीति और विनियमन, वित्तपोषण तंत्र, संस्थागत क्षमता, ऊर्जा दक्षता उपायों को अपनाने के प्रयासों और उपलब्धियों के आधार पर कुल 36 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों का आकलन किया गया है।
- यह सूचकांक राज्यों को 4 श्रेणियों में आंकता है-

1. आकांक्षी (30 अंक से नीचे के स्कोर के साथ)
2. प्रतियोगी (Contender) (30-49.5 स्कोर के बीच)
3. अचीवर्स (Achievers) (50-60 के स्कोर के साथ) और
4. फ्रंटरनर्स (Frontrunners) (60 से ऊपर के स्कोर के साथ)।

- इस सूचकांक के ग्रुप-1 में कर्नाटक (स्कोर-70.0) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात राजस्थान (स्कोर-61.0) को दूसरा, हरियाणा (स्कोर-59.5) को तीसरा, महाराष्ट्र (स्कोर-57.5) को चौथा, तथा तमिलनाडु को पांचवां (स्कोर-51.5) स्थान प्राप्त हुआ है।
- ग्रुप-1 में उत्तर प्रदेश (स्कोर-35.5) को छठवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ग्रुप-2 में पंजाब (स्कोर-58.0) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात केरल (स्कोर-53.0) तथा आंध्र प्रदेश (स्कोर-50.5) क्रमश: दूसरे तथा तीसरे स्थान पर रहे।
- ग्रुप-3 में असम (स्कोर-31.0) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- ग्रुप-4 में पुडुचेरी (स्कोर-23.5) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1765860

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन

प्रश्न-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 25 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन का शुभारंभ किया।

(b) इस मिशन का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेषकर गहन चिकित्सा (क्रिटिकल केयर) सुविधाओं तथा प्राथमिक देखभाल संबंधी सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना में मौजूद कमियों को दूर करना है।



(c) इस मिशन के तहत 5 लाख से अधिक आबादी वाले सभी जिलों के एक्सक्लूसिव क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के माध्यम से क्रिटिकल केयर सेवाएं उपलब्ध होंगी, जबकि शेष जिले रेफरल सेवाओं के माध्यम से कवर किए जाएंगे।

(d) इस मिशन के तहत 25 नए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री ने वाराणसी, उत्तर प्रदेश में 'आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन' का शुभारंभ किया।
- इसके अलावा उन्होंने वाराणसी के लिए लगभग 5200 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया।
- यह योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अतिरिक्त होगी।
- आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन का उद्देश्य शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में विशेषकर क्रिटिकल केयरसुविधाओं तथा प्राथमिक देखभाल संबंधी सार्वजनिक स्वास्थ्य अवसंरचना में मौजूद कमियों को दूर करना है।
- यह योजना विशेष रूप से चिह्नित 10 राज्यों के 17,788 ग्रामीण स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों को समर्थन प्रदान करेगा।
- इसके अतिरिक्त सभी राज्यों में 11,024 शहरी स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की स्थापना की जाएगी।
- 5 लाख से अधिक आबादी वाले देश के सभी जिलों में एक्सक्लूसिव क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक के माध्यम से क्रिटिकल केयर (गहन चिकित्सा) सेवाएं उपलब्ध होंगी, जबकि शेष जिले रेफरल सेवाओं के माध्यम से कवर किए जाएंगे।

- देशभर में प्रयोगशालाओं के नेटवर्क के माध्यम से लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में नैदानिक सेवाओं की एक पूरी शृंखला की सुविधा प्रदत्त होगी।
- सभी जिलों में एकीकृत सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं की स्थापना की जाएगी।
- इस मिशन के तहत नेशनल इंस्टिट्यूशन ऑफ वन हेल्थ, 4 नए राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान, डब्ल्यूएचओ दक्षिण- III पूर्व एशिया क्षेत्र के लिए एक क्षेत्रीय अनुसंधान प्लेटफॉर्म, 9 जैव सुरक्षा स्तर III प्रयोगशालाएं तथा देश के विभिन्न क्षेत्रों में 5 नए राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र स्थापित किए जाएंगे।
- इस मिशन का लक्ष्य ब्लॉक, जिला, क्षेत्रीय और मेट्रोपॉलिटन क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर निगरानी प्रयोगशालाओं का एक नेटवर्क विकसित करके एक आईटी सक्षम रोग निगरानी प्रणाली का निर्माण करना है।
- सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रयोगशालाओं को जोड़ने के लिए एकीकृत स्वास्थ्य सूचना पोर्टल का विस्तार, सभी राज्यों/संघ शासित क्षेत्रों में किया जाएगा।
- इस मिशन का उद्देश्य 17 नई सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों का संचालन करना और प्रवेश-बिंदुओं पर 33 मौजूदा सार्वजनिक स्वास्थ्य इकाइयों का मजबूत बनाना है।
- प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में सिद्धार्थ नगर के माधव प्रसाद मेडिकल कॉलेज सहित प्रदेश के 9 मेडिकल कॉलेजों का उद्घाटन किया।
- ये 9 मेडिकल कॉलेज सिद्धार्थ नगर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, देवरिया, गाजीपुर, मिर्जापुर और जौनपुर जिले में स्थित हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1766289

'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना

प्रश्न-25 अक्टूबर, 2021 को किस राज्य के सभी जिलों में 'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना को लागू करने के संबंध में शासनादेश जारी किया गया है?

(a) मध्य प्रदेश (b) उत्तर प्रदेश (c) उत्तराखंड (d) हरियाणा

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को उत्तरखंड के सभी जिलों में 'एक जनपद, दो उत्पाद' योजना को लागू करने के संबंध में शासनादेश जारी किया गया।
- इस योजना का उद्देश्य सभी जिलों में स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना है।

- यह योजना मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की पहल पर तैयार की गई है।
- इस योजना के तहत बाजार की मांग के अनुरूप कौशल विकास तथा आधुनिक डिजाइन विकास तथा कच्चे माल के माध्यम से आधुनिक तकनीक के आधार पर प्रत्येक जिले में दो उत्पादों का विकास किया जाएगा।
- इस योजना के तहत सभी 13 जिलों में वहां के स्थानीय उत्पादों की पहचान कर उनके अनुरूप परंपरागत तथा शिल्प उद्योगों का विकास किया जाएगा।
- अल्मोड़ा में ट्वीड तथा रोस्टेड खोए से बनी लोकप्रिय मिठाई एवं बाल मिठाई, बागेश्वर में ताम्रशिल्प उत्पाद एवं मंडवा बिस्किट, चंपावत के हस्त शिल्प उत्पाद देहरादून में बेकरी उत्पाद एवं मशरूम उत्पाद, हरिद्वार में गुड़ एवं शहद उत्पाद, नैनीताल में ऐपण कला एवं कैंडल क्राफ्ट को इस योजना के तहत चिह्नित किया गया है।
- इसी प्रकार पिथौरागढ़ में ऊन के उत्पाद एवं मनस्यारी राजमा गढ़वाल राजमा, पौड़ी गढ़वाल में हर्बल उत्पाद एवं लकड़ी के फर्नीचर संबंधी उत्पाद, रूद्रप्रयाग में मंदिर कलाकृति हस्तशिल्प एवं प्रसाद संबंधी उत्पाद, टिहरी गढ़वाल में प्राकृतिक रेशा उत्पाद एवं टिहरी नथ, ऊधमसिंह नगर में मेंथा ऑयल एवं मूंज घास उत्पाद, उत्तरकाशी में ऊन हस्तशिल्प एवं सेब आधारित उत्पाद को बढ़ावा दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://uk.gov.in/announcements

7 मेगा एकीकृत टैक्सटाइल क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना हेतु अधिसूचना जारी

प्रश्न-21 अक्टूबर, 2021 को 7 मेगा एकीकृत टैक्सटाइल क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना हेतु अधिसूचना जारी की गई। इन पार्कों के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) इन पार्कों की स्थापना की कुल परिव्यय राशि 4,445 करोड़ रुपये होगी।

वस्त्र मंत्रालय MINISTRY OF TEXTILES

(b) पीएम मित्रा प्रधान मंत्री के '5 एफ' विजन से प्रेरित है।

(c) ग्रीनफील्ड मित्र पार्क के लिए भारत सरकार पूंजी सहायता परियोजना लागत को 30 प्रतिशत प्रदान करेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 500 करोड़ रुपये होगी।

(d) प्रत्येक पीएम मित्र पार्क में टैक्सटाइल इकाइयों को शीघ्र स्थापित करने हेतु 250 करोड़ रुपये की प्रतिस्पर्धात्मक प्रोत्साहन सहायता भी प्रदत्त की जाएगी।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 21 अक्टूबर, 2021 को 7 मेगा एकीकृत टेक्सटाइल क्षेत्र और परिधान (पीएम मित्र) पार्कों की स्थापना हेतु अधिसूचना जारी की गई।
- इन पार्कों की स्थापना की कुल परिव्यय राशि 4445 करोड़ रुपये है।
- कपड़ा मंत्रालय ने वर्ष 2021-22 के केंद्रीय बजट में इसकी घोषणा की थी, जिसे बाद में केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया था।
- संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य 9 (लचीले बुनियादी ढांचे का निर्माण, सतत औद्योगिकीकरण को बढ़ावा देना और नवाचार को प्रोत्साहन देना) को प्राप्त करने में भारत की मदद करने हेतु पीएम मित्र पार्क की परिकल्पना की गई है।
- पीएम मित्र प्रधानमंत्री के '5 एफ' विजन से प्रेरित है।
- इस 5 एफ फार्मूले में फार्म, फार्म फाइबर टू फाइबर टू फैक्टरीे टू फैसन, फैशन टू फॉरेन शामिल है।
- यह एकीकृत विजन अर्थव्यवस्था में टेक्सटाइल क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने में मदद करेगा।
- इस योजना का उद्देश्य टेक्सटाइल उद्योग की संपूर्ण मूल्य-शृंखला के लिए एकीकृत व्यापक पैमाने पर आधुनिक बुनियादी ढांचे को विकसित करना है।
- यह लॉजिस्टिक लागत में कमी करेगा और इससे भारतीय टैक्सटाइल की प्रतिस्पर्धा में सुधार होगा।
- इन पार्कों को उन स्थलों पर स्थापित करने की परिकल्पना की गई है, जहां टेक्सटाइल उद्योग के फलने-फूलने के लिए अंतर्निहित ताकत मौजूद है।
- सात पीएम मेगा एकीकृत टेक्सटाइल क्षेत्र एवं परिधान (पीएम मित्र) पार्कों को विभिन्न इच्छुक राज्यों में स्थित ग्रीन फील्ड/ब्राउनफील्ड स्थलों पर स्थापित किया जाएगा।
- तमिलनाडु, पंजाब, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, असम, कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तेलंगाना जैसे कई राज्यों ने इसमें रुचि जाहिर किया है।
- ग्रीनफील्ड पीएम मित्र पार्क के लिए भारत सरकार पूंजी सहायता परियोजना लागत का 30 प्रतिशत प्रदान करेगी, जिसकी अधिकतम सीमा 500 करोड़ रुपये होगी।
- ब्राउनफील्ड स्थलों हेतु मूल्यांकन के उपरांत विकास पूंजी सहायता (Development Capital Support) शेष बकाया बुनियादी ढांचे की परियोजना लागत का 30 प्रतिशत होगी तथा अन्य सहायक सुविधाएं 200 करोड़ रुपये की सीमा तक विकसित की जाएगी।
- राज्य सरकार की सहायता में विश्वस्तरीय औद्योगिकी संपदा के विकास हेतु 1000 एकड़ भूमि का प्रावधान शामिल होगा।
- प्रत्येक पीएम मित्र पार्क में टेक्सटाइल विनिर्माण इकाइयों को शीघ्र स्थापित करने हेतु 300 करोड़ रुपये की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रोत्साहन सहायता भी प्रदत्त की जाएगी।

- पीएम मित्र पार्क विशेष प्रयोजन वाहन (Special Purpose Vehicle) द्वारा विकसित किया जाएगा, जिसका स्वामित्व राज्य सरकार और भारत सरकार के पास सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड में होगा।
- मास्टर डेवलपर का चयन राज्य और केंद्र सरकारें संयुक्त रूप से विकसित वस्तुनिष्ठ मानदंडों के आधार पर करेंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1765737

भारतीय तार मार्ग के अधिकार (संशोधन) नियम, 2021

प्रश्न-21 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने भारतीय तार मार्ग के अधिकार (संशोधन) नियम, 2021 को अधिसूचित किया। इस नियम के तहत ओवरग्राउंड टेलीग्राफ लाइन की स्थापना के लिए एकमुश्त मुआवजे की राशि अधिकतम कितनी होगी?

(a) 500 रुपये प्रति किमी. (b) 1000 रुपये प्रति किमी.
(c) 1500 रुपये प्रति किमी. (d) 2000 रुपये प्रति किमी.


Ministry of Communications
Central Government notifies Indian Telegraph Right of Way (Amendment) Rules, 2021
Procedures related to Right of Way (RoW) permission for establishment of Digital Infrastructure eased
Nominal one-time compensation and uniform procedure for establishment of Overground Telegraph Line (OFC) introduced
No fee other than Administrative fee and Restoration charges will be charged for establishing, maintaining, working, repairing, transferring or shifting digital infrastructure

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 21 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने भारतीय तार मार्ग के अधिकार (संशोधन) नियम, 2021 को अधिसूचित किया है।
- यह नियम भारतीय तार मार्ग के अधिकार नियम, 2016 में ओवर ग्राउंड टेलीग्राफ लाइन की स्थापना हेतु नाममात्र एकमुश्त मुआवजे और एक-समान प्रक्रिया से संबंधित प्रावधानों को शामिल करने के लिए अधिसूचित किया गया है।
- ओवर ग्राउंड टेलीग्राफ लाइन की स्थापना के लिए एकमुश्त मुआवजे की राशि अधिकतम 1000 रुपये प्रति किमी. होगी।
- ओवर ग्राउंड लाइन की स्थापना के लिए रॉइट ऑफ वे आवेदन के दस्तावेजीकरण को सरल बनाया गया है।
- अंडरग्राउंड और ओवर ग्राउंड टेलीग्राफ बुनियादी ढांचा के स्थापना, अनुरक्षण, चालन, मरम्मत, अंतरण अथवा स्थानांतरण के लिए प्रशासनिक शुल्क और बहाली शुल्क के अलावा कोई अन्य शुल्क नहीं लिया जाएगा।
- इन संशोधनों से देशभर में डिजिटल इंफ्रास्ट्राक्चर की स्थापना और संवर्द्धन के लिए राइट ऑफ वे से संबंधित अनुमति प्रक्रियाएं आसान हो जाएंगी।

- इससे एक मजबूत आधारभूत डिजिटल भारत के साथ, ग्रामीण शहरी डिजिटल अंतराल पटेगा तथा ई-गवर्नेंस और वित्तीय समावेशन को बल मिलेगा, व्यवसाय में आसानी होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1765755

भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र

प्रश्न-18 अक्टूबर, 2021 को भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र लांच किया गया। यह पारंपरिक बिजली संयंत्रों, तेल और गैस के कुओं, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, कोयला क्षेत्रों इत्यादि प्रतिष्ठानों का चित्रण करने के साथ-साथ कितने विषयगत श्रेणियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा बिजली संयंत्रों और अक्षय ऊर्जा संसाधन क्षमता आदि पर जिले-वार डेटा प्रस्तुत करता है?

(a) 18 (b) 20 (c) 25 (d) 27



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 18 अक्टूबर, 2021 को नीति आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार, नीति आयोग के सदस्य डॉ.वी. के. सारस्वत और नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत ने संयुक्त रूप से भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र लांच किया।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से नीति आयोग द्वारा भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालयों के साथ भारत का एक व्यापक भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) ऊर्जा मानचित्र विकसित किया गया है।
- यह जीआईएस मानचित्र देश के सभी ऊर्जा संसाधनों की एक समग्र तस्वीर प्रदान करता है।
- यह पारंपरिक बिजली संयंत्रों, तेल और गैस के कुओं, पेट्रोलियम रिफाइनरियों, कोयला क्षेत्रों और कोयला ब्लॉकों जैसे प्रतिष्ठानों का चित्रण करता है तथा 27 विषयगत श्रेणियों के माध्यम से अक्षय ऊर्जा बिजली संयंत्रों और अक्षय ऊर्जा संसाधन क्षमता आदि पर जिले-वार डेटा प्रस्तुत करता है।
- इसका उद्देश्य कई संगठनों में बिखरे हुई ऊर्जा डेटा को एकत्रित करना और इसे समेकित आकर्षक चित्रात्मक ढंग से प्रस्तुत करना है।
- इसमें वेब-जीआईएस प्रौद्योगिकी और ओपन-सोर्स सॉफ्टेवयर में नवीनतम प्रगति का उपयोग किया गया है, जिससे इसे प्रभावी और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया जा सके।
- भारत का भू-स्थानिक ऊर्जा मानचित्र योजना बनाने और निवेश संबंधी निर्णय लेने में उपयोगी होगा।

- यह उपलब्ध ऊर्जा परिसंपत्तियों का उपयोग करके आपदा प्रबंधन में भी सहायता करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1764738

अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य

बीटिंग द हीट: ए सस्टेनेबल कूलिंग हैंडबुक फॉर सिटीज रिपोर्ट

प्रश्न-नवंबर, 2021 में निम्न में से किस संस्था द्वारा विश्व के शहरों को गर्मी से निपटने हेतु सहायता करने के लिए बीटिंग द हीट: ए सस्टेनेबल कूलिंग हैंडबुक फॉर सिटीज नामक रिपोर्ट को प्रकाशित किया गया है?



(a) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) (b) विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
(c) विश्व व्यापार संगठन (WTO) (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2021 को संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) द्वारा बीटिंग द हीट: ए सस्टेनेबल कूलिंग हैंडबुक फॉर सिटीज नामक रिपोर्ट को प्रकाशित किया गया।
- इस रिपोर्ट को आरएमआई की सहायता से तैयार किया गया है।
- इस रिपोर्ट के अनुसार विश्व के शहर तेजी से हो रहे शहरीकरण के कारण वैश्विक औसत दर की अपेक्षा, दोगुने दर से गर्म हो रहे हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2100 के अंत तक सम्पूर्ण विश्व में यदि ग्रीन हाउस गैस (GHG) का उत्सर्जन उच्च स्तर तक जारी रहा तो कई शहरों का तापमान 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ सकता है।
- यह वैश्विक तापमान वृद्धि को सीमित करने के पेरिस समझौते के लक्ष्य के दोगुने से भी अधिक है, जिसके अनुसार वैश्विक तापमान वृद्धि 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक नहीं होना चाहिए।
- वैश्विक तापमान को 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक बढ़ने से रोकने के लिए हमें इस शताब्दी के मध्य तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने की आवश्यकता है।
- वैश्विक स्तर पर स्पेस कूलिंग की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक कुल विद्युत क्षमता में 2016 के 850 गीगावाट से 395 प्रतिशत बढ़कर 2050 तक 3350 गीगावाट होने का अनुमान व्यक्त किया गया है।

- मेडेलिन (कोलंबिया) में वायु प्रदूषण तथा ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी लाने तथा शहरी को स्वस्थ, अधिक टिकाऊ बनाने हेतु ग्रीन कॉरिडोर का निर्माण किया गया है।
- वर्ष 2016 से 2019 तक मेडेलिन में 36 कॉरिडोर निर्मित किये गये थे जिनमें से 18 प्रमुख सड़कों के तथा 18 जलमार्गों के किनारे थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.unep.org/resources/report/beating-heat-sustainable-cooling-handbook-cities#:~:text=Beating%20the%20Heat%3A%20A%20Sustainable%20Cooling%20Handbook%20for%20Cities%20was,Innovation%20and%20Clean%20Cooling%20Collaborative.

दूसरा भारत-जापान अंतरिक्ष संवाद, 2021

प्रश्न-हाल ही में दूसरा भारत-जापान अंतरिक्ष संवाद, 2021 वर्चुअली कब आयोजित हुआ?

(a) 10 नवंबर, 2021 (b) 2 नवंबर, 2021 (c) 5 नवंबर, 2021 (d) 8 नवंबर, 2021



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 2 नवंबर, 2021 को दूसरा भारत-जापान अंतरिक्ष संवाद, 2021 वर्चुअली आयोजित हुआ।
- इसमें भारतीय प्रतिनिधिमंडल का सह-नेतृत्व संयुक्त सचिव, निरस्त्रीकरण और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा मामले विदेश मंत्रालय और वैज्ञानिक सचिव, इसरो ने किया था।
- जबकि जापानी प्रतिनिधिमंडल का सह-नेतृत्व उप-सहायक मंत्री, विदेश नीति ब्यूरो, विदेश मंत्रालय/राजदूत (नीति योजना और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा नीति) और महानिदेशक राष्ट्रीय अंतरिक्ष नीति सचिवालय, कैबिनेट कार्यालय ने किया था।
- दोनों पक्षों ने अपनी-अपनी अंतरिक्ष नीतियों और प्राथमिकताओं, अंतरिक्ष सुरक्षा, अंतरिक्ष स्थितिजन्य जागरूकता, वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणालियों सहित अंतरिक्ष क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय विकास और इसरो-जाक्सा के बीच द्विपक्षीय सहयोग, अंतरिक्ष उद्योग एवं प्रौद्योगिकी व्यापार पर सूचनाओं का आदान-प्रदान किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://mea.gov.in/press-releases-hi.htm?dtl/34474/Second_India__Japan_Space_Dialogue

तंबाकू सेवन पर WHO की चौथी रिपोर्ट

प्रश्न-नवंबर, 2021 में किस संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट में यह बताया गया कि वैश्विक स्तर पर तंबाकू सेवन करने वाले लोगों की संख्या में कमी हुई है-

(a) WTO (b) WHO (c) वर्ल्ड बैंक (d) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने 'तंबाकू सेवन की प्रवृत्तियों के प्रसार पर आधारित चौथी वैश्विक रिपोर्ट (4th Edition of WHO global on trends in Prevalence of tobacco use 2000-2025) प्रस्तुत की।
- इस रिपोर्ट के अनुसार तंबाकू सेवन करने वाले लोगों की संख्या में पूर्व वर्ष की तुलना में गिरावट दर्ज की गई है।
- यह संख्या वर्ष 2015 में 1.32 बिलियन थी जो वर्ष 2020 में घटकर 1.30 बिलियन हो गई।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार यह संख्या वर्ष 2025 तक 1.27 बिलियन तक पहुंच जायेगी।
- वर्तमान में तंबाकू सेवन से अभिप्राय 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र वालों से जुड़े धूम्रपान से है।
- रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2020 में कुल वैश्विक आबादी का लगभग 22.3 प्रतिशत लोग तंबाकू का सेवन कर रहे थे। इसमें 36.7 प्रतिशत पुरुष है जबकि महिलाओं की 7.8 प्रतिशत आबादी शामिल है।
- वर्तमान में भारत के संदर्भ में बात करें तो तंबाकू पर सर्वाधिक 28% जीएसटी लगता है।
- भारत वर्तमान में तंबाकू उत्पादन एवं उपभोग दोनों में दूसरे स्थान पर है।
- भारत में प्रतिवर्ष 1.35 मिलियन लोगों की मौतें तंबाकू सेवन से उपजी बीमारियों के कारण होती है।
- अक्टूबर, 2021 में भारत सरकार ने तंबाकू से जुड़े सभी उत्पादों हेतु एक 'कराधान नीति' तय करने हेतु एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है।
- ध्यातव्य है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन की स्थापना 7 अप्रैल, 1948 को हुई थी।
- इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्जरलैंड) में है।
- इस समय इसके डायरेक्टर जनरल डॉ. टेड्रोस एधानाम घेब्रेयेसस (Dr Tedros Adhanom Ghebreyesus) है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.who.int/news/item/16-11-2021-tobacco-use-falling-who-urges-countries-to-invest-in-helping-more-people-to-quit-tobacco

भारत एवं श्रीलंका के बीच 'संसद मैत्री संघ' (Parliament Friendship Association)

प्रश्न-नवंबर, 2021 में भारत एवं श्रीलंका संसद मैत्री संघ का नवीकरण किया। इसके अध्यक्ष हैं-

(a) महिंदा राजपक्षे (b) चामिंडा जयवर्धने

(c) चमल राजपर्ध (d) महिंदा अटापट्टू



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2021 को भारत एवं श्रीलंका ने अपने 'संसदीय मैत्री संघ' का नवीनीकरण किया।
- इस हेतु श्रीलंकाई सरकार में मंत्री चमल राजपक्ष (Chamal Raja-Paksha) को इसका अध्यक्ष बनाया गया है।
- इस संघ को वर्तमान संसद हेतु नवीनीकृत किया गया, जिसको 2020 में निर्वाचित किया गया था।इस संघ का उद्देश्य संसदीय बातचीत एवं दोनों लोकतंत्रो कâे मध्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करना है।विदित हो कि सांस्कृतिक रूप से श्रीलंका भारत के काफी निकट से जुड़ा है। बौद्ध धर्म श्रीलंका में भारत के जरिये ही पहुंचा।
- गौरतलब है कि चीन की महत्वाकांक्षी 'मोतियों की माला रणनीति' की प्रतिक्रिया में भारत द्वारा अपने पड़ोसियों को साधना बेहद आवश्यक है।
- भारत एवं श्रीलंका के बीच मैत्री संबंध 2500 वर्ष से भी पुराना है।
- दोनों देशों के बीच बौद्धिक, सांस्कृतिक, धार्मिक एवं भाषाई आदान-प्रदान ऐतिहासिक द्विपक्षीय दृष्टिकोण की अभिव्यक्ति है।गौरतलब है कि श्रीलंका की भू-राजनीतिक स्थिति भारत के लिहाज से बेहद संवेदनशील है।वर्तमान में चीन के द्वारा हिंद महासागर में क्रियान्वित अतिसक्रियता भारत को इस बात के लिये सचेत करती है कि वह श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों से अपने संबंध बेहतर करे।चीन हिंद महासागर से लगे क्षेत्रों जैसे ग्वादर (पाकिस्तान), चित्तगोंस (बांग्लादेश), क्युअक फ्रू (म्यांमार) एवं हंबनरोरा (श्रीलंका) में रणनीतिक एवं सैन्य गतिविधि को बढ़ावा दे रहा है।इसके अतिरिक्त व्यापारिक दृष्टिकोण से श्रीलंका काफी संवेदशील देश है।
- इस तरह भारत के लिये श्रीलंका बेहद आवश्यक पड़ोसी है, जो न केवल सांस्कृतिक रूप से भारत के बेहद करीब है बल्कि राष्ट्रहित के संदर्भ में भी बेहद महत्वपूर्ण देश है।
- चूंकि श्रीलंका BIMSTEC एवं सार्क का सदस्य है। इसलिये भारत के लिये श्रीलंका को साथ में लेकर चलना रणनीतिक रूप से बेहद आवश्यक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/india-sri-lanka-revive-parliament-friendship-association/article37450423.ece

आईएसए का 101वां सदस्य देश

प्रश्न-10 नवंबर, 2021 को कौन-सा देश 101 वें सदस्य देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में शामिल हुआ है?



(a) जर्मनी (b) रूस (c) अमेरिका (d) इटली

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य


- 10 नवंबर, 2021 को अमेरिका एक सदस्य देश के रूप में अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) में शामिल हुआ।
- अमेरिका के आईएसए में शामिल होने की घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी ने यूएनएफसीसीसी सीओपी 26 (UNFCCC) COP-26 जलवायु सम्मेलन में की।
- सौर ऊर्जा वाले अप्रोच के माध्यम से वैश्विक ऊर्जा संक्रमण में तेजी लाने हेतु आईएसए की रूपरेखा वाले समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला अमेरिका 101वां देश है।
- ध्यातव्य है कि अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) के शुभारंभ की घोषणा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति फ्रेंकोइस ओलांद ने फ्रांस के पेरिस में संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन (सीओपी-21) के 21वें सत्र में 30 नवंबर, 2015 को की थी।
- आईएसए ने लगभग 5 गीगावाट स्थापित क्षमता की सौर परियोजना पाइपलाइन पर काम कर रहा है।
- 2 नवंबर, 2021 को ग्लासगो में सीओपी 26 में विश्व के नेताओं के सम्मेलन के दौरान सीओपी 26 की यूके प्रेसीडेंसी और आईएसए की इंडिया प्रेसीडेंसी ने 'ग्रीन ग्रिड इनीशिएटिव-एक सूर्य एक विश्वएक ग्रिड' 'One-sun one world one grid' के रूप में शुरू किया।
- सीओपी 26 में संयुक्त राज्य अमेरिका भी 'one sun one world one grid की संचालन समिति में शामिल हुआ।
- इस संचालन समिति में 5 देश-अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, यू.के. एवं भारत शामिल हैं।
- सीओपी-26 में 80 देशों के समर्थन के साथ 'एक सूर्य' (One Sun) घोषणा-पत्र भी जारी किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770688

जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2022

प्रश्न-नवंबर, 2021 में जारी जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक, 2022 से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-



(i) इस सूचकांक में कजाकिस्तान को अंतिम स्थान प्राप्त हुआ है।
(ii) सूचकांक में डेनमार्क को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
(iii) सूचकांक में भारत 10वें स्थान पर रहा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (i), (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में जर्मनवाच, न्यू क्लाइमेट इंस्टीट्यूट एवं क्लाइमेट एक्शन नेटवर्क द्वारा संयुक्त रूप से जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक (Climate Change Performance Index), 2022 जारी किया गया है।इसका उद्देश्य जलवायु संरक्षण पर महत्वकांक्षी कार्य करने में असफल देशों पर सामाजिक एवं राजनीतिक दबाव डालने एवं जलवायु नीतियों पर अच्छा काम करने वाले देशों को चिन्हित करना है।इस सूचकांक में डेनमार्क को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- शीर्ष 3 स्थान रिक्त रखे जाने के कारण डेनमार्क इस सूचकांक में चौथे क्रम पर है।
- रिपोर्ट के अनुसार, प्रथम तीन स्थानों पर कोई भी देश स्थान नहीं बना सका, क्योंकि पेरिस समझौते के लागू होने के बाद भी किसी देश द्वारा जलवायु परिवर्तन के खतरनाक प्रभावों की रोकथाम हेतु पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए हैं।
- सूचकांक में स्वीडन 5वें, नॉर्वे 6वें, यूनाइटेड किंगडम 7वें तथा मोरक्को 8वें स्थान पर रहा।
- इसमें भारत को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है।जबकि गत वर्ष भी भारत 10वें स्थान पर ही था।
- यह सूचकांक चार श्रेणियों में देशों के प्रदर्शन को आकलित करता है-

1. ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन (GHG Emission) (कुल स्कोर का 40 प्रतिशत)।
2. अक्षय ऊर्जा (Renewable Energy) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत)
3. ऊर्जा उपयोग (Energy USe) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत)।
4. जलवायु नीति (Climate Policy) (कुल स्कोर का 20 प्रतिशत)।

- यह सूचकांक पहली बार वर्ष 2005 में जारी किया गया था।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://ccpi.org/wp-content/uploads/CCPI-2022-Results_2021-11-10_A4-1.pdf

वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2021

प्रश्न-7 अक्टूबर, 2021 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) द्वारा 'वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक, 2021 जारी गया। इसके अनुसार, कितने बिलियन लोग चरम बहुआयामी गरीबी में रहते हैं?

(a) 1.5 बिलियन (b) 1.2 बिलियन (c) 1.8 बिलियन (d) 1.3 बिलियन



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 7 अक्टूबर, 2021 को संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा ऑक्सफोर्ड गरीबी एवं मानव विकास पहल (OPHI) द्वारा वैश्विक बहुआयामी गरीबी सूचकांक (Global Multidimentional Poverty Index), 2021 जारी किया गया।
- उल्लेखनीय है कि पहली बार यह सूचकांक 'मानव विकास रिपोर्ट' (HDR) के साथ वर्ष 2010 में प्रकाशित हुआ था।
- वर्ष 2021 में यह सूचकांक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्व के 109 देशों और 5.9 बिलियन लोगों में चरम गरीबी (Acute Poverty) की स्थिति का मापन करता हैं।
- इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान में विश्व के 109 देशों में 1.3 बिलियन (21.7 प्रतिशत) लोग बहुआयामी चरम गरीबी की स्थिति में है।
- रिपोर्ट के अनुसार, विश्व के सभी विकासशील क्षेत्रों में गरीबी के मामले देखे गए हैं, परंतु विशेष रूप से उप-सहारा अफ्रीका तथा दक्षिण एशिया में यह चरम स्थिति में है।
- इसके अनुसार, लगभग 85 प्रतिशत गरीब लोग उप-सहारा अफ्रीका (556 मिलियन) तथा दक्षिण एशिया (532 मिलियन) में रहते हैं।
- 67 प्रतिशत से अधिक गरीब लोग मध्यम आय वाले देशों में रहते हैं।
- बहुआयामी गरीबी की स्थिति वाले लोगों में लगभग आधे (644 मिलियन) 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों की है।
- इसके अनुसार 1 बिलियन लोग ठोस ईंधन (लकड़ी, कोयला इत्यादि) का इस्तेमाल कर रहें हैं, अन्य 1 बिलियन लोग अपर्याप्त स्वच्छता के बीच रहते हैं तथा अन्य 1 बिलियन लोगों के पास निम्न कोटि का आवास है।
- वैश्विक स्तर पर 788 मिलियन व्यक्तियों वाले घरों में कम से कम एक व्यक्ति कुपोषण से ग्रसित है।
- इसके अनुसार भारत के कुल 129 मिलियन अनुसूचित जनजाति लोगों में से लगभग 65 मिलियन लोग बहुआयामी गरीबी में रहते हैं।

- भारत में कुल जनसंख्या का एक छठा हिस्सा बहुआयामी गरीबी में रहता है।
- भारत में अनुसूचित जनजाति समूह का 9.4 प्रतिशत, अनुसूचित जाति समूह का 33.3 प्रतिशत तथा अन्य पिछड़ा वर्ग समूह का 27.2 प्रतिशत लोग बहुआयामी गरीबी में रहते हैं।
- यह सूचकांक गरीबी के तीन आयामों तथा 10 संकेतकों का उपयोग करता है, जो इस प्रकार है-

1. स्वास्थ्य (1/3)-पोषण (1/6) तथा बाल मृत्युदर (1/6)
2. शिक्षा (1/3)- इयर्स ऑफ स्कूलिंग (Years of Schooling) (1/6) तथा स्कूल उपस्थिति (School Attendance) (1/16)
3. जीवन स्तर (1/3)-खाना पकाने का ईंधन (1/18), स्वच्छता (1/18)◌ पीने का पानी (1/18), बिजली (1/8), हाउसिंग (1/18) तथा संपत्ति (1/18)।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://hdr.undp.org/en/content/2021-mpi-announcement

क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2022

प्रश्न-नवंबर, 2021 में 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स, 2022 जारी की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस रैंकिंग में 687 एशियाई शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया है।

(ii) रैंकिंग में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) रैंकिंग में भारत के 117 विश्वविद्यालयों/संस्थानों को रैंकिंग दी गई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूट-

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (i) एवं (iii)

(c) केवल (ii) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में 'क्यूएस एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग (Qs Asia University Rankings), 2022 जारी की गई।
- इस रैंकिंग में 687 एशियाई शिक्षा संस्थानों और विश्वविद्यालयों को शामिल किया गया।
- रैंकिंग में नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- पेकिंग यूनिवर्सिटी, बीजिंग, चीन को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

- ननयांग टेक्नâोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (NTU) सिंगापुर तथा द यूनिवर्सिटी ऑफ हांगकांग को संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।
- सिंघुवा (Tsinghua University) बीजिंग, चीन को पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस रैंकिंग में चीन के सर्वाधिक 126 विश्वविद्यालयों/संस्थानों को शामिल किया गया है।
- रैंकिंग में भारत के 117 विश्वविद्यालयों को रैंकिंग दी गई है।
- इस रैंकिंग में भारत के केवल 7 विश्वविद्यालय/संस्थान ही शीर्ष 100 में स्थान बना पाए।
- इसमें आईआईटी बॉम्बे 42वां स्थान प्राप्त करते हुए शीर्ष भारतीय संस्थान रहा।
- इसके बाद आईआईटी दिल्ली को 45वां, आईआईटी मद्रास को 54वां, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (IISc) बंगलुरू को 56वां, आईआईटी खड़गपुर को 60वां, आईआईटी कानपुर को 64वां तथा यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली को 77 वां स्थान प्राप्त हुआ है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.topuniversities.com/university-rankings?utm_source=topnav

https://www.indiatoday.in/education-today/news/story/qs-asia-university-rankings-2022-check-top-10-universities-of-india-1873582-2021-11-05

वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2021

प्रश्न-15 अक्टूबर, 2021 को वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2021, जारी किया गया। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूचकांक में 116 देशों को शामिल किया गया है।

(ii) सूचकांक में भारत को 101वां स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) भारत के पड़ोसी देशों में नेपाल, बांग्लादेश एवं पाकिस्तान इस सूचकांक में भारत से बेहतर स्थिति में हैं।



उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (iii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 अक्टूबर, 2021 को वैश्विक भुखमरी सूचकांक (GHI: Global Hunger Index), 2021 जारी किया गया।
- GHI-2021 का प्रकाशन संयुक्त रूप से दो गैर-सरकारी संगठनों यथा-कंसर्न वर्ल्डवाइड (Concern World Wide) तथा वेल्ट हंगर हिल्फ (Welt Hunger Hilfe) द्वारा किया गया।

- इस सूचकांक में 116 देशों को रैंकिंग प्रदान की गई है।
- यह सूचकांक एक ऐसी युक्ति है, जो वैश्विक, क्षेत्रीय तथा राष्ट्रीय स्तर पर भुखमरी की गणना एवं उसकी वस्तुस्थिति का पता लगाने के लिए डिजाइन की गई है।
- ज्ञातव्य है कि GHI का सृजन वर्ष 2006 में वाशिंगटन डी.सी. स्थित अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान (IFPRI: International Food Policy Resarch Institute) के अनुसंधानकर्ताओं द्वारा किया गया था।
- हालांकि वर्ष 2018 में IFPRI ने GHI के प्रकाशन से स्वयं को अलग कर लिया, अब यह सूचकांक कंसर्न वर्ल्डवाइड एवं वेल्ट हंगर हिल्फ की संयुक्त परियोजना के रूप में प्रकाशित किया जा रहा है।
- GHI को चार संकेतकों के आधार पर तैयार किया जाता है-

(i) अल्पपोषण (Undernourishment)
(ii) बाल दुबलापन (Child Wasting)
(iii) बाल ठिगनापन (Child stunting)
(iv) बाल मृत्यु दर (Child Mortality)

वैश्विक भुखमरी सूचकांक 100 आधार बिंदुओं के पैमाने पर तैयार किया जाता है, जिसमें शून्य (0) सबसे अच्छा स्कोर माना जाता है, जबकि 100 सबसे खराब स्कोर होता है।
स्पष्ट है कि यदि किसी देश का GHI स्कोर शून्य है, तो इसका अर्थ है कि वहां कोई भूखा नहीं है, जबकि GHI स्कोर 100 से तात्पर्य है कि उस देश में सभी भुखमरी की स्थिति में हैं।
फिलहाल यह दोनों ही स्थितियां व्यवहार में नहीं पायी जाती हैं।
व्यवहार में शून्य से सौ (0-100) के बीच की स्थिति पायी जाती है।
इस सूचकांक में GHI स्कोर के पांच वर्ग बनाए गए हैं, जिनके आधार पर किसी देश में भुखमरी की तीव्रता (Severity) का आकलन किया जाता है-

(i) 9.9 या उससे कम स्कोर-'अल्प' (Low)
(ii) 10.0-19.9 स्कोर-'मध्यम' (Moderate)
(iii) 20.0-34.9 स्कोर-'गंभीर' (Serious)
(iv) 35.0-49.9 स्कोर 'भयावह' (Alarming)
(v) 50.0 या उससे अधिक स्कोर-भुखमरी की 'चरम भयावह' (Extremely Alarming) स्थित को प्रदर्शित करता है।

- GHI-2021 में 18 ऐसे देश शामिल हैं, जिनका GHI स्कोर 5 से कम है, इन देशों को अलग-अलग व्यक्तिगत रैंक प्रदान नहीं की गई है, बल्कि सामूहिक रूप से इन्हें 1-18 रैंक तक सूचीबद्ध किया गया है।
- जिसमें शीर्ष 5 देश क्रमश: बेलारूस, बोस्निया एवं हेर्जेगोविना, ब्राजील, चिली तथा चीन हैं।
- GHI-2021 के अनुसार, 31 देश भुखमरी की गंभीर (Serious) स्थिति में हैं।
- GHI-2021 में भारत को 101 वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- भारत का GHI स्कोर 27.5 है।
- सूचकांक में भारत को गंभीर स्थिति में रखा गया है।
- जबकि GHI-2021 में भारत की रैंकिंग 107 देशों में 94वीं थीं।
- GHI-2021 में भारत अपने पड़ोसी देशों यथा-चीन (1-18), श्रीलंका (65वां), बांग्लादेश एवं नेपाल (76वां) तथा पाकिस्तान (92वां) की तुलना में निचली रैंक प्राप्त हुई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.globalhungerindex.org/india.html

वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक, 2021

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इम्पैक्ट नामक संस्था द्वारा जारी वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक से संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस सूचकांक में कुल 113 देशों को शामिल किया गया है।

(ii) सूचकांक में फिनलैंड को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।

(iii) सूचकांक में भारत को 71वां स्थान प्राप्त हुआ है।



उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

(a) केवल (i) एवं (iii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (i) एवं (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में लंदन स्थित इकोनॉमिस्ट इम्पैक्ट (Economist Impact) नामक संस्था द्वारा 'वैश्विक खाद्य सुरक्षा सूचकांक (Global Food Security Index), 2021 जारी किया गया।
- इस सूचकांक में 113 देशों को शामिल किया गया है।
- यह सूचकांक 58 अद्वितीय संकेतकों से निर्मित एक गतिशील मात्रात्मक और गुणात्मक बेंचमार्किंग मॉडल है, जो विकासशील और विकसित दोनों देशों में खाद्य सुरक्षा के चालकों (Drivers) को मापता हैं।

- यह निम्नलिखित 4 मानकों के आधार पर खाद्य सुरक्षा के अंतर्निहित कारकों को मापता हैं-

1. सामर्थ्य (Affoerdability)
2. उपलब्ध (Availability)
3. गुणवत्ता एवं सुरक्षा (Quality and Safety)
4. प्राकृतिक संसाधन एवं लचीलापन

- इस सूचकांक में आयरलैंड (स्कोर-(84.0) को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है।
- इसके पश्चात ऑस्ट्रिया (स्कोर-81.3) को दूसरा, यूनाइटेड किंगडम (स्कोर-81.0) को तीसरा, फिनलैंड (स्कोर-80.9) को चौथा तथा स्विट्जरलैंड (स्कोर-80.4) को 5वां स्थान प्राप्त हुआ।
- सूचकांक में बुरुंडी को सबसे निचला अर्थात 113वां स्थान प्राप्त हुआ।
- इसके पश्चात यमन को 112वां, मोजाम्बिक को 111वां सूडान को 110वां, मलावी को 109वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- इस सूचकांक में भारत (स्कोर-57.2) को 71वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- भारत के पड़ोसी देशों में चीन को 34वां, पाकिस्तान को 75वां, श्रीलंका को 77वां, नेपाल 79वां, तथा बांग्लादेश को 84वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- ब्रिक्स देशों में भारत (71वां) तथा चीन (34वां) के अलावा, रूस को 23वां ब्राजील को 63वां तथा दक्षिण अफ्रीका को 70वां स्थान प्राप्त हुआ है।
- विश्व के अन्य विकसित देशों यथा कनाडा को 7वां जापान को 8वां, फ्रांस तथा यूएसए संयुक्त रूप से 9वें स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://impact.economist.com/sustainability/project/food-security-index/

अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की चौथी आमसभा

प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की चौथी आमसभा के संबंध में विकल्प में से कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 18 से 21 अक्टूबर, 2021 के अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन की चौथी आम सभा पेरिस, फ्रांस में आयोजित हुई।

(b) इस सभा की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री आर.के. सिंह ने की।

(c) इस सभा के दौरान 2 नए कार्यक्रमों-सोलर पीवी पैनलों और बैटरी उपयोग अपशिष्ट का प्रबंधन और सोलर हाइड्रोजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

(d) अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन ने आईएसए के सदस्य देशों में सौर ऊर्जा के लिए

1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का वैश्विक निवेश जुटाने हेतु ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज के साथ भागीदारी करने की घोषणा सभा में की।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 18 से 21 अक्टूबर, 2021 के मध्य अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) की चौथी आमसभा वर्चुअली रूप से आयोजित हुई।
- इसकी अध्यक्षता केंद्रीय विद्युत नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री और आईएसए सभा के अध्यक्ष आर.के. सिंह ने की।
- इस सभा में 74 सदस्य देशों एवं 34 पर्यवेक्षक एवं संभावित देशों सहित कुल 108 देशों, 23 भागीदार संगठनों और 33 विशेष आमंत्रित संगठनों ने भाग लिया।
- जलवायु के विषय में अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी ने मुख्य भाषण दिया और यूरोपीय ग्रीन डील के लिए यूरोपीय आयोग के कार्यकारी उपाध्यक्ष फ्रैंस टिम्मरमैन ने 20 अक्टूबर को इस सभा को संबोधित किया।
- इस सभा के दौरान दो नए कार्यक्रमों-सोलर पीवी पैनलों और बैटरी उपयोग अपशिष्ट का प्रबंधन और सोलर हाइड्रोजन कार्यक्रम की शुरुआत की गई।
- नई हाइड्रोजन पहल का उद्देश्य अधिक सस्ती दरों पर हाइड्रोजन के उत्पादन के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग को सक्षम बनाना है।
- वर्तमान में यह दर 5 अमेरिकी डॉलर प्रति किग्रा. है, जिसे घटाकर 2 अमेरिकी डॉलर प्रति किग्रा. तक लाना है।
- अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन ने आईएसए के सदस्य देशों में सौर ऊर्जा के लिए 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का वैश्विक निवेश जुटाने हेतु ब्लूमबर्ग फिलैंथ्रोपीज के साथ भागीदारी करने की भी घोषणा सभा में की।
- यह दोनों संगठन एक सौर निवेश कार्य एजेंडा और सौर निवेश रोडमैप विकसित करने हेतु विश्व संसाधन संस्थान (डब्ल्यूआरआई) के साथ मिलकर काम करेंगे, जिसे सीओपी-26 में लांच किया जाएगा।
- सभा में 'वन सन वन वर्ल्ड वन ग्रिड' (ओएसओडब्ल्यूओजी) पहल को अद्यतन करने के बारे में भी चर्चा हुई।
- सौर ऊर्जा के लिए एकल वैश्विक ग्रिड की अवधारणा पर पहली बार वर्ष 2018 के अंत में आईएसए की पहली असेंबली में रेखांकित गया था।


- इसमें विश्व में सौर ऊर्जा के साझाकरण हेतु अंतरक्षेत्रीय ग्रिड के निर्माण और स्केलिंग की कल्पना की गई है और इसमें समय क्षेत्रों, मौसम, संसाधनों एवं देशों एवं क्षेत्रों के मध्य मूल्यों के अंतर का लाभ उठाना भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1765671

क्लाइमेट टेक इन्वेस्टमेंट : दुनिया के शीर्ष 10 देश

प्रश्न-हाल ही में (अक्टूबर, 2021) जलवायु प्रौद्योगिकी निवेश में शीर्ष 10 देशों की सूची जारी की गई। तदनुसार, सूची में भारत का कौन सा स्थान है ?



(a) नौवां (b) आठवां (c) सातवां (d) तीसरा

उत्तर- (c)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में जलवायु प्रौद्योगिकी निवेश पर एक रिपोर्ट जारी किया गया जिसमें शीर्ष 10 देशों की एक सूची (Five Years On: Global climate tech investment trends since the Paris Agreement) जारी की गई।
- उपर्युक्त रिपोर्ट में 'जलवायु प्रौद्योगिकी निवेश क्षेत्र' में रुझानों का विश्लेषण किया गया है।
- रिपोर्ट के मुख्य बिंदु –
- जलवायु प्रौद्योगिकी में निवेश के क्षेत्र में शीर्ष 10 देशों की सूची में भारत नौवें स्थान पर है और भारतीय जलवायु तकनीक फर्मों को 2016 से 2021 तक उद्यम पूंजी(वीसी) वित्त पोषण में 1 बिलियन डॉलर प्राप्त हुआ है।
- 2016 और 2021 के बीच अमेरिका और चीन क्रमशः 48 बिलियन डॉलर और 18.6 बिलियन डालर के निवेश के साथ शीर्ष 10 में अग्रणी हैं।
- स्वीडन के 5.8 अरब डॉलर के निवेश के बाद ब्रिटेन (UK) 4.3 अरब डॉलर के साथ चौथे नंबर पर आता है।
- वैश्विक शीर्ष 10 देशों में फ्रांस नंबर 5(USD 3.7bn), जर्मनी नंबर 6(USD 2.7bn), कनाडा नंबर 7(USD 1.4bn), नीदरलैंड नंबर 8(USD 1.3bn) पर हैं और सिंगापुर भारत के बाद दसवें(USD 700m) नंबर पर है।
- पेरिस समझौते के बाद से वैश्विक स्तर पर जलवायु तकनीक कंपनियों में उद्यम पूंजी निवेश(Venture capital investment) में बहुत तेजी आ गई है।

- कुल मिलाकर, वैश्विक स्तर पर जलवायु तकनीक में उद्यम पूंजी निवेश 2016 में 6.6 बिलियन डॉलर से बढ़कर 2021 में 32.3 बिलियन डॉलर हो गया, जो कि लगभग पांच गुना अधिक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ptinews.com/news/12844294_India-ranked-9th-in-VC-funding-for-climate-tech–Report.html

आर्थिक परिदृश्य

भारत में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रो योर बिजनेस हब' की शुरुआत

प्रश्न- निम्नलिखित में से किसने भारत में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रो योर बिजनेस हब' लॉन्च किया है ?

(a) मेटा (b) एमएसएन (c) एनपीसीआई (d) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर- (a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में मेटा (पूर्व में फेसबुक) ने भारत में छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने के लिए 'ग्रो योर बिजनेस हब'(GYBH) शुरू करने की घोषणा की ।यह घोषणा 'ग्रो योर बिजनेस समिट'(GYBS) के उद्घाटन संस्करण में की गयी।GYBH भारत के लघु और मझोले कारोबार(एसएमबी) के वृद्धि के एजेंडे पर केंद्रित एक कार्यक्रम है।GYBH वास्तव में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए उनके व्यावसायिक लक्ष्यों को पूरा करने के लिए प्रासंगिक जानकारी, उपकरण और संसाधन खोजने के लिए एक वन-स्टॉप गंतव्य(one-stop destination) है।उल्लेखनीय है कि प्रत्येक माह भारत में अनगिनत लघु उपक्रम (अकेले व्हाट्सएप पर 1.5 करोड़) अपने व्यवसाय को बढ़ाने के लिए मेटा के विभिन्न ऐप का इस्तेमाल करते हैं।फेसबुक और इंस्टाग्राम के कारण इन छोटे उपक्रमों की वैश्विक पहुंच बढ़ रही है।'ग्रो योर बिजनेस प्लेबुक'(जीवाईबीपी) का शुभारंभ –इसे 'ग्रो योर बिजनेस हब' के साथ ही लॉन्च किया गया है।जीवाईबीपी के पहले संस्करण का उद्देश्य व्यवसायों को ऑफलाइन से ऑनलाइन तक ले जाना और ऑनलाइन छोटे व्यवसायों के ऑनलाइन बिक्री में तेजी लाने में मदद करना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/latest/corporate/story/meta-launches-grow-your-business-hub-to-bolster-small-businesses-in-india-311817-2021-11-10

ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की नाबार्ड के साथ भागीदारी

प्रश्नः- ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक ने किस राज्य में नाबार्ड के सहयोग से 'राज्य स्तरीय स्थानीय' सतत आर्थिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया है ?

(a) केरल (b) कर्नाटक (c) महाराष्ट्र (d) तेलंगाना

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नाबार्ड के सहयोग से केरल में 'राज्य स्तरीय स्थानीय सतत आर्थिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' शुरू किया।
- प्रारंभ में, इस परियोजना से पूरे केरल में लगभग 300 अधिक पंचायतों को लाभ होगा।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर वित्तीय सशक्तीकरण और आर्थिक स्वतंत्रता लाना है।
- नाबार्ड के सहयोग से 'स्थानीय सतत आर्थिक विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम' पर ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की राज्यव्यापी पहल जमीनी स्तर पर वित्तीय साक्षरता के निर्माण की दिशा में एक सार्थक कदम है।
- ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक –
- ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक देश के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक में शामिल है।
- 31 मार्च 2021 के आंकड़ों के मुताबिक ESAF स्मॉल फाइनेंस बैंक के 21 राज्यों और दो केंद्रशासित प्रदेशों में फैले 550 बैंकिंग आउट सेट में विस्तृत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.businesstoday.in/latest/corporate/story/meta-launches-grow-your-business-hub-to-bolster-small-businesses-in-india-311817-2021-11-10

कोरोना वैक्सीन खरीद हेतु AIIB और ADB से दो बिलियमन डॉलर का कर्ज

प्रश्नः कौन-से दो बैंक भारत को कोविड-19 के टीके खरीदने के लिए 2 बिलियन डॉलर का ऋण देने की प्रक्रिया में है?



(a) एआईआईबी और एडीबी (b) बैंक ऑफ इंग्लैंड और विश्व बैंक

(c) यूएसएड बैंक और एचएसबीसी (d) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में भारत ने एशियाई विकास बैंक एशियन इन्फ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक से लगभग 667 मिलियन कोविड -19 टीके खरीदने के लिए 2 बिलियन डॉलर के ऋण के लिए आवेदन किया है, जिससे कि देश की पात्र आबादी की टीकाकरण की दर को बढ़ाया जा सके।
- इसके तहत एडीबी द्वारा 1.5 बिलियन डॉलर और एआईआईबी द्वारा 500 मिलियन डॉलर का वित्त पोषण किया जाएगा।
- चीन स्थित एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक(एआईआईबी) को वर्ष 2016 में गठित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/india-applies-for-adb-aiib-loans-to-procure-667-million-doses-of-covid-19-vaccines/article37196769.ece

https://economictimes.indiatimes.com/news/economy/finance/adb-aiib-processing-2-billion-loan-for-india-to-buy-covid-19-vaccines/articleshow/87310509.cms?from=mdr

ब्लाकचेन फीडर फंड को सेबी की मंजूरी

प्रश्न-नवंबर, 2021 ब्लाकचेन फीडर फंड को किस संस्था द्वारा मंजूरी प्रदान की गई?

(a) भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Sebi)

(b) स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (c) वित्त मंत्रालय (d) विश्व बैंक



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने इंवेस्को Coin Shares Global Blockchain ETF Fund of Funds (FoF) को मंजूरी प्रदान की है।
- यह भारत की पहली योजना होगी, जो ब्लॉकचेन इकोसिस्टम में भाग लेने वाली वैश्विक कंपनियों को एक्सपोजर प्रदान करती है।
- ब्लाकचेन फीडर फंड एक ओपन एडेड (अंतिम उपयोगकर्ता) योजना है, जो आयरलैंड के अधिवासित इंवेस्को Coin Shares Global Block Chain UCITS ETF में निवेश करती है।
- फीडर फंड में कनाडाई बिटकॉइन माइनर बिटफॉर्म्स लिमिटेड, US क्रिप्टो एक्सचेंज कॉइनबेस ग्लोबल इंक और दुनिया का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट क्रिप्टो धारक माइक्रोस्ट्रेटी इंक जैसे निवेशक हैं।
- ब्लॉकचेन एक डिजिटल लेजर सिस्टम है, जो किसी नेटवर्क के तहत लेन-देन के रिकार्ड रखने और संपत्ति को ट्रैक करने की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाता है।
- ब्लॉकचेन टेक्नâोलॉजी का उपयोग करके, मेडिकल रिकॉर्ड से लेकर खाद्य आपूर्ति शृंखला लेनदेन तक के मूल्य के किसी भी वस्तु को ट्रैक किया जा सकता है।

- ध्यातव्य है कि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) की स्थापना वर्ष 1992 में की गई थी, जिसका मुख्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/

एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड का अधिग्रहण

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बीसीपी टॉपको ×II पीटीई लिमिटेड द्वारा एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड की कितनी हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की है?



(a) 45.56 प्रतिशत (b) 62.85 प्रतिशत (c) 70.15 प्रतिशत (d) 71.25 प्रतिशत

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बीसीपी टॉपको ×II पीटीई लिमिटेड द्वारा एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड की 71.25 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की।
- बीसीपी टॉपको ×II पीटीई लिमिटेड (अधिग्रहणकर्ता) ब्लैक-स्टोन ग्रुप इंक के सहयोगी कंपनियों द्वारा परामर्श दी जाने वाली या प्रबंधित की जाने वाली निधियों की एक सहयोगी कंपनी है।
- इस कंपनी का प्रमुख व्यवसाय निवेश होल्डिंग और संबंधित कार्य है।
- वर्तमान में इस कंपनी का भारत या विश्व में कोई व्यावसायिक संचालन नहीं है।
- एएसके इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स लिमिटेड भारत में एक मजबूत ग्राहक आधार के साथ परिसंपत्ति और धन प्रबंधन का कार्य करती है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1772044

आरबीआई को दो अभिनव उपभोक्ता केंद्रित पहल

प्रश्न-12 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना का शुभारंभ किया। इस योजना की केंद्रीय विषय वस्तु किस अवधारणा पर आधारित है?



(a) एक राष्ट्र-एक विधान (b) एक राष्ट्र-एक कर
(c) एक राष्ट्र-एक लोकपाल (d) एक राष्ट्र-एक विचार

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की दो अभिनव उपभोक्ता केंद्रित पहलों का शुभारंभ किया।
- शुरू की गई इन दो पहलों में भारतीय रिजर्व बैंक की खुदरा प्रत्यक्ष योजना और रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना शामिल है।
- भारतीय रिजर्व बैंक की खुदरा प्रत्यक्ष योजना का उद्देश्य सरकारी प्रतिभूति बाजार में खुदरा निवेशकों की पहुंच बढ़ाना है।
- इस योजना के तहत खुदरा निवेशकों हेतु भारत सरकार और राज्य सरकारों द्वारा जारी प्रतिभूतियों में सीधे निवेश करने का रास्ता खुल जाएगा।
- निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के हवाले से ऑनलाइन सरकारी प्रतिभूति खाता आसानी से खोल सकते हैं और उन प्रतिभूतियों की देखभाल कर सकते हैं।
- यह सेवा नि:शुल्क होगी।
- भारतीय रिजर्व बैंक-एकीकृत लोकपाल योजना का उद्देश्य शिकायतों को दूर करने वाली प्रणाली में और सुधार लाना है, जिससे संस्थाओं के खिलाफ ग्राहकों की शिकायतों को दूर करने हेतु आरबीआई नियम बना सके।
- इस योजना की केंद्रीय विषय वस्तु 'एक राष्ट्र-एक लोकपाल' की अवधारणा पर आधारित है।
- इसके तहत एक पोर्टल, एक ई-मेल और एक पता होगा जहां ग्राहक अपनी शिकायतों को दायर कर सकते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771136

टर्म और वार्षिकी बीमा उत्पादों के लिए साझेदारी

प्रश्न-11 नवंबर, 2021 को डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक ने टर्म और वार्षिकी बीमा उत्पादों के लिए किस इंश्योरेंस कंपनी के साथ साझेदारी की है?

(a) भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (b) बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (c) एचडीएफसी स्टैंडर्ड लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (d) मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2021 को डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक (आईपीपीबी) और बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस कंपनी (बीएएलआईसी) लिमिटेड ने बैंक की 650 शाखाओं के व्यापक नेटवर्क तथा 136,000 से अधिक बैंकिंग एक्सेस प्वाइंट्स के माध्यम से ग्राहकों को टर्म एवं वार्षिकी बीमा उत्पादों की पेशकश करने हेतु एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की।
- यह साझेदारी ग्राहकों को विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों और बिना बैंकिंग तथा कम सेवा उपलब्धता वाले क्षेत्रों में रहने वालों को वित्तीय रूप से सुरक्षित एवं सशक्त होने में सक्षम बनाएगी।
- बजाज आलियांज लाइफ स्मार्ट प्रोटेक्ट गोल और बजाज आलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल टर्म एवं वार्षिक उत्पाद हैं, जिन्हें इस रणनीतिक गठबंधन के तहत पेश किया जाएगा।
- बजाज आलियांज लाइफ स्मार्ट प्रोटेक्ट गोल एक व्यापक और मूल्य वर्धित टर्म बीमा उत्पाद है, जिसे घर के प्रमुख कमाऊ व्यक्ति की आकस्मिक मृत्यु की स्थिति में एक परिवार को तत्काल वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है।
- बजाज आलियांज लाइफ गारंटीड पेंशन गोल एक वार्षिकी बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य व्यक्ति की सेवानिवृत्ति के बाद के खर्चों को पूरा करना है।
- इसके तहत जीवित रहने तक गारंटीड और निश्चित रूप से नियमित आय प्रदान की जाती है।
- ये दोनों उत्पाद डाक विभाग के मौजूदा पीएलआई (डाक जीवन बीमा) और आरपीएलआई (ग्रामीण डाक जीवन बीमा) उत्पादों के अतिरिक्त ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1771000

कपास सीजन (अक्टूबर से सितंबर), 2014-15 से 2020-21 के दौरान कपास हेतु एमएसपी के तहत घाटे की भरपाई के लिए व्यय को मंजूरी

प्रश्न-10 नवंबर, 2021 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कपास सीजन 2014-15 से 2020-21 (30 सितंबर, 2021 तक) के दौरान भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के लिए कितनी राशि के समर्पित मूल्य समर्थन हेतु मंजूरी प्रदान की है?

(a) 15225.35 करोड़ रुपये (b) 16350.86 करोड़ रुपये

(c) 17408.85 करोड़ रुपये (d) 18105.95 करोड़ रुपये

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने कपास सीजन 2014-15 से 2020-21 (30 सितंबर, 2021 तक) के दौरान भारतीय कपास निगम (सीसीआई) के लिए 17,408.85 करोड़ रुपये के समर्पित मूल्य समर्थन हेतु मंजूरी प्रदान की।
- यह मंजूरी कपास सीजन 2014-15 से 2020-21 तक के दौरान कपास की कीमतें न्यूनतम समर्थन मूल्य की कीमत तक पहुंचने के कारण उसकी भरपाई हेतु प्रदान की गई है।
- कपास एक महत्वपूर्ण नकदी फसल है और जिसकी लगभग 58 लाख कपास उत्पादक किसानों के साथ-साथ कपास प्रसंस्करण और व्यापार जैसे संबंधित गतिविधियों में लगे 400 से 500 लाख लोगों की आजीविका कायम रखने में प्रमुख भूमिका है।
- कपास सीजन 2020-21 के दौरान, 360 लाख गांठों के अनुमानित उत्पादन के साथ 133 लाख हेक्टेयर में कपास की खेती की गई, जो विश्व के कुल कपास उत्पादन का लगभग 25 प्रतिशत है।
- भारत सरकार, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) की संस्तुतियों के आधार पर कपास के बीज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य का निर्धारण करती है।
- भारतीय कपास निगम (सीसीआई) का गठन भारत सरकार द्वारा एक केंद्रीय नोडल एजेंसी के तौर पर किया गया है।
- एमएसपी लागू होने से कीमतों की किसी प्रतिकूल स्थिति के दौरान किसानों को मजबूर होकर कपास बेचने से संरक्षण प्राप्त होता है।
- भारतीय कपास निगम सभी 11 प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों के 143 जिलों में 474 खरीद केंद्रों को खोलकर अपनी ओर से सुविधाओं को तैयार रखता है।
- विगत दो कपास सीजनों (2019-20 और 2020-21) में वैश्विक महामारी के दौरान भारतीय कपास निगम ने देश में कपास उत्पादन के लगभग एक-तिहाई भाग अर्थात लगभग 200 गांठों की खरीद की और लगभग 40 लाख किसानों के खातों में प्रत्यक्ष तौर पर 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की धनराशि अंतरित की।
- भारतीय कपास निगम ने मौजूदा कपास सीजन 2021-22 के लिए 450 से अधिक खरीद केंद्रों में कामगारों की तैनाती सहित सभी 11 प्रमुख कपास उत्पादक राज्यों में सभी प्रकार की पर्याप्त व्यवस्थाएं की हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1770515

वी पॉवर इंडिया पार्टनरशिप फोरम

प्रश्न-नवंबर, 2021 में आयोजित 'वी पॉवर इंडिया पार्टनरशिप फोरम किन दो अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की संयुक्त पहल है-



(a) यूनेस्को एवं संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार संगठन
(b) WTO एवं WHO (c) विश्व बैंक एवं एशियाई विकास बैंक
(d) अंकटाड एवं WTO

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2021 को विश्व बैंक एवं एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank) के संयुक्त तत्वावधान में वर्चुअल प्लेटफार्म के माध्यम से 'वी पॉवर इंडिया पार्टनरशिप फोरम' (We POWER India Partnership Forum) का आयोजन किया गया।
- इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में पॉवर सेक्टर प्रोफेशनल नेटवर्क (We Power) में दक्षिण एशिया की महिलाओं के प्रतिनिधित्व को आगे बढ़ाना है।
- ध्यातव्य है कि इस महत्वपूर्ण पहल में 168 प्रमुख ऊर्जा क्षेत्र के हितधारकों ने हिस्सा लिया।
- गौरतलब है कि यह कार्यक्रम विश्व बैंक एवं एशियाई विकास बैंक द्वारा इंडिया स्मार्ट ग्रिड फोरम (ISGF) के सहयोग से आयोजित किया गया।
- उल्लेखनीय है कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों हेतु लगातार निवेश बढ़ा रहा है। इसलिये भारत के ऊर्जा क्षेत्र में लगातार रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं।
- महिलाओं के संदर्भ में देखा जाय तो उनका प्रतिनिधित्व रोजगार में बेहद कम है।
- विश्व बैंक ने भारतीय विद्युत क्षेत्र में लैंगिक समानता को बढ़ाने हेतु एशियाई विकास बैंक के सहयोग से फरवरी, 2019 में 'We POWER' का शुभारंभ किया था।
- We Power, 28 ऊर्जा क्षेत्र कâे संगठनों का एक नेटवर्क है, जो ऊर्जा क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी का समर्थन करने कâे लिए व्यवस्थिति लिंग गतिविधियों को लागू करने हेतु प्रतिबद्ध है।
- भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार भारत की नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में वर्ष 2014 की तुलना में वर्ष 2021 में 250% से अधिक की वृद्धि हुई है।
- भारत एक ऐसा देश है, जो नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 100 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमति प्रदान करता है।
- भारत वर्ष 2028 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में 500 बिलियन डॉलर के निवेश लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।

- जुलाई, 2021 के आंकड़ों के अनुसार, भारत में 96.96 गीगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता है जो कुल स्थापित बिजली क्षमता का 25.2 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/content/press-releases-ani/world-bank-and-asian-development-bank-launches-wepower-india-partnership-forum-to-increase-workforce-participation-of-women-in-energy-sector-121111500475_1.html

डिजिटल पेमेंट गेटवे

प्रश्न-नवंबर, 2021 में नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने एनएसडीएल और किसके साथ साझेदारी में 'डिजिटल पेमेंट गेटवे' शुरू किया है?

(a) पेपॉल (b) पेयू (c) विप्रो (d) टीसीएल

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया ने 'डिजिटल पेमेंट गेटवे' शुरू किया है।
- पेमेंट गेटवे सेवाओं को शुरू करने के लिए नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) ने पेयू (Payu) और एनएसडीएल के साथ साझेदारी की है।
- अपने ग्राहकों और साझेदारों की सुविधा के लिए, उपयोग करने में आसानी के उद्देश्य से अपनी सभी ग्राहक उपयोग वाली वेबसाइटों पर पेमेंट गेटवे को एकीकृत कर अपनी तीन व्यावसायिक इकाइयों में डिजिटल भुगतान को सक्षम करके एनआईएक्सआई अब डिजिटल हो गया है।
- इस एकीकरण के माध्यम से एनआईएक्सआई के ग्राहकों को रीयल-टाइम पेमेंट, सभी हितधारकों को बाधा रहित सेवाएं, अनुभव की सुनिश्चितता प्रदान करने से इसके उपयोग में आसानी होगी।
- नेशनल इंटरनेट एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनआईएक्सआई) एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो वर्ष 2003 से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से भारत के नागरिकों तक इंटरनेट प्रौद्योगिकी के विस्तार के संबंध में काम कर रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770652

आरबीआई का स्वर्ण भंडार

प्रश्न-हाल ही में रिजर्व बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार में सोना कितने प्रतिशत बढ़कर 744 टन हो गया है ?



(a) 11 प्रतिशत (b) 13 प्रतिशत (c) 9 प्रतिशत (d) 15 प्रतिशत

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2021 को आरबीआई के द्वारा जारी "विदेशी मुद्रा भंडार के प्रबंधन पर रिपोर्ट" के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में सोना 11% बढ़कर 744 टन हो गया है।
- प्रमुख बिंदु –
- सितंबर, 2021 के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 743.84 मीट्रिक टन सोना था।
- जबकि 451.54 मीट्रिक टन सोना विदेशों में (बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास) सेफ कस्टडी में रखा हुआ है।
- आरबीआई के अनुसार, उपर्युक्त तिथि तक 292.30 टन सोना घरेलू स्तर पर(जनता के पास) मौजूद है।मूल्य के संदर्भ में कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी मार्च, 2021 के 5.87 प्रतिशत से मामूली रूप से बढ़कर सितंबर, 2021 के अंत तक लगभग 5.88 प्रतिशत हो गई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/money-and-banking/rbis-holding-of-gold-in-forex-reserves-rose-about-11-y-o-y-to-74384-metric-tonnes/article37196047.ece

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद

प्रश्न- अक्टूबर, 2021 में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद का पुनर्गठन कितने वर्षों किया गया है?



(a) दो वर्ष के लिए (b) तीन वर्ष के लिए (c) चार वर्ष के लिए (d) पांच वर्ष के लिए

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद(ईएसी-पीएम) का दो वर्ष के लिए पुनर्गठन किया गया।
- उल्लेखनीय है कि परिषद का कार्यकाल सितंबर, 2021 में समाप्त हो गया था।
- पुनर्गठित ईएसी-पीएम –

1. अंशकालिक सदस्य - राकेश मोहन, पूनम गुप्ता और टीटी राम मोहन।

2. परिषद के अन्य अंशकालिक सदस्यों में साजिद चेनॉय, नीलकंठ मिश्रा और नीलेश शाह शामिल हैं।
3. वी. अनंत नागेश्वरन को परिषद से बाहर(drop) किया गया है।
4. विवेक देबरॉय आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बने रहेंगे।

- प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम)–
- परिषद के संदर्भ की शर्तों में प्रधानमंत्री की तरफ से भेजे गये आर्थिक या किसी भी अन्य मुद्दे का विश्लेषण करना और उन्हें सलाह देना शामिल है।
- ईएसी-पीएम एक स्वतंत्र निकाय है जो गठन सरकार, विशेष रूप से प्रधानमंत्री को आर्थिक और संबंधित मुद्दों पर सलाह देने के लिये किया गया है।
- इसने अपने पूर्ववर्ती निकाय पीएमईएसी की जगह ली है, जिसका नेतृत्व पूर्व प्रधान मंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सी. रंगराजन ने किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/eac-pm-reconstituted-under-bibek-debroy/article37203149.ece

नया क्वाड आर्थिक फोरम

प्रश्न-18 अक्टूबर, 2021 को 4 देशों ने एक नया क्वाड आर्थिक फोरम लांच करने का फैसला किया है। विकल्प में इन 4 देशों में कौन-देश शामिल नहीं है?

(a) भारत (b) अमेरिका (c) यूएई (d) ऑस्ट्रेलिया



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 18 अक्टूबर, 2021 को भारत, इस्राइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई और अमेरिका ने नया क्वाड आर्थिक फोरम लांच करने का फैसला किया है।
- इसका उद्देश्य-आर्थिक सहयोग हेतु एक अंतरराष्ट्रीय फोरम स्थापित करना है।
- यह नया क्वाड इकोनॉमिक फोरम अब्राहम समझौते के बाद अमेरिका-इस्राइल-यूएई के बीच चल रहे सहयोग और तब से शुरू किए गए भारत-इस्राइल-यूएई सहयोग पर आधारित है।
- वर्ष 2020 में अब्राहम समझौते के तहत यूएई और इस्राइल ने राजनयिक संबंध स्थापित किए थे।
- नया समूह मध्य पूर्व और एशिया में आर्थिक और राजनीतिक सहयोग का विस्तार करेगा, जिसमें व्यापार, जलवायु परिवर्तन का मुकाबला, उâर्जा सहयोग और समुद्री सुरक्षा बढ़ाना शामिल है।

- नया समूह विशेष रूप से परिवहन, प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में संयुक्त बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की संभावनाओं की तलाश करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/jaishankar-takes-part-in-new-quadrilateral-with-israel-uae-and-us/article37064989.ece

https://www.deccanherald.com/national/new-quad-of-india-israel-us-uae-to-launch-international-forum-for-economic-cooperation-1042241.html

भारत ने इनमॉरसेट फर्म के लिए इनफ्लाइट डेटा मार्केट खोला

प्रश्न-हाल ही में भारत द्वारा किस यू.के. सैटेलाइट फर्म को इन्फ्लाइट डेटा या हाईस्पीड ब्रॉड बैंड बेचने की मंजूरी प्रदान की गई है?



(a) वनवेब (b) इनमारसैट (c) Clyde Space Limited (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में भारत सरकार के दूरसंचार विभाग ने भारत संचार निगम लि. को भारत में इनमॉरसेट की ग्लोबल एक्सप्रेस (GX) मोबाइल ब्रॉडबैंड सेवाएं देने के लिए आवश्यक लाइसेंस प्राप्त हुए है।
- ब्रिटिश सैटेलाइट ऑपरेटर Inmarsat को विमानों और शिपिंग जहाजों को हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड बेचने के लिए भारत द्वारा मंजूरी दे दी गई है।
- इनमारसैट लंदन की एक कंपनी है, जो अब हाई-स्पीड ब्रॉडबैंड बेचने के लिए भारत से स्वीकृति प्राप्त करने वाली पहली विदेशी ऑपरेटर बन गई है।
- इनमारसैट, भारत सरकार के स्वामित्व वाली दूरसंचार कंपनी भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) के माध्यम से बाजार तक पहुंच बनायेगी।
- कंपनी पहले ही भारत में विश्वसनीय लेकिन कम डेटा वाली L-Band सेवाओं की पेशकश की है।
- नया लाइसेंस अब इसे GX नेटवर्क पर बहुत तेज 4G जैसे Ka-band ब्रॉडबैंड की पेशकश देने हेतु अनुमति प्रदान करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.business-standard.com/article/companies/india-opens-inflight-data-market-to-uk-satellite-firm-inmarsat-121102001360_1.html

बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन का वर्ष 2020-21 का तीसरा अग्रिम अनुमान

प्रश्न-29 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन का वर्ष 2020-21 का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। इसके अनुसार 2020-21 में बागवानी उत्पादन रिकार्ड कितने मिलियन टन होने का है?

(a) 350.05 मिलियन टन (b) 331.05 मिलियन टन

(c) 280.60 मिलियन टन (d) 300.80 मिलियन टन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने विभिन्न बागवानी फसलों के क्षेत्र व उत्पादन का वर्ष 2020-21 का तीसरा अग्रिम अनुमान जारी किया।
- इसके अनुसार वर्ष 2020-21 में बागवानी उत्पादन रिकॉर्ड 331.05 मिलियन टन होने का अनुमान है।
- जिसमें 2019-20 की तुलना में 10.6 मिलियन टन (3.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई।
- इसके अनुसार, वर्ष 2020-21 में फलों का उत्पादन 103 मिलियन टन होने का अनुमान है।
- जबकि वर्ष 2019-20 में 102.1 मिलियन टन का उत्पादन हुआ था।
- सब्जियों के उत्पादन में विगत वर्ष के 188.3 मिलियन टन की तुलना में 197.2 मिलियन टन यानी 4.8 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है।
- प्याज का उत्पादन 26.8 मिलियन टन होने का अनुमान है।
- आलू का उत्पादन रिकॉर्ड 54.2 मिलियन टन होने का अनुमान है, जो कि वर्ष 2019-20 की तुलना में 5.6 मिलियन टन अधिक है।
- टमाटर का उत्पादन 21.1 मिलियन टन होने का अनुमान है।
- सुगंधित और औषधीय फसलों का उत्पादन 0.78 मिलियन टन होने का अनुमान है।
- वृक्षारोपण फसलों का उत्पादन 16.6 मिलियन टन होने का अनुमान है।
- मसालों का उत्पादन वर्ष 2019-20 में 10.1 मिलियन टन से 5.3 प्रतिशत बढ़कर वर्ष 2020-21 में 10.7 मिलियन टन होने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1767513

'अगरतला' शहरी विकास हेतु ऋण को मंजूरी

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में एशियाई विकास बैंक (ADB) ने किस शहर के अवस्थापना विकास के लिए 61 मिलियन डॉलर ऋण को मंजूरी दी है?



(a) इंफाल (b) दिसपुर (c) अगरतला (d) नई-दिल्ली

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर 2021 को एशियाई विकास बैंक (ADB) ने त्रिपुरा राज्य की राजधानी अगरतला की शहरी बुनियादीं (अवस्थापना) ढांचा विकास हेतु 61 मिलियन डॉलर ऋण को मंजूरी प्रदान की हैं।
- इसके अलावा ADB शहरी बुनियादी ढांचा के प्रति जागरूकता तथा क्षमता निर्माण जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने तकनीकी सहायता विशेष कोष से 1 मिलियन डॉलर की तकनीकी सहायता अनुदान भी प्रदान करेगा।
- इस ऋण राशि के तहत 23 किमी. जलवायु अनुकूल शहरी सड़क मार्ग का निर्माण तथा नए एवं मौजूदा 48 कि.मी. लंबी जल निकासी सुविधा का निर्माण किया जाएगा।
- परियोजना के तहत महाराजा बीर विक्रम कॉलेज लेक तथा उज्जयंता पैलेस में खुले स्थानों का नवीनीकरण तथा वाटर रीक्रिएशन का निर्माण एवं झील के किनारे पैदल मार्गों का निर्माण किया जाएगा।
- ध्यातव्य है कि ADB का समर्थन, भारत सरकार के राष्ट्रीय स्मार्ट सिटी मिशन कार्यक्रम के साथ जुड़ा हुआ है, जिसका उद्देश्य स्थानीय क्षेत्र के विकास के माध्यम से आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/adb-provides-loan-urban-development-agartala-india

एडलगिव हुरून इंडिया फिलेनथ्रॉफी (दानदाता) लिस्ट-2021

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में एडलगिव फाउंडेशन एवं हुरून रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा जारी 'एडलगिव हुरून इंडिया फिलेनथ्रॉफी लिस्ट-2021' में किसे दानदाताओं की सूची में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?



(a) मुकेश अंबानी (b) अजीम प्रेमजी (c) शिव नाडर (d) दिलीप सांघवी

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को एडलगिव फाउंडेशन एवं हुरून रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा देश के दानदाताओं (परोपकारियों) की सूची 'एडलगिव हुरून इंडिया फिलेनथ्रोफी लिस्ट' (Edelgive Hurun India Philanthropy List), 2021 जारी किया गया।
- इस सूची में देश के 100 दानी व्यक्तियों को शामिल किया गया है।
- इस सूची में विप्रो के संस्थापक अजीम प्रेमजी शीर्ष पर हैं।
- उन्होंने 9,713 करोड़ रुपये दान किए हैं।
- एचसीएल कंपनी के संस्थापक शिव नाडर एवं परिवार ने 1263 करोड़ रुपये दान देकर दूसरे स्थान पर रहे।रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मुकेश अंबानी एवं परिवार ने 577 करोड़ रुपये दान देकर तीसरे स्थान पर रहे।
- आदित्य बिरला ग्रुप के कुमार मंगलम बिरला एवं परिवार ने 377 करोड़ रुपये दान देकर चौथे स्थान पर रहे।इंफोसिस के नंदन नीलेकणि 183 करोड़ रुपये दान देकर पांचवें स्थान रहे।
- इसके अलावा, अन्य दानदाताओं में हिंदुजा परिवार 166 करोड़ रुपये दान देकर 6वें, बजाज परिवार 136 करोड़ रुपये दान देकर 7वें, अडानी ग्रुप के गौतम अडानी 130 करोड़ रुपये दान देकर 8वें स्थान पर रहे।
- प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को भी इस बार इस सूची में शामिल किया गया है।
- उन्होंने 15 करोड़ रुपये दान किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hurunindia.net/philanthropy-2021

IIFCL को InVITs के वित्तपोषण के लिए RBI की मंजूरी

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में निम्नलिखित से किस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम को इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (InVITs) के वित्तपोषण के लिए आरबीआई की मंजूरी मिली है ?

(a) आईआईएफसीएल (b) आईडीएफसी

(c) आईएफसीआई (d) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर (a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में आईआईएफसीएल को इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट्स (InVITs) के वित्तपोषण के लिए RBI की मंजूरी मिली।

- उल्लेखनीय है कि आईआईएफसीएल(इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड) सितंबर, 2013 से आरबीआई के साथ एक एनबीएफसी(NBFC-ND-IFC) के रूप में पंजीकृत है और आरबीआई के लागू विवेकपूर्ण मानदंडों का पालन करता है।
- बुनियादी ढांचा परियोजनाओं (viable infrastructure projects) के वित्तपोषण के लिए आरबीआई की मंजूरी मिलने से कंपनी के संपत्ति(assets) की गुणवत्ता में सुधार हो सकेगी और साथ ही कंपनी के बैलेंस शीट को सुधारने में भी मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianmandarins.com/news/rbi-nod-for-iifcl-to-finance-infra-projects/23425

वैज्ञानिक परिदृश्य

रक्षा/विज्ञान संक्षिप्तिकी

स्पेस एक्स द्वारा 53 स्टारलिंक उपग्रह लांच

प्रश्न-नवंबर, 2021 में किस अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी ने पृथ्वी की निचली कक्षा (LEO) में 53 स्टारलिंक उपग्रहों को स्थापित किया?

(a) ब्लू ओरिजिन (b) स्पेस एक्स (c) वर्जिन गेलेक्टिक (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2021 को स्पेसएक्स ने अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित केप 3 स्टारलिंक उपग्रह लांच किए।
- इन उपग्रहों का प्रक्षेपण कैनावरल स्पेस फोर्स स्टेशन से फाल्कन-9 रॉकेट के माध्यम है। पृथ्वी की निचली कक्षा (Low Earth Orbit-LEO) में किया गया है।
- स्पेस एक्स (Space X) का स्टारलिंक मिशन एक उपग्रह आधारित वैश्विक इंटरनेट प्रणाली है जिसे यह कंपनी कम पहुंच वाले क्षेत्रों में इंटरनेट की सेवाएं उपलब्ध कराने हेतु विकसित कर रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.newindianexpress.com/world/2021/nov/14/spacex-launches-53-starlink-satellites-into-orbit-2383280.html

डीजीसीए में ई-गवर्नेंस प्लेटफार्म ईजीसीए शुरू किया गया

प्रश्न-डीजीसीए में ई-गवर्नेस-प्लेटफॉर्म eGCA लागू किया गया है, प्रारंभिक चरण में इस परियोजना में DGCA की कितनी सेवाएं सम्मिलित की गई हैं?

(a) 99 (b) 59 (c) 28 (d) 79



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2021 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) में ई-गवर्नेंस-प्लेटफार्म eGCA लांच किया।
- इस परियोजना का उद्देश्य DGCA प्रक्रियाओं और कार्यों का स्वचालन करना है।
- इसके तहत प्रारंभिक चरण में डीजीसीए के लगभग 70 प्रतिशत कार्य करने वाली 99 सेवाओं को सम्मिलित किया जाएगा।
- 198 अन्य सेवाएं इस परियोजना के तहत अगले चरणों में सम्मिलित की जाएंगी।
- यह एकल विंडो प्लेटफॉर्म की काम को दूर करने, व्यक्तिगत संपर्कों का कम करने, नियामक रिपोर्टिंग में सुधार करने तथा पारदर्शिता एवं उत्पादकता बढ़ाने गैसे महत्वपूर्ण परिवर्तन लाएगा।
- मंत्री महोदय ने कहा कि यह परियोजना सूचना प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे और सेवा आपूर्ति ढांचे के लिए एक मजबूत आधार उपलब्ध कराएगी।
- डीजीसीए द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न सेवाओं की दक्षता में बढ़ोतरी के साथ-साथ यह परियोजना इसके कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही भी सुनिश्चित करेगी।
- यह परियोजना टीसीएस को सेवा प्रदाता के रूप में तथा पीडएलूसी को परियोजना प्रबंधन सलाहकार के रूप में शामिल करते हुए लागू की गई है।
- विभिन्न DGCA हितधारकों जैसे पायटलों, विमान रख-रखाव इंजीनियरों, हवाई यातायात नियंत्रकों, एयर ऑपरेटरों आदि को प्रदान की जाने वाली सेवाएं अब आवेदक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।
- पयलटों और विमान रखरखाव इंजीनियरों के लिए उनकी प्रोफाइल देखने और चलते-फिरते अपने डेटा को अपडेट करने लिए मोबाइल एप भी लांच किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770907

एप्सिलॉन रॉकेट ने 9 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया

प्रश्न-निम्नलिखित में से किस देश ने हाल ही में अपने एप्सिलॉन-5 रॉकेट के जरिए 9 उपग्रहों को कक्षा में स्थापित किया है?



(a) यूएसए (b) दक्षिण कोरिया (c) जापान (d) ऑस्ट्रेलिया

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 08 नवंबर, 2021 को जापान ने सफलतापूर्वक एप्सिलॉन-5 रॉकेट को लांच किया।
- इस रॉकेट के माध्यम से जापान ने 9 उपग्रहों को भी उनकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया है।
- जापान एयरो स्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अनुसार यह अंतरिक्ष विकास में शैक्षणिक संस्थानों और कंपनियों की भागीदारी को बढ़ावा देने का नवीनतम प्रयास है।
- एप्सिलॉन-5 नाम का यह रॉकेट जापान के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत कागोशिमा में उचिनौरा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था।
- एप्सिलॉन रॉकेट के साथ एक अंतरिक्ष कचरे को एकत्रित करने हेतु प्रदर्शन स्पेस क्रॉफ्ट भी भेजा गया है, जिसका निर्माण Kawasaki Heavy Industries Ltd द्वारा किया गया है।
- बृहस्पति ग्रह से उत्सर्जित होने वाले प्राकृतिक रेडियो तरंगों के सर्वे हेतु भी एक उपग्रह इस रॉकेट के माध्यम से अंतरिक्ष में भेजा गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.msn.com/en-gb/money/technology/9-small-satellites-launch-to-orbit-atop-japanese-rocket/ar-AAP0Ea3

गुआंगमु पृथ्वी विज्ञान उपग्रह

प्रश्न-नवंबर, 2021 में निम्नलिखित में से किस देश ने अपना पहला पृथ्वी विज्ञान उपग्रह गुआंगमु लांच किया है?



(a) जापान (b) चीन (c) उत्तर कोरिया (d) दक्षिण कोरिया

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 05 नवंबर, 2021 को चीन ने अपना पहला पृथ्वी विज्ञान उपग्रह गुआंगमु लांच किया।

- इस उपग्रह को लांग मार्च-6 नामक एक कैरियर रॉकेट की सहायता से निर्धारित कक्षा में स्थापित किया गया।
- लांग मार्च-6 रॉकेट का प्रक्षेपण, चीन के उत्तरी शांक्सी प्रांत के ताइयुआन सैटेलाइट लांच सेंटर से किया गया।
- गुआंगमु जिसे SDGASAT-1 भी नाम दिया गया है, विश्व का पहला अंतरिक्ष विज्ञान उपग्रह है।
- चीन ने SDGSAT-1 को सतत विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र 2030 एजेंडा की सेवा हेतु समर्पित किया है।
- गुआंगमु (Guangmu) उपग्रह को चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज द्वारा विकसित किया गया है।
- यह उपग्रह मानव आबादी द्वारा ऊर्जा की खपत का सटीक विश्लेषण करने के साथ-साथ आवास पैटर्न और तटीय क्षेत्रों के सटीक विश्लेषण के साथ सतत विकास संकेतकों के लिए आंकड़ें प्रदान करेगा।
- 5 नवंबर, 2021 को किया गया लांग मार्च, 6 रॉकेट इस शृंखला की 395वीं उड़ान थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/science/china-launches-earth-science-satellite/articleshow/87536500.cms?from=mdr

https://www.globaltimes.cn/page/202111/1238228.shtml

ऑर्बिटल रीफ

प्रश्न-हाल ही में निम्नलिखित में से किस अमेरिकी अंतरिक्ष कंपनी ने 'ऑर्बिटल' रीफ नामक एक वाणिज्यिक रूप विकसित अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण की योजना प्रस्तुत की है?

(a) ब्लू ओरिजिन (b) वर्जिन गेलेक्टिक (c) स्पेस एक्स (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को ब्लू ओरिजिन ने ऑर्बिटल रीफ नामक एक वाणिज्यिक रूप विकसित अंतरिक्ष स्टेशन के निर्माण की योजना प्रस्तुत की।
- इस परियोजना में ब्लू ओरिजिन के अतिरिक्त अन्य बड़ी अमेरिकी कंपनियां जैसे बोइंग, रेडवायर स्पेस, एरियोजना स्टेर यूनिवर्सिटी सिएरा स्पेस आदि भागीदार हैं।
- इस अंतरिक्ष स्टेशन का प्रयोग का प्रयोग अंतरिक्ष यात्री के साथ-साथ विभिन्न देशों के व्यक्तियों, पर्यटन कंपनियों, मीडिया आदि कर सकेंगे।
- इस स्पेस स्टेशन का निर्माण पृथ्वी की निम्न कक्षा में किया गया है।

- इस स्पेस स्टेशन पर शोध के साथ-साथ औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा।
- इस स्पेस स्टेशन पर शोध के साथ-साथ औद्योगिक एवं वाणिज्यिक गतिविधयों का क्रियान्वयन किया जा सकेगा।
- ऑर्बिटल रीफ विभिन्न भागीदारों के सहयोग से निर्मित किया जाएगा जैसे कि-
- ब्लू ओरिजिन:-
- जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन इस नए अंतरिक्ष स्टेशन के लिए कुछ मॉड्यूल प्रदान करेगी।
- ब्लू ओरिजिन इस उद्देश्य के लिए अपने पुन: प्रयोज्य हैवी-लिफ्ट न्यू ग्लेन लांच सिस्टम का इस्तेमाल करेगी।
- बोइंग:
- एक अन्य अमेरिकी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग जो कि वर्तमान में ISS कार्यक्रम में प्रमुख भागीदार है, ऑर्बिटल रीफ के संचालन और रख-रखाव का कार्य देखेगी।
- रेडवायर स्पेस-माइक्रोग्रैविटी अनुसंधान एवं विकास और पेलोड संचालन।
- एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी-अनुसंधान सलाहकार सेवाएं आदि।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.blueorigin.com/news/orbital-reef-commercial-space-station

उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली 'शक्ति'

प्रश्न-नवंबर, 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली 'शक्ति' को औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना प्रमुख को सौंपा। इस संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री ने भारतीय नौसेना पोतों के लिए डिजाइन और विकसित की गई उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली 'शक्ति' को झांसी में राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व के अंतर्गत आयोजित समारोह में भारतीय नौसेना प्रमुख को सौंपा।

(b) 'शक्ति' को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला डीएलआरएल, हैदराबाद में डिजाइन और विकसित किया गया है।

(c) इसे पारंपरिक और आधुनिक रडार की पहचान करने और इसे जाम करने के उद्देश्य से भारतीय नौसेना के प्रमुख युद्धपोतों के लिए निर्मित किया गया है।

(d) पहली शक्ति प्रणाली आईएनएस विक्रांत पर स्थापित की गई है।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना पोतों के लिए डिजाइन और विकसित की गई उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर प्रणाली 'शक्ति को झांसी में राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व के अंतर्गत आयोजित समारोह में औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना प्रमुख को सौंपा।
- उन्नत इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) प्रणाली 'शक्ति', रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) की प्रयोगशाला रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएलआरएल) हैदराबाद द्वारा डिजाइन और विकसित की गई है।
- इसे पारंपरिक और आधुनिक रडार की पहचान करने और उसे जाम करने के उद्देश्य से भारतीय नौसेना के प्रमुख युद्धपोतों के लिए निर्मित किया गया है।
- शक्ति ईडब्ल्यू प्रणाली सामुद्रिक युद्ध में इलेक्ट्रॉनिक प्रभुत्व और सरवाइवल सुनिश्चित करने हेतु आधुनिक रडार और जहाज-रोधी मिसाइलों के खिलाफ रक्षा की एक इलेक्ट्रॉनिक परत प्रदान करेगी।
- यह प्रणाली भारतीय नौसेना की पिछली पीढ़ी के इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर (ईडब्ल्यू) प्रणाली का स्थान लेगी।
- मिसाइल हमलों के खिलाफ भारतीय नौसेना के जहाजों की रक्षा के लिए इस प्रणाली को वाइडबैंड इलेक्ट्रॉनिक सपोर्ट मेजर्स (ईएसएम) और इलेक्ट्रिॉनिक काउंटर मेजर (ईसीएम) के साथ एकीकृत किया गया है।
- पहली शक्ति प्रणाली आईएनएस विशाखापत्तनम पर स्थापित की गई है।
- इसे स्वदेशी विमान वाहक आईएनएस विक्रांत पर स्थापित किया जा रहा है।
- भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) में 12 शक्ति सिस्टम्स का उत्पादन किया जा रहा है, जिसे कुल 1805 करोड़ की लागत से 50 से अधिक एमएसएमई द्वारा सपोर्ट किया जा रहा है।
- इन प्रणालियों को पी-15 बी और पी-17 ए और तलवार श्रेणी के फॉलो-ऑन जहाजों सहित उत्पादन के तहत ऑन बोर्ड प्रमुख युद्धपोतों को स्थापित करने के लिए निर्धारित किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleseDetailm.aspx?PRID=1773020

दक्षिण कोरिया की पहली क्रू पब्लिक एयर टैक्सी टेस्ट फ्लाइट

प्रश्न-नवंबर, 2021 में दक्षिण कोरिया के सियोल में दक्षिण कोरिया की पहली क्रू पब्लिक एयर टैक्सी का सफल उड़ान परीक्षण किया गया। यह परीक्षण किस कंपनी द्वारा संचालित किया गया?

(a) वोलोकॉप्टर (b) फॉक्सॉन (c) हुवेई (d) हिटैची



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2021 को दक्षिण कोरिया की पहली पब्लिक एयर टैक्सी का सफल उड़ान परीक्षण किया गया।
- यह परीक्षण जर्मन अर्बन एयर मोबिलिटी (UAM) की अग्रणी कंपनी वोलोकॉप्टर (Volocopter) ने दक्षिण कोरिया की राजधानी 'सियोल' में अपने 2 X विमान के साथ किया गया।
- विदित हो कि यह दक्षिण कोरिया में पूरी तरह से इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ एवं लैंडिग (EVTOL) एयर टैक्सी की पहली चालक दल वाली चालक दल वाली सार्वजनिक परीक्षण उड़ान थी।
- ध्यातव्य है कि 5 मिनट का यह परीक्षण उड़ान जिम्पो (Gimpo) अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर संपन्न हुआ।
- इस परीक्षण उड़ान में क्रू टेस्ट प्लाइट ने 50 मी. खâी अधिकातम ऊंचाई पर किमी. की दूरी तय की।
- परीक्षण के दौरान क्रू फ्लाइट की अधिकतम गति 45 किमी. प्रति घंटा थी।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2020 में दक्षिण कोरिया ने वर्ष 2025 तक वाणिज्यिक शहरी हवाई यात्रा शुरू करने हेतु एक रोडमैप की घोषणा की थी।
- ज्ञातव्य है कि एयर टैक्सी एक तरह के छोटे वाणिज्यिक वाहन होते हैं, जो छोटी दूरियों हेतु उड़ान भरते हैं।
- उल्लेखनीय है कि वालोकॉप्टर एक जर्मन एयरक्राफ्ट निर्मित करने वाली कंपनी है। इसका मुख्यालय ब्रुचसल (Bruchsal) जर्मनी में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.volocopter.com/newsroom/volocopter-conducts-south-koreas-first-crewed-airtaxi-test-flight/

स्कॉर्पीन श्रेणी की चौथी पनडुब्बी 'वेला' भारतीय नौसेना को सौंपी गई

प्रश्न-9 नवंबर, 2021 को स्कॉर्पीन श्रेणी की चौथी पनडुब्बी 'वेला' भारतीय नौसेना को सौंपी गई। इसका निर्माण किया गया-

(a) मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि. (b) कोचीन शिपयार्ड लि.

(c) हिंदुस्तान शिपबिल्डर्स लि. (d) एल एंड टी शिपबिल्डर्स लि.

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2021 को स्कॉर्पीन श्रेणी की चौथी पनडुब्बी 'वेला' भारतीय नौसेना को सौंपी गई।
- इसका जलावतरण 6 मई, 2019 को किया गया था।
- 'वेला' 'प्रोजेक्ट-75' के तहत विकसित की जाने वाली स्वदेश निर्मित 6 स्कॉर्पीन पनडुब्बियों में से एक है।
- प्रोजेक्ट-75 के तहत निर्मित अन्य तीन पनडुब्बियां-'आईएनएस कलवरी, 'आईएनएस खंडेरी', 'आईएनएस करंज' पहले ही भारतीय नौसेना के बेडे में शामिल की जा चुकी हैं।
- ये पनडुब्बियां समुद्री सतह और पानी के भीतर कार्रवाही के साथ-साथ खुफिया जानकारियां एकत्र करने, बारूदी सुरंग बिछाने और टोह लेने जैसे कार्य करने में सक्षम हैं।
- प्रोजेक्ट-75 के तहत, स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बियों का विकास भारत सरकार एवं फ्रांस सरकार के संयुक्त प्रयास से किया जा रहा है।
- फ्रांस की डीसीएनएस (DCNS) व भारत के मझगांव डांक शिपबिल्डर्स लि. के मध्य तकनीकी हस्तांतरण के आधार पर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लि., मुंबई में इन पनडुब्बियों का निर्माण किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770323

त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास 'सिटमेक्स'

प्रश्न-15-16 नवंबर, 2021 के मध्य त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास 'सिटमेक्स-2021' कहां आयोजित हुआ?

(a) बंगाल की खाड़ी (b) अंडमान सागर (c) हिंद महासागर (d) अरब सागर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15-16 नवंबर, 2021 के मध्य अंडमान सागर में भारत, सिंगापुर और थाईलैंड त्रिपक्षीय समुद्री अभ्यास 'सिटमेक्स' (SITMEX)-2021 का तीसरा संस्करण आयोजित हुआ।
- इस संस्करण की मेजबानी रॉयल थाई नेवी द्वारा की गई।
- इस अभ्यास के पहले संस्करण की मेजबानी सितंबर, 2019- में पोर्ट ब्लेयर में भारतीय नौसेना द्वारा की गई थी।
- इस अभ्यास में स्वदेश निर्मित मिसाइल कार्वेट 'आईएनएस कर्मुक' भारतीय नौसेना का प्रतिनिधित्व किया।
- जबकि रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर नेवी (RSS) का प्रतिनिधित्व आरएसएस 'टीनाशियस' द्वारा तथा रॉयल थाई नेवी का प्रतिनिधित्व हिज मैजेस्टी थाईलैंड शिप (HTMS) थायनचोन द्वारा किया गया।
- दो दिवसीय इस समुद्रीय अभ्यास के दौरान तीनों नौसेनाएं अनेक प्रकार के युद्धाभ्यास और सरफेस वारफेयर समेत विभिन्न सामरिक अभ्यासों में शामिल हुए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1772038

नोरोवायरस का केरल में पहला मामला

प्रश्न-नवंबर, 2021 में केरल के किस जिले में नोरोवायरस के पहले मामले की पुष्टि हुए है?

(a) त्रिशूर (b) वायनाड (c) अलाप्पुझा (d) कोल्लम

उत्तर–(b)



संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में केरल के वायनाड जिले में 'नोरोवायरस' के पहले मामले की पुष्टि हुई है।
- नोरोवायरस एक पशुजनित रोग है।
- यह संक्रमित व्यक्तियों तथा दूषित पानी और भोजन के माध्यम से फैलता है।
- यह वायरस पेट और आंतों की परत में सूजन, उल्टी, पेट दर्द और दस्त का कारण बनता है।
- यह वायरस बुजुर्गों, छोटे बच्चों इत्यादि लोगों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/kerala/now-norovirus-cases-surface-in-kerala/article37467757.ece

https://indianexpress.com/article/india/kerala/kerala-reports-cases-norovirus-7619851/

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन

प्रश्न-ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 5 नवंबर, 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा अक्षय ऊर्जा के इस्तेमाल के उच्च स्तर को प्राप्त करने हेतु नए क्षेत्रों की पहचान के लिए ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन का प्रस्ताव रखा है।

(b) इस संशोधन का उद्देश्य उद्योग, निर्माण, परिवहन आदि जैसे क्षेत्रों में अक्षय ऊर्जा की मांग को बढ़ावा देना है।

(c) प्रस्तावित संशोधन में औद्योगिक इकाइयों या किसी प्रतिष्ठान द्वारा समग्र खपत में अक्षय ऊर्जा के न्यूनतम हिस्से को परिभाषित करना शामिल है।

(d) कार्बन बचत प्रमाण पत्र के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने का प्रावधान होगा।



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 30 अक्टूबर, 2021 को विद्युत मंत्रालय द्वारा अक्षय ऊर्जा के इस्तेमाल के उच्च स्तर को प्राप्त करने के लिए नए क्षेत्रों की पहचान हेतु ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 में संशोधन का प्रस्ताव रखा गया है।
- इसका उद्देश्य उद्योग, निर्माण, परिवहन आदि जैसे क्षेत्रों में अक्षय उâर्जा की मांग को बढ़ावा देना है।
- प्रस्तावित संशोधन में औद्योगिक इकाइयों या किसी प्रतिष्ठान द्वारा समग्र खपत में अक्षय ऊर्जा के न्यूनतम हिस्से को परिभाषित करना शामिल है।
- 'कार्बन बचत प्रमाण-पत्र' के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करने के प्रयासों को प्रोत्साहित करने का प्रावधान होगा।
- प्रस्तावित संशोधनों में अधिनियम के तहत मूल रूप से परिकल्पित संशोधनों को मजबूत करने का प्रस्ताव किया गया है।
- प्रस्तावित संशोधन भारत में कार्बन बाजार के 'विकास' की सुविधा प्रदान करेंगे और अक्षय ऊर्जा की न्यूनतम खपत निर्धारित करेंगे।
- इससे जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा खपत और वातावरण में कार्बन उत्सर्जन को कम करने में मदद मिलेगी।
- ऊर्जा संरक्षण अधिनियम में प्रस्तावित संशोधन अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छ प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देगा।

- इन प्रावधानों से उद्योगों द्वारा उपयोग किए जाने वाले मौजूदा जीवाश्म ईंधन के विकल्प के रूप में हरित हाइड्रोजन को बढ़ावा देने की सुविधा होगी।
- प्रस्ताव में स्थायी आवास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़े आवासीय भवनों को शामिल करने हेतु अधिनियम के दायरे का विस्तार करना भी शामिल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1767783

युद्धाभ्यास शक्ति-2021

प्रश्न-15-26 नवंबर, 2021 के मध्य किन देशों की सेनाओं के बीच 'युद्धाभ्यास शक्ति-2021' का आयोजन किया जा रहा है?



(a) भारत एवं श्रीलंका (b) भारत एवं यूएसए (c) भारत एवं जापान (d) भारत एवं फ्रांस

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15-26 नवंबर, 2021 के मध्य भारत एवं फ्रांस की सेनाओं के बीच द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास 'युद्धाभ्यास शक्ति 2021' का छठा संस्करण फ्रेजस, फ्रांस, (Frejus, France) में आयोजित किया जा रहा है।
- गोरखा राइफल्स इन्फ्रैंट्री बटालियन की एक प्लाटून इस द्विपक्षीय अभ्यास में भारतीय सेना का प्रतिनिधित्व कर रही है।
- वहीं छठी लाइट आर्मर्ड ब्रिगेड की 21वीं मरीन इन्फ्रैंट्री रेजिमेंट के सैनिकों द्वारा फ्रांसीसी पक्ष का प्रतिनिधित्व किया जा रहा है।
- यह अभ्यास संयुक्त राष्ट्र के तहत अर्ध-शहरी इलाके की पृष्ठभूमि में आतंकवाद विरोधी अभियानों पर ध्यान केंद्रित करेगा।
- जिसका उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग और अंतर-संचालन को बढ़ाना है।
- इस अभ्यास का 5वां संस्करण 31 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2019 तक महाजन फील्ड फायरिंग रेंज, राजस्थान में फॉरेन ट्रेनिंग नोड में आयोजित किया गया था।
- गौरतलब है कि भारत और फ्रांस के मध्य तीन द्विवार्षिक प्रशिक्षण अभ्यास किया जाता है।

1. भारतीय वायुसेना के साथ अभ्यास 'गरूड़'।
2. भारतीय नौसेना के साथ अभ्यास 'वरूण'
3. भारतीय थल सेना के साथ अभ्यास 'शक्ति'।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771234

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771355

शिजियान-21 सेटेलाइट

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में अंतरिक्ष मलबे को कम करने वाली तकनीकों का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए चीन ने किस नये उपग्रह को सफलतापूर्वक लांच किया है?



(a) शिजियान-21 (b) लांग मार्च-4B (c) जिउकुआल (d) एचवाई-2 डी

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को चीन द्वारा अंतरिक्ष मलबे को कम करने वाली तकनीक का परीक्षण और सत्यापन करने के लिए एक नए उपग्रह 'शिजियान 21' को सफलतापूर्वक लांच किया गया।
- 'शिजियान-21' उपग्रह को दक्षिण-पश्चिम चीन के सिचुआन प्रांत के जीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से, लांग मार्च-3 बी वाहक रॉकेट की मदद से प्रक्षेपित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/china-successfully-launches-satellite-to-test-space-debris-mitigation-technology/article37147333.ece

2MO437b ग्रह की खोज

प्रश्न-हाल में खोजा गया ग्रह 2Mo437b अब तक खोजे गए अन्य ग्रहों से किस प्रकार अलग है?



(a) बहुत छोटा आकार (b) अत्यधिक दूरी पर स्थित ग्रह

(c) अब तक के सबसे कम उम्र के ग्रहों में से एक (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को जारी सूचना अनुसार, हवाई विश्वविद्यालय के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम ने एक शिशु तारे (Infant Star)के आस-पास पाए गए सबसे कम उम्र के ग्रहों में से की खोज की है।
- इसे 2018 में मौनाकी पर हवाई ग्रहों में से (मौनाकी पर) में सुबारू दूरबीन (Subaru Telescope) की मदद देखा गया था।

- इसके बाद वैज्ञानिकों ने Near-Infrared परास में इसके Follow-Up अवलोकन द्वारा अब 2021 में इसके ग्रह होने की पुष्टि की है।
- इसका वर्तमान पृथक्करण (Separation) पृथ्वी-सूर्य की दूरी का लगभग 100 गुना है, जिससे इसे आसानी से देखा जा सकता है।
- यह ग्रह पृथ्वी से 400 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है।
- यह ग्रह पृथ्वी से 400 प्रकाश वर्ष की दूरी पर स्थित है।
- यह ग्रह एक तारकीय नर्सरी में स्थित है जिसे (Taurus Cloud) कहते है।
- यह तारा मात्र 2 से 5 मिलियन वर्ष पुराना है तथा इसका द्रव्यमान 0.15 से 0.18 सौर द्रव्यमान के लगभग है तथा तारे का प्रभावी ताप 3,100K के आस-पास है।
- यह ग्रह, उन ग्रहों में से एक है जिन्हें हम धरती पर मौजूद टेलीस्कोप की सहायता से देख सकते है।
- इस संबंध में गहन शोध हाल ही में रॉयल-एस्ट्रोनॉमिकल सोसायटी के Monthly Notices में प्रकाशित हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.sciencedaily.com/releases/2021/10/211022171527.htm#:~:text=FULL%20STORY-,One%20of%20the%20youngest%20planets%20ever%20found%20around%20a%20distant,faculty%2C%20students%2C%20and%20alumni.

भारत की पहली राज्य-वन्यजीव डीएनए परीक्षण विश्लेषण प्रयोगशाला का उद्घाटन

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने कहां भारत की पहली राज्य सरकार के स्वामित्व वाली-वन्यजीव डीएनए परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया?

(a) पुणे (b) औरंगाबाद (c) नागपुर (d) अकोला



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने नागपुर, महाराष्ट्र में क्षेत्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला में भारत की पहली राज्य सरकार के स्वामित्व वाली-वन्यजीव डीएनए परीक्षण प्रयोगशाला का उद्घाटन किया।
- इस अवसर पर उन्होंने निर्भया योजना के तहत 3 फास्ट ट्रैक डीएनए परीक्षण इकाइयों का भी शुभारंभ किया।

- वर्तमान में देहरादून और हैदराबाद में दो वन्यजीव डीएनए परीक्षण प्रयोगशालाएं हैं, जो पूर्णत: केंद्र सरकार के स्वामित्व के अधीन हैं।
- ये प्रयोगशालाएं प्रजातियों की पहचान करने और शिकारियों की पहचान करने में मदद करेंगी, जिससे वन्यजीवों के खिलाफ अपराधों को खत्म करने में मदद मिलेगी।
- यह प्रयोगशालाएं विशेष रूप से यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉस्को) अधिनियम, 2012 के तहत पंजीकृत मामलों से निपटेगी।
- केंद्र सरकार की निर्भया योजना के तहत 53 करोड़ रुपये की लागत राशि से इन प्रयोगशालाओं का विकास किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/nagpur/indias-1st-state-owned-wildlife-dna-lab-to-open-in-city-today/articleshow/87190969.cms

https://www.aninews.in/news/national/general-news/uddhav-thackeray-inaugurates-indias-first-wildlife-dna-testing-lab-in-nagpur20211022235411/

मछलियों की तीन नई प्रजातियां

प्रश्न-हाल में भारत के किस राज्य में एबोरिचिथिस परिवार की मछलियों की तीन नई प्रजातियां पाई गई हैं?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) अरुणाचल प्रदेश (c) सिक्किम (d) उत्तराखंड



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में नेमाचेलिडे (Nemachelidae) परिवार की एबोरिचिथिस प्रजाति की मछलियों की तीन नई प्रजातियों की खोज की गई है।
- अरूणाचल प्रदेश के ईटानगर के डेरा नाटुंग गवर्नमेंट कॉलेज के जूलॉजी विभाग के शोधकर्तों की टीम ने यह नई खोज की है।
- खोजी गई तीनों मछलियों की प्रजातियों का नाम एबोरिचिथिस यूनीओबारेंसिस, एबोरिचिथिस बारापेन्सिस और एबोरिचिथिस पैलिनेंसिस रखा गया है।
- ये मछली प्रजातियां सेन्की (Senki), बराप और पालिन (Palin) नदी धाराओं में फैली हुई है, जो कि ब्रह्मपुत्र नदी प्रणाली की सहायक नदियां हैं।
- एबोरिचिथिस एक लंबी और पतली शरीर वाली पानी के निचले तल में रहने वाली मीठे जल की Stone Loach मछली है।

- ये मछलियां पूर्वी हिमालय की स्थानिक हैं, जिनके शरीर पर संकीर्ण तिरछी सलाखों जैसी संरचनाएं दिखाई पड़ती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.downtoearth.org.in/news/wildlife-biodiversity/arunachal-college-spots-3-new-fish-species-79814

अमेरिका द्वारा हाइपर-सोनिक मिसाइल तकनीक का परीक्षण

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में अमेरिका (USA) द्वारा, कहां से हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया गया है?



(a) केप कैनेडी (b) केप कâैनवारेल (c) केंटुकी (d) वॉलॉप्स

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में संयुक्त राज्य अमेरिका ने हाइपरसोनिक मिसाइल तकनीक का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
- यह परीक्षण, नासा के वर्जीनिया (Virginia) स्थित वॉलॉप्स (Wallops) में किया गया।
- ध्यातव्य है कि अमेरिका से पूर्व चीन तथा रूस द्वारा हाइपरसोनिक मिसाइल का परीक्षण किया जा चुका है।
- अमेरिकी नौसेना के सूत्रों के अनुसार इस परीक्षण के माध्यम से एक वास्तविक वातावरण में उन्नत हाइपरसोनिक प्रौद्योगिकियों, क्षमताओं और प्रोटोटाइप सिस्टम का प्रदर्शन किया गया।
- हाइपरसोनिक मिसाइलें, पारंपरिक बैलिस्टिक मिसाइलों की तरह, ध्वनि की गति से पांच गुना से भी अधिक गति से उड़ सकती हैं।
- ये मिसाइलें अपने बैलिस्टिक समकक्षों की तुलना में अधिक सक्षम और वायुमंडल में निचली ट्राजैक्ट्री पर गति करते हुए आगे बढ़ती हैं।
- चीन की हाइपरसोनिक मिसाइल:
- चीन ने 2019 में एक हाइपर-सोनिक मध्यम दूरी मिसाइल DF-17 को लांच किया था।
- चीन की इस मिसाइल की मारक क्षमता लगभग 2000 किमी. है और परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है।
- रूस की हाइपर-सोनिक मिसाइल:
- रूस ने भी हाल के महीनों में एक पनडुब्बी से जिरकॉन नामक हाइपर-सोनिक मिसाइल लांच किया था।रूस में 2019 के अंत से ही हाइपरसोनिक अवांगार्ड (Avangard) मिसाइल सेवा में हैं।

- अवांगार्ड मिसाइल 27 मैक की गति से चल सकती हैं।
- यू.एस. ए. की योजना
- अमेरिकी रक्षा विभाग पेंटागन की योजना 2025 तक अपने पहले हाइपरसोनिक हथियारों को तैनात करने की है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/world-news/eye-on-china-us-successfully-tests-hypersonic-missile-technology-101634863603107.html

तुशील-पी 1135.6 फ्रिगेट

प्रश्न-तुशील-पी 1135.6 फ्रिगेट के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 28 अक्टूबर, 2021 को तुशील पी 1135.6 वर्ग का सातवां भारतीय नौसेना फ्रिगेट रूस के कालिनिनग्राद स्थित यानतर शिपयार्ड में लांच किया गया।



(b) मास्को स्थित भारतीय राजदूत डी. बाला वेंकटेश वर्मा ने इस पोत का नाम 'तुशील' रखा।

(c) संस्कृत में तुशील का अर्थ 'रक्षात्मक कवच' होता है।

(d) भारत और रूसी संघ की सरकारों के मध्य समझौते के आधार पर परियोजना 1135.6 के तहत दो पोत रूस में और दो पोत भारत में (गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में) बनाए जाएंगे।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को पी 1135.6 वर्ग का सातवां भारतीय नौसेना फ्रिगेट रूस के कालिनिनग्राद स्थित यानतर शिपयार्ड में लांच किया गया।
- लांचिंग समारोह के दौरान दात्ला विद्या वर्मा ने इस पोत का नाम -'तुशील' रखा।
- संस्कृत में तुशील का अर्थ 'रक्षात्मक कवच' होता है।
- भारत और रुसी संघ की सरकारों के मध्य समझौते के आधार पर परियोजना 1135.6 के तहत दो पोत रूस और दो पोत भारत में बनाए जाएंगे।
- भारत में यह पोत मेसर्स गोवा शिपयार्ड लिमिटेड में निर्मित किए जाएंगे।
- दो पोतों के निर्माण की संविदा पर रूस और भारत के मध्य 18 अक्टूबर को हस्ताक्षर किए गए थे।इन जलपोतों का निर्माण भारतीय नौसेना की विशेष आवश्यकताओं के दृष्टिगत किया जा रहा है, जिससे वायु, सतह और उप-सतह जैसे सभी तीन आयामों में समुद्री जंग की सभी आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।ये जलपोत भारत और रूस के उन्नत हथियारों और संवेदी उपकरणों से

लैस होंगे।इनमें स्टील्थ टेव्नâोलॉजी लगी होगी, जिसके कारण वे निचले स्तर पर काम करने वाले राडार से बच जाएंगे तथा गहरे पानी के भीतर किसी भी प्रकार का शोर नहीं करेंगे।

- इन जहाजों को भारत से प्राप्त प्रमुख उपकरणों यथा-सतह से सतह पर मार करने वाले मिसाइल, सोनार प्रणाली, सतह की निगरानी करने वाले राडार, संचार-तंत्र, और पनडुब्बी रोधी प्रणाली से लैस किया जा रहा है।
- इसके साथ ही इसमें रूस के बने सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल और तोपें-बंदूके भी लगाई जा रही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1767422

ट्रिगोनोप्टेरस कोरोना

प्रश्न-हाल में निम्नलिखित में से किस देश के एक द्वीप से भृंग (Beetle) की नई प्रजाति खोजी गई जिसका नाम कोरोना महामारी के नाम पर रखा गया है?

(a) श्रीलंका (b) फिलीपींस (c) न्यूजीलैंड (d) इंडोनेशिया



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- हाल ही में इंडोनेशिया के वैज्ञानिकों ने भृंग (Beetle) की 28 नई प्रजातियों की खोज की है।
- इन प्रजातियों की खोज इंडोनेसिया स्थित सुलाबेसी द्वीप से की गई है।
- इन्हीं 28 प्रजातियों में से एक का नाम ट्रिगोनोप्टेरस कोरोना रखा गया है।
- इस कीट का नामकरण कोरोना महमारी के नाम पर खा गया है।
- इन सभी प्रजातियों की माप 2 से 3 मिलीमीटर की है तथा इनसे संबंधित अध्ययन Zookeys पत्रिका में प्रकाशित हुआ है।
- अप्रैल, 2021 में भी वैज्ञानिकों की एक टीम द्वारा कोसोवो में एक धारा के पास कैडिसफ्लाई (Caddisfly) नामक कीट की नई प्रजाति की खोज की तथा इसका नाम Potamophylax Coronavirus रखा।
- पोटोमोफाइलेक्स कोरोनावायरस के बारे में विवरण Biodiversity Data Journal में प्रकाशित हुआ है।
- अप्रैल, 2021 में ही, जर्नल ऑफ हाइमनोप्टरा रिसर्च में वर्णित ब्राजीलियाई ततैया (Wasps) की छह नई प्रजातियों में से एक का नाम एलोरहागास क्वारें टेनस था।
- इससे पहले अक्टूबर, 2021 में मैक्सिकों में ततैया की पांच नई प्रजातियों को खोज की थी।

- इनमें से एक नाम स्टेथैंटिक्स कोविडा रखा गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/explained/beetles-species-named-after-corona-7590632/

देश का पहला मानव युक्त समुद्र मिशन 'समुद्रयान' लांच

प्रश्न-29 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहां से देश के पहले मानव युक्त समुद्र मिशन 'समुद्रयान' का शुभारंभ किया?



(a) कोच्चि (b) चेन्नई (c) विशाखापत्तनम (d) रामेश्वरम

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 29 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने चेन्नई से देश के पहले मानव युक्त समुद्र मिशन-'समुद्रयान' का शुभारंभ किया।इसके साथ ही भारत, अमेरिका, रूस, जापान, फ्रांस और चीन के बाद उस विशिष्ट समूह में शामिल हो गया जिनके पास समुद्र के अंदर की गतिविधियों के लिए मानव युक्त मिशन चलाने की क्षमता है।
- यह विशिष्ट प्रौद्योगिकी पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय को समुद्र में 1000 से 5500 मीटर की गहराई में पाए जाने वाले पॉलिमेटेलिक मैंगनीज नोडयूल्स, गैस हाइड्रेट्स, हाइड्रो-थर्मल सल्फाइड्स और कोबाल्ट क्रस्ट जैसे निर्जीव संसाधनों के अन्वेषण की दिशा में सुविधा प्रदान करेगी।
- मानवयुक्त पनडुब्बी 'मत्स्य 6000' का प्रारंभिक डिजाइन तैयार कर लिया गया है और इसरो, आईआईटीएम तथा डीआरडीओ सहित विभिन्न संगठनों के साथ इसको मूर्त रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।500 मीटर तक की गहराई में जाने में सक्षम इस मानवयुक्त पनडुब्बी के प्रारंभिक संस्करण कासमुद्री परीक्षण वर्ष 2022 की अंतिम तिमाही में होने की संभावना है।
- मत्स्य 6000 के गहरे पानी में जाने में सक्षम संस्करण के वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही तक परीक्षण के लिए तैयार हो जाने की उम्मीद है।गौरतलब है कि चीन द्वारा वर्ष 2020 में विकसित की गई मानवयुक्त पनडुब्बी फेंडोजे ने हाल ही में 11000 मीटर की गहराई तक गोता लगाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/india/story/india-first-manned-ocean-mission-samudrayan-launched-1871266-2021-10-30

भारती समूह समर्थित वनवेब द्वारा उपग्रहों 36 का प्रक्षेपण

प्रश्न- उपग्रह संचार कंपनी वनवेब (OneWeb) निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है?

(a) यूएसए (b) यूके (c) भारत (d) रूस



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 अक्टूबर, 2021 को भारती समूह समर्थित उपग्रह संचार कंपनी Oneweb ने वोस्टोचेन (Vostochny) कास्मोड्रोम से एरियन स्पेस के द्वारा 36 नए उपग्रहों को लांच किया है।
- इस नवीनतम प्रक्षेपण के साथ वनवेब द्वारा लो अर्थ ऑर्बिट (LEO) में स्थापित उपग्रहों की संख्या 358 हो गई है।
- यह संख्या वनवेब के LEO में स्थापित किए जाने वाले उपग्रहों के बेड़े की प्रस्तावित संख्या 648 के आधे से अधिक है।
- ध्यातव्य है कि वनवेब एक वैश्विक उपगग्रह संचार कâंपनी है जिसका मुख्यालय यूके स्थित लंदन में है।
- कंपनी, वर्तमान में, दुनिया भर में ब्रॉडबैंड उपग्रह इंटरनेट सेवाएं देने की क्षमता निर्माण (Capacity Building) की प्रक्रिया में संलग्न है।
- हाल ही में भारती एंटरप्राइजेज के चेयरमैन सुनील मित्तल ने कहा कि वनवेब जल्द ही भारत से अपने LEO उपग्रहों को लांच करेगा।
- इस हेतु कंपनी भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के PSLV तथा GSLV-MK-III आदि प्रक्षेपण यानों की सेवाएं लेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindubusinessline.com/companies/oneweb-launches-36-more-satellites/article36999518.ece

इंडियन नेवल फास्ट अटैक क्राफ्ट T-80

प्रश्न-इंडियन नेवल फास्ट अटैक क्राफ्ट (INFAC) T 80 हाल में क्यो खबरों में रहा?

(a) भारतीय नौसेना से शामिल (b) भारतीय नौसेना से सेवामुक्त

(c) सुडान की यात्रा की (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 7 अक्टूबर, 2021 को, इंडियन नेवल फास्ट अटैक क्राफ्ट (INFAC) T80 को नेवल डॉकयार्ड, मुंबई में सेवामुक्त किया गया।
- इस जहाज ने 23 वर्षों से अधिक समय तक नौसेना और राष्ट्र के लिए महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की।
- यह सुपर ड्वोरा (DVORA) MKII श्रेणी का पहला जहाज था।
- इसका निर्माण M/S IAI Ramta द्वारा Be'er sheva इजराइल में निर्मित किया गया था तथा 24 जून, 1998 में भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था।
- यह जहाज विशेष रूप से छिछले (Shallow) पानी में अभियान लिए डिजाइन किया गया था।
- इस जहाज की अधिकतम गति 45 नॉट थी।
- पिछले दो दशकों में जहाज ने कई तटीय सुरक्षा और माइन-लेइंग ऑपरेशन के कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लिया था।
- इसने मुंबई हाई और महाराष्ट्र और गुजरात के तटों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बड़े पैमाने पर जल में गश्त की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1762095

भारत के मार्स ऑर्बिटर मिशन मंगलयान के 7 सफल वर्ष

प्रश्न-24 सितंबर, 2021 को भारत के मॉर्स ऑर्बिटर मिशन मंगलयान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा के कितने वर्ष पूरे कर लिए है?

(a) 7 पृथ्वी वर्ष (b) 3 पृथ्वी वर्ष (c) 7 मंगल वर्ष (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24 सितंबर, 2021 को 2021 में भारत के मॉर्स ऑर्बिटर मिशन मंगलयान ने मंगल का चक्कर लगाते हुए अपनी कक्षा में 7 पृथ्वी वर्ष पूरे कर लिए हैं।
- ध्यातव्य है कि मंगलयान भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) का पहला इंटर प्लेनेटरी मिशन है, जिसे 5 नवंबर, 2013 को लांच किया गया था।
- यह आर्बिटर 24 सितंबर, 2014 को अपने प्रथम प्रायास में मंगल की कक्षा में प्रवेश कर गया।
- इस सफलता ने भारत को पहला एशियाई देश बना दिया जिसने अपने मंगल हेतु भेजे गए ऑर्बिटर मिशन को सफलतापूर्वक लांच किया तथा प्रथम प्रयास में मंगल की कक्षा में प्रवेश करने वाला विश्व का पहला देश भी बन गया।

- ISRO के अधिकारियों के अनुसार, मंगलयान ने मंगलग्रह की परिक्रमा के 3 मंगलवर्ष पूरे कर लिए हैं।
- ज्ञातव्य है कि मंगलग्रह पर एक वर्ष लगभग 687 दिनों का होता है।
- मंगलयान को ISRO द्वारा मात्र 6 महीने के लिए मंगल ग्रह की परिक्रमा हेतु बनाया गया था।
- परंतु इसने निर्धारित समय से कहीं अधिक समय तक मंगल की परिक्रमा सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है।
- यह आर्बिटर 24 सितंबर, 2014 को अपने प्रथम प्रयास में मंगल की कक्षा में प्रवेश कर गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.dnaindia.com/science/report-india-mars-orbiter-mission-mom-mangalyaan-completes-seven-years-orbiting-mars-2912639

ITCA द्वारा 75 स्टूडेंट्स सैटेलाइट्स कंसोर्टियम लांच

प्रश्न-हाल ही में किस संस्थान के द्वारा 75 स्टूडेंट्स सैटेलाइट्स कंसोर्टियम: मिशन 2022 लांच किया गया है?

(a) ISRO (b) IISC (c) ITCA (d) SDRC



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में, इंडियन टेक्नâोलॉजी कांग्रेस एसोसिएशन (ITCA) बंगलुरू ने 75 छात्र उपग्रह संघ (75 Student Satellite Consortium) मिशन 2022 लांच किया।
- Student Satellite Consortium को भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के रूप में शुरू किया गया है।
- इस मिशन के तहत 75 छात्रों का एक संघ ISRO द्वारा प्रक्षेपित किए जाने वाले उपग्रहों का निर्माण करेगा।इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु भारतीय प्रौद्योगिकी कांग्रेस एसोसिएशन (ITCA) ने विभिन्न संगठनों के साथ सहयोग किया है।
- ये संगठन हैं-इजराइल का TMISAT, सर्बिया का CSPD और जापान का यूनिसेक।
- इन छात्र निर्मित 75 उपग्रहों को भारत द्वारा वर्ष 2022 में अपनी आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर लांच किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsonair.gov.in/News?title=ITCA%2C-Bengaluru-launches-75-Students%E2%80%99-Satellites-Consortium%3A-Mission-2022&id=427451

'अभ्यास' का सफल उड़ान परीक्षण

प्रश्न-22 अक्टूबर, 2021 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने कहां पर हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट 'अभ्यास' का सफल उड़ान परीक्षण किया?



(a) चांदीपुर (b) जैसलमेर (c) पोखरण (d) कोचीन

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (DRDO) ने हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट (HEAT) 'अभ्यास' (Abhyas) का सफल उड़ान परीक्षण किया।
- इसका परीक्षण ओडिशा में बंगाल की खाड़ी के तट पर एकीकृत परीक्षण रेंज (ITR) चांदीपुर से किया गया।
- वर्तमान उड़ान परीक्षण विकासात्मक उड़ान परीक्षणों के अंतर्गत किया गया है।
- 'अभ्यास' को डीआरडीओ के एयरोनॉटिकल डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट (ADE) बंगलुरू द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया।
- इस वाहन का उपयोग विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन हेतु हवाई लक्ष्य के रूप में किया जा सकता है।
- लक्षित विमान के प्रदर्शन की निगरानी टेलीमेट्री और रडार एवं इलेक्ट्रो ऑप्टिकल ट्रैंकिंग सिस्टम (EOTS) सहित विभिन्न ट्रैकिंग सेंसर के माध्यम से की गई।
- डीआरडीओं के वर्तमान अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1765772

दक्षिण कोरिया का पहला स्वदेशी अंतरिक्ष रॉकेट

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में दक्षिण कोरिया ने अपना पहला स्वदेश निर्मित किया अंतरिक्ष रॉकेट का परीक्षण किया है?



(a) नूरी रॉकेट (b) KSR-2 साउंडिंग रॉकेट (c) KSR-1 (d) ब्रम्होस

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 21 अक्टूबर, 2021 को दक्षिण कोरिया ने अपना पहला स्वदेशी अंतरिक्ष रॉकेट लांच किया।

- यह दक्षिण कोरिया में पूरी तरह से विकसित और निर्मित पहला रॉकेट है, हालांकि यह परीक्षण उपग्रह को कक्षा में पहुंचाने में विफल रहा।
- इस रॉकेट का नाम 'नूरी' है, जिसे कोरिया स्पेस लांच व्हीकल-II (KSLV-II) के नाम से भी जाना जाता है। जिसने नारो अंतरिक्ष केंद्र 'गोहैंग' से उड़ान भरा।
- नूरी रॉकेट का वजन 200 टन, ल. 47.2 मी. (155 फीट) है जिसमें कुल 6 तरल ईंधन वाले इंजन लगे हैं।
- इस उपलब्धि को स्वदेशी स्तर पर केवल 6 देशों द्वारा पूरा किया गया है, जिसमें रूस, अमेरिका, फ्रांस, चीन, जापान और भारत शामिल है।
- कोरिया एयरोस्पेस रिसर्च इंस्टीट्यूट (KARI) के अनुसार, दक्षिण कोरिया ने 2027 तक नूरी रॉकेट के और 4 प्रक्षेपण करने की योजना बनाई है।
- दक्षिण कोरिया का लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर एक प्रोब मिशन भेजने का है।
- ध्यातव्य है कि दक्षिण कोरिया के पास वर्तमान में अपना कोई सैन्य निगरानी उपग्रह नहीं है।
- यह उपलब्धि हासिल होने से दक्षिण कोरिया को अमेरिकी जासूसी उपग्रहों पर निर्भर नही रहना पड़ेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aa.com.tr/en/asia-pacific/south-korea-conducts-its-1st-indigenous-space-launch/2398734

खेल परिदृश्य

टेनिस

निट्टो एटीपी फाइनल्स, 2021

प्रश्न-21 नवंबर, 2021 को संपन्न निट्टो एटीपी फाइनल्स, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) नोवाक जोकोविक (b) डेनियल मेदवेदेव (c) अलेक्जेंडर ज्वेरेव (d) स्टेफानोस सितसिपास

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 14-21 नवंबर, 2021 के मध्य ATP सत्र, 2021 की टेनिस प्रतियोगिता निट्टो एटीपी फाइनल्स, 2021 तूरिन, इटली में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम-
- पुरुष एकल
- विजेता-अलेक्जेंडर ज्वेरेव (जर्मनी)
- उपविजेता-डेनियल मेदवेदेव (रूस)
- पुरुष युगल
- विजेता-पियरे ह्यूजेस हर्बर्ट और निकोलस महुत (दोनों फ्रांस)
- उपविजेता-राजीव राम (अमेरिका) और जोए सेलिसबरी (ब्रिटेन)
- अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने दूसरी बार एटीपी फाइनल्स का खिताब जीता है।
- इससे पूर्व उन्होंने 2018 में यह खिताब जीता था।
- युगल में हर्बर्ट और महुत की जोड़ी ने भी दूसरी बार एटीपी फाइनल्स में खिबात जीता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nittoatpfinals.com/#

स्टॉकहोम ओपन, 2021

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता स्टॉकहोम ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?



(a) एंडी मरे (b) टामी पॉल (c) डेनिस शापोवालोव (d) डेनियल इवांस

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य


- 6-13 नवंबर, 2021 के मध्य पुरुष टेनिस प्रतियोगिता स्टॉकहोम ओपन, 2021 स्टॉकहोम, स्वीडन में संपन्न हुई।प्रतियोगिता परिणाम-
- पुरुष एकल-विजेता-टामी पॉल (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- उपविजेता-डेनिस शापोवालोव (कनाडा)
- पुरुष युगल-विजेता-सैंटियागो गोंजालेज (मेक्सिको) और आंद्रेस मोलटेनी (अर्जेंटीना)
- उपविजेता-एशाम-उल-हक कुरैशी (पाकिस्तान) और जीन-जूलियन रोजर (नीदरलैंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://stockholmopen.se/en/

स्टॉकहोम ओपन, 2021

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को संपन्न पुरुष टेनिस प्रतियोगिता स्टॉकहोम ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?



(a) एंडी मरे (b) टामी पॉल (c) डेनिस शापोवालोव (d) डेनियल इवांस

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6-13 नवंबर, 2021 के मध्य पुरुष टेनिस प्रतियोगिता स्टॉकहोम ओपन, 2021 स्टॉकहोम, स्वीडन में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम-
- पुरुष एकल
- विजेता-टामी पॉल (संयुक्त राज्य अमेरिका)
- उपविजेता-डेनिस शापोवालोव (कनाडा)
- पुरुष युगल
- विजेता-सैंटियागो गोंजालेज (मेक्सिको) और आंद्रेस मोलटेनी (अर्जेंटीना)
- उपविजेता-एशाम-उल-हक कुरैशी (पाकिस्तान) और जीन-जूलियन रोजर (नीदरलैंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://stockholmopen.se/en/

इंडियन वेल्स ओपन, 2021

प्रश्न-17 अक्टूबर, 2021 को संपन्न इंडियन वेल्स ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?



(a) निकोलोज बेसिलाशविली (b) कैमरुन नोरी (c) टेलर फ्रिट्ज (d) ग्रिगोर दिमित्रोव

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 अक्टूबर, 2021 के मध्य पुरुष एवं महिला टेनिस प्रतियोगिता इंडियन वेल्स ओपन, 2021 (बीएनपी परिबास ओपन) इंडियन वेल्स, संयुक्त राज्य अमेरिका में संपन्न हुई।
- **प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-**
- **पुरुष एकल**
- **विजेता-**कैमरुन नोरी (Cameron Norrie) (ब्रिटेन)

- **उपविजेता-**निकोलोज बेसिलाशविली (जॉर्जिया)
- **महिला एकल**
- **विजेता-**पाउला बाडोसा (स्पेन)
- **उपविजेता-**विक्टोरिया अजारेंका (बेलारूस)
- **पुरुष युगल**
- **विजेता-**जॉन पीयर्स (ऑस्ट्रेलिया) और फिलिप पोलासेक (स्लोवाकिया)
- **उपविजेता-**असलान करात्सेव और आंद्रे रुबलेव (दोनों रूस)
- **महिला युगल**
- **उपविजेता-**सु-वेई हसीह (चीनी ताइपेई) और एलिसे मर्टेंस (बेल्जियम)
- **विजेता-**वेरोनिका कुदेरमेटोवा (रूस) और एलेना रिबाकिना (कजाकस्तान)

संबंधित लिंक भी देखें...
https://www.atptour.com/en/scores/archive/indian-wells/404/2021/results?matchType=doubles
https://www.wtatennis.com/tournament/609/indian-wells

क्रिकेट

आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप, 2022 के मेजबान देश

प्रश्न-14 जनवरी से 5 फरवरी, 2022 तक आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप, 2022 का आयोजन किस देश में किया जाएगा?



(a) ऑस्ट्रेलिया (b) न्यूजीलैंड (c) वेस्टइंडीज (d) श्रीलंका

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 14 जनवरी से 5 फरवरी, 2022 तक आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप, 2022 का आयोजन वेस्टइंडीज में किया जाएगा।
- वेस्टइंडीज पहली बार आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप के 14वें संस्करण की मेजबानी करेगा।
- इसमें कुल 48 मैच खेले जाएंगे।
- इस अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप में 16 टीमें-बांग्लादेश, इंग्लैंड, कनाडा, संयुक्त अरब अमीरात, भारत, आयरलैंड, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, स्कॉटलैंड, जिम्बाम्बे, पापुआ न्यूगिनी, श्रीलंका वेस्टइंडीज और ऑस्ट्रेलिया भाग लेंगी।

- 14वां संस्करण चार मेजबान देशों एंटीगुआ और बारबुडा, गुयाना, सेंट किट्स एंड नेविस तथा त्रिनिदाद और टोबैगो में आयोजित किया जाएगा।
- 5 फरवरी, 2022 को फाइनल मुकाबला सर विवियन रिचर्डस क्रिकेट ग्राउंड, एंटीगुआ और बारबुडा में खेला जाएगा।
- पहला सेमीफाइनल 1 फरवरी, 2022 को सर विवियन रिचड्र्स क्रिकेट ग्राउंड, एंटीगुआ और बारबुडा में और दूसरा सेमीफाइनल 2 फरवरी, 2022 को कूलिज क्रिकेट ग्राउंड, एंटीगुआ में आयोजित होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2355522

आईसीसी टी-20 विश्वकप, 2022 के लिए सात मेजबान शहरों की घोषणा

प्रश्न-16 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2022 तक आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, 2022 का आयोजन किस देश में किया जाएगा?

(a) ऑस्ट्रेलिया (b) भारत (c) संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज
(d) श्रीलंका



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया में अगले वर्ष होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्प कप के लिए सात मेजबान शहरों की घोषणा की।
- ऑस्ट्रेलिया में यह टी-20 विश्व कप 16 अक्टूबर से 13 नवंबर, 2022 तक आयोजित होगा।
- इस विश्व कप में कुल 45 मैच होंगे, जो एडीलेड, ब्रिस्बेन, जिलॉन्ग, होबार्ट, मेलबर्न, पर्थ और सिडनी में खेले जाएंगे।
- फाइनल मुकाबला 13 नवंबर, 2022 को मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में होगा।
- 9 नवंबर को पहला सेमीफाइनल मैच सिडनी क्रिकेट ग्रांउड में और 10 नवंबर को दूसरा सेमीफाइनल मैच एडीलेड ओवल में खेला जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2354478

आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ (अक्टूबर, 2021)

प्रश्न-9 नवंबर, 2021 को किसे अक्टूबर माह के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है?

(a) डेविड वीजे (b) शाकिब अल हसन (c) आसिफ अली (d) रिजवान जहीर



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अक्टूबर माह के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड्स के विजेताओं की घोषणा की।
- पाकिस्तानी क्रिकेटर आसिफ अली को अक्टूबर माह के लिए आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है।
- आसिफ अली ने आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान के लिए तीन मैचों में 273.68 की स्ट्राइक रेट से 52 रन बनाए।
- टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान को अफगानिस्तान के विरुद्ध अंतिम 2 ओवरों में जीत के लिए 24 रन बनाने थे, अली ने 19वें ओवर में 4 छक्के लगाकर पाकिस्तानी को 1 ओवर पहले ही मैच का विजेता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- टी-20 विश्वकप में ही आसिफ ने न्यूजीलैंड के विरुद्ध 12 गेंदों में 27 रन नाबाद बनाए।
- आयरलैंड की लौरा डेलानी आईसीसी वुमेंस प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी गई हैं।
- आयरलैंड की कप्तान लौरा डेलानी ने जिम्बाब्वे के विरुद्ध 3-1 से एकदिवसीय सीरीज जीतने में अहम भूमिका निभाई।
- आलराउंडर डेलानी ने इस सीरीज में 189 रन बनाए और 4 विकेट भी हासिल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2346851

आईसीसी द्वारा वर्ष 2024 से 2031 तक के कार्यक्रमों की घोषणा

प्रश्न-16 नवंबर, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2024 से 2031 तक के बड़े टूर्नामेंटों के मेजबान देशों की घोषणा की। इन टूर्नामेंटों के आयोजन के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप, 2024 संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होगा।

(b) चैंपियंस ट्रॉफी, 2025 भारत में आयोजित होगी।

(c) आईसीसी पुरुश टी-20 विश्व कप, 2026 भारत और श्रीलंका में आयोजित होगा।

(d) आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप, 2031 भारत और बांग्लादेश में आयोजित होगा।

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वर्ष 2024 से 2031 तक के बड़े टूर्नामेंट के लिए 14 मेजबान देशों की पुष्टि की।
- दो आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप, चार आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप और दो आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी आयोजनों की मेजबानी हेतु 11 पूर्ण सदस्यों और 3 एसोसिएट सदस्यों का चयन किया गया है।
- संयुक्त राज्य अमेरिका और नामीबिया पहली बार आईसीसी विश्व कप की मेजबानी करेंगे।
- ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, इंग्लैंड, आयरलैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, स्कॉटलैंड, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका, वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे ने पहले भी बड़े आयोजन किए हैं और अगले दशक में पुन: ऐसा करेंगे।
- मेजबानों को सौरव गांगुली और रिकी स्केरिट के साथ मार्टिन स्नेडेन की अध्यक्षता में एक बोर्ड-उपसमिति की देख-रेख में एक प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुना गया है।
- आईसीसी द्वारा घोषित 8 नए टूर्नामेंट में से 3 की मेजबानी भारत करेगा।
- वर्ष 2013 के संस्करण के बाद रद्द की गई चैम्पियंस ट्रॉफी पुन: आयोजित होगी।
- आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, 2024- संयुक्त राज्य अमेरिका और वेस्टइंडीज में आयोजित होगा।
- आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, 2026- भारत और श्रीलंका में आयोजित होगा।
- आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप, 2028 ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित होगा।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी, 2029 भारत में आयोजित होगी।
- आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप, 2030 इंग्लैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड में आयोजित होगा।
- आईसीसी क्रिकेट विश्वकप, 2031 भारत और बांग्लादेश में आयोजित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2354895

2 पुरुष, एक महिला खिलाड़ी आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को आईसीसी ने 3 खिलाड़ियों (एक महिला क्रिकेटर शामिल) को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल करने की घोषणा की। विकल्प में इन तीन शामिल खिलाड़ियों में कौन शामिल नहीं है?



(a) महेला जयवर्धने (b) शॉन पोलाक (c) जेनेट ब्रिटिन (d) मार्क बाउचर

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2021 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने श्रीलंका के महेला जयवर्धने, दक्षिण अफ्रीका के शॉन पोलाक और इंग्लैंड की पूर्व बल्लेबाज जेनेट ब्रिटिन को आईसीसी हॉल ऑफ फेम के नवीनतम सदस्य के रूप में शामिल करने की घोषणा की।
- इन तीनों क्रिकेटरों को 14 नवंबर, 2021 को न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच होने वाले फाइनल से पूर्व आईसीसी हॉल ऑफ फेम में सर क्लाइव लॉयड द्वारा औपचारिक रूप से शामिल किया गया।
- आईसीसी क्रिकेट हॉल ऑफ फेम क्रिकेट के दिग्गजों की उपलब्धियों को मान्यता प्रदान करता है।
- वर्ष 2009 में इसकी शुरुआत हुई थी, तब से इसमें 106 खिलाड़ियों को शामिल किया जा चुका है।
- जेनेट ब्रिटिन 19 वर्ष तक इंग्लैंड की टेस्ट टीम की अहम खिलाड़ी रहीं, जिन्होंने वर्ष 1979 से 1998 के मध्य महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सराहनीय कार्य किया।
- महेला जयवर्धने वर्ष 2014 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप जीतने और चार अन्य आईसीसी फाइनल में पहुंचने वाली श्रीलंकाई टीम के हिस्सा थे।
- शान पोलाक टेस्ट और एकदिवसीय क्रिकेट के दोनों प्रारूपों में 3000 से अधिक रन और 300 विकेट हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.icc-cricket.com/media-releases/2349960

बैडमिंटन

सारलोरलक्स ओपन, 2021

प्रश्न-7 नवंबर, 2021 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता सारलोरलक्स ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) ली जी जिया (b) लक्ष्य सेन (c) लोह कीन येव (d) किदांबी श्रीकांत

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 2-7 नवंबर, 2021 के मध्य BWF वर्ल्ड टूर सत्र की बैडमिंटन प्रतियोगिता सारलोरलक्स ओपन (SAARLORLUX OPEN), 2021 सारब्रूकन, जर्मनी में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-लोह कीन येव (सिंगापुर)
- उपविजेता-ली जी जिया (मलेशिया)
- महिला एकल
- विजेता-बुसानान ओगबामरुंगफान (थाईलैंड)
- उपविजेता-येओ जिया मिन (सिंगापुर)
- पुरुष युगल
- विजेता-मार्कस फर्नाल्डी गिडेओन और केविन संजया सुकामुल्जो (दोनों इंडोनेशिया)
- उपविजेता-लियो रोली कर्नांडो और डेनियल मारथिन (दोनों इंडोनेशिया)
- महिला युगल
- विजेता-चिसातो होशी और अओई मात्सुदा (दोनों जापान)
- उपविजेता-रिन इवानागा और की नाकनिशी (दोनों जापान)
- मिश्रित युगल
- विजेता-डेचपोल पुवावरनुकरोह और सैपसिरी तैरातनाचाई (दोनों थाईलैंड)
- उपविजेता-प्रवीन जॉर्डन और मेलाती दाएवा ओक्टाविआंती (दोनों इंडोनेशिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/4036/daihatsu-indonesia-masters-2021-new-dates/results/podium/

सारलोरलक्स ओपन, 2021

प्रश्न-7 नवंबर, 2021 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता सारलोरलक्स ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) ली जी जिया (b) लक्ष्य सेन (c) लोह कीन येव (d) किदांबी श्रीकांत

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 2-7 नवंबर, 2021 के मध्य BWF वर्ल्ड टूर सत्र की बैडमिंटन प्रतियोगिता सारलोरलक्स ओपन (SAARLORLUX OPEN), 2021 सारब्रूकन, जर्मनी में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-लोह कीन येव (सिंगापुर)
- उपविजेता-ली जी जिया (मलेशिया)
- महिला एकल
- विजेता-बुसानान ओगबामरुंगफान (थाईलैंड)
- उपविजेता-येओ जिया मिन (सिंगापुर)
- पुरुष युगल
- विजेता-मार्कस फर्नाल्डी गिडेओन और केविन संजया सुकामुल्जो (दोनों इंडोनेशिया)
- उपविजेता-लियो रोली कर्नांडो और डेनियल मारथिन (दोनों इंडोनेशिया)
- महिला युगल
- विजेता-चिसातो होशी और अओई मात्सुदा (दोनों जापान)
- उपविजेता-रिन इवानागा और की नाकनिशी (दोनों जापान)
- मिश्रित युगल
- विजेता-डेचपोल पुवावरनुकरोह और सैपसिरी तैरातनाचाई (दोनों थाईलैंड)
- उपविजेता-प्रवीन जॉर्डन और मेलाती दाएवा ओक्टाविआंती (दोनों इंडोनेशिया)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3979/hylo-open-2021-formerly-saarlorlux-open/results/podium/

विक्टर डेनमार्क ओपन, 2021

प्रश्न-24 अक्टूबर, 2021 को संपन्न बैडमिंटन प्रतियोगिता विक्टर डेनमार्क ओपन, 2021 के पुरुष एकल का खिताब किसने जीता है?

(a) विक्टर एक्सेलसेन (b) केटों मोमोता (c) टॉमी सुगियार्तो (d) समीर वर्मा

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 19-24 अक्टूबर, 2021 के मध्य पुरुष एवं महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता विक्टर डेनमार्क ओपन, 2021, ओडिन्से (Odense), डेनमार्क में संपन्न हुई।
- प्रतियोगिता परिणाम इस प्रकार रहे-
- पुरुष एकल
- विजेता-विक्टर एक्सेलसेन (डेनमार्क)
- उपविजेता-केटों मोमोता (जापान)
- महिला एकल
- विजेता-अकाने यामागुची (जापान)
- उपविजेता-आन सेयौंग (दक्षिण कोरिया)
- पुरुष युगल
- विजेता-ताकुरो होकी और यूगो कोबायाशी (दोनों जापान)
- उपविजेता-किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारुप राममुसेन (दोनों डेनमार्क)
- महिला युगल
- विजेता-हुआंग डोंग पिंग और झेंग यू. (दोनों चीन)
- उपविजेता-ली सोही और शिन सियुंगचान (दोनों दक्षिण कोरिया)
- मिश्रित युगल
- विजेता-यूता वातानाबे और अरिसा हिगाशिनो (दोनों जापान)
- उपविजेता-डेकापोल पूआवरनुक्रोह और सैपसिरी तैरातनाचाई (दोनों थाईलैंड)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfworldtour.bwfbadminton.com/tournament/3971/victor-denmark-open-2021/results/podium/

थॉमस एवं उबेर कप, 2020

प्रश्न-17 अक्टूबर, 2021 को संपन्न महिलाओं की बैडमिंटन प्रतियोगिता उबेर कप, 2020 का खिताब किसने जीता है?

(a) जापान (b) चीन (c) थाईलैंड (d) इंडोनेशिया



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 9-17 अक्टूबर, 2021 के मध्य पुरुषों की बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता 'थॉमस कप' और महिलाओं की बैडमिंटन टीम प्रतियोगिता उबेर कप, आर्हस, डेनमार्क में संपन्न हुई।
- **प्रायोजक-**टोटल एनर्जिस (Tolal Energies)
- थॉमस कप बैडमिंटन प्रतियोगिता (पुरुष) का परिणाम
- **स्वर्ण पदक-**इंडोनेशिया (3-0)
- **रजत पदक-**चीन
- कांस्य पदक-डेनमार्क एवं जापान
- उबेर कप बैडमिंटन प्रतियोगिता (महिला) का परिणाम-
- **स्वर्ण पदक-**चीन (3-1)
- **रजत पदक-**जापान
- **कांस्य पदक-**कोरिया एवं थाईलैंड
- इंडोनेशिया ने रिकॉर्ड 14वीं बार थॉमस कप का खिताब जीता है।
- चीन ने 15वीं बार उबेर कप जीता है।
- थॉमस कप का 31वां संस्करण और उबेर कप का 28वां संस्करण था।
- सर्वाधिक बार थॉमस कप (14 बार) और उबेर कप (15 बार) जीतने का रिकॉर्ड क्रमश: इंडोनेशिया और चीन के नाम है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://bwfthomasubercups.bwfbadminton.com/results/4230/totalenergies-bwf-thomas-uber-cup-finals-2020-new-dates/2021-10-09
https://sportstar.thehindu.com/badminton/indonesia-vs-china-thomas-cup-2021-final-aarhus-result-scores-winner-highlights/article37042471.ece

गोल्फ

जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2021

प्रश्न-14 नवंबर, 2021 को संपन्न जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2021 का खिताब किस गोल्फर ने जीता है?

(a) शिव कपूर (b) राशिद खान (c) उदयन माने (d) युवराज सिंह संधू

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 11-14 नवंबर, 2021 के मध्य जीव मिल्खा सिंह आमंत्रण गोल्फ टूर्नामेंट, 2021 चंडीगढ़ गोल्फ क्लब, चंडीगढ़ में संपन्न हुआ।
- इस टूर्नामेंट के प्ले ऑफ में शिव कपूर ने राशिद खान को पराजित कर खिताब जीत लिया।
- इस टूर्नामेंट में उदयन माने तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pgtofindia.com/news/2166

जोजो चैंपियनशिन, 2021

प्रश्न-24 अक्टूबर, 2021 को संपन्न गोल्फ प्रतियोगिता जोजो चैंपियनशिप, 2021 का खिताब किसने जीता है?



(a) ब्रेंडन स्टील (b) कैमरून ट्रिंगेल (c) हिदेकी मात्सुयामा (d) सैम राइडर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को पीजीए टूर सत्र, 2021 की गोल्फ प्रतियोगिता जोजो चैंपियनशिप, 2021 चीबा, जापान में संपन्न हुई।
- इस गोल्फ चैंपियनशिप का खिताब जापान के हिदेकी मात्सुयामा ने जीत लिया।
- अमेरिकी गोल्फर ब्रेंडन स्टील और कैमरून ट्रिंगेल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.si.com/golf/news/2021-zozo-championship-purse-prize-money-payouts-for-the-pga-tour-event-in-japan

फॉर्मूला वन

ब्राजीलियन ग्रैंड प्रिक्स, 2021

प्रश्न-14 नवंबर, 2021 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस ब्राजीलियन ग्रैंड प्रिक्स, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) लुईस हैमिल्टन (b) वाल्टेरी बोट्टास (c) मैक्स वर्सटाप्पेन (d) पियरे गैस्ली



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 12-14 नवंबर, 2021 के मध्य फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2021 की 19वीं कार रेस ब्राजीलियन ग्रैंड प्रिक्स, 2021 साओ पाउलो, ब्राजील में संपन्न हुई।
- यह कार रेस मर्सिडीज के चालक लुईस हैमिल्टन (यू.के.) ने जीत लिया।
- रेड बुल के चालक मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड्स) दूसरे स्थान पर रहे।
- मर्सिडीज के चालक वाल्टेरी बोट्टास (फिनलैंड) तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2021/Brazil.html

यू.एस. ग्रैंड प्रिक्स, 2021

प्रश्न-24 अक्टूबर, 2021 को संपन्न फॉर्मूला वन कार रेस यू.एस. ग्रैंड प्रिक्स, 2021 का खिताब किसने जीता है?

(a) वाल्टेरी बोट्टास (b) मैक्स वर्सटाप्पेन (c) लुईस हैमिल्टन (d) सर्जियो पेरेज



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 22-24 अक्टूबर, 2021 के मध्य फॉर्मूला वन वर्ल्ड चैंपियनशिप, 2021 की कार रेस यू.एस. ग्रैंड प्रिक्स, 2021 ऑस्टिन, अमेरिका में संपन्न हुई।विजेता-मैक्स वर्सटाप्पेन (नीदरलैंड), टीम-रेडबुल (यू.के.)मर्सिडीज टीम के चालक लुईस हैमिल्टन (यू.के.) दूसरे स्थान पर रहे।
- रेडबुल टीम के चालक सर्जियो पेरेज (मेक्सिको) तीसरे स्थान पर रहे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.formula1.com/en/racing/2021/United_States.html

खेल विविध

राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान के बहुआयामी साहसिक खेल अभियान

प्रश्न-27 अक्टूबर, 2021 को रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबंद्ध खेल संस्थान के बहुआयामी साहसिक खेल अभियान को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान के दौरान नियोजित बहुआयामी गतिविधियों के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?



(a) इस अभियान के दौरान यूरोप के सबसे ऊंचे शिखर आल्पस पर्वतमाला के माउंट ब्लैक पर चढ़ाई की जाएगी।

(b) आल्पस पर्वत से इंग्लिश चैनल तक लगभग 1,000 किमी. की माउंटेन टेरेन बाइकिंग होगी।

(c) स्कूबा प्रशिक्षकों द्वारा इंग्लिश चैनल को तैर कर पार किया जाएगा।

(d) द्वितीय विश्व युद्ध के प्रसिद्ध नॉरमैंडी लैंडिंग जोन में 10,000 से 15,000 फीट तक पैराजंपिंग की जाएगी।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2021 को रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबंध खेल संस्थान के बहुआयामी साहसिक खेल अभियान को नई दिल्ली से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान का यह दल नवंबर, 2021 में फ्रांस के जनरल एरिया चामोनिक्स में इस अभियान का संचालन करेगा।
- चोमोनिक्स को यूरोप की साहसिक राजधानी माना जाता है।
- इस अभियान का नेतृत्व राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान के निदेशक कर्नल सरफराज सिंह कर रहे हैं।
- सरकार के 'आजादी का अमृत महोत्सव विषय के अनुरूप इस अभियान का उद्देश्य जल, थल, नभ के क्षेत्र में भारत के पहले बहुआयामी साहसिक खेल अभियान के संचालन द्वारा देश में साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के समग्र उद्देश्य के साथ स्वतंत्रता के 75 वर्षों का उत्सव मनाने का लक्ष्य है।
- यह संस्थान तीनों क्षेत्रों (जल, थल और नभ) में संस्थान के गतिशील कौशल और साहसिक विशेषज्ञता का प्रदर्शन करेगा।

- इस अभियान के दौरान बहुआयामी गतिविधियां विभिन्न स्थानों यथा-आल्पस पर्वत, चामोनिक्स, नॉरमैंडी और इंग्लिश चैनल में संचालित की जाएंगी।
- अभियान के दौरान नियोजित बहुआयामी गतिविधियां निम्नलिखित हैं-

1. यूरोप के सबसे ऊंचे शिखर आल्पस पर्वतमाला के माउंट ब्लैक पर चढ़ाई।
2. आल्पस के घाटी तल के पास बहुस्तरीय पैराग्लाइडिंग की शुरुआत।
3. आल्पस पर्वत से इंग्लिश-चैनल तक लगभग 1000 किमी. की माउंटेन टेरेन बाइकिंग।
4. स्कूबा प्रशिक्षकों द्वारा इंग्लिश चैनल में 40 मीटर की गहराई तक स्कूबा डाइविंग।
5. द्वितीय विश्वयुद्ध के प्रसिद्ध नॉरमैंडी लैंडिंग जोन में 10,000 से 15,000 फीट तक पैराजंपिंग।

- इन सभी गतिविधियों के दौरान जल, थल या नभ में तिरंगा फहराने के साथ ही तीन रंगों का प्रदर्शन भी किया जाएगा।
- वर्ष 2003 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के द्वारा की गई घोषणा के अनुपालन में वर्ष 2013 में अरुणाचल प्रदेश के दिरंग में राष्ट्रीय पर्वतारोहण और संबद्ध खेल संस्थान की स्थापना की गई थी।
- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह इस संस्थान के अध्यक्ष और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री उपाध्यक्ष हैं।
- यह देश का एकमात्र संस्थान है, जिसे तीनों क्षेत्रों अर्थात जल, थल और नभ में साहसिक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण कराना अनिवार्य है।
- विगत 5 वर्षों के दौरान इस संस्थान ने माउंट एवरेस्ट अभियान, माउंट त्रिशूल, माउंट कुन, माउंट गोरिचने, माउंट कैंटो-6 और विभिन्न अन्य पर्वत चोटियों सहित अनेक अभियानों का संचालन किया।
- इस संस्थान की साइक्लिंग टीम ने वर्ष 2019-20 में चार दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों म्यांमार, थाईलैंड, मलेशिया और सिंगापुर के लिए मोटर बाइक अभियान चलाया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766987

एबी डिविलियर्स

प्रश्न-19 नवंबर, 2021 को दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की। डिविलियर्स के संबंध में विकल्प में कौन-सा कथन सही नहीं है?



(a) डिविलियर्स ने अप्रैल, 2019 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।
(b) आईपीएल में वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ से खेलते थे।

(c) 228 वनडे मैचों में उन्होंने 9577 रन बनाए हैं।

(d) टेस्ट में उन्होंने 22 शतक और वनडे में 25 शतक बनाए।

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की।
- डिविलियर्स ने मई, 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया था।
- आईपीएल में वह रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ से खेलते थे।
- डिविलियर्स के नाम सबसे अधिक आईसीसी पुरुष वनडे प्लेयर ऑफ द ईयर पुरस्कार जीतने का रिकॉर्ड है।
- उन्होंने इसे तीन बार वर्ष 2010, 2014 और 2015 में जीता है।
- इस पुरस्कार को जीतने के मामले में वह विराट कोहली के साथ बराबरी पर है, क्योंकि विराट भी इस पुरस्कार को तीन बार जीत चुके हैं।
- विगत वर्ष आईसीसी अवॉर्ड्स ऑफ द डिकेड में डिविलियर्स को दशक के पुरुष क्रिकेटर के साथ-साथ पुरुषों के वनडे क्रिकेटर ऑफ द डिकेड के लिए सर गारफील्ड सोबर्स अवॉर्ड हेतु नामांकित किया गया था।
- डिविलियर्स ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच में दिसंबर, 2004 में इंग्लैंड के विरुद्ध पदार्पण किया और अंतिम टेस्ट मैच मार्च, 2018 में ऑस्ट्रेलिया के विरूद्ध खेला।
- वनडे में उन्होंने फरवरी, 2005 में इंग्लैंड के विरुद्ध पदार्पण किया और फरवरी, 2018 में भारत के विरुद्ध अंतिम मैच खेला।
- अपने अंतरराष्ट्रीय कैरियर में उन्होंने 114 टेस्ट, 228 वनडे और 78 टी-20 मैच खेले।
- 114 टेस्ट मैचों में उन्होंने 8765 रन बनाए और 7 विकेट हासिल किए।
- 228 वनडे मैचों में उन्होंने 9577 रन और 7 विकेट हासिल किए।
- 78 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उन्होंने 1672 रन बनाए।
- टेस्ट में उन्होंने 22 शतक और वनडे में 25 शतक बनाए।
- आईपीएल में वह 184 मैच खेले और 5162 रन बनाए।
- डिविलियर्स टेस्ट मैचों में 11 बार शून्य पर आउट हुए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/cricket-news/119897/de-villiers-retires-from-all-forms-of-cricket-cricbuzzcom

अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज

प्रश्न-19 नवंबर, 2021 को कौन बल्लेबाज अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाला बल्लेबाज बन गया?



(a) बाबर आजम (b) रोहित शर्मा (c) मार्टिन गुप्टिल (d) विराट कोहली

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए।
- गुप्टिल ने यह उपलब्धि तीन मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय शृंखला के दूसरे मैच में रांची में भारत के विरुद्ध हासिल की।
- गप्टिल ने 112 टी-20 मैचों में 3299 रन बनाए हैं।
- इस मामले में भारत के लिए विराट कोहली दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 95 मैचों में 3227 रन बनाए हैं।
- औसत के मामले में कोहली गुप्टिल से आगे हैं।
- कोहली का औसत 52.04 है, जबकि गुप्टिल का औसत 32.66 है।
- अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट में रन बनाने के मामले में रोहित शर्मा तीसरे स्थान पर हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/profiles/1457/martin-guptill

36वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन, 2021

प्रश्न-19 नवंबर, 2021 को संपन्न 36वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन, 2021 के पुरुष वर्ग का विजेता कौन है?



(a) अनिल सिंह (b) हेतराम (c) वेलीयप्पा एबी (d) राहुल कुमार पाल

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर 36वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन, 2021 प्रयागराज में आयोजित हुई।
- विगत वर्ष कोरोना महामारी के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।
- प्रातियोगिता परिणाम-

- पुरुष वर्ग
- विजेता-वेलीयप्पा एबी, आर्मी (2 घंटा, 20 मिनट, 53 सेकेंड)
- दूसरा स्थान-अनिल कुमार सिंह, प्रयागराज (2 घंटा, 22 मिनट, 8 सेकेंड)
- तीसरा स्थान-हेतराम, आर्मी पुणे (2 घंटा, 23 मिनट, 12 सेकेंड)
- महिला वर्ग
- विजेता-नीरमा बेन, गुजरात (2 घंटा, 50 मिनट, 41 सेकेंड)
- दूसरा स्थान-आरती पाटिल, महाराष्ट्र (2 घंटा, 55 मिनट, 29 सेकेंड)
- तीसरा स्थान-तमसी सिंह, मीरजापुर (2 घंटा, 59 मिनट, 59 सेकेंड)
- इस मैराथन के पुरुष एवं महिला वर्ग के विजेता को 2-2 लाख रुपये, उपविजेता को 1-1 लाख रुपये और तीसरे स्थान पर रहे धावकों को 75 हजार रुपये का पुरस्कार प्रदान किया गया।
- इसके साथ ही 11 खिलाड़ियों को 10000 रुपये का सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/cities/lucknow-news/indira-marathon-army-s-valliappa-gujarat-s-nirmaben-bag-top-spots-101637344272860.html

22वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-19 नवंबर, 2021 को संपन्न 22 वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2021 में भारत की तरफ से किसने एकमात्र स्वर्ण पदक जीता है?

(a) अभिषेक वर्मा (b) ज्योति सुरेखा वेन्नम (c) अंकिता भगत (d) मधु वेदवान

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर से 19 नवंबर, 2021 के मध्य 22वीं एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप, 2021 ढाका, बांग्लादेश में संपन्न हुई।
- इस चैंपियनशिप में दक्षिण कोरिया कुल 15 पदकों (9 स्वर्ण, 3 रजत, 3 कांस्य) के साथ इस पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहा।
- भारत ने कुल 7 पदक (1 स्वर्ण, 4 रजत, 2 कांस्य, जीते और पदक तालिका में दूसरे स्थान पर रहा।
- बांग्लादेश और कजाखस्तान ने कुल 3-3 पदक (1 रजत, 2 कांस्य) जीता और पदक तालिका में संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे।

- इस चैंपियनशिप में भारत की तरफ से एकमात्र स्वर्ण पदक महिलाओं की व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में ज्योति सुरेखा वेन्नम ने जीता।
- पुरुषों की रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत के प्रवीण जाधव, कपिल और पार्थ सालुंखे की जोड़ी ने रजत पदक जीता।
- महिलाओं की रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत की अंकिता भगत, रिधि और मधु वेदवान की जोड़ी ने रजत पदक जीता।
- मिश्रित रिकर्व टीम स्पर्धा में भारत की अंकिता भगत और कपिल की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।
- पुरुषों के व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा में अभिषेक वर्मा ने रजत पदक जीता।
- पुरुषों की कंपाउंड टीम स्पर्धा में भारत के अमन सैनी, अभिषेक वर्मा और ऋषभ यादव की जोड़ी ने कांस्य पदक जीता।
- मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में ऋषभ यादव और ज्योति सुरेखा वेन्नम की जोड़ी ने रजत पदक जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://worldarchery.sport/competition/23746/22nd-asian-archery-championships-dhaka

एम.पी. कप पोलो चैंपियनशिप (सर प्रताप सिंह कप), 2021

प्रश्न-14 नवंबर, 2021 को एम.पी. कप पोलो चैंपियनशिप (सर प्रताप सिंह कप), 2021 कहां संपन्न हुई?

(a) दिल्ली (b) जयपुर (c) जोधपुर (d) पटियाला



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2021 को एम.पी. कप पोलो चैंपियनशिप (सर प्रताप सिंह कप), 2021 जयपुर, राजस्थान में संपन्न हुई।
- इसका आयोजन आजादी का अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति मंत्रालय द्वारा किया गया।
- संस्कृति और विदेश राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी ने जयपुर के प्रतिष्ठित पोलो मैदान में पहली गेंद डालकर फाइनल मैच की शुरुआत की।
- इस चैंपियनशिप का आयोजन इंडियन पोलो एसोसिएशन के तत्वावधान में जस्ट इन टाइम स्पोर्ट्स फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था।
- सर प्रताप सिंह कप, 2021 का फाइनल मैच यूरोपीय संघ के राजदूतों सहित लगभग 40 देशों के वरिष्ठ सेना कर्मियों और राजदूतों द्वारा देखा गया।

- फाइनल मुकाबला सोना पोलो और विमल एरियन अचीवर्स की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें विमल एरियन अचीवर्स ने 11-8 से जीत हासिल की।
- जुआन क्रूज लोसादा को उनके असाधारण प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' पुरस्कार प्रदान किया गया।मैच के बाद 61 कैवेलरी द्वारा ट्रिक राइडिंग का प्रदर्शन किया गया।
- सर प्रताप सिंह कप भारत के सबसे ऐतिहासिक और प्रमुख टूर्नामेंटों में से एक है, जिसकी शुरुआत वर्ष 1921 में हुई थी।इस चैंपियनशिप के पूरा होने के साथ ही इसने अपने आयोजन के 100 साल पूरे कर लिए हैं।
- जोधपुर के महाराजा सर प्रताप सिंह ने वर्ष 1921 में एचआरएच द ड्यूक ऑफ कनॉट की भारत यात्रा की स्मृति में इस टूर्नामेंट कप की शुरुआत की थी।
- यह 14 गोल ट्रॉफी है, जिसका आयोजन पहली बार वर्ष 1921 में दिल्ली में किया गया था और इसे पटियाला ने जीता था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1772015

अंडर-23 महिला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-7 नवंबर, 2021 को संपन्न अंडर-23 महिला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 में किस भारतीय महिला पहलवान ने रजत पदक जीता है?

(a) दिव्या काकरान (b) अंजू (c) शिवानी पवार (d) राधिका



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 1-7 नवंबर, 2021 के मध्य अंडर-23 महिला विश्व कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 बेलग्रेड, सर्बिया में संपन्न हुई।
- इस चैंपियनशिप में भारतीय महिला पहलवानों ने कुल 5 पदक (1 रजत, 4 कांस्य) जीते।
- भारत पदक तालिका में ओवरऑल 18वें स्थान पर रहा।
- महिलाओं की फ्रीस्टाइल स्पर्धा के 50 किग्रा. भार वर्ग में भारत की शिवानी पवार ने रजत पदक जीता, जबकि इस भार वर्ग में संयुक्त राज्य अमेरिका की एमिली शिल्सन ने स्वर्ण पदक जीता।
- भारतीय महिला पहलवान अंजू ने फ्रीस्टाइल स्पर्धा के 55 किग्रा. भार वर्ग में, राधिका ने 62 किग्रा. भार वर्ग में, निशा ने 65 किग्रा. भार वर्ग में और दिव्या काकरान ने 72 किग्रा. भार वर्ग में कांस्य पदक जीता।

आईएसएसएफ प्रेसीडेंट्स कप (राइफल/पिस्टल), 2021

प्रश्न-10 नवंबर, 2021 को संपन्न आईएसएसएफ प्रेसीडेंट्स कप (राइफल/पिस्टल), 2021 में भारतीय पुरुष एवं महिला निशानेबाजों ने कुल कितने पदक जीते हैं?

(a) 8 (b) 5 (c) 4 (d) 3

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर से 10 नवंबर, 2021 के मध्य आईएसएसएफ (ISSF) प्रेसीडेंट्स कप, (राइफल/पिस्टल), 2021 व्रोकला, पोलैंड में संपन्न हुआ।
- प्रेसीडेंट्स कप में भारत ने कुल 5 पदक (दो स्वर्ण, दो रजत एवं एक कांस्य) जीते हैं।
- भारत के मनु भाकर और ईरान के जावद फरौधी की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।
- 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा का स्वर्ण पदक भारत के मनु भाकर और तुकी के ओजगुर वार्लिक की जोड़ी ने जीता।
- मनु और ओजगुर की जोड़ी ने फाइनल में चीन की जियाओ जियारूइजुआन और एस्टोनिया के पीटर ओलेस्क की जोड़ी को पराजित किया।
- महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भारत की राही सरनोबत ने रजत पदक जीता, जबकि इस स्पर्धा का स्वर्ण पदक जर्मनी की डोरिन वेनेकैंप ने जीता।
- पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में भारत के सौरभ चौधरी ने रजत पदक जीता।
- भारत के अभिषेक वर्मा ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जर्मनी के क्रिस्चियन रीट्ज ने जीता।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.issf-sports.org/competitions/venue/results.ashx?cshipid=3067

सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाईल और महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2021

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को संपन्न सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाईल और महिला राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 में महिला टीम चैंपियनशिप में कौन पहले स्थान पर रहा?

(a) आरएसपीबी (b) एसएससीेबी (c) हरियाणा (d) दिल्ली



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 11 से 13 नवंबर, 2021 के मध्य सीनियर पुरुष फ्रीस्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाईल और राष्ट्रीय महिला कुश्ती चैंपियनशिप, 2021 नंदिनी नगर, गोंडा, उत्तर प्रदेश में संपन्न हुई।
- सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (SSCB) 195 अंकों के साथ ग्रीको रोमन में विजेता बना, जबकि रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (RSPB) 175 अंकों के साथ दूसरे और हरियाणा 139 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- महिला टीम चैंपियनशिप में हरियाणा 188 अंकों के साथ पहले, आरएसपीबी 147 अंकों के साथ दूसरे और दिल्ली 112 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- पुरुष फ्री स्टाइल स्पर्धा में सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड (SSCB) ने 165 अंकों के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (RSPB) 150 अंको के साथ दूसरे और हरियाणा 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।
- रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड (RSPB) तीनों वर्गों में उपविजेता रहा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.insidesport.in/senior-national-wrestling-championship-2021-day-1-result-check-full-results-of-greco-roman-style-women-national-wrestling/

आईपीएल की 2 नई टीमें

प्रश्न-25 अक्टूबर, 2021 को आईपीएल के 15वें सीजन में कौन-सी दो फ्रेंचाइजी टीमें शामिल होंगी?

(a) पुणे और जयपुर (b) लखनऊ और अहमदाबाद

(c) लखनऊ और पुणे (d) अहमदाबाद और पुणे



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को दुबई में आईपीएल में 2 नई टीमों के लिए नीलामी प्रक्रिया संपन्न हुई।
- इन दो फ्रेचाइजियों के लिए 10 से अधिक पार्टियों ने बोली लगाई।
- आरपीएसजी वेंचर्स लि. (गोयनका ग्रुप) ने सर्वाधिक 7090 करोड़ रुपये की बोली लगाकर लखनऊ की फ्रेंजाइजी टीम खरीदी।
- इरीलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड (सीवीसी कैपिटल पार्टनर्स) ने सर्वाधिक 5625 करोड़ रुपये की बोली लगाकर अहमदाबाद की फ्रेंचाइजी टीम को खरीदा।

- आईपीएल के 15 वें सीजन अर्थात वर्ष 2022 में होने वाले मेगा ऑक्शन में अब 10 टीमें हिस्सा लेंगी।
- उल्लेखनीय है कि गोयनका ग्रुप इससे पूर्व भी आईपीएल का हिस्सा रह चुका है।
- इस ग्रुप ने वर्ष 2016 और 2017 में राइजिंग पुणे सुपर जाएंट्स फ्रेंचाइजी खरीदी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.iplt20.com/news/247480/bcci-announces-the-successful-bidders-for-two-new-indian-premier-league-franchises

एमसीसी के 18 नए मानद आजीवन सदस्य

प्रश्न-19 अक्टूबर, 2021 को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने 18 नए मानद आजीवन सदस्यों की घोषणा की। मानद आजीवन सदस्यता प्राप्त सदस्यों के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) भारत के हरभजन सिंह और जवागल श्रीनाथ को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है।

(b) मानद आजीवन सदस्यता पाने वाले 4 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों में हाशिम अमला, हर्शल गिब्स, जैक्स कॉलिस और मोर्ने मोर्कल शामिल हैं।

(c) श्रीलंका के एकमात्र क्रिकेटर कुमार संगकारा को मानद आजीवन सदस्यता मिली है।

(d) जिम्बॉब्वे के एकमात्र क्रिकेटर ग्रांट फ्लावर को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है।

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 अक्टूबर, 2021 को मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने 18 नए मानद आजीवन सदस्यों की घोषणा की।
- भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह और पूर्व तेज गेंदबाज जवागल श्रीनाथ उन 18 क्रिकेटरों में शामिल हैं, जिन्हें एमसीसी ने मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की है।
- हरभजन सिंह और जवागल श्रीनाथ दोनों का बेहतरीन अंतरराष्ट्रीय कैरियर रहा हैं।
- हरभजन सिंह टेस्ट में भारत के तीसरे सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज है।
- उन्होंने 103 टेस्ट में 417 विकेट लिए हैं।
- श्रीनाथ एकदिवसीय मैचों में भारत के दूसरे सबसे अधिक विकेट (315 विकेट) लेने वाले गेंदबाज हैं।

- इस वर्ष की सूची में 12 टेस्ट खेलने वाले देशों में से 8 को प्रतिनिधित्व दिया गया है, जिसमें आधुनिक खेल में सबसे अधिक पहचाने जाने वाले नाम शामिल हैं।
- भारत के 2 खिलाड़ियों के अलावा इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के चार-चार खिलाड़ियों और वेस्टइंडीज के तीन, ऑस्ट्रेलिया के दो और न्यूजीलैंड, जिम्बॉब्वे और श्रीलंका के एक-एक खिलाड़ियों को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है।
- इंग्लैंड से टेस्ट में सर्वाधिक रन बनाने वाले एलिस्टेयर कुक के साथ-साथ इयान बेल, मार्कस ट्रेस्कोथिक और सारा टेलर (महिला विकेटकीपर) को मानद आजीवन सदस्यता मिली है।
- इन तीनों ने मिलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 39000 से अधिक रन बनाए हैं।
- मानद आजीवन सदस्यता पाने वाले चार दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ियों में हाशिम अमला, हर्शल गिब्स, जैक्स कैलिस और मोर्ने मोर्कल शामिल हैं।
- कैलिस ने 13,289 टेस्ट रन बनाए हैं और सर्वकालिक रन बनाने वालों की सूची में तीसरे स्थान पर हैं।
- ऑस्ट्रेलिया के एलेग्जेंडर ब्लैकवेल (महिला बल्लेबाज) और डेमियन मार्टिन को मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है।
- वेस्टइंडीज के आजीवन सदस्यता प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में इयान विशप, शिवनारायण चंद्रपॉल, रामनरेश सखन शामिल हैं।
- टेस्ट क्रिकेट में 433 विकेट लेने वाले श्रीलंका के रंगना हेराथ को भी मानद आजीवन सदस्यता दी गई है।
- मानद आजीवन सदस्यता पाने वालों में न्यूजीलैंड की सारा मैकग्लाशन भी हैं, जिन्होंने 14 वर्ष के कॅरियर के दौरान 200 से अधिक मैच खेले हैं।
- जिम्बॉब्वे के हरफनमौला खिलाड़ी ग्रांट फ्लावर को भी एमसीसी की मानद आजीवन सदस्यता प्रदान की गई है।
- फ्लावर को 288 मैचों में बनाए गए 10000 अंतरराष्ट्रीय रनों के लिए मान्यता दी गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.lords.org/lords/news-stories/mcc-announces-new-honorary-life-members

चर्चित खेल व्यक्तित्व

भारत के 72वें ग्रैंडमास्टर

प्रश्न-नवंबर, 2021 में कौन युवा शतरंज खिलाड़ी भारत का 72वां ग्रैंडमास्टर बन गया है?

(a) संकल्प गुप्ता (b) मित्राभ गुहा (c) राजा ऋत्विक (d) लियोन मेंडोका



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में कोलकाता के मित्राभ गुहा सर्बिया में शतरंज टूर्नामेंट के दौरान तीसरा एवं अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करके भारत के 72 वें ग्रैंडमास्टर बने।
- यह उपलब्धि उन्होंने सर्बिया के नोविसाद में आयोजित ग्रैंडमास्टर थर्ड सैटरडे मिक्स 220 (Third Saturday Mix 220) टूर्नामेंट में अंतिम मानकों को पूरा करके हासिल की।
- गुहा ने अपना दूसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म एक पखवाड़ा पहले बांग्लादेश में आयोजित श्ेाख रसेल ग्रैंडमास्टर टूर्नामेंट में हासिल किया था।
- गुहा से पूर्व संकल्प गुप्ता सर्बिया के नोविसाद में आयोजित इसी टूर्नामेंट में तीसरा एवं अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करके भारत के 71वें ग्रैंडमास्टर बने थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/sports/chess/mitrabha-guha-becomes-indias-72nd-grand-master/articleshow/87607633.cms

भारतीय क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच

प्रश्न-3 नवंबर, 2021 को किसे भारतीय क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है?

(a) राहुल द्रविड़ (b) वी.वी.एस. लक्ष्मण (c) गैरी कस्टर्न (d) अनिल कुंबले



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2021 को सुलक्षणा नाइक और आर.पी. सिंह की क्रिकेट सलाहकार समिति ने सर्वसम्मति से राहुल द्रविड़ को सीनियर पुरुष भारतीय क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया।
- पूर्व भारतीय कप्तान राहुल द्रविड़ नवंबर, 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली सीरीज से कार्यभार संभालेंगे।
- वे इस पद पर पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का स्थान लेंगे।

- शास्त्री का कार्यकाल मौजूदा आईसीसी टी-20 विश्व कप के बाद समाप्त हो जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.bcci.tv/articles/2021/news/155228/mr-rahul-dravid-appointed-as-head-coach-team-india-senior-men-#!

माई 11 सर्किल के नए ब्रांड एंबेसडर

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में फैंटेसी क्रिकेट प्लेटफार्म माई 11 सर्किल ने किस भारतीय क्रिकेटर को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया आवेश है?



(a) आवेश खान (b) मोहम्मद सिराज (c) जहीर खान (d) ऋतुराज गायकवाड़

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को गेम्स 24×7 फैंटेसी क्रिकेट प्लेटफॉर्म माई 11 सर्किल (My 11 Circle) ने भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद सिराज को अपना नया ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया।
- मोहम्मद सिराज भारतीय टीम की तरफ से और आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की तरफ खेलते हैं।
- माई 11 सर्किल के अन्य ब्रांड एंबेसडर सौरव गांगुली, अजिंक्य रहाणे, वीवीएस लक्ष्मण और बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह हैं।
- माई 11 सर्किल 10+ मिलियन खिलाड़ियों के उपयोगकर्त्ता आधार के साथ अग्रणी फैंटेसी प्लेटफार्मों में से एक है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.financialexpress.com/brandwagon/my11circle-brings-mohammed-siraj-onboard-as-brand-ambassador/2358621/

अंतरराष्ट्रीय जिमनास्टिक्स फेडरेशन के अध्यक्ष

प्रश्न-6 नवंबर, 2021 को किसे अंतरराष्ट्रीय जिम्नास्टिक फेडरेशन (एफआईजी) का अध्यक्ष चुना गया है?



(a) फरीद गेइबोव (b) मोरिनारी वातानाबे (c) गेरार्ड मुलर (d) फुमिओ किशिदा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 6 नवंबर, 2021 को मोरिनारी वातानाबे (जापानी व्यवसायी) को अंतरराष्ट्रीय जिमनास्टिक फेडरेशन (एफआईजी) का पुन: अध्यक्ष चुना गया।
- वह तीन वर्ष की अवधि तक पदभार संभालेंगे।
- तुर्की में एक सम्मेलन के दौरान आयोजित एफआईजी के अध्यक्ष पद के चुनाव में वातानाबे ने अजरबैजान के फरीद गेइबोव को पराजित किया।
- उन्हें पहली बार वर्ष 2016 में चार वर्षीय कार्यकाल के लिए एफआईजी का अध्यक्ष चुना गया था।
- बाद में उनके कार्यकाल को 1 वर्ष तक के लिए बढ़ा दिया गया था।
- एफआईजी के अध्यक्ष पद का चुनाव पेरिस में वर्ष 2024 में आयोजित ओलंपिक के साथ होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espn.in/olympics/story/_/id/32564144/morinari-watanabe-re-elected-international-gymnastics-president

ड्वेन ब्रावो

प्रश्न-4 नवंबर, 2021 को वेस्टइंडीज के हरफनमौला क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो ने टी-20 विश्वकप की समाप्ति के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। उन्होंने 6 नवंबर, 2021 को अपने कैरियर का अंतिम टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच किस देश के विरुद्ध खेला?

(a) श्रीलंका (b) ऑस्ट्रेलिया (c) न्यूजीलैंड (d) पाकिस्तान



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 4 नवंबर, 2021 को वेस्टइंडीज के हरफनमौला क्रिकेटर ड्वेन ब्रावो ने टी-20 विश्वकप 2021 की समाप्ति के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की।
- आईसीसी टी-20 विश्वकप में 6 नवंबर, 2021 को अबू धाबी में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय टी-20 मैच खेला।
- ब्रावो ने अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच में जुलाई, 2004 में लॉर्डस में इंग्लैंड के विरुद्ध पदार्पण किया था और अपना अंतिम टेस्ट मैच दिसंबर, 2010 में श्रीलंका के विरूद्ध खेला था।
- अंतरराष्ट्रीय एकदिवसीय मैचों में उन्होंने अप्रैल, 2004 में जॉर्जटाउन में इंग्लैंड के विरुद्ध पदार्पण किया और अंतिम एकदिवसीय मैच अक्टूबर, 2014 में धर्मशाला में भारत के विरुद्ध खेला।
- अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैरियर में ब्रावो ने 40 टेस्ट, 164 एकदिवसीय और 91 टी-20 मैच खेले।
- 40 टेस्ट में उन्होंने 2200 रन बनाए और 86 विकेट लिए।
- 164 एकदिवसीय मैचों में उन्होंने 2968 रन बनाए और 199 विकेट लिए।

- ब्रावो ने 91 टी-20 मैचों में 1255 रन बनाए और 78 विकेट लिए।
- आईपीएल में ब्रावो ने 151 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 1537 रन बनाए और 167 विकेट लिए।
- आईपीएल में वह गुजरात लायंस, चेन्नई सुपर किंग्स और मुंबई इंडियंस की तरफ से खेले।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cricbuzz.com/profiles/242/dwayne-bravo

तजामुल इस्लाम

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में 13 वर्षीय कश्मीर की तजामुल इस्लाम ने किस देश में आयोजित विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है।



(a) मिस्र (b) इटली (c) संयुक्त अरब अमीरात (d) जापान

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को कश्मीर की 13 वर्षीय तजामुल इस्लाम ने काहिरा, मिस्र में आयोजित विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप (World Kickboxing Championship) के अंडर-14 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।
- फाइनल में उन्होंने अर्जेंटीना की ललीना को पराजित कर यह उपलब्धि हासिल की।
- तजामुल इस्लाम ने दूसरी बार विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है।
- इससे पूर्व वर्ष 2016 में उन्होंने 8 वर्ष की उम्र में इटली में आयोजित वर्ल्ड सब जूनियर विश्व किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था।
- इसी के साथ वह किकबॉक्सिंग में सब जूनियर स्तर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.worldkickboxingnetwork.com/

एनसीए के नए प्रमुख

प्रश्न-नवंबर, 2021 में बीसीसीआई ने किसे राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का प्रमुख बनाया है?



(a) वीरेंदर सहवाग (b) संजय मांजरेकर (c) वीवीएस लक्ष्मण (d) विजय दहिया

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2021 की बीसीसीआई द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार, भारत के पूर्व बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के अगले प्रमुख होंगे।
- वह इस पद पर राहुल द्रविड़ का स्थान लेंगे, जिन्हें भारतीय क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है।
- लक्ष्मण इससे पूर्व आईपीएल की फ्रेंजाइजी टीम सनराइजर्स हैदराबाद के मेंटर की भूमिका का निर्वहन कर रहे थे।
- इस काम के हिस्से के तौर पर लक्ष्मण को भारत अंडर-19 और भारत 'ए' टीमों की तैयारी भी देखनी होगी, जो सीनियर स्तर पर टीम में जगह बनाने का रास्ता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espn.in/cricket/story/_/id/32637535/vvs-laxman-accepts-bcci-offer-become-nca-chief

संक्षिप्तियां

चर्चित व्यक्ति

अनीता आनंद

प्रश्न-26 अक्टूबर, 2021 को भारतीय मूल की अनीता आनंद किस देश की रक्षा मंत्री बनीं?

(a) न्यूजीलैंड (b) जर्मनी (c) कनाडा (d) आयरलैंड



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2021 को भारतीय मूल की अनीता आनंद कनाडा की रक्षा मंत्री बनीं।
- इस पद पर इन्होंने भारतीय मूल के ही व्यक्ति हरजीत सज्जन का स्थान ली।
- वह लिबरल पार्टी की सदस्य हैं।
- उनका जन्म केंटविल नोवा स्कोटिया शहर (कनाडा) में हुआ था।
- उनकी (Nova Scotia) तथा पिता तमिलनाडु से है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pm.gc.ca/en/cabinet/honourable-anita-anand

https://www.cbc.ca/news/politics/anita-anand-arbour-justice-1.6236969

अंतरिक्ष में चलने वाली पहली चीनी महिला अंतरिक्ष यात्री

प्रश्न-नवंबर, 2021 में कौन अंतरिक्ष में चलने वाली पहली चीनी महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं?

(a) वांग यापिंग (b) ली यापिंग (c) सु लियाओ (d) शी यापिंग



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में वांग यापिंग (Wang Yaping) अंतरिक्ष में चलने वाली पहली चीनी महिला अंतरिक्ष यात्री बनीं।
- उन्होंने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी एयर फोर्स अगस्त, 1997 में ज्वाइन की थी।
- गौरतलब है कि वह अक्टूबर, 2021 में चीन द्वारा 6 माह के मिशन पर निर्माणाधीन अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजे गए शेनझोउ-13 (Shenzhou-13) अंतरिक्षयान में तीन सदस्यीय दल का हिस्सा हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/international/wang-yaping-becomes-first-chinese-woman-astronaut-to-walk-in-space-scripts-history/article37375926.ece

आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति के नए अध्यक्ष

प्रश्न-17 नवंबर, 2021 को किसे आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है?

(a) रमीज राजा (b) सौरव गांगुली (c) जॉनी ग्रेव (d) ग्रेग बार्कले

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2021 को बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को आईसीसी पुरुष क्रिकेट समिति का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।
- यह निर्णय दुबई में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बोर्ड बैठक में लिया गया।
- गांगुली इस पद पर अनिल कुंबले का स्थान ग्रहण करेंगे।
- बोर्ड ने पुरुषों के खेल की तरह ही महिला क्रिकेट के लिए प्रथम श्रेणी दर्जा और लिस्ट एक क्वालीफिकेशन को लागू करने हेतु भी मंजूरी प्रदान की।
- आगे आईसीसी महिला समिति को आईसीसी महिला क्रिकेट समिति के रूप में जाना जाएगा।
- वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) जॉनी ग्रेव को आईसीसी महिला समिति में नियुक्त किया गया है।

- रमीज राजा अफगानिस्तान में क्रिकेट की समीक्षा के लिए गठित आईसीसी कार्यकारी समूह का हिस्सा हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/sport/cricket/ganguly-replaces-kumble-as-icc-crickets-committee-chairman/article37534439.ece

https://www.thehindu.com/sport/cricket/ramiz-raja-part-of-icc-working-group-formed-to-review-cricket-in-afghanistan/article37537624.ece

बच्चों के फुटवियर ब्रांड प्लेटो के ब्रांड एंबेसेडर

प्रश्न-नवंबर, 2021 में बच्चों के फुटवियर ब्रांड प्लेटो ने किस भारतीय क्रिकेटर को अपना ब्रांड एंबेसेडर और मेंटर नियुक्त किया है?



(a) सचिन तेंदुलकर (b) ऋषभ पंत (c) हर्षल पटेल (d) राहुल द्रविड़

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में बच्चों के फुटवियर ब्रांड प्लेटो ने भारतीय क्रिकेटर और वर्तमान में भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को अपना ब्रांड एंबेसेडर और मेंटर नियुक्त किया है।
- इस ब्रांड ने द्रविड़ की विशेषज्ञता Featuring वाले एक अभियान के साथ साझेदारी की घोषणा की है।
- यह अभियान बंगलुरू स्थित पीपल डिजाइन एंड कम्युनिकेशन द्वारा टीम प्लेटो के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है।
- इस वीडियो अभियान को 14 नवंबर, 2021 को ब्रांड के सोशल मीडिया चैनलों पर लाइव कर प्रचारित किया गया।
- प्लेटो के भारत का पहला डी-2 सी (D2C) फुट-स्वास्थ्य केंद्रित फुटवियर ब्रांड है, जिसे विशेष रूप से भारतीय बच्चों के लिए डिजाइन किया गया है।
- प्लेटो की स्थापना मार्च, 2020 में रवि कल्लायिल, सारा किलगोर और पवन करेती ने की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.insidesport.in/plaeto-announces-rahul-dravid-as-brand-ambassador-for-kids-footwear-line/

देश के नए नौसेना प्रमुख

प्रश्न-9 नवंबर, 2021 को केंद्र सरकार ने किसे देश का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया?

(a) वाइस एडमिरल दीपक कुमार (b) वाइस एडमिरल आर.हरि कुमार
(c) वाइस एडमिरल रवि कुमार (d) वाइस एडमिरल राजीव नागर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2021 को केंद्र सरकार ने वाइस एडमिरल आर.हरि कुमार को देश का अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया।
- वे 30 नवंबर, 2021 को पदभार ग्रहण करेंगे।
- वर्तमान में वे पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ हैं।
- इस पद पर वह एडमिरल करमबीर सिंह का स्थान लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1770412

नोवी कपाड़िया

प्रश्न-18 नवंबर, 2021 को नोवी कपाड़िया का निधन हो गया। वह किस खेल से संबंधित थे?

(a) हॉकी (b) फुटबॉल (c) क्रिकेट (d) बैडमिंटन

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2021 को मशहूर फुटबॉल कमेंटेटर नोवी कपाड़िया का निधन हो गया।
- वह मोटर न्यूरोन बीमारी से ग्रसित थे।
- उन्हें भारतीय फुटबॉल का इनसाइक्लोपीडिया कहा जाता था।
- कपाड़िया ने पिछले कई दशक से ओलंपिक, एशियाई खेल एवं राष्ट्रमंडल खेलों में कमेंट्री की।
- अशोक क्लब के संस्थापक कपाड़िया ने स्थानीय लीग में फुटबॉल भी खेला था।
- कपाड़िया ने पुस्तक 'बेयरफूट टू बूट्स: द मेनी लाइव्स ऑफ इंडियन फुटबॉल' लिखी थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://jsnewstimes.com/sports/novi-kapadia-known-as-the-encyclopedia-of-indian-football-passed-away-at-the-age-of-67

अंतरराष्ट्रीय विधि आयोग में निर्वाचित भारतीय

प्रश्न-नवंबर, 2021 में किस भारतीय को अंतरराष्ट्रीय विधि आयोग में निर्वाचित किया गया?

(a) डॉ. उर्जित पटेल (b) प्रो. बिमल पटेल (c) डॉ. विश्वनाथ सिंह (d) संजय चौहान



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के कुलप्रति और भारतीय राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बोर्ड के सदस्य प्रो. बिमल पटेल अंतरराष्ट्रीय विधि आयोग में निर्वाचित हुए।
- उनका कार्यकाल 1 जनवरी, 2023 से शुरू होकर 5 वर्षों का होगा।
- उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा में उपस्थिति और मतदान करने वाले 192 सदस्यों द्वारा डाले गए कुल मतों में से 163 मत हासिल किए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/india/prof-bimal-patel-elected-to-international-law-commission-for-5-yr-term/articleshow/87679438.cms

न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन

प्रश्न-17 नवंबर, 2021 को उच्चतम न्यायालय ने किस उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रहे राकेश कुमार जैन को लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच की निगरानी के लिए नियुक्त किया?

(a) इलाहाबाद उच्च न्यायालय (b) पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय

(c) राजस्थान उच्च न्यायालय (d) मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2021 को उच्चतम न्यायालय ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति राकेश कुमार जैन को लखीमपुर खीरी हिंसा की जांच की निगरानी के लिए नियुक्त किया।
- सीजेआई न्यायमूर्ति एन.वी. रमना और न्यायमूर्ति सूर्यकांत तथा न्यायमूर्ति हिमा कोहली की खंडपीठ ने न्यायमूर्ति जैन के नेतृत्व वाले आयोग को निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच सुनिश्चित करने का निर्देश भी दिया है।
- साथ ही उच्चतम न्यायालय ने इस घटना की जांच-पड़ताल के लिए विशेष जांच दल (SIT) का पुनर्गठन भी किया।

- अब उ.प्र. पुलिस के वर्तमान महानिरीक्षक पद्मजा चौहान भी एसआईटी का हिस्सा होंगी।
- गौरतलब है कि 7 अक्टूबर, 2021 को उ.प्र. सरकार ने भी इस हिंसा की जांच के लिए इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक सदस्यीय आयोग का गठन किया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.deccanchronicle.com/nation/current-affairs/181121/lakhimpur-violence-sc-appoints-ex-judge-rakesh-kumar-jain-to-monitor.html

प्रो. कोनेरू रामकृष्ण राव

प्रश्न-9 नवंबर, 2021 को प्रो. कोनेरू रामकृष्ण राव का निधन हो गया। वह थे-

(a) शिक्षाविद् (b) चित्रकार (c) संगीतज्ञ (d) गणितज्ञ



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2021 को प्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं दार्शनिक प्रो. कोनेरू रामकृष्ण राव का निधन हो गया।
- वह एक मनोवैज्ञानिक भी थे।
- उन्होंने कई किताबें और शोध-पत्र प्रकाशित किए थे।
- वह आंध्र विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर, आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष और आंध्र प्रदेश राज्य योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष सहित विभिन्न पदों पर रहे।
- उन्हें वर्ष 2011 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/cities/Visakhapatnam/koneru-ramakrishna-rao-passes-away/article37409539.ece

एनडीआरएफ के नए महानिदेशक

प्रश्न-नवंबर, 2021 में केंद्र सरकार ने किसे राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया?

(a) आर.के. भटनागर (b) अर्चना राम सुंदरम (c) संजय कुमार (d) अतुल करवाल



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी अतुल करवाल (Atul Karwal) को राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF) का नया महानिदेशक नियुक्त किया।
- इससे पूर्व वह सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी (SVP NPA) में निदेशक थे।
- उनका कार्यकाल 2 वर्ष अथवा अग्रिम ओदश जो भी पहले हो, तक रहेगा।
- इस पद पर इन्होंने एस.एन. प्रधान का स्थान लिया।
- ज्ञातव्य है कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत एनडीआरएफ की स्थापना वर्ष 2006 में हुई थी। प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए एनडीआरएफ का गठन हुआ।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://www.ndrf.gov.in/hi/hiabout-us

मन्नू भंडारी

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को प्रसिद्ध लेखिका एवं कथाकार मन्नू भंडारी का निधन हो गया। उन्हें किस वर्ष के प्रतिष्ठित 'व्यास सम्मान' से सम्मानित किया गया था?



(a) वर्ष 2008 (b) वर्ष 2014 (c) वर्ष 2010 (d) वर्ष 2016

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को प्रसिद्ध लेखिका एवं कथाकार मन्नू भंडारी का निधन हो गया।
- उनका जन्म 3 अप्रैल, 1931 को भानपुरा, इंदौर स्टेट, ब्रिटिश इंडिया में हुआ था।
- नई कहानी आंदोलन की अग्रदूत एवं महिलाओं की आजादी जैसे विषयों पर लिखने वाली मन्नू भंडारी ने 'महाभोज' तथा 'आपका बंटी' जैसे उपन्यासों से अपनी एक अलग पहचान बनाई।
- उनकी लिखी एक कहानी 'यही सच है' पर बासु चटर्जी ने वर्ष 1974 में 'रजनीगंधा' फिल्म भी बनाई थी।
- हिंदी साहित्य में एक कथाकार के रूप में उन्होंने महत्वपूर्ण योगदान दिया है।
- 'मैं हार गई', 'तीन निगाहों की एक तस्वीर', 'एक प्लेट सैलाब' 'यही सच है', 'आंखों देखा झूठ' और 'त्रिशंकु' आदि इनकी प्रमुख रचनाएं हैं।
- उन्होंने अपने पति और प्रसिद्ध साहित्यकार एवं लेखक राजेंद्र यादव के साथ उपन्यास 'एक इंच मुस्कान' लिखा था। जो पढ़े-लिखे और आधुनिकता पसंद लोगों की एक दुखभरी प्रेमकथा है।
- उन्हें के.के. बिड़ला फाउंडेशन द्वारा उनके उपन्यास 'इक कहानी यह भी' के लिए वर्ष 2008 के प्रतिष्ठित 'व्यास सम्मान' से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://indianexpress.com/article/india/manu-bhandari-obituary-hindi-literature-7624750/

बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे का निधन हो गया। वह थे-

(a) साहित्यकार (b) इतिहासकार (c) पर्यावरणविद् (d) संगीतकार



उत्तर-(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को प्रसिद्ध इतिहासकार बलवंत मोरेश्वर पुरंदरे का निधन हो गया।
- उनका जन्म 29 जुलाई, 1922 को हुआ था।
- वे बाबासाहेब पुरंदरे के नाम से भी लोकप्रिय थे।
- उपनाम शिवशाहीर के नाम से प्रसिद्ध पुरंदरे ने छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित कई पुस्तकें लिखीं।
- दो भागों में लिखी गई "राजा शिवछत्रपती' इनकी प्रसिद्ध मराठी पुस्तक है।
- उन्होंने वर्ष 1980 के दशक के मध्य में 'जाणता राजा' (Jaanta Raja) शीर्षक के साथ शिवाजी महाराज के जीवन पर केंद्रित नाटक लिखा और उसका निर्देशन किया।
- वर्ष 2019 में उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।
- उन्हें वर्ष 2015 में महाराष्ट्र भूषण पुरस्कार दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://economictimes.indiatimes.com/news/india/historian-padma-vibhushan-awardee-babasaheb-purandare-dead/articleshow/87708769.cms

राज्यसभा के नए महासचिव

प्रश्न-नवंबर, 2021 में किसे राज्यसभा का नया महासचिव नियुक्त किया गया?

(a) प्रमोद चंद्र मोदी (b) देश दीपक शर्मा (c) डॉ. पीपीके रामाचार्युलु (d) संजय अग्रवाल



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में प्रमोद चंद्र मोदी को राज्यसभा का नया महासचिव नियुक्त किया गया।

- इससे पूर्व वह केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) के पूर्व अध्यक्ष थे।
- इस पद पर इन्होंने डॉ. पीपीके रामाचार्युलु (P.P.K. Ramacharyulu) का स्थान लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/former-cbdt-chairman-p-c-mody-appointed-as-new-secretary-general-of-rajya-sabha/article37451546.ece

जनरल प्रभु राम शर्मा

प्रश्न-10 नवंबर, 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किस देश की सेना के चीफ ऑफ द आर्मी स्टॉफ जनरल प्रभु राम शर्मा को भारतीय सेना के जनरल की मानक उपाधि प्रदान की?



(a) बांग्लादेश (b) इंडोनेशिया (c) श्रीलंका
(d) नेपाल

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने नेपाली सेना के चीफ ऑफ द आर्मी स्टॉफ जनरल प्रभु राम शर्मा को भारतीय सेना के जनरल की मानद उपाधि प्रदान की।
- गौरतलब है कि नवंबर, 2020 में भारतीय सेना प्रमुख जनरल एम एम नरवणे को नेपाल सेना जनरल की मानद रैंक प्रदान की गई थी।
- जनरल शर्मा ने न केवल भारतीय सेना और नेपाली सेना के बीच, बल्कि विश्व की अन्य सेनाओं के साथ भी सद्भावना और आपसी समझ के आधार पर मैत्री के मौजूदा संबंधों को बढ़ावा देने में अनुकरणीय योगदान दिया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770543

श्रीलंका के पहले टेस्ट कप्तान का निधन

प्रश्न-18 अक्टूबर, 2021 को श्रीलंका के पहले टेस्ट क्रिकेट कप्तान का निधन हो गया। उनका क्या नाम था?



(a) अशांथा डी मेल (b) अजीत डी सिल्वा (c) बांडुला वर्णपुरा (d) सुशील फर्नांडो

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 अक्टूबर, 2021 को श्रीलंका के पहले टेस्ट क्रिकेट कप्तान बांडुला वर्णपुरा का निधन हो गया।
- उन्होंने फरवरी, 1982 में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका की क्रिकेट टीम का नेतृत्व किया।इस मैच में उन्होंने पहली गेंद का सामना किया और श्रीलंका के लिए पहला रन भी बनाया।
- उन्होंने एक ही मैच में ओपनिंग बल्लेबाजी और ओपनिंग गेंदबाजी (दूसरी पारी) का दुर्लभ रिकॉर्ड भी बनाया।वर्णपुरा वर्ष 1975 से 1982 के बीच चार टेस्ट और 12 एकदिवसीय मैच श्रीलंका की तरफ से खेले।उन्होंने 12 एकदिवसीय मैचों में 180 रन बनाए।
- उन्होंने 4 टेस्ट और 8 वनडे में कप्तानी की।
- वर्ष 1975 विश्व कप में वेस्टइंडीज के विरुद्ध उन्होंने पहला वनडे खेला था।
- उन्होंने वनडे में 8 विकेट भी लिए हैं।
- वर्णपुरा का कॅरियर तब खत्म हुआ जब 1982-83 सत्र में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद के कारण श्रीलंका क्रिकेट ने उन पर प्रतिबंध लगा दिया।
- 1990 के दशक में उन्होंने कोच की भूमिका भी निभाई।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.espncricinfo.com/story/sri-lankas-first-test-captain-bandula-warnapura-dies-at-68-1283609

शक्तिकांत दास

प्रश्न-28 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को कितने वर्षों का सेवा विस्तार दिया?



(a) 1 वर्ष (b) 2 वर्ष (c) 3 वर्ष (d) 5 वर्ष

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास को 3 वर्ष का सेवा विस्तार दिया।
- अब उनका कार्यकाल दिसंबर, 2024 तक रहेगा।
- उनको दिसंबर, 2018 में 3 वर्षों के लिए आरबीआई का 25वां गवर्नर नियुक्त किया गया था।
- इस पद पर इन्होंने डॉ. उर्जित पटेल का स्थान लिया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/business/Economy/shaktikanta-das-given-3-year-extension-as-rbi-governor/article37224735.ece

डॉ. एस. एन. सुब्बाराव

प्रश्न-27 अक्टूबर, 2021 को डॉ. एस.एन. सुब्बाराव का निधन हो गया। वह थे-

(a) संगीतकार (b) इतिहासकार (c) गांधीवादी विचारक (d) पर्यावरणविद्



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2021 को प्रसिद्ध गांधीवादी विचारक डॉ. एस.एन. सुब्बाराव का निधन हो गया।
- उन्होंने चंबल के 600 से अधिक डाकुओं का आत्मसमर्पण कराया था।
- 13 वर्ष की उम्र में उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेने के लिए गिरफ्तार किया गया था।
- उन्हें पद्म श्री, विश्व मानवाधिकार प्रोत्साहन पुरस्कार तथा राजीव गांधी राष्ट्रीय सद्भावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/eminent-gandhian-sn-subba-rao-passes-away-in-jaipur/article37184516.ece

चर्चित स्थल

नेवाडो डेल रूइज ज्वालामुखी

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को नेवाडो डेल रूइज ज्वालामुखी में विस्फोट प्रारंभ हुआ। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?

(a) फिलीपींस (b) जापान (c) इक्वाडोर (d) कोलंबिया



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2021 को कोलंबिया में स्थित नेवाडो डेल रुइज ज्वालामुखी में विस्फोट प्रारंभ हुआ।
- इस विस्फोट के संबंध में कोलंबियाई जियोलॉजिकल सर्विस ने जानकारी प्रदान की।
- पश्चिमी कोलंबिया में स्थित नेवाडो डेल रूइज ज्वालामुखी प्रशांत महासागर के चारो ओर एक पथ के रूप में विस्तित रिंग ऑफ फॉयर में स्थित कई ज्वामुखियों में से एक है।
- 36 वर्ष पहले (वर्ष 1985) इस ज्वालामुखी में विस्फोट हुआ था जिससे एक पूरा शहर 'आर्मेरो' नष्ट हो गया था।
- इस घटना में काफी लोगों की मौत हो गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/world-news/volcano-that-wiped-out-entire-town-in-colombia-is-active-again-101636922188659.html

आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी। इस विश्वविद्यालय की निर्माण लागत राशि कितनी होगी?

(a) 108 करोड़ रुपये (b) 112 करोड़ रुपये (c) 115 करोड़ रुपये (d) 118 करोड़ रुपये



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2021 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ एवं बस्ती में कई विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया।
- अमित शाह ने आजमगढ़ में आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय की आधारशिला रखी।
- यह विश्वविद्यालय 49.42 एकड़ भूमि पर बनाया जाएगा।
- इस विश्वविद्यालय की निर्माण लागत राशि 108 करोड़ रुपये होगी।
- आजमगढ़ राज्य विश्वविद्यालय से आजमगढ़ व मऊ जिले के 400 महाविद्यालयों को संबद्ध किया जाएगा।
- इसके अलावा अमित शाह ने बस्ती में सांसद खेल महाकुंभ का उद्घाटन किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://information.up.gov.in/sites/default/files/press-release/PN-CM%20%26%20Union%20Home%20Minister-Azamgarh%20Visit-State%20University%20Shilanyas-13%20November%2C%202021.pdf

सेवा सेतु कार्यक्रम

प्रश्न-22 अक्टूबर, 2021 को किस राज्य में सेवा सेतु कार्यक्रम के सातवें चरण का शुभारंभ मणिपुर गांव से किया गया है?

(a) छत्तीसगढ़ (b) मध्य प्रदेश (c) गुजरात (d) राजस्थान



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने राज्यव्यापी 'सेवा सेतु कार्यक्रम' के सातवें चरण का शुभारंभ किया।
- इसका शुभारंभ उन्होंने अहमदाबाद जिले के साणंद तालुका में स्थित मणिपुर गांव से किया।
- इस कार्यक्रम के तहत स्थानीय लोगों को सरकारी कार्यालयों का दौरा किए बिना उनके घर पर आय प्रमाण-पत्र, विधवा पेंशन, जाति प्रमाण-पत्र और राशन कार्ड की प्रति जैसे दस्तावेज और प्रमाण-पत्र उपलब्ध कराए जाते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/city/ahmedabad/ahmedabad-gujarat-cm-bhupendra-patel-launches-seventh-phase-of-seva-setu-initiative/articleshow/87211645.cms

जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक

प्रश्न-22 अक्टूबर, 2021 को भारत ने जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक को औपचारिक रूप से नेपाल सरकार को सौंपा। जयनगर बिहार के किस जिले में स्थित हैं?



(a) खगड़िया (b) किशनगंज (c) मधुबनी (d) अरवल

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 22 अक्टूबर, 2021 को भारत ने जयनगर-कुर्था रेलवे लिंक को औपचारिक रूप से नेपाल सरकार को सौंपा।
- इस रेलवे लिंक के निर्माण के लिए वित्तपोषण भारत सरकार द्वारा किया गया है।
- भारत में जयनगर से नेपाल के कुर्था के बीच 34.9 किमी. लंबे नैरो लिंक गेज को ब्रॉड गेज में बदला गया है।
- इस रेल लिंक से व्यापार और वाणिज्य गतिविधियों के साथ-साथ दोनों देशों के बीच संपर्क बढ़ने की संभावना है।
- यह परियोजना नेपाल के ऐतिहासिक शहर जनकपुर से होकर गुजरेगी।
- रेल लिंक जयनगर-कुर्था खंड 68.7 किमी. लंबे जयनगर-बिजलपुरा-बरदीदास रेल लिंक का हिस्सा है।
- जयनगर बिहार के मधुबनी जिले में स्थित है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.theindiaprint.com/international-news-english/india-completed-construction-of-34.9-km-long-jayanagar-kurtha-rail-line-handed-over-to-nepal-114029

कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा

प्रश्न-20 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले में निर्मित कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इस हवाई अड्डे की अनुमानित निर्माण लागत राशि कितनी है?



(a) 280 करोड़ रुपये (b) 260 करोड़ रुपये (c) 255 करोड़ रुपये (d) 240 करोड़ रुपये

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 20 अक्टूबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुशीनगर जिले में निर्मित कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया।
- इस हवाई अड्डे की अनुमानित निर्माण लागत राशि 260 करोड़ रुपये है।
- यह उत्तर प्रदेश का 9वां क्रियाशील हवाई अड्डा है।
- यह हवाई अड्डा घरेलू और अंतरराष्ट्रीय तीर्थयात्रियों को भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण स्थल पर जाने की सुविधा प्रदान करेगा।
- प्रधानमंत्री ने महापरिनिर्वाण मंदिर में अभिधम्म दिवस पर लोगों को संबोधित किया।
- प्रधानमंत्री ने राजकीय मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर के शिलान्यास सहित 180.86 करोड़ रुपये के 12 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया।
- राजकीय मेडिकल कॉलेज, कुशीनगर की निर्माण लागत राशि 281.45 करोड़ रुपये होगी।
- 20-21 अक्टूबर तक कुशीनगर में आयोजित होने वाले सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने किया।
- इस दो दिवसीय सम्मेलन का शीर्षक 'बौद्ध सर्किट में पर्यटन-एक कदम आगे' है।
- ध्यातव्य है कि कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के अवसर पर कोलंबो (श्रीलंका) का एक विमान हवाई अड्डे पर उतरा जिसमें 100 से अधिक भिक्षु और गणमान्य व्यक्ति सवार थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1765046

इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर पर अनुसंधान करने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में कौन-सा विश्वविद्यालय इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर पर अनुसंधान करने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है?



(a) जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर
(b) चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
(c) आचार्य एनजी रंगा कृषि विश्वविद्यालय, गुंटूर
(d) इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार इलेक्ट्रिक ट्रैक्टर पर अनुसंधान करने वाला देश का पहला कृषि विश्वविद्यालय बन गया है।
- यह ई-ट्रैक्टर विश्वविद्यालय के कृषि इंजीनियरिंग एवं प्रौद्योगिकी कॉलेज द्वारा तैयार किया गया है।
- इसमें 16.2 किलोवाट ऑवर की लिथियम आयन बैटरी का इस्तेमाल किया गया है।
- यह डीजल ट्रैक्टर के मुकाबले 32 प्रतिशत और 25.72 प्रतिशत तक सस्ता है।
- इस ट्रैक्टर में 77 प्रतिशत का ड्राबार पुल है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://haryanarajbhavan.gov.in/sh-bandaru-dattatraya-has-congratulated-chaudhary-charan-singh-haryana-agricultural-university
http://hau.ac.in/public/notification-documents/2233/1634794643.pdf
https://timesofindia.indiatimes.com/city/chandigarh/hau-develops-electric-tractor-with-low-running-cost/articleshow/87095128.cms

भारत का पहला अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र

प्रश्न-भारत का पहला अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र किस राज्य में स्थापित किया गया है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) राजस्थान (c) मध्य प्रदेश (d) हिमाचल प्रदेश



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 सितंबर, 2021 को विवेकानंद ग्लोबल विश्वविद्यालय, जयपुर, राजस्थान में भारत के पहले अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया गया।

- यह भारत सरकार, अटल इनोवेशन मिशन और नीति आयोग द्वारा भारत में स्थापित किया जाने वाला पहला केंद्र होगा।
- अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र (एसीआईसी) का लक्ष्य उन नवोन्मेषी विचारों का समर्थन और पोषण करना है, जो बड़े विचारों का आकार ले सकते हैं और बेहतर कल के लिए समाज को बदलने में मददगार हो सकते हैं।
- इस केंद्र से राजस्थान के मेहनती, जोशीले और साहसी व्यवसायी लाभान्वित होंगे जो अपने व्यवसाय को प्रगति के रास्ते पर ले जाना चाहते हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/brand-post/indias-first-atal-community-innovation-center-has-been-launched-11632499091624.html
https://economictimes.indiatimes.com/industry/services/education/indias-first-atal-community-innovation-center-launched-by-vivekananda-global-university-jaipur-in-association-with-atal-innovation-mission/articleshow/86990390.cms

छत्तीसगढ़ में नया टाइगर रिजर्व

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की किस धारा के तहत छत्तीसगढ़ सरकार के गुरु पिंगला वन्यजीव अभयारण्य के संयुक्त क्षेत्रों को टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की है?

(a) धारा 37A (2) (b) धारा 37 C (1) (c) धारा 38V (1) (d) धारा 38D (2)



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 5 अक्टूबर, 2021 को राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) ने छत्तीसगढ़ सरकार के गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान और तमोर पिंगला वन्यजीव अभयारण्य के संयुक्त क्षेत्रों को टाइगर रिजर्व घोषित करने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की।
- यह टाइगर रिजर्व भारत का सबसे नया टाइगर रिजर्व है।
- यह टाइगर रिजर्व मध्य प्रदेश और झारखंड की सीमा से लगे राज्य के उत्तरी भाग में स्थित है।
- उदंती-सीतानदी, अचनाकमार और इंद्रावती रिजर्व के बाद छत्तीसगढ़ में यह चौथा टाइगर रिजर्व होगा।
- गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में और तमोर पिंगला छत्तीसगढ़ के उत्तर-पश्चिमी कोने में सूरजपुर जिले में स्थित है।
- गुरु घासीदास झारखंड और मध्य प्रदेश को जोड़ने के साथ ही बांधवगढ़ और पलामू टाइगर रिजर्व के बीच बाघों के आवागमन के लिए एक गलियारा प्रदान करता है।

- उल्लेखनीय है कि वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की धारा 38V (1) के तहत इस टाइगर रिजर्व को मंजूरी प्रदान की गई है।

संबंधित लिंक भी देखें...
https://indianexpress.com/article/explained/explained-india-newest-tiger-reserve-no-4-in-chhattisgarh-7556513/

पुरस्कार/सम्मान

पहला साई संस्थागत पुरस्कार

प्रश्न-17 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए कितने एथलीटों एवं प्रशिक्षकों को पहला साई संस्थागत पुरस्कार प्रदान किया?
(a) 125 (b) 155 (c) 215 (d) 246
उत्तर–(d)
संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2021 को केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने नई दिल्ली में 246 एथलीटों एवं प्रशिक्षकों को पहला साई संस्थागत पुरस्कार प्रदान किया।
- इस 246 एथलीटों एवं प्रशिक्षकों में 162 एथलीटों और 84 प्रशिक्षक शामिल हैं।
- 85.02 लाख रुपये के नकद पुरस्कारों के साथ कुल 162 एथलीटों को और 84 प्रशिक्षकों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उनके प्रदर्शन के लिए उत्कृष्ट पुरस्कार और सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार की श्रेणियों में सम्मानित किया गया है।
- ये पुरस्कार वर्ष 2016 से राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल प्रोत्साहन योजनाओं के तहत भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के एथलीटों और प्रशिक्षकों के असाधारण प्रदर्शन को रेखांकित करते हैं।
- इस प्रकार, ये पुरस्कार वर्ष 2016-17, 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए योग्य उम्मीदवारों को प्रदान किए गए हैं।
- दिए गए पुरस्कारों की श्रेणी में उत्कृष्ट पुरस्कार (राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के लिए) और सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार (अंतरराष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों के लिए) शामिल हैं।
- सभी पुरस्कार विजेताओं को प्रशस्ति- पत्र के साथ-साथ एक विशेष ब्लेजर भी प्रदान किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1772624

यूएन वूमेन पुलिस ऑफिसर ऑफ द ईयर अवॉर्ड, 2021

प्रश्न-नवंबर, 2021 में किसे यूएन वूमेन पुलिस ऑफिसर ऑफ द ईयर, 2021 अवॉर्ड प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) दीप्ति सिंह (b) सांग्या मल्ला (c) नेहा राठौर (d) दीपा ठाकुर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'यूएन वूमेन पुलिस ऑफिसर ऑफ इ र्दयर' अवॉर्ड, 2021 की घोषणा की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार नेपाल की (Superintendent) सांग्या मल्ला (Sangya Malla) को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई।
- उन्हें यह अवॉर्ड स्थानीय आबादी और यूएन के कर्मचारियों को महामारी के दौरान एहतियाती उपाय करने के साथ-साथ प्राकृतिक और मानवीय संकटों के प्रति सचेत करने लिए दिया जाएगा।
- उन्हें यह पुरस्कार एक वर्चुअल समारोह में संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस द्वारा प्रदान किया जाएगा।
- सांग्या मल्ला, वर्तमान में कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में कार्यरत हैं।
- वर्तमान में लगभग 7300 संयुक्त राष्ट्र पुलिस हैं, जिनमें से लगभग 27 प्रतिशत महिलाएं हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://police.un.org/en/united-nations-woman-police-officer-of-year-award-ceremony-2021

अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार, 2021

प्रश्न-13 नवंबर, 2021 को किड्स राइट फाउंडेशन द्वारा किसे वर्ष 2021 के 'अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार' से सम्मानित किया गया?

(a) सादत रहमान (b) लीना दावलुरी (c) नेहा शर्मा (d) विहान एवं नव अग्रवाल



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2021 को किड्स राइट फाउंडेशन द्वारा भारतीय भाइयों विहान एवं नव अग्रवाल को वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित 'अंतरराष्ट्रीय बाल शांति पुरस्कार' (International Children's Peace Prize), 2021 से सम्मानित किया गया।

- उनको अपने गृह नगर नई दिल्ली में वृक्षारोपण करने और अपशिष्ट एवं प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से शुरू की गई परियोजना के लिए इस पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- उनको यह पुरस्कार द हेग (नीदरलैंड्स) में आयोजित एक समारोह में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी द्वारा प्रदान किया गया।
- उन्हें 39 देशों से मिले 169 आवेदकों में चुना गया।
- विहान और नव अग्रवाल ने कचरे से होने वाले प्रदूषण को रोकने के लिए वर्ष 2018 में अपने युवा संगठन 'वन स्टेप ग्रीनर' (One Step Greener) की स्थापना की थी।
- यह पुरस्कार किड्स राइट फाउंडेशन द्वारा वर्ष 2005 से प्रदान किया जा रहा है।
- इस पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2005 में ही रोम (इटली) में आयोजित नोबेल शांति पुरस्कार विजेताओं के विश्व शिखर सम्मेलन के दौरान की गई थी।
- यह पुरस्कार उस असाधारण बच्चे को प्रदान किया जाता है, जिसके साहसी एवं उल्लेखनीय कार्यों से विश्व भर के बच्चों के अधिकारों में सुधार लाने में सहायता प्राप्त होती है।
- इससे पूर्व वर्ष 2006 में भारत के ओम प्रकाश गुर्जर तथा भारतीय मूल की अमेरिकी नेहा गुप्ता वर्ष 2014 में यह पुरस्कार प्राप्त कर चुके हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://kidsrights.org/news/vihaan-and-nav-agarwal-17-and-14-from-india-win-international-childrens-peace-prize-2021/

तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार, 2020

प्रश्न-तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार, 2020 के विजेताओं में विकल्प में कौन शामिल नहीं है?

(a) अपर्णा कुमार (b) शीतल (c) श्रीकांत विश्वनाथन (d) जय प्रकाश कुमार



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 13 नवंबर, 2021 को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार-2021 द्रोणाचार्य पुरस्कार-2021, राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार, 2021 ध्यानचंद पुरस्कार-2021, मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी-2021, और तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार-2020 के विजेताओं को सम्मानित किया।
- तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहसिक पुरस्कार, 2020 के विजेता निम्नलिखित हैं-

1. प्रियंका मंगेश मोहिते (भूमि साहसिक)
2. जय प्रकाश कुमार (भूमि साहसिक)

3. कर्नल अमित विष्ट (भूमि साहसिक)
4. शीतल (भूमि साहसिक)
5. लेफ्टिनेंट कर्नल सर्वेश डडवाल (हवाई साहसिक)
6. जय किशन-लाइफ टाइम अचीवमेंट (वायु साहसिक)
7. श्रीकांत विश्वनाथन (जल साहसिक)

संबंधित लिंक भी देखें...

https://static.pib.gov.in/writereaddata/userfiles/sports_adventure_award_book_2021.pdf

जर्मन बुक ट्रेड का शांति पुरस्कार, 2021

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में किसे जर्मन बुक ट्रेड के शांति पुरस्कार के लिए चुना गया?

(a) मलाला युसुफ (b) मोहम्मद युनुस (c) अमर्त्य सेन (d) त्सित्सी डैंगारेम्बगा



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को जिम्बाब्वे की लेखिका और फिल्म निर्माता त्सित्सी डैंगारेम्बगा (Tsitsi Dangarembga) को जर्मन बुक ट्रेड के शांति पुरस्कार के लिए चुना गया।
- वह यह पुरस्कार जीतने वाली पहली अश्वेत महिला हैं।
- उन्होंने पेन पिंटर पुरस्कार, 2021 भी जीता है।
- यह पुरस्कार वर्ष 1950 से प्रतिवर्ष प्रदान किया जा रहा है।
- इस पुरस्कार के तहत 25,000 यूरो प्रदान किया जाता है।
- गतवर्ष (2020) में यह पुरस्कार नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री अमर्त्य सेन को प्रदान किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://abcnews.go.com/Entertainment/wireStory/zimbabwes-dangarembga-receives-german-peace-prize-80755815

बुकर पुरस्कार, 2021

प्रश्न-3 नवंबर, 2021 को किसे वर्ष 2021 का प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार प्रदान किए जाने की घोषणा की गई?

(a) एना बर्न्स (b) डगलस स्टुअर्ट (c) डेमन गलगुट (d) पॉल बीटी



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 3 नवंबर, 2021 को वर्ष 2021 के प्रतिष्ठित बुकर पुरस्कार (Booker Prize) की घोषणा की गई।
- इस वर्ष यह पुरस्कार दक्षिण अफ्रीका के नाटककार और उपन्यासकार डेमन गलगुट (Damon Galgut) को प्रदान किया गया।
- उन्हें यह पुरस्कार उनके उपन्यास 'द प्रॉमिस' (The Promise) के लिए दिया गया।
- यह पुरस्कार प्रतिवर्ष अंग्रेजी में लिखे गए और यूनाइटेड किंगडम या आयरलैंड में प्रकाशित सर्वश्रेष्ठ उपन्यास को दिया जाता है।
- इस पुरस्कार के तहत विजेता को 50,000 पाउंड की राशि प्रदान की जाती है।
- गत वर्ष (2020) यह पुरस्कार डगलस स्टुअर्ट को उनके उपन्यास 'शग्गी बेन' (Shuggie Bain) के लिए दिया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://thebookerprizes.com/the-booker-library/prize-years/2021

इंडिया ग्रीन एनर्जी अवॉर्ड 2020

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में किस दोपहिया, तिपहिया वाहन निर्माता कंपनी को इंडिया ग्रीन एनर्जी अवॉर्ड 2020 के उत्कृष्ट अक्षय ऊर्जा उपयोगकर्ता श्रेणी में पुरस्कृत किया गया?

(a) बजाज (b) हीरो (c) होंडा (d) टीवीएस



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में टीवीएस समूह की प्रमुख कंपनी, टीवीएस मोटर कंपनी को इंडिया ग्रीन एनर्जी अवॉर्ड 2020 के उत्कृष्ट अक्षय ऊर्जा उपयोगकर्ता श्रेणी में पुरस्कृत किया गया।
- कंपनी को यह पुरस्कार केंद्रिय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और भगवत खुबा द्वारा प्रदान किया गया।
- टीवीएस मोटर कंपनी ने यह पुरस्कार दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता सुनिश्चित करने, अक्षय ऊर्जा में वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को बढ़ावा देने के अपने सतत प्रयासों के लिए प्राप्त किया है।
- पिछले कुछ वर्षों टीवीएस मोटर्स ने विशिष्ट बिजली की खपत में 15% और विशिष्ट ईंधन खपत में 20% की कमी आई है।

- इन नवीकरणीय ऊर्जा पहलों के परिणामस्वरूप वर्ष 2020-21 के दौरान लगभग 58812 टन कार्बन डार्डऑक्साइड उत्सर्जन में कमी आई।
- इसके अतिरिक्त कंपनी ने 5.9 मेगावॉट रूफटॉफ सौर फोटोवोल्टिक क्षमता को बढ़ाया के साथ-साथ ग्रुप कैप्टिव मोड में 35 मेगावॉट की पवन ऊर्जा में निवेश किया है।
- वर्ष 2020-21 में कंपनी की कुल बिजली ऊर्जा ऊर्जा खपत में अक्षय ऊर्जा का 84% का योगदान था।
- ध्यातव्य है कि टीवीएस भारत की मल्टीनेशनल मोटरसाइकिल निर्माता कंपनी है, इसका मुख्यालय चेन्नई भारत में हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://theprint.in/ani-press-releases/tvs-motor-company-wins-india-green-energy-award/754219/

भौतिक विज्ञान का नोबेल पुरस्कार-2021

प्रश्न-5 अक्टूबर, 2021 को स्टॉकहोम स्थित 'द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' द्वारा वर्ष 2021 हेतु भौतिक विज्ञान क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई। इससे संबंधित निम्न कथनों पर विचार कीजिए-

(i) इस वर्ष यह पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाएगा।

(ii) यह पुरस्कार जापानी वैज्ञानिक स्यूकुरो मनाबे तथा जर्मन वैज्ञानिक क्लाउस हैसलमैन और इटैलियन वैज्ञानिक जियोर्जियो पारिसी को प्रदान किया जाएगा।



(iii) स्यूकुरो मनाबे और क्लाउस हैसलमैन को पृथ्वी की जलवायु की भौतिक मॉडलिंग, जलवायु परिवर्तन के पूर्वानुमान की परिवर्तनशीलता और प्रामाणिकता के मापन क्षेत्र में कार्यों के लिए इस पुरस्कार हेतु चुना गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कूट-

(a) केवल (i) एवं (ii) (b) केवल (ii) एवं (iii) (c) केवल (ii) (d) उपर्युक्त सभी

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 5 अक्टूबर, 2021 को स्टॉकहोम (स्वीडन) स्थित 'द रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज' द्वारा वर्ष 2021 हेतु भौतिक विज्ञान क्षेत्र के नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई।

- इस वर्ष यह पुरस्कार तीन वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाएगा।
- यह तीन वैज्ञानिक हैं-

1. स्यूकुरो मनाबे (Syukuro Manabe)
2. क्लाउस हैसलमैन (Klaus Hasselmann), जर्मनी
3. जियोर्जियो पारिसी (Giorgio Parisi), इटली

- पुरस्कृत किए गए गए तीन वैज्ञानिकों में आधा पुरस्कार संयुक्त रूप से स्यूकुरो मनाबे और क्लाउस हैसलमैन को पृथ्वी की जलवायु की भौतिक मॉडलिंग, जलवायु परिवर्तन के पूर्वानुमान की परिवर्तनशीलता और प्रामाणिकता के मापन क्षेत्र में कार्यों के लिए प्रदान किया जाएगा।
- जबकि शेष आधा पुरस्कार जियोर्जियो पारिसी को परमाणु से लेकर ग्रहों के मानदंडों तक भौतिक प्रणालियों में विकार, उतार-चढ़ाव की परस्पर क्रिया की खोज के लिए इस पुरस्कार हेतु चुना गया।
- 10 मिलियन स्वीडिश क्रोनर की कुल पुरस्कार राशि का आधा हिस्सा स्यूकुरो मनाबे और क्लास हैसलमैन में बराबर वितरित होगी, जबकि शेष आधी राशि जियोर्जियो पारिसी को प्राप्त होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nobelprize.org/prizes/physics/2021/summary/

योजना/परियोजना

5 राज्यों के मोबाइल सेवा विहीन गांवों में यूएसओएफ योजना को मंजूरी

प्रश्न-17 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कितने राज्यों के आकांक्षी जिलों के जो गांव मोबाइल सेवा के दायरे में नहीं हैं, उन गांवों में मोबाइल सेवा के प्रावधान के लिए यूएसओएफ योजना को मंजूरी प्रदान की है?

(a) 4 (b) 5 (c) 10 (d) 12

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 5 राज्यों के आकांक्षी जिलों के जो गांव मोबाइल सेवा के दायरे में नहीं हैं, उन गांवों में मोबाइल सेवा के प्रावधान के लिए यूएसओएफ योजना को मंजूरी प्रदान की।
- इन 5 राज्यों में आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा शामिल हैं।

- इस परियोजना के तहत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र और ओडिशा के 44 आकांक्षी जिलों के 7,287 गांवों में 4 जी मोबाइल सेवा प्रदान करने की परिकल्पना की गई है, जिसकी अनुमानित लागत राशि 6,466 करोड़ रुपये है।
- इस धनराशि में 5 वर्षों का परिचालन व्यय भी शामिल है।
- इस परियोजना का वित्तपोषण सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि (यूएसओएफ) से किया जाएगा।
- इस परियोजना के समझौते पर हस्ताक्षर हो जाने के बाद 18 महीने के भीतर अर्थात 23 नवंबर तक पूरा कर लिया जाना है।
- जिन गांवों में ये सेवाएं मौजूद नहीं हैं, उन चिह्नित गांवों में 4 जी मोबाइल सेवा के प्रावधान से संबंधित कार्य को खुली प्रतिस्पर्धात्मक बोली प्रक्रिया के माध्यम से आवंटित किया जाएगा।
- यह प्रक्रिया यूएसओएफ की वर्तमान प्रणाली के तहत पूरी की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1772581

'दुआरे राशन' योजना

प्रश्न-16 नवंबर, 2021 किस राज्य में राज्य की पूरी आबादी के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वाकांक्षी 'दुआरे राशन' योजना शुरू की गई है?

(a) राजस्थान (b) पश्चिम बंगाल (c) छत्तीसगढ़ (d) झारखंड

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य की पूरी आबादी के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत खाद्यान्न उपलब्ध कराने हेतु एक महत्वाकांक्षी 'दुआरे राशन' योजना शुरू की।
- इस योजना से राज्य के 10 करोड़ लोग लाभान्वित होंगे।
- इस वर्ष की शुरुआत में पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले इस योजना की घोषणा की गई थी।
- इस योजना के तहत डीलर लाभार्थियों के घर तक राशन पहुंचाएंगे।
- राज्य में लगभग 21000 राशन डीलर हैं और सरकार प्रत्येक डीलर को डिलीवरी वाहन खरीदने के लिए 1 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान करेगी।
- राशन डीलरों को दो सहायकों की भर्ती की भी अनुमति होगी, जिनके आधे (50 प्रतिशत) वेतन का भुगतान राज्य सरकार करेगी।

- प्रत्येक वाहन को पड़ोस में सुविधाजनक स्थान पर खड़ा किया जाएगा, जिससे निवासियों को राशन लेने के लिए 500 मीटर से अधिक चलने की आवश्यकता न हो।
- इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के लिए एक व्हॉट्सएप चैटबॉट और एक मोबाइल ऐप्लिकेशन 'खाद्य साथी : अमर राशन मोबाइल ऐप' लांच किया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/news/national/other-states/mamata-launches-duare-ration-scheme-in-wb/article37528887.ece

लद्दाख में राज्य सैनिक बोर्ड स्थापित करने को मंजूरी

प्रश्न-नवंबर, 2021 में गृह मंत्रालय ने पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवार के कल्याण तथा समाधान के लिए किस राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड स्थापित करने को मंजूरी दी है?

(a) हिमाचल प्रदेश (b) राजस्थान (c) देहरादून (d) लद्दाख

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों तथा युद्ध विधवाओं से संबंधित मामलों के समाधान हेतु लद्दाख क्षेत्र में राज्य सैनिक बोर्ड स्थापित करने को मंजूरी दी गई है।
- राज्य सैनिक बोर्ड की स्थापना से लगभग 60000 सेवानिवृत्त और सेवारत सैन्य कर्मियों को लाभ मिलेगा।
- यह बोर्ड रक्षामंत्री भूतपूर्व सैनिक कल्याण कोष के तहत कल्याणकारी योजनाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने तथा बेहतर समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा।
- राज्य सैनिक बोर्ड की स्थापना का अधिकतम लाभ लद्दाख स्काउट्स रेजिमेंट अर्जित करेगी, क्योंकि लाभ प्राप्त करने वाले अधिकांश पूर्व सैनिक इसी रेजिमेंट से है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.republicworld.com/india-news/general-news/ladakh-to-soon-have-rajya-sainik-board-officials.html https://thedailyguardian.com/%EF%BB%BFladakh-to-have-rajya-sainik-board-soon/

सेवा क्षेत्र के लिए ऋण से जुड़ी विशेष पूंजीगत अनुदान योजना

प्रश्न-19 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्री नारायण राणे द्वारा गुवाहाटी में शुरू की गई सेवा क्षेत्र के लिए ऋण से जुड़ी विशेष पूंजीगत उपादान योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बिना किसी क्षेत्र विशेष प्रतिबंध के प्रौद्योगिकी के उन्नयन पर संयंत्र और मशीनरी और सेवा उपकरणों की खरीद के लिए कितना पूंजीगत अनुदान दिए जाने का प्रावधान है?

(a) 15 प्रतिशत (b) 25 प्रतिशत (c) 30 प्रतिशत (d) 40 प्रतिशत



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे ने गुवाहाटी, असम में सेवा क्षेत्र के लिए ऋण से जुड़ी विशेष पूंजीगत अनुदान योजना (एससीएलसीएसएस) का शुभारंभ किया।
- इसका शुभारंभ उन्होंने पूर्वोत्तर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम सम्मेलन के दूसरे दिन किया।
- यह योजना सेवा क्षेत्र में उद्यमों की प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करेगी।
- इस योजनांतर्गत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के सूक्ष्म और लघु उद्यमों को बिना किसी क्षेत्र विशेष प्रतिबंध के प्रौद्योगिकी के उन्नयन पर संयंत्र और मशीनरी और सेवा उपकरणों की खरीद के लिए संस्थागत ऋण के माध्यम से 25 प्रतिशत पूंजीगत अनुदान (सब्सिडी) दिए जाने का प्रावधान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1773187

मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना

प्रश्न-16 नवंबर, 2021 को किस राज्य में शिक्षित युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को शुरू करने की मंजूरी प्रदान की गई है?

(a) उत्तर प्रदेश (b) मध्य प्रदेश (c) उत्तराखंड (d) हरियाणा



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में प्रदेश के शिक्षित युवाओं को स्व-रोजगार से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना को शुरू करने की मंजूरी प्रदान की गई।

- इस योजना का लाभ प्रदेश के 18 से 40 वर्ष की आयु तक के न्यूनतम 12 वीं कक्षा पास युवाओं को प्राप्त होगा।
- योजनांतर्गत विनिर्माण इकाई हेतु 1 लाख से 50 लाख रुपये तक की परियोजनाएं तथा सेवा इकाई अथवा खुदरा व्यवसाय के लिए 1 लाख से 25 लाख रुपये तक की परियोजनाओं मान्य की जाएगी।
- राज्य सरकार वित्तीय सहायता के रूप में वितरित ऋण पर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान तथा ऋण गारंटी शुल्क प्रचलित दर से हितग्राही को अधिकतम 7 वर्षों तक प्रदान करेगी।
- इस योजना का क्रियान्वयन ऑनलाइन पोर्टल के माध्य से किया जाएगा।
- इस योजना के माध्यम से उद्योग, सेवा या व्यवसाय स्थापित करने के इच्छुक युवाओं को बैंकों के माध्यम से कम ब्याज दर पर ऋण मिलेगा।
- बैंक ऋण के लिए कोई कोलेट्रल सिक्यूरिटी भी देय नहीं होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/Home/TodaysNews#%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%A7%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A4%AE%E0%A4%82%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80%C2%A0%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80%20%E0%A4%AE%E0%A5%8B%E0%A4%A6%E0%A5%80%C2%A0%E0%A4%95%E0%A4%BE%20%E0%A4%96%E0%A4%9C%E0%A5%81%E0%A4%B0%E0%A4%BE%E0%A4%B9%E0%A5%8B%20%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%AE%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A4%A4%E0%A4%B2%C2%A0%E0%A4%AA%E0%A4%B0%20%E0%A4%AE%E0%A5%81%E0%A4%96%E0%A5%8D%E0%A4%AF%E0%A4%AE%E0%A4%82%E0%A4%A4%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80%20%E0%A4%B6%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A5%80%20%E0%A4%9A%E0%A5%8C%E0%A4%B9%E0%A4%BE%E0%A4%A8%20%E0%A4%A8%E0%A5%87%C2%A0%E0%A4%B8%E0%A5%8D%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%97%E0%A4%A4%C2%A0%E0%A4%95%E0%A4%B0%20%E0%A4%95%E0%A5%80%20%E0%A4%85%E0%A4%97%E0%A4%B5%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A5%80-20211119N17

उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना

प्रश्न-उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 10 नवंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया।

(b) इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान की राशि यानि कि शेष 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट के प्रावधानों से की जाएगी।

(c) इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी का गठन किया जाएगा।

(d) उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी को 150 करोड़ रुपये का कॉर्पस फंड उपलब्ध कराया जाएगा।

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि योजना' के क्रियान्वयन संबंधी प्रस्ताव को अनुमोदित किया।
- इस योजना के तहत यदि कोई व्यक्ति, निजी संस्था किसी ग्राम पंचायत में विकास कार्य, अवस्थापना सुविधा का विकास व पंचायतीराज अधिनियम, 1947 में प्राविधानित कार्र्योों को कराना चाहते हैं। करना चाहते हैं और कार्य की लागत का 60 प्रतिशत धनराशि वहन करने के इच्छुक हैं तो शेष 40 प्रतिशत धनराशि की व्यवस्था राज्य सरकार करेगी।
- निर्धारित आकार व प्रकार का शिलापट्ट/प्लेक सहयोग करने वाले व्यक्ति संस्था के प्रस्तावानुसार उस भवन अथवा अवस्थापना सुविधा के ऊपर यथोचित स्थान पर प्रदर्शित किया जाएगा।
- इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु 'उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी' का गठन किया जाएगा।
- इस सोसाइटी के अंतर्गत गवर्निंग काउंसिल और सशक्त समिति बनाई जाएगी।
- गवर्निंग काउंसिल में मुख्यमंत्री अध्यक्ष एवं पंचायतीराज मंत्री उपाध्यक्ष होंगे।
- कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में सशक्त समिति गठित की जाएगी।
- इस योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान की राशि यानि कि शेष 40 प्रतिशत या उससे कम राशि की व्यवस्था कार्य से संबंधित विभागों के बजट के प्रावधानों से की जाएगी।
- उत्तर प्रदेश मातृभूमि सोसायटी का पंजीकरण सोसायटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अंतर्गत कराया जाएगा।
- सोसाइटी का राज्य स्तर पर Escrow बैंक अकाउंट एवं जिला स्तर पर मातृभूमि योजना सोसायटी के अंतर्गत अलग से बैंक अकाउंट खुलवाया जाएगा।
- सोसायटी को 100 करोड़ रुपये का कार्पस फंड (Corpus Fund) उपलब्ध कराया जाएगा, जिसका उपयोग किसी योजना हेतु राज्यांश के बजट की उपलब्धता न होने पर किया जाएगा व बजट उपलब्ध होने पर इसे रिमबर्स (Reimburse) किया जाएगा।
- इस कॉर्पस फंड के ब्याज से पीएमयू के संचालन का व्यय भार वहन किया जा सकेगा।
- इस योजनांतर्गत दानकर्ता की इच्छानुसार उसकी पसंद की एजेंसी के माध्यम से कराया जाएगा।
- दानकर्ता स्वयं भी कार्य करवा सकते हैं, परंतु ऐसे मामले में सक्षम स्तर से डीपीआर अनुमोदित होगा व भुगतान सीधा वेंडर्स को किया जाएगा।
- निर्माण कार्यों में से कोई भी कार्य यदि कोई सरकारी या प्राइवेट कंपनी करवाना चाहती है, तो ऐसे कार्यों हेतु सरकारी सार्वजनिक उद्यम/निजी औद्योगिक इकाइयां कार्य की कुल लागत का 60

प्रतिशत राशि स्वयं और शेष 40 प्रतिशत राशि उस कंपनी के सीएसआर के माध्यम से सरकारी अनुदान में दे सकती हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://information.up.gov.in/sites/default/files/press-release/PN-CM-Cabinet%20Decisions-10%20November%2C%202021.pdf

मुफ्त शिक्षा योजना

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में किस राज्य में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने लिए मुफ्त शिक्षा योजना की घोषणा की गई है?

(a) आंध्र प्रदेश (b) छत्तीसगढ़ (c) मध्य प्रदेश (d) हरियाणा



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने राज्य में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देने के लिए मुफ्त शिक्षा योजना की घोषणा की।
- इस योजना के तहत 1.80 लाख रुपये प्रति वर्ष से कम आय वाले परिवारों को मुफ्त शिक्षा योजना के अंतर्गत सहायता प्रदान की जायेगी।
- इस योजना का उद्देश्य राज्य के गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करना है।
- इस योजना के तहत सरकार बच्चों को केजी से लेकर पीजी तक की पढ़ाई का पूरा खर्च वहन करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.livemint.com/news/india/haryana-cm-khattar-makes-big-announcement-on-school-fee-to-boost-education-11634959489023.html

स्वस्थ महिला, स्वस्थ्य गोवा पहल

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में किस फाउंडेशन ने एसबीआई फांउडेशन और गोवा सरकार के साथ साझेदारी में 'स्वस्थ महिला, स्वस्थ गोवा पहल' की शुरुआत की है?

(a) पीरामल स्वास्थ्य फाउंडेशन (b) यूवीकैन फाउंडेशन

(c) नव्यज्योति इंडिया फाउंडेशन (d) अनामृता फाउंडेशन



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2021 को पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह द्वारा स्थापित यूवीकैन फाउंडेशन (YouWeccan Foundation) ने गोवा में 'स्वस्थ महिला, स्वस्थ गोवा' पहल की शुरुआत की।
- यह पहल यूवीकैन फाउंडेशन ने एसबीआई फाउंडेशन और गोवा सरकार के साथ साझेदारी में शुरू की है।इस पहल के तहत गोवा में 2 वर्ष की अवधि में 1 लाख महिलाओं के लिए नि:शुल्क स्तन कैंसर की जांच शुरू की जाएगी, जिसमें 50 प्रतिशत आयु-योग्य महिला आबादी शामिल है।
- इस पहल के तहत कई आउटरीच शिविरों के साथ पूरे गोवा के 35 स्वास्थ्य केंद्रों में स्तन कैंसर की जांच की जाएगी।परियोजना हेतु 20 आईब्रेस्ट (iBreast) उपकरणों को तैनात किया जाएगा।
- इन 20 आईब्रेस्ट उपकरणों में 10 उत्तरी गोवा और 10 दक्षिणी गोवा में तैनात किए जाएंगे।
- उल्लेखनीय है कि इस पहल के तहत 'i Breast डिवाइर्सस' का उपयोग करके स्तन कैंसर की नि:शुल्क जांच की जाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.aninews.in/news/national/general-news/goa-govt-launches-initiative-for-free-breast-cancer-screening-for-1-lakh-women20211027073607/

नाग नदी पुनरोद्धार परियोजना

प्रश्न- अक्टूबर 2021 में वित्त मंत्रालय की किस समिति द्वारा नाग नदी पुनरोद्धार परियोजना को अनुमोदित किया गया है ?



(a) व्यय वित्त समिति (b) वित्त पर स्थायी समिति
(c) विज्ञान और प्रौद्योगिकी और पर्यावरण और वन संबंधी समिति
(d) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य –

- अक्टूबर, 2021 में नाग नदी पुनरोद्धार परियोजना को वित्त मंत्रालय की व्यय वित्त समिति(Expenditure finance committee) द्वारा अनुमोदित किया गया है।
- यह परियोजना क्षेत्र महाराष्ट्र के नागपुर में स्थित है।
- इस परियोजना की लागत राशि 2117 करोड़ रुपये प्रस्तावित है।
- उल्लेखनीय है कि इस परियोजना के पूर्ण होने के लिए आठ वर्ष निर्धारित किए गए हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1766914

मुख्यमंत्री राशन आपके द्वारा योजना

प्रश्न-'मुख्यमंत्री राशन आपके द्वारा योजना' के संबंध में विकल्प में कौन-सा तथ्य सही नहीं है?

(a) 19 अक्टूबर, 2021 को मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद द्वारा इस योजना को लागू करने का निर्णय लिया गया।

(b) यह योजना उपचुनाव निर्वाचन आचार संहिता के जिलों को छोड़कर शेष जिलों के आदिवासी विकासखंडों में नवंबर, 2021 से लागू होगी।

(c) इस योजनांतर्गत 12 जिलों के 65 विकासखंडों में 6511 ग्राम के जनजातीय परिवार लाभान्वित होंगे।

(d) मुख्यालय गांव को छोड़कर दुकान से संलग्न अन्य ग्रामों में वाहन के माध्यम से राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा।



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 19 अक्टूबर, 2021 को संपन्न मध्य प्रदेश मंत्रिपरिषद की बैठक में 'मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार' योजना को लागू करने का निर्णय किया गया।
- गरीब जनजाति परिवारों की सुविधा के लिए शुरू की गई इस योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी विकासखंडों की उचित मूल्य की दुकानों के आश्रित ग्रामों के पात्र परिवारों को उनके ही ग्राम से राशन सामग्री वितरित की जाएगी।
- यह योजना उप चुनाव निर्वाचन आचार संहिता को छोड़कर शेष जिलों के आदिवासी विकासखंडों में नवंबर, 2021 से लागू की जाएगी।
- इस योजनांतर्गत 16 जिलों के 74 विकासखंडों में 7511 ग्राम के जनजातीय परिवार लाभान्वित होंगे।
- मुख्यालय गांव को छोड़कर दुकान से संलग्न अन्य ग्रामों में वाहन के माध्यम से राशन सामग्री का वितरण किया जाएगा।
- कलेक्टर द्वारा ग्राम में वितरण के लिए प्रत्येक माह के दिवस निर्धारित किए जाएंगे।
- एक वाहन द्वारा एक माह में औसतन 220 से 440 क्विंटल खाद्य सामग्री का वितरण होगा।
- एक मीट्रिक टन वाले वाहन पर 24 हजार रुपये प्रतिमाह और 2 मीट्रिक टन वाले वाहन पर 31 हजार रुपये प्रतिमाह की दर से वार्षिक व्यय 14.07 करोड़ रुपये अनुमानित है।
- अनुसूचित जनजाति वर्ग के 21-45 वर्ष की आयु के युवाओं को परिवहनकर्ता नियुक्त किया जाएगा।
- ϖपरिवहनकर्ताओं को प्रतिमाह निर्धारित व्यय का भुगतान किया जाएगा और उन्हें वाहन खरीदने के लिए ऋण राशि पर मार्जिन मनी प्रदान की जाएगी।

- एक मीट्रिक टन क्षमता वाले वाहन के लिए 2 लाख रुपये तथा 2 मीट्रिक टन या अधिक क्षमता वाले वाहन के लिए 3 लाख रुपये की मार्जिन मनी का भुगतान किया जाएगा।
- मार्जिन मनी की एकमुश्त राशि 9.69 करोड़ रुपये का भुगतान जनजातीय कार्य विभाग द्वारा किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.mpinfo.org/Home/TodaysNews#%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%A7%20%E0%A4%95%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%A8%E0%A5%81%E0%A4%B6%E0%A4%BE%E0%A4%B8%E0%A4%A8%E0%A5%8B%E0%A4%82%20%E0%A4%95%E0%A5%80%20%E0%A4%97%E0%A4%A4%E0%A4%BF%E0%A4%B5%E0%A4%BF%E0%A4%A7%E0%A4%BF%E0%A4%AF%E0%A5%8B%E0%A4%82%20%E0%A4%95%E0%A4%BE%20%E0%A4%91%E0%A4%A8%E0%A4%B2%E0%A4%BE%E0%A4%87%E0%A4%A8%20%E0%A4%AA%E0%A5%8D%E0%A4%B0%E0%A4%A6%E0%A4%B0%E0%A5%8D%E0%A4%B6%E0%A4%A8-20211030N56

असम के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाएं

प्रश्न-अक्टूबर 2021 में किस संगठन ने असम के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 608 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं ?

(a) नाबार्ड (b) केवीआईसी (c) सीएसटीआरडी (d) इनमें से कोई भी नहीं

उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक(NABARD) ने असम के ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए 608 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।
- बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में ग्रामीण बुनियादी ढांचा विकास कोष (आरआईडीएफ)-XXVII के तहत राज्य भर में 52 ग्रामीण सड़कें, 21 ग्रामीण पुल, 19 बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं और 32 मृदा संरक्षण परियोजनाएं शामिल हैं।
- इस परियोजनाओं के पूरा होने पर अनुमानत: 900 गांवों की 17 लाख ग्रामीण आबादी को सीधे तौर पर लाभ होगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.nabard.org/news-article.aspx?id=25&cid=552&NID=415

'मेरा घर मेरे नाम' योजना

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में किस राज्य में गांवों और शहरों में 'लाल लकीर' के भीतर बने घरों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने के लिए 'मेरा घर मेरे नाम' योजना शुरू की गई है?

(a) ओडिशा (b) पंजाब (c) छत्तीसगढ़ (d) झारखंड

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 अक्टूबर, 2021 को पंजाब के मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने गांवों और शहरों में 'लाल लकीर' के भीतर बने घरों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने के लिए 'मेरा घर मेरे नाम' योजना की शुरुआत की।
- लाल लकीर' जमीन के उस हिस्से को कहा जाता है, जो कि गांव की बस्ती का ही हिस्सा होता है और इसका उपयोग केवल गैर-कृषि उद्देश्यों के लिए किया जाता है।
- पहले यह योजना केवल गांवों में रहने वाले लोगों के लिए शुरू की गई थी, किंतु अब इसे लाल लकीर क्षेत्र में आने वाले शहरों के पात्र निवासियों तक पहुंचाया जा रहा है।
- राजस्व विभाग को डिजिटल मैपिंग के लिए ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में ऐसी आवासीय संपत्तियों का ड्रोन सर्वेक्षण करने के निदेश दिए हैं।
- पहचान एवं सत्यापन संबंधी जांच प्रक्रिया के बाद सभी पात्र निवासियों को संपत्ति कार्ड (सनद) प्रदान किए जाएंगे, जिससे उन्हें समयबद्ध तरीके से स्वामित्व का अधिकार प्रदान किया जा सके।
- पुराने मोहल्लों में बने घरों में लंबी अवधि से रह रहे लोगों को भी इस योजनांतर्गत शामिल करके लाभान्वित किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार 'बसेरा' नामक एक अन्य योजना के तहत 'लाल लकीर' के बाहर झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक प्रदान करके लाभान्वित कर रही है।

संबंधित लिंक भी देखें...

http://diprpunjab.gov.in/?q=content/cm-launches-%E2%80%98mera-ghar-mere-naam%E2%80%99-scheme-confer-proprietary-rights-people-living-within-%E2%80%98lal

'सभी के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य' योजना

प्रश्न-14 अक्टूबर, 2021 को किस राज्य में 'सभी के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य' योजना शुरू की गई है?

(a) त्रिपुरा (b) असम (c) मणिपुर (d) सिक्किम



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 14 अक्टूबर, 2021 को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने 'सभी के लिए मुख्यमंत्री स्वास्थ्य' (Chief Minister Health for All) योजना का शुभारंभ किया।
- 17 सितंबर, 2021 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 71वें जन्मदिन पर इस योजना की घोषणा की गई थी।
- इस योजना के तहत राज्यभर में डोर-टू-डोर स्वास्थ्य की जांच की जाएगी तथा प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल हेतु मरीजों को मुफ्त में जन ओषधि प्रदान की जाएगी।
- इसके तहत सीएम स्वास्थ्य देखभाल योजना (Chief minister GiHakchel Gi Tengbal) और आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड भी पात्र गंभीर और पुरानी बीमारीवाले रोगियों को जारी किए जाएंगे।
- मुख्यमंत्री ने नए अभियान हेतु सीएचओ, नर्सों और आशा कार्यकर्ताओं को आशा प्लस डिवाइस, स्मार्टफोन और टैबलेट वितरित किए।
- अभियान के दौरान 10 गैर-संचारी रोगों के लिए आशा प्लस नामक हैंड-हेल्ड डिवाइस का उपयोग करके स्क्रीनिंग की जाएगी।
- पहले चरण में मणिपुर के सभी 16 जिलों को मिलाकर लगभग 1628 गांवों का चयन किया जाएगा।
- इन गांवों को 118 प्राथमिक स्वास्थ्य उपकेंद्र, 29 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और 7 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों से जोड़ा जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsonair.gov.in/News?title=Manipur-CM-launches-%E2%80%9CChief-Minister%E2%80%99s-Health-for-All%E2%80%9D-scheme&id=428011
https://www.nagalandpost.com/manipur-cm-launches-cm-s-health-for-all-scheme/242393.html

ऑपरेशन/अभियान

राष्ट्रव्यापी एएचडीएफ केसीसी अभियान

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरूषोत्तम रूपाला ने 'राष्ट्रव्यापी एएचडीएफ केसीसी अभियान' का शुभारंभ किया। इस अभियान का आयोजन कब तक किया जाएगा?

(a) 31 मार्च, 2022 (b) 15 फरवरी, 2022 (c) 31 दिसंबर, 2021 (d) 31 जनवरी, 2022

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला ने 'राष्ट्रव्यापी एएचडीएफ' केसीसी अभियान का शुभारंभ किया।
- इस अभियान का उद्देश्य किसान क्रेडिट कार्ड के लाभों का विस्तार देश के सभी पात्र पशुपालन, डेयरी और मत्स्य पालकों तक करना है।
- पशुपालन और डेयरी विभाग, मत्स्य विभाग और वित्तीय सेवा विभाग के सहयोग से यह अभियान 15 फरवरी, 2022 तक चलेगा।
- इस विभाग का उद्देश्य इस अभियान के अंतर्गत उन सभी पात्र किसानों को शामिल करना है, जो विभिन्न पशुपालन गतिविधियों में शामिल हैं, जैसे-गोवंश पालन, बकरी, सुअर, मुर्गी पालन और अन्य संबद्ध गतिविधियां आदि।
- इस अभियान के माध्यम से दुग्ध संघों/एमपीसी से जुड़े उन सभी पात्र डेयरी किसानों को सम्मिलित करने का प्रयास किया जाएगा, जिन्हें पहले अभियान में अभी तक शामिल नहीं किया गया है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1772049

भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती-अभ्यास, 2021

प्रश्न-12-14 नवंबर, 2021 के मध्य भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती अभ्यास का 32वां संस्करण कहां आयोजित हुआ?



(a) अरब सागर (b) दक्षिण चीन सागर (c) हिंद महासागर (d) प्रशांत महासागर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 12-14 नवंबर, 2021 के मध्य भारतीय नौसेना और रॉयल थाई नौसेना के बीच भारत-थाईलैंड समन्वित गश्ती (Indo-Thai CORPAT) का 32वां संस्करण हिंद महासागर में आयोजित हुआ।
- उल्लेखनीय है कि दोनों देशों के बीच समुद्री संबंधों को मजबूत करने की दिशा में और हिंद महासागर के इस महत्वपूर्ण हिस्से को अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए सुरक्षित रखने के उद्देश्य से दोनों नौसेनाएं वर्ष 2005 से अपनी अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (IMBL) के साथ द्वि-वार्षिक कॉर्पेट कर रही हैं।
- यह अभ्यास दोनों नौसेनाओं के बीच समझ और अंत: क्रिया-शीलता का निर्माण करता है।
- साथ ही यह तस्करी, अवैध अप्रवास की रोकथाम और समुद्र में खोज और बचाव संचालन के लिए सूचनाओं के आदान-प्रदान द्वारा अभियानगत तालमेल को बढ़ाने में मदद करता है।

- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना के स्वदेश निर्मित जहाज मिसाइल कार्वेट 'आईएनएस कर्मुक' ने भाग लिया।जबकि रॉयल थाई नौसेना की ओर से जहाज (एचटीएमएस) टायनचोन 'जो एक खामरोसिन क्लास एंटी-सबमरीन पेट्रोल क्राफ्ट है ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771378

बहुपक्षीय समुद्री सभ्यास मालाबार, 2021 का दूसरा चरण

प्रश्न-12-15 अक्टूबर, 2021 के मध्य बहुपक्षीय समुद्री अभ्यास मालाबार, 2021 का दूसरा चरण कहां संपन्न हुआ?



(a) फिलीपींस सागर (b) दक्षिण चीन सागर (c) बंगाल की खाड़ी (d) अरब सागर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 12-15 अक्टूबर, 2021 के मध्य भारतीय नौसेना, जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (JM SDF), रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी (RAN) और यूनाइटेड स्टेट्स समुद्री अभ्यास मालाबार, 2021 का दूसरा चरण बंगाल की खाड़ी में आयोजित किया गया।
- इस अभ्यास का पहला चरण 26-29 अगस्त, 2021 तक फिलीपींस सागर में आयोजित किया गया था।
- यह इस अभ्यास का 25वां संस्करण है।
- इस अभ्यास में भारतीय नौसेना की ओर से आईएनएस रणविजय आईएनएस सतपुड़ा, लंबी दूरी का गश्ती विमान पी8आई और एक पनडुब्बी शामिल हुई।
- यूएस नेवी का प्रतिनिधित्व एयरक्राफ्ट कैरियर यूएसएस कार्ल-विंसन द्वारा दो विध्वंसक, यूएसएस लेक शैम्प्लेन और यूएसएस स्टॉकडेल के साथ किया गया।
- जेएमएसडीएफ का प्रतिनिधित्व जेएस कागा और जेएस मुरासामे ने किया।
- जबकि रॉयल ऑस्ट्रेलियन नेवी का प्रतिनिधित्व एचएमएएस बैलेराट और एचएमएएस सीरियस ने किया।
- अभ्यास का दूसरा चरण इसके पहले चरण के दौरान बनाए गए तालमेल, समन्वय और अंतर-संचालन पर आधारित रहा और उन्नत सतह तथा पनडुब्बी रोधी युद्ध अभ्यास, सीमेनशिप विकास और हथियार फायरिंग पर ध्यान केंद्रित किया।
- ज्ञातव्य है कि मालाबार नौसैन्य अभ्यास वर्ष 1992 में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना अभ्यास से शुरू हुई थी।

- जापान वर्ष 2015 में इस अभ्यास में शामिल हुआ।
- जबकि ऑस्ट्रेलिया वर्ष 2020 में इस अभ्यास में शामिल हुआ था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1762720

युद्धाभ्यास 'कोंकण शक्ति 2021'

प्रश्न-24-27 अक्टूबर, 2021 के मध्य भारत और यूनाइटेड किंगडम के सशस्त्र बलों के बीच पहली त्रि-सेवा अभ्यास 'कोंकण शक्ति 2021' का समुद्री चरण कहां आयोजित हुआ?

(a) अरब सागर (b) हिंद महासागर (c) बंगाल की खाड़ी (d) दक्षिण चीन सागर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24-27 अक्टूबर, 2021 के मध्य भारत और यूनाइटेड किंगडम के सशस्त्र बलों के बीच पहली त्रि-सेवा अभ्यास कोंकण शक्ति 2021' का समुद्री चरण कोंकण तट अरब सागर में आयोजित हुआ।
- बंदरगाह संबंधी योजना का चरण पूरा होने पर इस अभ्यास का समुद्री चरण प्रारंभ हुआ।
- दोनों बलों ने अपने-अपने ग्रुप के भीतर सी-एप्रोच, एयर डायरेक्शन और लड़ाकू विमानों (मिग 29 के और एफ 35 बी विमानों) द्वारा हमले वाले अभियान, समुद्र में युद्ध की परिस्थितियों के बीच हेलीकॉप्टरों (सी किंग, चेतक और वाइल्ड कैट) के क्रास कंट्रोल जैसे अभ्यास तथा हवा में अपनी स्थिति बदलने वाले लक्ष्यों पर गन से फायरिंग करने जैसे अभ्यास किए।
- इसके बाद दोनों सेनाओं ने समुद्र में हवा में अत्याधुनिक अभ्यास तथा सब सरफेस अभ्यास किए।
- इसमें सभी भाग लेने वाली इकाइयों को दो विरोधी ताकतों में विभाजित किया गया, जिसका उद्देश्य पूर्व निर्धारित स्थान पर थल सैनिकों को समुद्र पर अधिकार प्राप्त कराना था।
- एक बल का नेतृत्व फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग वेस्टर्न फ्लीट ने किया और इसमें फ्लैग शिप आईएनएस चेन्नई भारतीय नौसेना के अन्य युद्धपोत और रॉयल नेवी के टाइप 23 फ्रिगेट एचएमएस रिचमंड शामिल थे।
- यूके कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के तहत संचालित अन्य बल में विमान वाहक पोत, एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ तथा यूके और नीदरलैंड के नौसैनिक जहाज और भारतीय युद्धपोत शामिल थे।
- हवाई अभियानों में भारतीय समुद्री गश्ती विमान (एमपीए) डोर्नियर, भारतीय नौसेना के लड़ाकू विमान (मिग 29KS), रॉयल नेवी (एफ 35 बीएस) और भारतीय वायुसेना (एसयू-30 और जगुआर) लड़ाकू विमानों के दस्ते पर हमले शामिल थे, साथ ही इस फॉर्मेशन पर कंपोजिट फ्लाई पास्ट शामिल था।

- रात्रि में भारतीय स्कॉर्पीन श्रेणी की पनडुब्बी और रायल नेवी द्वारा संचालित पानी के भीतर रिमोट नियंत्रित वाहन ईएमएटीटी के साथ सब सरफेस अभ्यास किए गए।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766666

विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान

प्रश्न-19 अक्टूबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किस जिले में प्रदेश में संचालित होने वाली तीसरे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया।

(a) गोरखपुर (b) बस्ती (c) कुशीनगर (d) महाराजगंज



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 19 अक्टूबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बस्ती जिले में प्रदेश में संचालित होने वाली तीसरे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान का शुभारंभ किया।
- प्रदेश में वर्ष 2017 से प्रत्येक वर्ष विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसके आशातीत परिणाम मिले हैं।
- प्रदेश के 11 विभागों के संयुक्त प्रयास से अभियान संचालित करते हुए विषाणुजनित रोगों पर नियंत्रण पाया गया है।
- इस अभियान में यूनिसेफ, पाथ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के द्वारा भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है।
- पहले चरण में इस अभियान को गोरखपुर एवं बस्ती मंडल के 7 जिले में शुरू किया गया, इसके बाद 38 अन्य जिलों में तथा अब पूरे प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित किया जा रहा है।
- उल्लेखनीय है कि 19 अक्टूबर से 17 नवंबर, 2021 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 19 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2021 तक दस्तक अभियान पूरे प्रदेश में संचालित किया जा रहा है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://information.up.gov.in/sites/default/files/press-release/PN-CM-Basti%20Visit-%28Sanchari%20Rog%20Niyantran%26%20Dastak%20Abhiyan%29-19%20October%2C%202021.pdf

सम्मेलन/समारोह

फार्मास्युटिकल क्षेत्र का प्रथम वैश्विक नवाचार शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-हाल ही में फार्मास्युटिकल क्षेत्र का प्रथम वैश्विक नवाचार शिखर सम्मेलन, 2021 कब वर्चुअली आयोजित हुआ?



(a) 18-19 नवंबर, 2021 (b) 12-13 नवंबर, 2021

(c) 20-21 नवंबर, 2021 (d) 15-16 नवंबर, 2021

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 18-19 नवंबर, 2021 को फार्मास्युटिकल क्षेत्र का प्रथम वैश्विक नवाचार शिखर सम्मेलन, 2021 वर्चुअली आयोजित हुआ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया।
- यह एक विशिष्ट पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में फार्मास्युटिकल उद्योग में नवाचार के उत्कृष्ट परिवेश या माहौल को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न प्राथमिकताओं पर चर्चा करने और रणनीति बनाने के लिए सरकार एवं उद्योग जगत के प्रमुख भारतीय व अंतरराष्ट्रीय हितधारकों, शिक्षाविदों, निवेशकों और शोधकर्ताओं को एक मंच पर लाना है।
- इस शिखर सम्मेलन के दौरान भारतीय फार्मा या दवा उद्योग में उपलब्ध अवसरों पर भी प्रकाश डाला जाएगा, जिनमें विकास की अपार संभावनाएं हैं।
- इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन के दौरान 12 सत्र होंगे और 40 से भी अधिक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय वक्ता नियामकीय माहौल, नवाचार का वित्त पोषण या धनराशि की व्यवस्था करने, उद्योग-अकादमिक सहयोग और नवाचार संबंधी बुनियादी ढांचागत सुविधाओं सहित कई विषयों पर विचार-विमर्श किया।
- इस शिखर सम्मेलन में देश-विदेश के फार्मा या दवा उद्योगों के प्रमुख सदस्यगण, अधिकारीगण, निवेशक और मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नâोलॉजी, जॉन हॉपकिन्स इंस्टीट्यूट, आईआईएम अहमदाबाद एवं अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों के शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1772315

इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल, 2021

प्रश्न-10-13 दिसंबर, 2021 के मध्य इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल का सातवां संस्करण कहां आयोजित किया जाएगा?

(a) पणजी (b) वाराणसी (c) लखनऊ (d) भुवनेश्वर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 10-13 दिसंबर, 2021 के मध्य इंडिया इंटरनेशनल साइंस फेस्टिवल (India International Science Festival), 2021 का सातवां संस्करण पणजी, गोवा में आयोजित किया जाएगा।
- मुख्य विषय (Theme) "सेलीब्रेटिंग क्रिएटिविटी इन साइंस"।
- इस महोत्सव में मेगा साइंस एंड टेक्नâोलॉजी एक्सपो सहित 12 कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- इसका उद्देश्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी की उन्नति के माध्यम से ग्रामीण भारत के लिए एक रणनीति बनाना है।IISF ज्ञान और विचारों के आदान-प्रदान के लिए भारत भर के युवा छात्रों, वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकीविदों को एक मंच प्रदान करेगा।
- यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और विज्ञान भारती का एक संयुक्त कार्यक्रम है।इसका पहला संस्करण वर्ष 2015 में आयोजित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.scienceindiafest.org/

अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, 2021

प्रश्न-13-14 नवंबर, 2021 के मध्य अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?

(a) लखनऊ (b) भुवनेश्वर (c) नई दिल्ली (d) वाराणसी



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 13-14 नवंबर, 2021 के मध्य अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन, 2021 दीनदयाल हस्तकला संकुल, वाराणसी में आयोजित किया गया।
- इसका आयोजन राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा किया गया।
- केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस सम्मेलन का शुभारंभ एवं अध्यक्षता किया।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://rajbhasha.gov.in/sites/default/files/order_25oct2021_0.pdf

दक्षिण क्षेत्र के पर्यटन और संस्कृति मंत्रियों का सम्मेलन, 2021

प्रश्न-28-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य दक्षिण क्षेत्र के पर्यटन और संस्कृति मंत्रियों का सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?

(a) कोच्चि (b) हैदराबाद (c) अमरावती (d) बंगलुरू

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 28-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य 'दक्षिण क्षेत्र के पर्यटन और संस्कृति' मंत्रियों का सम्मेलन, 2021 बंगलुरू में आयोजित हुआ।
- केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने इस सम्मेलन को संबोधित किया।
- इस अवसर पर उन्होंने बताया कि स्वेदश दर्शन योजना के तहत, पर्यटन मंत्रालय ने दक्षिण राज्यों में 1088 करोड़ रुपये की लागत वाली 15 परियोजनाओं को मंजूरी दी है।
- उन्होंने कहा "प्रसाद (पिलग्रिमेज रीजुवेनेशन एंड स्पिरिचुएलिटी ऑगमेंटेशन ड्राइव) योजना के तहत, मंत्रालय ने इस क्षेत्र में 6 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिनका परिव्यय पूरे योजना बजट का 15 प्रतिशत है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1767271

सीआईआई एशिया स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन, 2021

प्रश्न-28-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य सीआईआई एशिया स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन कहां आयोजित हुआ?

(a) पुणे (b) भुवनेश्वर (c) जयपुर (d) नई दिल्ली



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 28-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य सीआईआई एशिया स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन' (CII Asia Health Summit), 2021 नई दिल्ली में आयोजित हुआ।

- इस सम्मेलन का मुख्य विषय (Theme)-"बेहतर कल के लिए स्वास्थ्य देखभाल में बदलाव' (Transtorming Health Care for a better Tomorrow)।
- इसका आयोजन भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) द्वारा किया गया।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1767165

उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 2021

प्रश्न-28-29 अक्टूबर, 2021 के मध्य लखनऊ में उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 2021 का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन का आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं किसके सहयोग से किया गया?

(a) केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (b) जल शक्ति मंत्रालय

(c) जर्मन डेवलपमेंट एजेंसी (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 28 अक्टूबर, 2021 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान' लखनऊ में आयोजित दो-दिवसीय उत्तर प्रदेश जलवायु परिवर्तन सम्मेलन, 2021 का शुभारंभ किया।
- इस सम्मेलन का आयोजन पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उत्तर प्रदेश एवं जर्मन डेवलपमेंट एजेंसी के सहयोग से किया गया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विरासत वृक्षों पर आधारित एक कॉफी टेबल बुक तथा प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में 100 करोड़ पेड़ लगाने से संबंधित एक पुस्तक 'वृक्षारोपण जनआंदोलन-2021' का विमोचन किया।
- मुख्यमंत्री ने कार्बन न्यूट्रल पर आधारित ऐप लांच किया और प्रदेश में तीनों ईको पर्यटन सर्किट का भी शुभारंभ किया।
- इस अवसर पर मुख्यमंत्री को वन एवं पर्यावरण मंत्री द्वारा दारा सिंह चौहान ने दुधवा टाइगर रिजर्व के अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप प्रबंधन हेतु प्राप्त पुरस्कार सौंपा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://information.up.gov.in/sites/default/files/press-release/PN-CM-UP%20Climate%20Change%20Conclave-%202021-28%20October%2C%202021.pdf

भारत-इस्राइल संयुक्त कार्य समूह की 15वीं बैठक, 2021

प्रश्न-27 अक्टूबर, 2021 को द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर भारत-इस्राइल संयुक्त कार्य समूह की 15वीं बैठक बैठक कहां आयोजित हुई?



(a) नई दिल्ली (b) मुंबई (c) जेरूसलम (d) तेल अवीव

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 27 अक्टूबर, 2021 को द्विपक्षीय रक्षा सहयोग पर भारत-इस्राइल संयुक्त कार्य समूह (JWG) की 15वीं बैठक तेल अवीव, इस्राइल में आयोजित हुई।
- बैठक की सह-अध्यक्षता भारतीय रक्षा सचिव डॉ. अजय कुमार और इस्राइल के रक्षा मंत्रालय के महानिदेशक मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) अमीर एशेल ने की।
- जेडब्ल्यूजी (JWG) द्विपक्षीय रक्षा सहयोग के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा एवं मार्गदर्शन के लिए भारतीय रक्षा मंत्रालय तथा इस्राइल के रक्षा मंत्रालय के बीच कार्यरत शीर्ष निकाय है।
- बैठक में दोनों पक्षों ने साथ मिलकर काम करने के नए क्षेत्रों की पहचान हेतु व्यापक दस वर्षीय रोडमैप तैयार करने के लिए एक टॉस्क फोर्स बनाने पर सहमति व्यक्त की है।
- रक्षा उद्योग सहयोग पर एक एसडब्ल्यूजी बनाने का निर्णय लिया गया और इस संबंध में दोनों पक्षों के बीच संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए गए।
- इसके गठन से द्विपक्षीय संसाधनों के कुशल उपयोग, प्रौद्योगिकियों के प्रभावी प्रवाह तथा औद्योगिक क्षमताओं को साझा करने में मदद मिलेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1767593#:~:text=This%20was%20decided%20at%20the,Gen%20(Retd)%20Amir%20Eshel.

40वां शारजाह अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला, 2021

प्रश्न-3-13 नवंबर, 2021 के मध्य 40 वां शारजाह अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला, 2021 किस देश में आयोजित किया जा रहा है?



(a) कतर (b) सऊदी अरब (c) संयुक्त अरब अमीरात (d) बहरीन

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 3-13 नवंबर, 2021 के मध्य संयुक्त अरब अमीरात के शारजाह स्थित एक्सपो सेंटर में 40वें शारजाह अंतरराष्ट्रीय पुस्तक मेला, 2021 का आयोजन किया जा रहा है।
- इस मेले की थीम-"There's always a right books" है।
- भारत सरकार के प्रमुख प्रकाशन गृह प्रकाशन विभाग इस पुस्तक मेले में अपने प्रकाशनों को प्रस्तुत किया है।
- इसमें साहित्य का नोबेल पुरस्कार, 2021 जीतने वाले तंजानिया के उपन्यासकार अब्दुलरजाक गुरनाह और नेटफ्लिक्स की अति लोकप्रिय धारावाहिक 'मनी हीस्ट' के पटकथा लेखकों सहित विश्वभर के कई साहित्यिक दिग्गज भाग लेंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1769228

गोवा सामुद्रिक संगोष्ठी, 2021

प्रश्न-7-9 नवंबर, 2021 को 'गोवा सामुद्रिक संगोष्ठी' का तीसरा संस्करण नेवल वॉर कॉलेज, गोवा के तत्वावधान में आयोजित किया गया है। इसकी थीम क्या है?

(a) मेरीटाइम सिक्योरिटी एंड चैलेंजेज (b) मेरीटाइम गवर्नेंस एंड सिक्योरिटी

(c) मेरीटाइम सिक्योरिटी एंड आईओरआर नेवीज

(d) मेरीटाइम सिक्योरिटी एंड इमर्जिंग नॉन-ट्रेडिशनल थ्रीट्स: ए केस फॉर प्रोएक्टिव रोल फॉर आईओआर नेवीज

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 7-9 नवंबर, 2021 के मध्य गोवा सामुद्रिक संगोठी (Goa Maritime Conclave)-2021 का तीसरा संस्करण नेवल वॉर कॉलेज, गोवा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है।
- यह कार्यक्रम भारतीय नौसेना की आउटरीच पहल है, जो समुद्री सुरक्षा के अभ्यासियों और शिक्षाविदों के सामूहिक ज्ञान का उपयोग करने के लिए एक बहुराष्ट्रीय मंच प्रदान करती है।
- इसका मुख्य विषय (Theme)-"मेरीटाइम सिक्योरिटी एंड इमर्जिंग नॉन ट्रेडिशनल थ्रीट्स: ए केस फॉर प्रोएक्टिव रोल फॉर आईओआर नेवीज" (Maritime Security and Emerging Non Traditional Threats: A Case for proactive Role for IOR Navies) है।
- हिंद महासागर क्षेत्र के 21वीं सदी के रणनीतिक परिदृश्य का फोकस बनने के साथ ही इस कार्यक्रम का लक्ष्य क्षेत्रीय हितधारकों को एक साथ लाना और समकालीन समुद्री सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में सहयोगी कार्यान्वयन रणनीतियों पर विचार-विमर्श करना है।

- इसमें भारतीय नौसेना के प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह, बांग्लादेश, कोमोरोस, इंडोनेशिया, मेडागास्कर, मलेशिया, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, सेशेल्स, सिंगापुर, श्रीलंका और थाईलैंड समेत हिंद महासागर के 12 समुद्री देशों से नौसेना प्रमुखों/समुद्र बलों के प्रमुखों ने मेजबानी की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1769505

संधि/समझौता

मॉयल त्रिपक्षीय समझौता

प्रश्न-17 नवंबर, 2021 को मैंगनीज और इंडिया लिमिटेड (मॉयल) में काम करने वाले मजदूरों के वेतन संशोधन के लिए मॉयल प्रबंधन और मान्यता प्राप्त मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता-ज्ञापन हस्ताक्षरित हुआ। इस समझौता-ज्ञापन की अवधि कितनी है?

(a) 5 वर्ष (b) 8 वर्ष (c) 10 वर्ष (d) 15 वर्ष



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 17 नवंबर, 2021 को मैंगनीज और इंडिया लिमिटेड (मॉयल) में काम करने वाले मजदूरों के वेतन के संशोधन के लिए मॉयल प्रबंधन और मान्यता प्राप्त मजदूर संघ के प्रतिनिधियों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौता हस्ताक्षरित हुआ।
- वेतन संशोधन समझौते की अवधि 10 वर्ष (1 अगस्त, 2017 से 31 जुलाई, 2027 तक) है।
- इससे कंपनी के लगभग 6,000 कामगार लाभान्वित होंगे।
- यह पहल उस समझौता-ज्ञापन पर आधारित है, जो मॉयल प्रबंधन और मॉयल द्वारा मान्यता प्राप्त मजदूर संघ यानि मॉयल कामगार संगठन (एमकेएस) के बीच हुआ है।
- इसके प्रस्ताव में 20 प्रतिशत की दर से भत्ते और निर्धारित गुणात्मक संख्या को मूल वेतन से गुणा करने पर जो हिसाब बनता है (फिटनेट बेनीफिट), उस पर 20 प्रतिशत का लाभ भी शामिल है।
- कंपनी ने मूल वेतन और महंगाई भत्ते पर 12 प्रतिशत की दर से अंतरिम राहत भी दी है, जो मई, 2019 से प्रभावी है।
- कंपनी एक बार में ही बकाया भुगतान भी करेगी, जिससे लगभग 218 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ेगा।
- यह बकाया राशि 1 अगस्त, 2017 से 30 सितंबर, 2021 तक की अवधि की है।

- प्रस्तावित वेतन संशोधन से कुल वित्तीय बोझ लगभग 87 करोड़ रुपये वार्षिक होगा।
- समझौते के अनुसार, इस व्यवस्था में हस्ताक्षर होने के 60 दिनों के भीतर क्रियान्वित करने के निर्देश हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1772526

विधिक माप विज्ञान (पैक किए गए उत्पाद) नियम, 2011 में संशोधन

प्रश्न-नवंबर, 2021 में उपभोक्ता मामले के विभाग द्वारा किए गए उत्पाद नियम, 2011 के किस नियम को हटा दिया गया है?



(a) नियम 2 (b) नियम 4 (c) नियम 5 (d) नियम 8

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- नवंबर, 2021 में उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के उपभोक्ता मामले के विभाग ने विधिक माप विज्ञान (पैक किए गए उत्पाद), नियम, 2011 में उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए संशोधन किया है।
- यह संशोधन एक अप्रैल, 2022 से लागू होगा।
- संशोधन के तहत विधिक माप विज्ञान (पैक किए गए उत्पाद), नियम, 2011 के नियम 5 को हटा दिया गया है, जिसमें विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के पैक आकार को निर्धारित करने वाली अनुसूची-2 को परिभाषित किया गया था।
- पहले से पैक की गई वस्तुओं पर इकाई बिक्री मूल्य को इंगित करने के लिए एक नया प्रावधान पेश किया गया है, जिससे खरीद के समय वस्तुओं की कीमतों की तुलना करना आसान हो जाएगा।
- अनुपालन से जुड़े बोझ को कम करने और उपभोक्ताओं के लिए पहले से पैक वस्तुओं पर तारीख की घोषणा की अस्पष्टता को दूर करने के लिए, अब उस महीने और वर्ष के लिए घोषणा की आवश्यकता है, जिसमें पहले से पैक की गई वस्तुओं के लिए वस्तु का निर्माण किया जाता है।
- निर्माता/आयातक/पैकर के अनुपालन संबंधी बोझ को कम करने के लिए पहले से पैक वस्तुओं में बेची गई वस्तुओं की संख्या में घोषित करने के नियमों में छूट दी गई है।
- पहले इस प्रकार की घोषणाओं को केवल 'एन' या 'यू' के रूप में दर्शाया जा सकता था।
- अब मात्राओं को संख्या या इकाई या टुकड़े या जोड़ी या सेट या ऐसे अन्य शब्द के रूप में व्यक्त किया जा सकता है, जो पैकेज में मात्रा का प्रतिनिधित्व करता हो।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1770064

दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के विकास हेतु समझौता

प्रश्न-9 नवंबर, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और किस देश के रक्षा अनुसंधान एवं विकास निदेशालय ने दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए दोनों देशों के स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचार और त्वरित अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु एक द्विपक्षीय नवाचार समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) अमेरिका (b) इस्राइल (c) रूस (d) फ्रांस

उत्तर–(b)



संबंधित तथ्य

- 9 नवंबर, 2021 को रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और इस्राइल के रक्षा अनुसंधान एवं विकास निदेशालय ने दोहरे उपयोग वाली प्रौद्योगिकियों के विकास के लिए दोनों देशों के स्टार्ट-अप्स और एमएसएमई में नवाचार और त्वरित अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने हेतु एक द्विपक्षीय नवाचार समझौते (बीआईए) पर हस्ताक्षर किए।
- यह समझौता नई दिल्ली में हस्ताक्षरित हुआ।
- इस समझौते के तहत, दोनों देश स्टार्ट-अप्स और उद्योग अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों व उत्पादों को कई क्षेत्रों में लाने के लिए एक साथ मिलकर काम करेंगे।
- इन क्षेत्रों में ड्रोन्स, रोबोटिक्स, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्वांटम टेक्नâोलॉजी, फोटोनिक्स, बायो सेसिंग, ब्रेन-मशीन इंटरफेस, ऊर्जा भंडारण, पहनने योग्य उपकरण और प्राकृतिक भाषा प्रोसेसिंग आदि शामिल हैं।
- उत्पाद और प्रोद्योगिकियों को दोनों देशों की अद्वितीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जाएगा।
- विकास हेतु इन प्रयासों का संयुक्त वित्तपोषण डीआरडीओ और इस्राइल के रक्षा अनुसंधान एवं विकास निदेशालय (डीडीआरएंडडी) द्वारा संयुक्त रूप से किया जाएगा।
- द्विपक्षीय नवाचार समझौते (बीआईए) के तहत विकसित प्रौद्योगिकियां दोनों देशों को उनके घरेलू अनुप्रयोगों के लिए उपलब्ध होंगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleseDetail.aspx?PRID=1774116

भारत सरकार और एचएएल में समझौता



प्रश्न-18 नवंबर, 2021 को भारत सरकार ने भारतीय वायुसेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से किस विमान हेतु दो फिक्स्ड बेस फुल मिशन सिम्युलेटर (एफबीएफएमएस) की खरीद के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए?

(a) मिराज (b) जगुआर (c) राफेल (d) तेजस

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2021 को सरकार ने भारतीय वायुसेना के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से जगुआर विमान हेतु दो फिक्स्ड बेस फुल मिशन सिम्युलेटर (एफबीएफएमएस) की खरीद के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।
- इस सौदे की राशि 357 करोड़ रुपये है।
- इस अनुबंध में 5 वर्ष का व्यापक वार्षिक रख-रखाव अनुबंध भी शामिल है।
- ये सिम्युलेटर जामनगर और गोरखपुर वायुसेना स्टेशनों में स्थापित किए जाएंगे।
- संबद्ध उपकरणों के साथ पहले एफबीएफएमएस को जामनगर वायुसेना स्टेशन में अनुबंध से 27 महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा और दूसरा एफबीएफएमएस गोरखपुर वायुसेना स्टेशन में अनुबंध से 36 महीनों के भीतर पूरा लिया जाएगा।
- इन सिम्युलेटरों की खरीद के साथ भारतीय वायुसेना उन्नत लंबी दूरी के हथियारों के अनुकरण सहित पूरे संचालन आवरण में विभिन्न आकस्मिकताओं को पायलटों के लिए प्रदर्शित करके उड़ान प्रशिक्षण की गुणवत्ता को उच्च मानकों तक बढ़ाएगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1773023

अगरतला शहर में शहरी सेवाओं में सुधार हेतु समझौता

प्रश्न-15 नवंबर, 2021 को भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगरतला शहर में शहरी सेवाओं में सुधार हेतु कितनी राशि के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) 5.8 करोड़ डॉलर (b) 6.1 करोड़ डॉलर (c) 7.5 करोड़ डॉलर (d) 8.4 करोड़ डॉलर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 15 नवंबर, 2021 को भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने अगरतला शहर में शहरी सेवाओं में सुधार हेतु 6.1 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- अगरतला शहर शहरी विकास परियोजना के माध्यम से एडीबी अगरतला में एक भूमिगत उपयोगिता गलियारे के माध्यम से लागू किए जा रहे स्मार्ट संबंधी घटकों के साथ तालमेल में विकास कार्य क्रियान्वित करेगा।
- इस योजना में बिजली के तारों को स्थानांतरित करने, बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांगों के लिए सुविधाएं, शहरी डिजाइन हस्तक्षेपों के साथ सड़क ज्यामिति में सुधार शामिल हैं।
- इस परियोजना के तहत 48 किमी. नए या मौजूदा तेज जल निकासी वाले नाले का निर्माण किया जाएगा और उसका उन्नयन किया जाएगा।
- इसके तहत 23 किमी. की जलवायु-अनुकूल शहरी सड़कों का निर्माण किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1771933

एनटीपीसी और इंडियन ऑयल ने अक्षय ऊर्जा पर सहयोग हेतु समझौता किया

प्रश्न-नवंबर, 2021 में एनटीपीसी ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग हेतु किस कंपनी के साथ समझौता किया?

(a) रिलायंस इंडस्ट्रीज (b) टाटा (c) इंडियन आयल (d) भारत बायोटेक



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2021 को एनटीपीसी और इंडियन ऑयल ने अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग करने और कम कार्बन उत्सर्जन /आरई आरटीसी कैप्टिव पॉवर की आपूर्ति के अवसरों का पता लगाने हेतु एक समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौता-ज्ञापन के माध्यम से दोनों संगठनों की क्षमता का उपयोग अक्षय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने व ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करने की दिशा में देश की प्रतिबद्धताओं को पूरा करने में किया जाएगा।
- NTPC अक्षय ऊर्जा स्रोतों की क्षमताओं को बढ़ाकर अपने ऊर्जा पोर्टफोलियो को हरित बनाने के लिए कई कदम उठा रही है, जिससे वर्ष 2032 तक उसकी गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित क्षमता उसके थर्मल पोर्टफोलियो के बराबर या उससे अधिक हो जाए।

- इंडियन ऑयल एक वैश्विक ऊर्जा कंपनी के रूप में, अपने प्रत्येक व्यावसायिक पहलू में पर्यावरणीय प्राथमिकता को समाहित कर रही है और जो अब अपनी नई योजनाओं, परियोजनाओं और रिफाइनरी के विस्तार के लिए हरित ऊर्जा का उपयोग करेगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.ntpc.co.in/en/media/press-releases/details/ntpc-pact-indian-oil-collaboration-renewable-energy

भारतीय सेना और राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) के मध्य समझौता

प्रश्न-राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) भारत के किए राज्य में स्थित है?

(a) गुजरात (b) महाराष्ट्र (c) केरल (d) तमिलनाडु

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य



- 9 नवंबर, 2021 को भारतीय सेना ने गुजरात के गांधीनगर जिले में स्थित राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया।
- इस समझौते के तहत नवाचार, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी उष्मायन (Technology Incubation) , संयुक्त परियोजनाओं, सेना में प्रशिक्षण, उच्चशिक्षा और दूरस्थ शिक्षा तथा प्रकाशन एवं पेटेंट के तालमेल को बढ़ावा दिया जाएगा।
- इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेना प्रशिक्षण कमान के जेओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला ने की तथा इन्होंने नागरिक सैन्य संबंधों पर विशेष जोर दिया।
- राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय (RRU) भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत स्थापित एक राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है।
- RRU आर्टिफिशियल इटेलिजेंस, विघटनकारी सैन्य प्रौद्योगिकियों, साइबर और सूचना युद्ध, एयरोस्पेस क्षमताओं के क्षेत्र में उभरती एवं समकालीन प्रौद्योगिकियों में भारतीय सेना की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1770292
https://pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770422
https://rru.ac.in/

भारत-एडीबी के मध्य समझौता

प्रश्न-26 अक्टूबर, 2021 को भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मिजोरम की राजधानी आइजोल में शहरी आवागमन में सुधार लाने से संबंधित परियोजना की तैयारी और उसके डिजाइन से जुड़ी गतिविधियों को समर्थन प्रदान करने हेतु कितनी राशि की परियोजना तत्परता वित्तपोषण (पीआरएफ) ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किए।



(a) 2.5 मिलियन डॉलर (b) 3.5 मिलियन डॉलर (c) 4.5 मिलियन डॉलर (d) 6.5 मिलियन डॉलर

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2021 को भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने मिजोरम की राजधानी आइजोल में शहरी आवागमन में सुधार लाने से संबंधित परियोजना की तैयारी और उसके डिजाइन से जुड़ी गतिविधियों को समर्थन देने हेतु 4.5 मिलियन डॉलर की परियोजना तत्परता वित्तपोषण (पीआरएफ Project readiness Finacing) ऋण के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- पीआरएफ आगामी परियोजना हेतु उच्च प्राथमिकता वाले शहरी परिवहन में निवेश की पहचान करके आइजोल में शहरी आवागमन में सुधार लाने के दीर्घकलिक उपायों के विकास को समर्थन प्रदान करेगा एवं अन्य प्रारंभिक गतिविधियों को समर्थन प्रदान करके इस परियोजना की तैयारी को आगे बढ़ाएगा।
- पीआरएफ आइजोल के लिए एक व्यापक गतिशीलता योजना (सीएमपी) विकसित करेगा।
- इस योजना के तहत शहरी परिवहन के विकास से जुड़ी रणनीति की रूपरेखा तैयार की जाएगी।
- साथ ही उपायों में जलवायु एवं आपदा संबंधी अनुकूलन तथा लैंगिक समावेशन को बढ़ावा दिया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766628

एयर इंडिया में निवेश के लिए शेयर खरीद समझौता

प्रश्न-25 अक्टूबर, 2021 को भारत सरकार किस कंपनी के साथ एयर इंडिया में निवेश के लिए शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए?

(a) रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (b) टाटा संस (c) अडानी ग्रुप (d) जी.एम.आर. प्राइवेट लिमिटेड

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को भारत सरकार ने टाटा संस के साथ एयर इंडिया में निवेश के लिए शेयर खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 11 अक्टूबर, 2021 को टाटा संस के एयर इंडिया में विनिवेश हस्तांतरण की सफल बोली के संबंध में पत्र जारी किया गया था।
- एयर इंडिया विनिवेश के लिए टाटा संस की ओर से मेसर्स टेलेस प्राइवेट लिमिटेड की सफल बोली को सरकार ने 18000 करोड़ रुपये मूल्य की निविदा के लिए मंजूरी प्रदान की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/business/Industry/govt-signs-share-purchase-agreement-with-tata-sons-for-18000-crore-air-india-deal/article37162689.ece

वनवेब तथा नियोम टेक एंड डिजिटल होल्डिंग कंपनी के मध्य समझौता

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में भारती समूह समर्थित वनवेब साऊदी अरब की निओम टेक एंड डिजिटल होल्डिंग कंपनी ने निम्नलिखित में से कितने मूल्य के संयुक्त उद्यम (Joint Venture) समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?



(a) 200 मिलियन डॉलर (b) 400 मिलियन डॉलर
(c) 300 मिलियन डॉलर (d) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2021 को भारती समूह समर्थित वनवेब और सऊदी अरब की नियोम टेक एंड डिजिटल होल्डिंग कंपनी ने $200 मिलियन के संयुक्त उद्यम (J.V.) समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इस समझौता के तहत NEOM सऊदी अरब व मध्य-पूर्व के साथ-साथ पड़ोसी पूर्वी अफ्रीकी देशों के लिए उच्च गति की उपग्रह आधारित कनेक्टिविटी सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
- उल्लेखनीय है कि नियोम टैक एंड डिजिटल होल्डिंग कंपनी, नियोम (Neom) की सहायक कंपनी है।
- नियोम टेक एंड डिजिटल होस्डिंग कंपनी तथा वनवेब (Oneweb) वर्तमान में 358 उपग्रहों के साथ दूसरा सबसे बड़ा लो अर्थ ऑर्बिट ऑपरेटर के साथ -साथ साऊदी अरब में एकमात्र लाइसेंस प्राप्त ऑपरेटर है।
- नियोम टेक के साथ-साथ वनवेब, 2022 तक वहां बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पूरा करने की योजना के साथ काम कर रहा है।

- नियोम टैक तथा इसके संयुक्त उद्यम के पास इस समझौते के सोत वर्षों के लिए तहत वनवेब, सेवाओं के लक्षित क्षेत्रों में वितरित करने का विशेष अधिकार होगा।
- इन सेवाओं के वर्ष 2023 में प्रारंभ होने का अनुमान है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://oneweb.net/media-center/neom-tech-digital-holding-company-and-oneweb-sign-200m-jv-for-satellite-network

राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम हेतु ऋण की मंजूरी

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में एशियाई विकास बैंक (ADB) ने भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) को समर्थन देने के लिए कितने मिलियन डॉलर ऋण को मंजूरी दी है?



(a) 250 मिलियन डॉलर (b) 230 मिलियन डॉलर (c) 337 मिलियन डॉलर (d) 730 मिलियन डॉलर

उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 19 अक्टूबर, 2021 को एशियाई विकास बैंक (ADB) ने भारत सरकार के राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (NICDP) को समर्थन देने के लिए 250 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी प्रदान की है।
- यह देश के 17 राज्यों में फैले हुए 11 औद्योगिक गलियारों के विकास के लिए प्रोग्रामेटिक 500 मिलियन डॉलर ऋण का पहला उपप्रोगाम ऋण है।
- NICDP का उद्देश्य विश्वस्तरीय औद्योगिक नोड्स विकसित करना है, जो कुशल शहरी समूहों तथा मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी द्वारा समर्थित है। इसके तहत टिकाऊ बुनियादी ढांचा, हवाई अड्डा, बंदरगाह जैसे अंतरराष्ट्रीय गेटवे शामिल होगी।
- ध्यातव्य है कि एशियाई विकास बैंक (ADB) की स्थापना 19 दिसंबर, 1966 को हुई थी, जिसका उद्देश्य एशिया में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है।
- ADB का मुख्यालय मनीला, फिलीपींस में है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/adb-approves-250-million-industrial-corridor-development-india

महाराष्ट्र में एग्रीबिजनेस विकास हेतु ऋण समझौता

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में एडीबी और भारत सरकार ने किस राज्य के कृषि व्यवसाय (agreebusiness) के विकास हेतु 100 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं ?

(a) महाराष्ट्र (b) मध्य प्रदेश (c) उत्तर प्रदेश (d) कर्नाटक



उत्तर-(a)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर, 2021 को एडीबी और भारत सरकार ने महाराष्ट्र एग्री बिजनेश नेटवर्क (MAGNET) परियोजना हेतु महाराष्ट्र में कृषि व्यवसाय(agreebusiness) के विकास हेतु 100 मिलियन डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- Maharashtra Agribusiness Network (MAGNET) Project] के मुख्य बिंदु –

1. उद्देश्य – महाराष्ट्र राज्य में कृषि उत्पादकता में सुधार खाद्य हानि को कम करने तथा बागवानी उत्पादकों के फायदे कâे लिए कुशल विपणन ढांचे की स्थापना के लिए कृषि व्यवसाय नेटवर्क को बढ़ावा देना।
2. महत्व – महाराष्ट्र भारत के फल और सब्जी उत्पादन का क्रमशः 11% और 6% उत्पादन करता है, और देश में फूलों के निर्यात में लगभग 8% हिस्सेदारी रखता है तथापि अधिकांश छोटे किसानों के पास बड़े पैमाने पर पूंजी की कमी है और उनके पास उभरते बाजार तक सीधे पहुंच नहीं है।

   यह परियोजना महाराष्ट्र में छोटे और सीमांत किसानों को उनकी पोस्ट हार्वेस्ट और विपणन क्षमता में सुधार करने, खाद्य नुकसान(food losses) को कम करने और वित्त तक पहुंच, क्षमता निर्माण और बागवानी मूल्य श्रृंखला बुनियादी ढांचे का विकास करने के माध्यम से आय में वृद्धि करने में मदद करेगी।
3. लाभ –

a. 16 मौजूदा पोस्ट हार्वेस्ट सुविधाओं का अपग्रेडेशन और तीन नए प्रतिष्ठानों की स्थापना करेगी ताकि व्यक्तिगत किसानों और एफपीओ को स्वच्छ, सुलभ और टिकाऊ फसल भंडारण और प्रसंस्करण सुविधाएं प्रदान की जा सके।

b. 200,000 किसानों के लाभान्वित होने की उम्मीद

c. एडीबी अपने तकनीकी सहायता विशेष कोष से $500,000 की तकनीकी सहायता (टीए) अनुदान प्रदान करेगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.adb.org/news/adb-india-sign-100-million-loan-agribusiness-development-maharashtra

सार्वजनिक वित्त लेखा परीक्षा समझौता

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 में मालदीव के महालेखा परीक्षक ने सार्वजनिक लेखा परीक्षा के क्षेत्र में उनकी कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए किस देश के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है?

(a) पाकिस्तान (b) श्रीलंका (c) इंडोनेशिया (d) भारत

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक (CAG) 'गिरिश चंद्र मुर्मू' और मालदीव के महालेखा परीक्षक 'हुसैन नियाजी' ने सार्वजनिक लेखा परीक्षा के क्षेत्र में उनकी कार्यप्रणाली को मजबूत करने के लिए समझौता-ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किए।
- समझौता-ज्ञापन का उद्देश्य दोनों देशों के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के ऑडिट के क्षेत्र में सूचनाओं का आदान-प्रदान करना है।
- दोनों पक्ष आवश्यकतानुसार अपने-अपने देश में कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम, क्षमता विकास तथा पारस्परिक रूप से लाभकारी क्षेत्रों में सहयोग करने पर भी सहमति हुए।
- भारत संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण लेखांकन से संबंधित लक्ष्य पर विशेष ध्यान देने के साथ पर्यावरण से संबंधित 25 लक्ष्यों की निगरानी करने के लिए प्रतिबद्ध है जिसमें पर्यावरण-आर्थिक लेखा (Environmental-Economic Accounting) से संबंधित लक्ष्य संख्या 15.19 पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
- भारतीय नियंत्रक लेखा परीक्षक के अनुसार यह लक्ष्य 2020 तक पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता मूल्यों को राष्ट्रीय और स्थानीय नियोजन, विकास प्रक्रियाओं, गरीबी कम करने की रणनीतियों की परिकल्पना करता है।
- ध्यातव्य है कि वर्ष 2008 में मालदीव के महालेखा परीक्षक के कार्यालय और भारत के महालेखा परीक्षक के कार्यालय के बीच संस्थागत संबंध स्थापित करने के लिये समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://cag.gov.in/uploads/media/Report-on-CAG-s-visit-to-Maldives-for-signing-of-MoU-291021-20211029212536.pdf

पाइपलाइन 'उपयोग का अधिकार' साझा करने का समझौता

प्रश्न-21 अक्टूबर, 2021 को किस रिफाइनरी ने इन्द्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) के साथ एक पाइपलाइन 'उपयोग का अधिकार (आरओयू) साझा करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) जामनगर रिफाइनरी लिमिटेड (b) गुवाहाटी रिफाइनरी लिमिटेड

(c) पारादीप रिफाइनरी लिमिटेड (d) नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 21 अक्टूबर, 2021 को नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) ने इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल), के साथ एक पाइपलाइन 'उपयोग का अधिकार (आरओयू) साझा करने के समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- इंद्रधनुष गैस ग्रिड लिमिटेड (आईजीजीएल) इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लि. (आईओसीएल), ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (जीएआईएल) और ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल) के साथ नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड (एनआरएल) का संयुक्त उद्यम है।
- एनआरएल की 1630 किमी. लंबी एक पारादीप नुमालीगढ़ क्रूड पाइपलाइन (पीएनसीपीएल) बिछाने की प्रक्रिया में है।
- यह पाइपलाइन ओडिशा के पारादीप बंदरगाह से शुरू होकर पश्चिम बंगाल, झारखंड और बिहार होते हुए असम के नुमालीगढ़ स्थित अपनी रिफाइनरी तक जाएगी।
- यह पाइपलाइन परियोजना 3 एमएमटीपीए से 9 एमएमटीपीेए तक क्षमता विस्तार हेतु एनआरएल की वृहद एकीकृत रिफाइनरी विस्तार परियोजना का हिस्सा है।
- इस परियोजना को 28,000 करोड़ रुपये के अधिक के निवेश से पूरा किया जा रहा है।
- आईजीजीएल भारत के उत्तर-पूर्व क्षेत्र को राष्ट्रीय ग्रिड से जोड़ने हेतु अपनी प्रमुख परियोजना के हिस्से के रूप में गुवाहाटी से नुमालीगढ़ तक एक प्राकृतिक गैस पाइपलाइन बिछाने का काम कर रही है।
- यह पाइपलाइन गुवाहाटी को ईटानगर, दीमापुर, कोहिमा, इंफाल, आइजोल, अगरतला, शिलांग, सिलचर, गंगटोक और नुमालीगढ़ जैसे उत्तर-पूर्व क्षेत्र के प्रमुख शहरों से जोड़ेगी।
- एनआरएल और आईजीजीएल पाइपलाइन बिछाने में लगभग 386 किमी. बैहाटा (उत्तर गुवाहाटी) से नुमालीगढ़ तक एक मार्ग साझा करते हैं।

- यह समझौता गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि. के साथ एनआरएल के पहले पाइपलाइन उपयोग का अधिकार (आरओयू) का साझाकरण समझौते का अनुसरण करता है, जिस पर 14 अक्टूबर, 2020 को बिहार के पूर्णिया से बैहाटा तक 550 किमी.की दूरी तक के लिए हस्ताक्षर किए गए थे।
- यह प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा परियोजना का एक हिस्सा भी है।

संघ/संगठन

'भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम'

प्रश्न-अक्टूबर, 2021 रेलवे बोर्ड द्वारा किसे बंद करने का निर्णय लिया गया?
(a) RISDC (b) IRCTC (c) IROAF (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर–(a)
संबंधित तथ्य

- अक्टूबर, 2021 में रेलवे बोर्ड ने 'भारतीय रेलवे स्टेशन विकास निगम' (RISDC) को बंद करने का निर्णय लिया है।आईआरएसडीसी, भारतीय रेलवे भूमि विकास प्राधिकरण और इरकॉन के मध्य संयुक्त उद्यम है। जो वर्ष, 2012 में स्थापित हुआ था।
- आईआरएसडीसी द्वारा प्रबंधित स्टेशनों और परियोजनाओं को संबंधित क्षेत्रीय रेलवे स्टेशनों को सौंप दिये जायेंगे।
- विभिन्न स्टेशनों के पुनर्विकास सहित विभिन्न स्टेशन विकास परियोजनाओं में, आईआर एसडीसी मुंबई में छत्रपति शिवाजी टर्मिनल के पुनर्विकास में भी शामिल था।
- आईआरएसडीसी ने भारत में रेलवे स्टेशनों की विकास योजना, डिजाइन, निविदा, कार्यान्वयन और प्रबंधन के लिए सभी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु पिछले नौ वर्षों में कई उपकरण विकसित किया है।
- आईआरएसडीसी देश के रेलवे स्टेशनों को विश्वस्तरीय हब में बदलने के भारतीय रेलवे के मिशन का केंद्रय बिंदु है।
- यह पुनर्विकास के लिए नोडयल एजेंसी के साथ-साथ मुख्य परियोजना विकास एजेंसी भी है।
- IRSDC रेलवे बोर्ड द्वारा बंद किया जाने वाला दूसरा संगठन है। इससे पूर्व सितंबर, 2021 में भारतीय रेलवे ने वैकल्पिक ईंधन के लिए भारतीय रेलवे संगठन (IROAF) को बंद किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/india/shutter-down-for-another-railway-organisation-in-40-days/articleshow/87115872.cms

रक्षा मंत्रालय द्वारा हथियारों की खरीद हेतु अनुबंध

प्रश्न-21 अक्टूबर, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए हथियारों की खरीद हेतु अमेरिका के साथ कितनी राशि के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं?

(a) 350 करोड़ रुपये (b) 375 करोड़ रुपये (c) 415 करोड़ रुपये (d) 423 करोड़ रुपये

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 21 अक्टूबर, 2021 को रक्षा मंत्रालय ने भारतीय नौसेना के लिए हथियारों की खरीद हेतु अमेरिका के साथ 423 करोड़ रुपये के एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया।
- इस अनुबंध के तहत रक्षा मंत्रालय अमेरिका से एमके 54 टॉरपीडो और एक्सपेंडेबल (शैफ एंड फ्लेयर्स) खरीदेगा।
- यह हथियार पी-8I एयरक्राफ्ट के अंग हैं।
- इन हथियारों का उपयोग लंबी दूरी की समुद्री निगरानी, पनडुब्बीरोधी युद्ध और सरफेस-रोधी युद्ध (एएसवी) के लिए किया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1765825

RNESL द्वारा स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड की 40% हिस्सेदारी का अधिग्रहण

प्रश्न- RNESL निम्नलिखित में से किस कंपनी की सहायक कंपनी है?

(a) रिलायंस इंडिया लि. (b) टाटा (c) विप्रो (d) इनमें से कोई नहीं



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 10 अक्टूबर, 2021 को रिलायंस इंडस्ट्रीज ने घोषणा की कि उसकी सहायक कंपनी Reliance New Energy Solar Limited (RNESL) स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर लिमिटेड में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी।
- कंपनी द्वारा स्टर्लिंग एंड विल्सन सोलर में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी प्राथमिक निवेश, द्वितीयक खरीद और खुली पेशकश के संयोजन से हासिल की जाएगी।
- अधिग्रहण तीन चरणों में किया जाएगा।

- सौदे के पहले चरण में RNESL को 375 रुपये प्रति शेयर की दर से 2.93 करोड़ इक्विटी शेयर (15.46 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर) का तरजीही आवंटन मिलेगा।
- इसके बाद RNESL, 375 रुपये प्रतिशेयर की दर से 1.84 करोड़ इक्विटी शेयर या 9.7 प्रतिशत हिस्सेदारी अधिमान्य आधार पर हासिल करेगी।
- तीसरे चरण के तहत सेबी (SEBI) के अधिग्रहण नियमों के अनुसार 4.91 करोड़ इक्विटी शेयरों के अधिग्रण के लिए सार्वजनिक पेशकश की जाएगी, जो कि 25.9% हिस्सेदारी के बराबर होगी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.thehindu.com/business/Industry/reliance-group-firm-offers-375share-to-acquire-491-crore-shares-of-sterling-and-wilson-solar/article37185760.ece

एचडीएफसी एग्रो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में शेयरों का अधिग्रहण

प्रश्न-25 अक्टूबर, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने किसके द्वारा एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड में शेयर के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की है?



(a) महिंद्रा फाइनेंस लिमिटेड (b) एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
(c) एक्सिस बैंक (d) यूनियन बैंक ऑफ इंडिया

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 25 अक्टूबर, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (अधिग्रहणकर्ता) द्वारा एचडीएफसी एर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (लक्ष्य) में शेयर के अधिग्रहण को मंजूरी प्रदान की।
- यह मंजूरी सीसीआई ने प्रतिस्पर्धा अधिनियम, 2002 की धारा 31 (1) के तहत प्रदान की है।
- इस प्रस्तावित संयोजन में हाउसिंग डेवलपमेंट फाइनेंस कार्पोरेशन (एचडीएफसी) से अधिग्रहणकर्ता द्वारा लक्ष्य की बकाया इक्विटी शेयर पूंजी का 4.99 प्रतिशत अधिग्रहण शामिल हैं।
- अधिग्रहणकर्ता एक सार्वजनिक सूचीबद्ध कंपनी है, जो भारतीय रिजर्व बैंक के साथ पंजीकृत है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766359

हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस की हेल्थकेयर बीपीओ सेवाओं का अधिग्रहण

प्रश्न-18 अक्टूबर, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बेटाइन बी.वी. (बेटाइन) द्वारा हिंदुजा सॉल्यूशंस लिमिटेड की वैश्विक हेल्थकेयर बीपीओ सेवाओं के अधिग्रहण को स्वीकृति प्रदान की। हाल ही में बेटाइन की स्थापना किस देश में की गई है?

(a) स्वीडन (b) नीदरलैंड (c) ब्रिटेन (d) कनाडा

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 18 अक्टूबर, 2021 को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने बेटाइन बी.वी. द्वारा हिंदुजा सॉल्यूशंस लिमिटेड की वैश्विक हेल्थकेयर बीपीओ सेवाओं के अधिग्रहण को स्वीकृति प्रदान की।
- प्रस्तावित संयोजन बेटाइन बी.वी. (बेटाइन) द्वारा कुछ संपत्तियां, अनुबंध और कर्मचारियों सहित हिंदुजा ग्लोबल सॉल्यूशंस लिमिटेड (एचजीएस) की वैश्विक हेल्थकेयर बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग (बीपीओ) सेवाओं के अधिग्रहण से संबंधित है।
- इस प्रस्तावित लेनदेन के उद्देश्य के लिए हाल ही में नीदरलैंड में बेटाइन की स्थापना की गई है।
- बेटाइन द बेयरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया फंड VIII सहित कई फंडों के पूर्ण स्वामित्व और नियंत्रण वाली कंपनी हैं।
- द बेयरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया फंड VIII, बेयरिंग प्राइवेट इक्विटी एशिया प्राइवेट लिमिटेड (बीपीईए) से संबंद्ध फंड है।
- बेटाइन वर्तमान में भारत में किसी भी कारोबारी गतिविधि से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ी नहीं है।
- बीपीईए एशिया में प्राइवेट इक्विटी निवेशों पर जोर के साथ एक अंतरराष्ट्रीय प्राइवेट इक्विटी कंपनी है।
- एचजीएस आईटी और आईटीईएस सेवाओं के प्रोविजन से जुड़ी हुई है और विश्व भर के ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करती है।
- उसके द्वारा दी जाने वाली सेवाओं में मार्केटिंग और डिजिटल इनेबिलमेंट सेवाएं और उपभोक्ता संवाद सेवाएं शामिल हैं।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1764749

अडानी गुरप द्वारा सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के शेयर का अधिग्रहण

प्रश्न-हाल ही में के शेयर का अधिग्रहण ग्रुप ने सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर में कितने प्रतिशत की हिस्सेदारी क्रय की है?



(a) 20% (b) 5% (c) 10% (d) 1.5%

उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- सितंबर, 2021 में अडानी ग्रुप द्वारा सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर के 10% शेयर का अधिग्रहण किया गया।
- सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर, सीएससी एसपीवी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।
- अडानी ग्रुप के साथ जुड़ने से ग्रामीण स्तर के उद्यमियों की वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलेगी।
- सीएससी ग्रामीण ई-स्टोर में 5% हिस्सेदारी टाटा डिजिटल ने खरीदा है।
- अडानी ग्रुप द्वारा निवेश किये गये फंड का प्रयोग टेक्नâोलॉजी, डिस्ट्रीब्यूशन चैनल और प्रोडक्ट पोर्टफोलियों को मजबूत बनाने के लिए किया जाएगा।
- सरकार द्वारा संचालित ई-कॉमर्स कंपनियों की हिस्सेदारी अडानी, एचडीएफसी बैंक और टाटा डिजिटल द्वारा खरीदी जा रही है, जो अर्द्ध शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करने वाली 60-70% आबादी तक अपना पहुंच बनाना चाह रही हैं।

संबंधित लिंक भी देखें…https://economictimes.indiatimes.com/tech/technology/adani-group-buys-10-stake-in-csc-grameen-estore/articleshow/86563262.cms?from=mdr

वर्ष/दिवस/सप्ताह

शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस

प्रश्न-शांति एवं विकास हेतु विश्व विज्ञान दिवस कब मनाया जाता है?



(a) 5 नवंबर (b) 18 नवंबर (c) 6 नवंबर (d) 10 नवंबर

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'शांति एवं विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस' (World Science Day for Peace and Development) मनाया गया।

- इस दिवस का उद्देश्य समाज में विज्ञान की भूमिका और उभरते वैज्ञानिक मुद्दों पर व्यापक स्तर पर जनभागीदारी बढ़ाना तथा दैनिक जीवन में विज्ञान के महत्व और प्रासंगिकता को रेखांकित करना।
- वर्ष 2021 में इस दिवस का मुख्य विषय (Theme) "Building Climate Ready Communities" था।
- उल्लेखनीय है कि यूनेस्को द्वारा वर्ष 2001 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/world-science-day

विश्व शौचालय दिवस

प्रश्न-'विश्व शौचालय दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 19 नवंबर (b) 21 नवंबर (c) 13 नवंबर (d) 15 नवंबर



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 19 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व शौचालय दिवस' (World Toilet Day) मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme)-"Valuing toilets"
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 24 जुलाई, 2013 को प्रतिवर्ष 19 नवंबर को इस दिवस को मनाने का निश्चय किया था।
- गौरतलब है कि 19 नवंबर, 2001 को ही जैक सिम ने 'विश्व शौचालय संगठन' की स्थापना की थी।
- उद्देश्य-स्वच्छता को लेकर लोगों में जागरूकता फैलाने और शौचालय उपयोग को बढ़ावा देना।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/toilet-day

विश्व दर्शन दिवस

प्रश्न-वर्ष 2021 में 'विश्व दर्शन दिवस' कब मनाया गया?

(a) 16 नवंबर (b) 14 नवंबर (c) 18 नवंबर (d) 20 नवंबर



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- 18 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व दर्शन दिवस' (World Philosophy Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रत्येक वर्ष नवंबर माह के तीसरे गुरूवार को मनाया जाता है।
- उद्देश्य-दार्शनिक विरासत को साझा करने हेतु विश्व के सभी लोगों को प्रोत्साहित करना और नए विचारों के लिए खुलापन लाने के साथ-साथ बुद्धिजीवियों एवं सभ्य समाज को सामाजिक-चुनौतियों से लड़ने के लिए विचार-विमर्श को प्रेरित करना।
- यूनेस्को ने वर्ष 2002 से इस दिवस को मनाने की परंपरा प्रारंभ की।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/philosophy-day

लोकसेवा प्रसारण दिवस

प्रश्न-'लोकसेवा प्रसारण दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 नवंबर (b) 5 नवंबर (c) 13 नवंबर (d) 12 नवंबर



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2021 को देश भर में 'लोकसेवा प्रसारण दिवस' (Public Service Broadcasting Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस वर्ष 1947 में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पहले और आखिरी बार दिल्ली स्थित आकाशवाणी के स्टूडियो में आगमन की स्मृति में मनाया जाता है।
- वर्ष 2001 में इस दिवस को आधिकारिक रूप से मनाए जाने की घोषणा की गई थी।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://newsonair.gov.in/News?title=Public-Service-Broadcasting-Day-being-celebrated-today&id=429551

राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

प्रश्न-'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 8 नवंबर (b) 11 नवंबर (c) 10 नवंबर (d) 5 नवंबर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 11 नवंबर, 2021 को देशभर में 'राष्ट्रीय शिक्षा दिवस' (National Education Day) मनाया गया।

- यह दिवस महान स्वतंत्रता सेनानी और देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है।
- उन्होंने अपने समाचार-पत्र 'अल-हिलाल' के माध्यम से 'हिंदू-मुस्लिम एकता' के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया था।
- 'इंडिया विन्स फ्रीडम' उनके द्वारा लिखित प्रमुख पुस्तक है।
- उन्हें वर्ष 1992 में मरणोपरांत देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' से सम्मानित किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.indiatoday.in/information/story/national-education-2021-date-history-and-significance-1875448-2021-11-11

जनजातीय गौरव दिवस

प्रश्न-10 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किस तिथि को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने को मंजूरी दी?



(a) 18 नवंबर (b) 15 नवंबर (c) 20 नवंबर (d) 25 नवंबर

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 10 नवंबर, 2021 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रतिवर्ष 15 नवंबर को 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में घोषित किया।
- गौरतलब है कि 15 नवंबर को ही भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनायी जाती है।
- यह दिन वीर आदिवासी स्वतंत्रता सेनानियों को समर्पित है। ताकि आने वाली पीढ़ियां देश के प्रति उनके बलिदानों के बारे में जान सकें।
- उल्लेखनीय है कि संथाल, तामार, कोल, भील, खासी और मिजो जैसी कई जनजातीय समुदायों द्वारा विभिन्न आंदोलनों के जरिए भारत के स्वतंत्रता संग्राम को मजबूत किया गया था।


संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.pib.gov.in/PressReleasePage.aspx?PRID=1770508

'अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस'

प्रश्न-'अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 नवंबर (b) 13 नवंबर (c) 16 नवंबर (d) 10 नवंबर



उत्तर-(c)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'अंतरराष्ट्रीय सहिष्णुता दिवस' (International Day for Tolerance) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस असहिष्णुता के खतरों के प्रति लोगों में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए मनाया जाता है।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1996 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा वर्ष 1995 को संयुक्त राष्ट्र असहिष्णुता वर्ष घोषित किया गया था।
- यूनेस्को ने वर्ष 1995 में महात्मा गांधी की 125वीं जयंती के अवसर पर सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने के लिए यूनेस्को-मदनजीत सिंह पुरस्कार की स्थापना की थी।
- यह पुरस्कार विज्ञान, कला, संस्कृति अथवा संचार के क्षेत्र में सहिष्णुता और अहिंसा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किए गए काम के लिए दिया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/tolerance-day

राष्ट्रीय प्रेस दिवस'

प्रश्न-'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 13 नवंबर (b) 14 नवंबर (c) 12 नवंबर (d) 16 नवंबर



उत्तर-(d)

संबंधित तथ्य

- 16 नवंबर, 2021 को देशभर में 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' (National Press Day) मनाया गया।
- यह दिवस प्रेस की स्वतंत्रता एवं जिम्मेदारियों की ओर लोगों का ध्यान आकृष्ट करता है।
- यह दिवस भारत में एक स्वतंत्र और जिम्मेदार प्रेस की उपस्थिति का प्रतीक है।
- उल्लेखनीय है कि वर्ष 1956 में प्रथम प्रेस आयोग ने देश में प्रेस स्वतंत्रता एवं पत्रकारिता में उच्च आदर्श स्थापित करने की सिफारिश की थी।

- फलस्वरूप 4 जुलाई, 1966 को पहली बार एक स्वायत्त, वैधानिक एवं अर्धन्यायिक निकाय के रूप में भारतीय प्रेस परिषद (PCI) की स्थापना हुई।
- 16 नवंबर, 1966 को PCI ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया।
- इसलिए प्रतिवर्ष '16 नवंबर' को यह दिवस मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.firstpost.com/india/national-press-day-2021-all-you-need-to-know-about-day-marking-establishment-of-press-council-of-india-10140531.html

विश्व निमोनिया दिवस

प्रश्न-'विश्व निमोनिया दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 12 नवंबर (b) 15 नवंबर (c) 8 नवंबर (d) 13 नवंबर



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 12 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व निमोनिया दिवस' (World Pneumonia Day) मनाया गया।
- इस दिवस को मनाने का उद्देश्य निमोनिया की गंभीरता के बारे में वैश्विक जागरूकता या रोकथाम एवं उपचार को बढ़ाना तथा इससे बचने के लिए कार्यवाही करना।
- निमोनिया 5 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में होने वाली घातक बीमारियों में से एक है।
- इस दिवस की स्थापना स्टॉप निमोनिया इनिशिएटिव द्वारा वर्ष 2009 में हुई थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://stoppneumonia.org/latest/world-pneumonia-day/
https://stoppneumonia.org/event/world-pneumonia-day-2-2021-11-12/

विश्व मधुमेह दिवस

प्रश्न-'विश्व मधुमेह दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 10 नवंबर (b) 14 नवंबर (c) 8 नवंबर (d) 12 नवंबर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 14 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व मधुमेह दिवस' (World Diabetes Day) मनाया गया।
- यह दिवस डॉ. फ्रेडरिक ग्रांट बैंटिंग के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाता है।

- डॉ. फ्रेडरिक बैंटिंग ने चार्ल्स बेस्ट के साथ इंसुलिन की खोज की थी।
- जिन्हें जॉन मैक्लोड के साथ वर्ष 1923 में चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार दिया गया था।
- यह दिवस इंटरनेशनल डायबिटीज फेडरेशन (IDF) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा वर्ष 1991 में शुरू किया गया।
- संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2007 में प्रतिवर्ष '14 नवंबर' को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार वर्ष 1980 में 108 मिलियन की तुलना में वर्ष 2014 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 422 मिलियन वयस्क मधुमेह से पीड़ित थे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://worlddiabetesday.org/

विश्व सुनामी जागरूकता दिवस

प्रश्न-विश्व सुनामी जागरूकता दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 4 नवंबर (b) 3 नवंबर (c) 2 नवंबर (d) 5 नवंबर



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 5 नवंबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व सुनामी जागरूकता दिवस' (World Tsunami Awareness Day) मनाया गया।
- इस वर्ष यह दिवस 'सेंडाई सेवेन अभियान' (Sendai Seven Campaign) लक्ष्य को बढ़ावा देता है।
- उद्देश्य-सुनामी के खतरों और इसके प्रभाव को कम करने हेतु चेतावनी प्रणालियों के बारे में जागरूकता पैदा करना।
- इसके अलावा, यह दिवस राष्ट्रीय तथा सामुदायिक स्तर पर आपदाओं से जीवन बचाने के लिए स्थानीय आपदा जोखिम में कमी की रणनीति पर बल देता है।
- संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, वर्ष 2030 तक विश्व की अनुमानित 50 प्रतिशत आबादी तटीय क्षेत्रों में बाढ़, तूफान और सुनामी से प्रभावित रहेगी।
- उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2015 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रतिवर्ष 5 नवंबर को इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/tsunami-awareness-day

अंतरराष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस

प्रश्न-अंतरराष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 25 अक्टूबर (b) 27 नवंबर (c) 23 अक्टूबर (d) 27 दिसंबर



उत्तर–(c)

संबंधित तथ्य

- वर्ष 2014 से प्रतिवर्ष 23 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस (International Snow Leopard Day) मनाया जाता है तथा वर्ष 2015 को हिम तेंदुए के अंतरराष्ट्रीय वर्ष के रूप में घोषित किया गया था।
- इसका उद्देश्य हिम तेंदुआ के बारे में जागरूकता फैलाना तथा इनके प्रजाति एवं प्राकृतिक आवास के संरक्षण को बढ़ावा देना है।
- वर्ष 2013 की बिश्केक घोषणा के तहत 23 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया था।
- बिस्केक घोषणा पत्र के साथ-साथ ग्लोबल स्नो लैपर्ड एंड इकोसिस्टम प्रोटेक्सन प्रोग्राम को भी अपनाया गया। इस प्रोग्राम पर हस्ताक्षर करने वाले 12 देश इस प्रकार है-
- गौरतलब है कि हिम तेंदुआ सीमा क्षेत्र वाले 12 देश है-
- अफगानिस्तान, भूटान, चीन, भारत, कजाकिस्तान, किर्गजस्तान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान।
- भारत में प्रोजेक्ट स्नो लेपर्ड की शुरुआत वर्ष 2009 में देश के 5 राज्यों (जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश) में की गई थी।
- हिम तेंदुए को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) की सूची में रखा गया है।
- भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के तहत हिम तेंदुए के शिकार को प्रतिबंधित किया गया है।
- 31 अगस्त, 2021 को लद्दाख केंद्रशासित प्रदेश ने हिम तेंदुए को अपना राज्य पशु घोषित किया है।
- उत्तराखंड में भारत का पहला हिम तेंदुआ संरक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://timesofindia.indiatimes.com/videos/in-depth/international-snow-leopard-day-why-the-apex-predator-of-the-trans-himalayas-is-important-for-our-future/videoshow/87212712.cms#:~:text=Oct%2023%20is%20recognised%20as%20International%20Snow%20Leopard%20Day

गरीबी उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस

प्रश्न-गरीबी उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस कब मनाया जाता है?

(a) 14 अक्टूबर (b) 17 अक्टूबर (c) 13 अक्टूबर (d) 20 अक्टूबर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 17 अक्टूबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में गरीबी उन्मूलन के लिये अंतरराष्ट्रीय दिवस (International Day for the Eradication of Poverty) मनाया गया।
- मुख्य विषय-"Building forword together: Ending Persistent Poverty, Respecting all People and our Planet".
- संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 22 दिसंबर, 1992 को प्रतिवर्ष 17 अक्टूबर को इस दिवस को मनाए जाने की घोषणा की गई थी।
- यह दिवस गरीबी में रह रहे लोगों के संघर्ष को संघर्ष को जानने-समझने और उनकी कठिनाइयों को दूर करने के प्रयासों को मौका देता है।
- कोविड-19 महामारी के फलस्वरूप वर्ष 2021 में 143 से 163 मिलियन लोगों के गरीबी होने की संभावना है।
- कोविड-19 महामारी से वर्ष 2019 की तुलना में वर्ष 2020 में गरीबी के 8.1 प्रतिशत बढ़ने की संभावना है (8.4 प्रतिशत से 9.1 प्रतिशत)।
- निम्न, उच्च और मध्यम आय वाले देशों के लिए अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में 2.3 प्रतिशत अंक की गरीबी दर में वृद्धि होने का अनुमान है।
- अनुमानित नए गरीबों में से लगभग आधे दक्षिण एशिया में होंगे और एक -तिहाई से अधिक उप-सहारा अफ्रीका में होंगे।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.news18.com/news/lifestyle/international-day-for-the-eradication-of-poverty-2021-theme-history-and-significance-4330043.html#:~:text=International%20Day%20for%20the%20Eradication%20of%20Poverty%202021%3A%20A%20World,during%20the%20Covid%2D19%20pandemic&text=Every%20year%2C%20October%2017%20is,for%20the%20Eradication%20of%20Poverty.

विश्व विद्यार्थी दिवस-2021

प्रश्न-15 अक्टूबर, 2021 को किसके जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 'विश्व विद्यार्थी दिवस' मनाया गया? (a) मौलाना अबुल कलाम आजाद



(b) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

(c) डॉ. डी.के.कर्वे (d) डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 15 अक्टूबर, 2021 को 'विश्व विद्यार्थी दिवस' (World Students Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि यह दिवस भारत के पूर्व राष्ट्रपति 'मिसाइल मैन' के नाम से प्रसिद्ध डॉ.ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- इनका जन्म 15 अक्टूबर, 1931 को रामेश्वरम, तमिलनाडु में हुआ था।
- उन्होंने वर्ष 2002 से 2007 तक देश के 11वें राष्ट्रपति के रूप में सेवा दी थी।
- उनका निधन 27 जुलाई, 2015 को शिलांग में हुआ था।
- उन्हें वर्ष 1997 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.hindustantimes.com/india-news/why-apj-kalam-s-birth-anniversary-is-celebrated-as-world-students-day-101634262358789.html#:~:text=October%2015%20of%20every%20year,Kalam%20towards%20education%20and%20students.

विश्व मानक दिवस

प्रश्न-'विश्व मानक दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 12 अक्टूबर (b) 10 अक्टूबर (c) 18 अक्टूबर (d) 14 अक्टूबर



उत्तर–(d)

संबंधित तथ्य

- 14 अक्टूबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में विश्व मानक दिवस' (World Standards Day मनाया गया।
- मुख्य विषय- Standards for SDGS: our shared vision far a batter world
- उद्देश्य-मानकों (Standards) के बारे में जागरूकता फैलाना।
- यह दिवस जिनेवा स्थित अंतरराष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO) इंटरनेशनल इलेक्ट्रोटेक्निâकल कमीशन तथा अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा मनाया जाता है।

संबंधित लिंक भी देखें…

https://www.firstpost.com/world/world-standards-day-2021-history-significance-and-theme-heres-all-you-need-to-know-10051991.html#:~:text=The%20date%20was%20chosen%20as,by%20them%20one%20year%20later.

सतर्कता जागरूकता सप्ताह, 2021

प्रश्न-26 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2021 के मध्य 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' मनाया जा रहा है। वर्ष 2021 में इसकी थीम क्या है?

(a) भ्रष्टाचार मिटाओ-नया भारत बनाओ (b) स्वतंत्र भारत @75 सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता

(c) सतर्क भारत, समृद्ध भारत (d) मेरा लक्ष्य-भ्रष्टाचार मुक्त भारत

उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 26 अक्टूबर से 1 नवंबर, 2021 के मध्य सतर्कता जागरूकता सप्ताह (Vigilance Awareness Week), 2021 मनाया गया।
- मुख्य विषय (Theme)-'स्वतंत्र भारत @75 : सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता (Independent India @ 75: Self Reliance With Integrity)।
- उल्लेखनीय है कि यह सप्ताह प्रतिवर्ष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर) वाले सप्ताह के दौरान मनाया जाता है।
- यह सप्ताह नागरिकों की भागीदारी के माध्यम से ईमानदारी और सत्यनिष्ठा को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।


संबंधित लिंक भी देखें…

https://pib.gov.in/PressReleaseIframePage.aspx?PRID=1766851

विश्व पोलियो दिवस

प्रश्न-'विश्व पोलियो दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 24 अक्टूबर (b) 20 अक्टूबर (c) 26 अक्टूबर (d) 23 अक्टूबर



उत्तर–(a)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'विश्व पोलियो दिवस' (World Polio Day) मनाया गया।

- इस वर्ष का थीम है 'Delivering on a Promise'
- उद्देश्य-पोलियो जैसी बीमारी के विषय में लोगों को जागरूक करना तथा पोलियो को समाप्त करना।
- यह दिवस रोटरी इंटरनेशनल द्वारा पोलियो वैक्सीन का आविष्कार करने वालों टीम के प्रमुख जोनास सॉक (Jonas Salk) के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।
- उल्लेखनीय है कि पोलियोमाइलाटिस अथवा पोलियो एक संक्रामक रोग है जो विषाणु द्वारा फैलता है।
- गौरतलब है कि भारत सरकार ने वर्ष 1995 में पोलियो शुरूआत की थी।
- 27 मार्च, 2014 को WHO द्वारा पूरे दक्षिण-पूर्वी एशिया के साथ-साथ भारत को पोलियो मुक्त प्रमाण-पत्र प्रदान किया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.cdc.gov/globalhealth/immunization/wpd/index.html

विश्व विकास सूचना दिवस

प्रश्न-'विश्व विकास सूचना दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 18 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर (c) 20 अक्टूबर (d) 26 अक्टूबर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में विश्व विकास सूचना दिवस' (World Development Information Day) मनाया गया।
- उद्देश्य-विकास की समस्याओं हेतु विकास जनमत का ध्यान आकर्षित करना और समग्र विकास के लिए उन्हें हल करने हेतु अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करना।
- उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 1972 में इस दिवस को मनाने की घोषणा की थी।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/development-information-day

संयुक्त राष्ट्र दिवस

प्रश्न-'संयुक्त राष्ट्र दिवस' कब मनाया जाता है?

(a) 23 अक्टूबर (b) 24 अक्टूबर (c) 18 अक्टूबर (d) 20 अक्टूबर



उत्तर–(b)

संबंधित तथ्य

- 24 अक्टूबर, 2021 को संपूर्ण विश्व में 'संयुक्त राष्ट्र दिवस' (United Nations Day) मनाया गया।
- उल्लेखनीय है कि 24 अक्टूबर, 1945 का संयुक्त राष्ट्र चार्टर के लागू होने के उपलक्ष्य में संयुक्त राष्ट्र दिवस मनाया जाता है।
- यह दिवस वर्ष 1948 से प्रतिवर्ष मनाया जाता है।
- इस वर्ष 21 अक्टूबर, 2021 को यूएन डे कंसर्ट हाइब्रिड प्रारूप में आयोजित है।
- इस कंसर्ट की थीम-"Building Back Together for Peace and Prosperity" थी।
- यह कंसर्ट दक्षिण कोरिया के स्थायी मिशन द्वारा संयुक्त राष्ट्र में प्रायोजित किया गया था।

संबंधित लिंक भी देखें...

https://www.un.org/en/observances/un-day